सूर्योदय : 6:45
सूर्यास्त : 5:14
अधिकतम तापमान : 22.0
न्यूनतम : 10.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्याः
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-17 अंक-203 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, मंगलवार, 02 जनवरी 2024
19 जमादिउल उस्सानी, 1445 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com




### हिट एंड रन कानून के खिलाफ आठ राज्यों में हड़ताल

# देशभर में थमे पहिए

- नए साल के पहले दिन जनता का हाल बेहाल
- रोडवेज बस-ट्रक चालकों ने किया चक्का जाम
- पब्लिक ट्रांसपोर्ट में सफर करने वालों को हुई परेशानी
- पूरी तरह चरमराई परिवहन व्यवस्था, चौराहों पर जमा हुए लोग
- निजी वाहनों की हुई चांदी



**नई दिल्ली।** नए हिट एंड रन कानून के विरोध में सोमवार को देश के 8 राज्यों मध्यप्रदेश, राजस्थान, बिहार, छत्तीसगढ़, यूपी, उत्तराखंड, पंजाब और गुजरात में बस और ट्रक ड्राइवर हड़ताल पर हैं। भारतीय न्याय संहिता 2023 में हुए संशोधन के बाद हिट एंड रन के मामलों में दोषी ड्राइवर पर 7 लाख रुपए तक का जुर्माना और 10 साल तक कैद का प्रावधान है। मध्य प्रदेश के भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर समेत अन्य शहरों में बसें नहीं चल रही हैं। राजस्थान में आधे दिन तक प्राइवेट गाड़ियां नहीं चलाई गईं। छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में ट्रक ड्राइवरों ने सड़क पर वाहन खड़े कर टायरों में आग लगा दी। बिहार की राजधानी पटना समेत प्रदेश के कई जिलों में प्रदर्शन हो रहा है। वहीं उत्तराखंड, पंजाब और यूपी में भी ट्रक ड्राइवरों ने चक्का जाम किया।

ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस ने हिट एंड रन कानून को सख्त बनाने का विरोध किया है। संगठन के आह्वान पर ही चक्का जाम और हड़ताल शुरू हुई है। एआईएमटीसी की अगली बैठक 10 जनवरी को होगी। इसमें फैसला लिया जाएगा कि अगर सरकार उनकी मांगें नहीं मानती है, तो किस तरह से सरकार के सामने अपना पक्ष रखा जाए। एआईएमटीसी के अध्यक्ष अमृत मदान ने कहा कि हिट एंड रन कानून के पीछे सरकार का इरादा अच्छा है, लेकिन प्रस्तावित कानून में कई खामियां हैं। इन पर दोबारा सोचने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि देश की अर्थव्यवस्था में सबसे बड़ा योगदान परिवहन क्षेत्र और ट्रक चालकों का है। भारत इस समय वाहन चालकों की कमी से जूझ रहा है, लेकिन सरकार का इस ओर कोई ध्यान नहीं है। ऐसे में 10 साल की सजा के प्रावधान के बाद अब ट्रक ड्राइवर नौकरी छोड़ने को मजबूर हो गए हैं। इस हड़ताल का आम आदमी पर सीधा असर देखने को मिलेगा।

## यूपी में 4652 बसों के चक्के जाम

### 900 | बसों के पहिए पांच घंटे तक थमे रहे

**लखनऊ।** नए साल का पहले दिन राजधानी की यातायात व्यवस्था ठप हो गई। हिट एंड रन कानून के विरोध में ड्राइवरों ने हड़ताल कर दी। पूरे प्रदेश में 4652 बसों के चक्के जाम रहे। महज 852 बसों का संचालन हुआ। इससे पूरे प्रदेश की परिवहन व्यवस्था गड़बड़ा गई। हर चौराहे पर लोगों की भीड़ जमा हुई। निजी वाहनों के इसमें चांदी हो गई। उन्होंने मनचाहा किराया लेकर सवारियां ढोईं। यूपी की राजधानी लखनऊ में 900 बसों के पहिए पांच घंटे तक थमे रहे। रोडवेज के साथ अनुबंधित बसों से सफर करने वाले 62 हजार यात्री परेशान हुए। वहीं आटो व टेम्पो का संचालन भी ड्राइवरों ने बाधित किया, जिसके 10 हजार यात्री प्रभावित हुए। बसों की हड़ताल से शहर में यातायात जाम हो गया। ट्रांसपोर्टनगर और अमौसी में कामर्शियल वाहन खड़े होने से जरूरी सामानों की सप्लाई चेन टूट गई। उदयगंज निवासी अमित सिंह अपनी फैमिली के साथ सीतापुर जाने के लिए कैसरबाग बस अड्डे पहुंचे। उनकी पत्नी व बेटियां साथ थीं। उन्होंने सीतापुर की बस में सवार होने का प्रयास किया, पर ड्राइवरों ने उन्हें बस में सवार नहीं होने दिया। ऐसे हजारों पैसेंजर सोमवार को कैसरबाग, चारबाग, आलमबाग, अवध बस अड्डे पहुंचे, पर उन्हें सफर की सुविधा नहीं मिल सकी।

### चिट्ठी से फैली अफवाह

रोडवेज अफसरों ने बताया कि गत 31 दिसंबर को अमौसी ऑयल डिपों के टैंकर चालकों ने नए कानून के विरोध में तीन दिवसीय हड़ताल की घोषणा की। इसकी चिट्ठी सोमवार सुबह वायरल हो गई। देखते ही देखते रोडवेज व अनुबंधित बसों के ड्राइवरों ने हड़ताल कर दी और शहर का यातायात ठप हो गया। अचानक हुई हड़ताल से आम यात्रियों से लेकर मरीज, अफसर, कर्मचारी, हर आय, आयुवर्ग का पैसेंजर प्रभावित हुआ।

### आटो टेम्पो ने ढोई सवारी

सुबह से दोपहर तक बसों की हड़ताल के चलते यात्रियों का सफर मुहाल हो गया। ऐसे में आटो, टेम्पो, ई रिक्शा चालकों ने यात्रियों की सहूलियत के लिए सुविधाएं दीं। पर, ड्राइवरों ने उन्हें धमकाया। राजधानी में 45 सौ आटो, टेम्पो आदि हैं, जिसके करीब 10 हजार यात्रियों को बस ड्राइवरों की मनमानी के चलते सफर मयस्सर नहीं हो सका।

# जापान में भूकंप, मची तबाही

| 33 | हजार घरों की बिजली गुल |
|---|---|
| 90 | मिनट में 21 भूकंप के झटके |
| 7.6 | मापी गई भूकंप की तीव्रता |
| 21 | महीने पहले आया था भूकंप |

- भारतीय दूतावास की तरफ से आपातकालीन नंबर जारी
- भूकंप के कारण धंसी सड़कें, जापान की जनता प्रभावित



**टोक्यो।** जापान में सोमवार को 90 मिनट के अंदर रिक्टर स्केल पर 4.0 या उससे अधिक तीव्रता वाले भूकंप के 21 झटके महसूस किए गए। एक भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 7.6 मापी गई।

समुद्र में ऊंची लहरें उठने के बाद देश के उत्तर-पश्चिमी तटीय इलाके में सुनामी की चेतावनी जारी कर दी गई है और लोगों को यहां से बाहर निकाला जा रहा है। जापान के मौसम विभाग ने इशिकावा प्रांत के नोटो शहर में एक बड़ी सुनामी की चेतावनी जारी है, जिसमें लगभग 5 मीटर ऊंची लहरें उठने की आशंका जताई गई है. सिलसिलेवार भूकंपीय गतिविधियों के बाद 34,000 घरों में बिजली की आपूर्ति बंद हो गई है।

मध्य जापान में कई प्रमुख राजमार्ग बंद करने पड़े हैं, क्योंकि भूकंप के कारण सड़कों में बड़ी दारारें पड़ गई हैं. फुकुई प्रांत (फुकुई प्रीफेक्चर जापान के होंशू द्वीप का हिस्सा है) में फायर डिपार्टमेंट और स्थानीय सरकार के अनुसार, कम से कम 5 लोग घायल भी हुए हैं।

सभी को मामूली चोटें आई हैं. रूस की समाचार एजेंसी ताश के मुताबिक जापान के करीब स्थित देश के पश्चिमी तट के कुछ हिस्से सुनामी के खतरे में हैं और स्थानीय आबादी को बाहर निकाला जा रहा है। भारतीय दूतावास ने शुरू की इमरजेंसी हेल्पलाइन सर्विस दक्षिण कोरिया के मौसम विज्ञान ने सोमवार को कहा कि जापान में आए भूकंप के बाद पूर्वी तट पर गैंगवोन प्रांत के कुछ हिस्सों में समुद्र का जल स्तर बढ़ सकता है।

एनएचके पर प्रसारित एक वीडियो संदेश में जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा ने कहा कि अधिकारी भूकंप से हुए नुकसान आकलन कर रहे हैं। नागरिकों को भूकंप के और संभावित झटकों के लिए तैयार रहने की जरूरत है. पीएम किशिदा ने कहा, मैं उन क्षेत्रों के लोगों से आग्रह करता हूं जहां सुनामी आने की आशंका है, वे जल्द से जल्द इलाके से बाहर चले जाएं।

# अयोध्या का फैसला जजों ने सर्वसम्मति से लिया था: चंद्रचूड़

- 4 साल पहले लिया गया था फैसला



> सीजेआई ने कहा कि जब पांच न्यायाधीशों की पीठ फैसले पर विचार-विमर्श करने के लिए बैठी, जैसा कि हम सभी फैसला सुनाए जाने से पहले करते हैं, तो हम सभी ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि यह अदालत का फैसला होगा और इसलिए, किसी भी व्यक्तिगत न्यायाधीश को कोई लेखकत्व नहीं दिया गया है।

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट के ऐतिहासिक अयोध्या फैसले के चार साल से अधिक समय बाद भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने अहम टिप्पणी की है। सोमवार को सीजेआई चंद्रचूड़ ने कहा कि विवादित स्थल पर एक ट्रस्ट द्वारा राम मंदिर के निर्माण के पक्ष में फैसला सुनाने वाले पांच न्यायाधीशों ने सर्वसम्मति से फैसला किया था।

निर्णय के लिए कोई लेखकत्व जिम्मेदार नहीं होगा। इसे आसान भाषा में समझें तो अयोध्या मामले में फैसला किसने लिखा है, इसक उल्लेख नहीं किया जाएगा। गौरतलब है कि, 9 नवंबर, 2019 को, एक सदी से भी अधिक समय से चले आ रहे एक विवादास्पद मुद्दे का निपटारा किया गया था। इसके लिए तत्कालीन सीजेआई रंजन गोगोई की अध्यक्षता वाली पांच न्यायाधीशों की पीठ ने मंदिर के निर्माण पर फैसला सुनाया था। पीठ ने सुनवाई मेंउत्तर प्रदेश के पवित्र शहर में एक मस्जिद के लिए वैकल्पिक पांच एकड़ का भूखंड खोजा जाएगा। पीटीआई के साथ एक एक्सक्लूसिव इंटरव्यू में संविधान पीठ में शामिल सीजेआई चंद्रचूड़ ने नाम न छापने के मुद्दे पर खुलकर बात की और कहा, जब न्यायाधीश एक साथ बैठे, जैसा कि वे किसी फैसले से पहले करते हैं, तो सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि यह अदालत का निर्णय होगा। इस मामले में संघर्ष का एक लंबा इतिहास है, देश के इतिहास पर आधारित विविध दृष्टिकोण हैं और जो लोग पीठ का हिस्सा थे, उन्होंने फैसला किया कि यह अदालत का फैसला होगा।

### तमिलनाडु और केरल का आज पीएम करेंगे दौरा

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 2 जनवरी को कई परियोजनाओं के उद्घाटन के लिए तमिलनाडु की यात्रा से राज्य में लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा के अभियान की शुरुआत होने की उम्मीद है। पूर्व सहयोगी अन्नाद्रमुक के अलग होने के बाद मोदी की तमिलनाडु की यह पहली यात्रा है। हालांकि एआईएडीएमके को एनडीए से नाता तोड़े हुए तीन महीने हो गए हैं लेकिन तमिलनाडु के साथ-साथ दिल्ली में भी बीजेपी नेताओं ने अपना रुख स्पष्ट नहीं किया है कि क्या बीजेपी एआईएडीएमके के साथ समझौता करने का प्रयास करेगी या अपना खुद का मोर्चा बनाएगी। इसलिए, मोदी की यात्रा से 2024 के लोकसभा चुनावों से पहले तमिलनाडु में भाजपा की अगली कार्रवाई पर प्रकाश पड़ने की उम्मीद है। इसके साथ ही उन्होंने एक्स पोस्ट में लिखा कि अगले दो दिनों में मैं तमिलनाडु, लक्षद्वीप और केरल में विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लूंगा। कार्यक्रमों की शुरुआत तमिलनाडु के तिरुचिरापल्ली से होगी, जहां मैं भारतीदासन विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह को संबोधित करूंगा।

### इसरो ने लांच किया एक्सपीओसैट मिशन

**श्रीहरिकोटा।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने नए साल 2024 की शुरुआत एक नए मिशन के साथ की है। इसरो ने सोमवार की सुबह श्रीहरिकोटा के अंतरिक्ष केंद्र से पीएसएलवी-सी58, एक्सपीओसैट, एक्स-रे पोलारिमीटर सैटेलाइट और दस अन्य पेलोड का परीक्षण किया। इसके लिए रविवार सुबह 08.10 बजे 25 घंटे की सुचारू उलटी गिनती शुरू हुई थी। इसरो के वर्कहॉर्स लांच वाहन ने दर्शकों के जोरदार उत्साह के बीच आज 09.10 बजे पहले लांच पैड से उड़ान भरी।

गौरतलब है कि पांच साल के मिशन जीवन के साथ एक्सपोसैट आकाशीय स्रोतों से एक्स-रे उत्सर्जन के अंतरिक्ष-आधारित ध्रुवीकरण माप में अनुसंधान करने वाला इसरो का पहला समर्पित वैज्ञानिक उपग्रह है। इसरो के पीएसएलवी-सी58 मिशन के साथ चार भारतीय स्टार्टअप भी अपने पेलोड अंतरिक्ष में भेजेंगे।

# आज दुनिया में बढ़ा है भारत का सम्मान: योगी

### वृंदावन में खुला देश का पहला कन्या सैनिक स्कूल, रक्षा मंत्री व सीएम ने किया लोकार्पण

- ब्रजभूमि पर पूरा हुआ पीएम मोदी वादा
- अप्रैल में शुरू होगा पहला सत्र
- वात्सल्य ग्राम में है बना



**मथुरा।** केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सोमवार को नए साल के पहले दिन यूपी के मथुरा के दौरे पर रहे। इस दौरान राजनाथ सिंह और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वृंदावन में लड़कियों के लिए संविद गुरुकुलम, सैनिक स्कूल का उद्घाटन किया। इसके बाद बीजेपी के दोनों वरिष्ठ नेताओं ने तीन दिवसीय षष्ठीपूर्ति महोत्सव को संबोधित किया. इस दौरान सीएम योगी ने कहा कि 22 जनवरी को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद त्रेतायुग याद आ जाएगा। इस कार्यक्रम में सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज दुनिया में भारत का सम्मान बढ़ा है। एक नया भारत दिख रहा है, जो लोग अयोध्या का नाम लेने से कतराते थे वो अब कह रहे हैं कि हमें निमंत्रण मिलेगा तो हम भी वहां जाएंगे. बदलाव है। पहले अयोध्या की जो संरचना थी, वहां की सड़के एक सिंगल रेल लाइन जाती थी और उस पर भी कभी-कभी ही ट्रेन जाती थी. आज अयोध्या के अंदर भी आपको 4 और 6 लेन की सड़के मिलेंगी।

### कृष्ण के नाम में ही सुख है: राजनाथ सिंह

मथुरा में षष्ठीपूर्ति महोत्सव को संबोधित करते हुए केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि जिस जीव का साध्य राधा हैं, और उनको पाने का साधन भी राधा जी ही हैं। मन्त्र भी राधा हैं, और मन्त्र देने वाली गुरु भी स्वयं राधा ही हैं. जिसका सब कुछ ही राधा हैं, और जीवन प्राण भी राधा ही हैं. ऐसे जीवों को, पाने के लिए शेष कुछ बचता ही नहीं है. कृष्ण के नाम में ही सुख है। राजनाथ सिंह ने आगे कहा कि जब भी भगवान कृष्ण का जिक्र होता है, हमारा मन भक्ति से भर जाता है। हमारे प्राचीन ग्रंथों में लिखा है- कर्षति आकर्षति इति कृष्ण अर्थात कृष्ण ही एक हैं जो तुम्हें आकर्षित करता है। अब जिसके नाम में ही आकर्षण है, उसकी ओर कोई कैसे आकर्षित नहीं होगा? कृष्ण के नाम में ही सुख है।

# राम मंदिर को लेकर बीजेपी की बड़ी बैठक आज, नड्डा और शाह रहेंगे मौजूद

- जेपी नड्डा और हर राज्य से पार्टी के दो-दो पदाधिकारी शामिल होंगे



**नई दिल्ली।** भाजपा 22 जनवरी को होने वाले राम मंदिर के प्रतिष्ठा समारोह के सिलसिले में मंगलवार को पार्टी नेताओं की बैठक करेगी। बैठक में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा और हर राज्य से पार्टी के दो-दो पदाधिकारी शामिल होंगे।

सूत्रों ने पुष्टि की थी कि भाजपा ने इस साल होने वाले लोकसभा चुनावों में वोट हासिल करने के लिए अपने चुनाव अभियान में राम मंदिर अभिषेक समारोह के धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व का लाभ उठाने के लिए एक विस्तृत योजना तैयार की है।

राम मंदिर आंदोलन और मंदिर निर्माण में पार्टी की भूमिका पर प्रकाश डालने वाली एक पुस्तिका जारी की जाएगी और इस साल होने वाले लोकसभा चुनावों से पहले नए मतदाताओं से जुड़ने के लिए बूथ स्तर के कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। अपने चुनाव अभियान के दौरान, भाजपा इस बात पर भी प्रकाश डालेगी कि कैसे विपक्षी दलों ने मंदिर के निर्माण में बाधा डालने का प्रयास किया। भाजपा ने राम मंदिर से संबंधित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) और विश्व हिंदू परिषद (वीएचपी) द्वारा आयोजित सभी कार्यक्रमों में भाग लेने और समर्थन देने का भी वादा किया है। विशेष रूप से, मंदिर का पहला चरण पूरा होने वाला है, और प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी 22 जनवरी को राम लला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा में भाग लेंगे।

### तस्करी | गृह मंत्रालय ने उठाया बड़ा कदम

# गैंगस्टर गोल्डी बराड़ आतंकी घोषित

- गोल्डी का असली नाम सतविंदर सिंह
- रेड कॉर्नर नोटिस भी हो चुका जारी
- लखबीर सिंह लंडा भी आतंकी घोषित



**चंडीगढ़।** गैंगस्टर गोल्डी बराड़ को केंद्रीय गृह मंत्रालय ने सोमवार को आतंकी घोषित कर दिया है। इससे पहले लखबीर सिंह लंडा को भी केंद्र सरकार आतंकी घोषित कर चुकी है। ये दोनों कनाडा में छिपे हैं। पंजाब में रंगदारी और सीमा पार से हथियार व नशे की तस्करी में भी शामिल हैं।

गोल्डी बराड़ कुख्यात गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई का खास साथी है। पंजाबी गायक सिद्धू मूसेवाला की हत्या के बाद गोल्डी बराड़ ने ही जिम्मेदारी सोशल मीडिया पर ली थी। ब्रैम्पटन में छिपा गोल्डी बराड़ प्रतिबंधित आतंकवादी समूह बब्बर खालसा इंटरनेशनल से भी जुड़ा है। गोल्डी बराड़ का असली नाम सतविंदर सिंह है। 1994 में पंजाब के मुक्तसर साहिब जिले में उसका जन्म हुआ। गोल्डी बराड़ के पिता पंजाब पुलिस से रिटायर्ड उप निरीक्षक हैं। पंजाबी गायक सिद्धू मूसेवाला की हत्या का आरोपी बराड़ कनाडा में छिपा है। बराड़ लॉरेंस बिश्नोई गिरोह का है और उसके खिलाफ हत्या, हत्या के प्रयास और हथियारों की तस्करी जैसे लगभग 13 मामले दर्ज हैं। उसके खिलाफ इंटरपोल रेड कॉर्नर नोटिस भी जारी कर चुका है। सितंबर महीने में गोल्डी बराड़ के ठिकानों पर पुलिस ने छापेमारी की थी। वहीं राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) भी बराड़ के जुड़े लोगों के ठिकानों पर छापेमारी कर चुकी है। गोल्डी बराड़ से पहले 30 दिसंबर यानी शनिवार को केंद्र सरकार ने लखबीर सिंह लंडा को आतंकी घोषित किया था। आतंकी लखबीर सिंह लंडा पंजाब में आरपीजी हमले का मास्टरमाइंड है। इससे पहले एनआईए 15 लाख रुपये का इनाम लंडा के खिलाफ घोषित कर चुकी है। पंजाब के तरनतारन जिले के हरिके गांव का रहने वाला लखबीर फिलहाल कनाडा में छिपा है। एनआईए ने उसके खिलाफ पिछले साल 20 अगस्त को आईपीसी की धारा 120बी, 121, 121ए और गैरकानूनी गतिविधियां रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) 1967 की धारा 17, 18, 18-बी और 38 के तहत देश के विभिन्न हिस्सों में गैरकानूनी गतिविधियों में शामिल होने का मामला दर्ज किया था।

### श्रम कानून का उल्लंघन करने पर नोबेल विजेता मुहम्मद यूनुस दोषी करार

**ढाका।** बांग्लादेश में श्रम कानूनों का उल्लंघन करने पर नोबेल शांति पुरस्कार विजेता मुहम्मद यूनुस को दोषी ठहराया गया है। इसको लेकर देश में राजनीति तेज हो गई है। उनके समर्थकों ने आरोप लगाया कि यह पूरी कार्रवाई राजनीति से प्रेरित है। अभियोजक खुर्शीद आलम खान ने कहा कि प्रोफेसर यूनुस और उनके तीन ग्रामीण टेलीकॉम सहयोगियों को श्रम कानूनों के तहत दोषी ठहराया गया हैं, जिन्हें मामले में छह महीने की जेल की सजा सुनाई गई हैं। लोगों को गरीबी से बाहर निकालने वाले माइक्रोफाइनेंस बैंक के लिए जाने वाले मुहम्मद यूनुस पर प्रधानमंत्री शेख हसीना ने गरीबों के शोषण का आरोप लगाया है। अगस्त माह में बराक ओबामा और बान की मून सहित विश्व की कई हस्तियों ने यूनुस के न्यायिक उत्पीड़न की आलोचना की थी। इसको लेकर एक बार फिर बांग्लादेश में राजनीति तेज हो गई हैं।


सभी देश व प्रदेशवासियों को नव वर्ष व मकरसंक्राति की हार्दिक शुभकामनाएं







अंसारी जी
जिलापूर्ति अधिकारी मैनपुरी

# विधायक-डीएम-चेयरमैन ने किया स्टालों का अवलोकन



अवधनामा संवाददाता

**लखीमपुर खीरी।** नगर पालिका परिषद लखीमपुर के तत्वावधान में सोमवार को नगरीय क्षेत्र में हीरालाल धर्मशाला से तहसील मार्ग पर समारोहपूर्वक ÷विकसित भारत संकल्प यात्रा÷ के तहत भव्य कार्यक्रम हुआ। जिसका शुभारंभ विधायक (सदर) योगेश वर्मा, डीएम महेंद्र बहादुर सिंह, पालिकाध्यक्ष डॉ ईरा श्रीवास्तव, सांसद प्रतिनिधि अरविंद सिंह संजय ने एडीएम संजय सिंह, एसडीएम श्रद्धा सिंह, ईओ संजय कुमार संग दीप जलाकर शुभारंभ कियाकार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक सदर योगेश वर्मा ने कहा कि सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए पीएम नरेंद्र मोदी की दूरदर्शी योजना के तहत विकसित भारत संकल्प यात्रा निकाली जा रही है। विभिन्न योजनाओं के लिए वंचित और पात्र व्यक्तियों का चयन करते हुए लाभान्वित किया जा रहा है। इस यात्रा का उद्देश्य केंद्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं और नीतियों के बारे में जागरूकता फैलाना एवं प्रमुख सरकारी योजनाओं की शत-प्रतिशत परिपूर्णता हासिल करना है। डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक लाभार्थी तक पहुंचे, जिसे साकार करने में यह यात्रा एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य सर्वप्रथम वंचित लोगों को केंद्र, प्रदेश सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं से आच्छादित करने का संकल्प है। उसके बाद वंचित समुदायों और प्रत्येक व्यक्ति तक योजनाओं से संतृप्ति करने का लक्ष्य रखा गया है।अध्यक्ष डॉ ईरा श्रीवास्तव ने कहा कि पीएम द्वारा शुरू की यह यात्रा केंद्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के लाभ से वंचित रहे लोगों तक पहुंचकर उनको मुख्यधारा से जुड़ने और एक सुगम जीवन जीने का अवसर प्रदान कर रही। इस यात्रा के माध्यम से जन-जन की सेवा करने और विकसित भारत की संकल्पना को साकार करने के लिए हम सभी प्रतिबद्ध हैं।कार्यक्रम में डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने उपस्थित जनसमूह को विकसित भारत का संकल्प दिलाया। विधायक योगेश वर्मा ने डीएम, पालिकाध्यक्ष संग केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को हितपत्र देकर सम्मानित किया।

उन्होंने आईईसी प्रचार वाहन का अवलोकन करते हुए पीएम के रिकॉर्डेड उद्बोधन को देखा और सुना गया।

इसके बाद केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं पर आधारित विभिन्न विभागों द्वारा लगाए स्टालो का अवलोकन किया। कार्यक्रम के अंत में ईओ संजय कुमार ने आभार ज्ञापित किया। इस मौके पर पीओ डूडा डॉ अजय कुमार सिंह, उपायुक्त उद्योग संजय सिंह, ईई विद्युत शैलेंद्र कुमार, डीएसओ अंजनी कुमार सिंह सहित नगर पालिका का समस्त स्टाफ, लाभार्थी व सम्मानित नगरवासी उपस्थित रहे।

### डीएम ने दिलाया विकसित भारत का संकल्प

डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने उपस्थित जनसमूह को भारत को 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को साकार करने, गुलामी की मानसिकता को जड़ से उखाड़ फेकेंने, देश की समृद्ध विरासत पर गर्व करने, भारत की एकता को सुदृढ़ करने, देश कि रक्षा करने वालों का सम्मान करने और नागरिक होने का कर्तव्य निभाने का संकल्प दिलाया।

### विधायक, डीएम, पालिकाध्यक्ष ने किया स्टालों का अवलोकन, की सराहना

विधायक सदर योगेश वर्मा, डीएम महेंद्र बहादुर सिंह, पालिकाध्यक्ष डॉ ईरा ने कार्यक्रम में केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं पर आधारित विभिन्न विभागों द्वारा लगाए स्टालो का अवलोकन किया। स्टालो पर मौजूद कार्मिकों से जरूरी जानकारी लेकर उत्साह, मनोबल बढ़ाया। निर्देश दिए कि स्टालों के जरिए न केवल योजनाओं की जानकारी दी जाए बल्कि उन्हें योजनाओं से जोड़कर लाभान्वित भी किया जाए।

# सदी में पहली बार आएगा नव वर्ष 2024 का कैलेंडर

अवधनामा संवाददाता

**लखीमपुर खीरी।** नववर्ष 2024 का कैलेंडर अपने दिन एवं दिनांको को संजोए हुए इस सदी में पहली बार आएगा। कैलेंडर 1 जनवरी 2024 को दिन सोमवार से प्रारंभ होकर 31 दिसंबर 2024 दिन मंगलवार पर समाप्त होगा। ऐसी तारीखो एवं दिनों को समाहित किया हुये, ऐसा कैलेंडर इस शताब्दी में कुल तीन बार आएगा। आगामी वर्षों 2052 तथा 2080 में यह फिर दोहराएगा। नववर्ष 2024 एक लीप वर्ष है, जिसमे फरवरी 29 दिनों की तथा वर्ष 366 दिनो का होगा। किसी लीप वर्ष के कैलेंडर के दोहराने की यह प्रक्रिया एक ही सदी मे 28 वर्षों बाद आती है। कैलेंडर से जुड़े ऐसे रोचक तथ्यों को कैलेंडर विश्लेषक अतुल सक्सेना ने अपने स्वनिर्मित सैकड़ो वर्षों की कोड-कैलेंडर की सारणियों के आधार पर बताया है। वह लखनऊ पब्लिक स्कूल, लखीमपुर खीरी में गणित शिक्षक हैं। उन्होंने यह भी बताया कि विगत सदी में यही कैलेंडर वर्ष 1912,1940,1968 एवं 1996 में कुल चार बार दोहराया था। एक




ही सदी में किसी सामान्य वर्ष के कैलेंडर के दोहराने का यह क्रम अधिकतम 11बार आता है। किंतु, ऐसा संयोग लीप वर्ष के कैलेंडर में 28 वर्षों बाद एक ही सदी में आता है। किसी कैलेंडर के दोहराने की प्रक्रिया पूर्णतः गणितीय नियमों पर आधारित होती है। नववर्ष 2024 का वर्षकोड 034025036146 है। यह 12 अंकों का समूह क्रमानुसार 12 महीनो जनवरी से दिसंबर तक के लिए हैं। किसी दिनांक में उसके माह का कोड जोड़कर, प्राप्त योगफल को 7 से भाग करने पर जो शेषफल आता है, वह उस दिन को बताता है। शून्य से 6 तक के प्राप्त शेषफल क्रमशः रविवार से शनिवार तक के दिनो को क्रमानुसार बताते हैं। जैसे 26 जनवरी, 2024 का दिन जानने के लिए 26 में माह-कोड शून्य जोड़ने पर आए योगफल (एडेन्ड) 26 को 7 से भाग(डिवाइड) करने पर जो शेषफल (रिमैन्डर) 5 आएगा, वह दिन शुक्रवार होने को बताता है। ऐसे ही 1 फरवरी, 2024 का दिन जानने के लिए दिनांक 1 में फरवरी का माह-कोड 3 जोड़ने पर योगफल 4 आता है, जिसे 7 से भाग करने पर भागफल शून्य किंतु शेषफल 4 ही आएगा, जो दिन गुरुवार होने को बताता है। इस तरह कोई भी अल्प अभ्यास द्वारा नववर्ष 2024 के कैलेंडर को मुंह-जुबानी बना सकता है।

## 02 अवैध चाकू बरामद कर 02 अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

**लखीमपुर खीरी।** थाना सिंगाही पुलिस द्वारा 02 अभियुक्तों को 02 अवैध चाकू बरामद कर गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध थाना सिंगाही पर मु0अ0सं0 01/24 व मु0अ0सं0 02/24 धारा 4/25 आयुध अधिनियम पंजीकृत किया गया।

### नए सड़क दुर्घटना कानून के विरोध में नए साल के पहले दिन रोडवेज और निजी वाहनों के चालक हड़ताल पर

**लखीमपुर खीरी।** नए सड़क दुर्घटना कानून के विरोध में नए साल के पहले दिन रोडवेज और निजी वाहनों के चालक हड़ताल पर चले गए हैं इससे गोला और लखीमपुर डिपो की अधिकांश बसें खड़ी हो गई हैं। निजी सवारी वाहन भी खड़े कर दिए गए है। वाहन चालकों की हड़ताल से यात्रियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। गोला डिपो के चालकों ने बस अड्डे के बाहर विरोध प्रदर्शन किया सोमवार सुबह अपने गंतव्य को जाने के लिए बस अड्डे पहुंचे यात्रियों को परेशान होना पड़ा। प्राइवेट सवारी वाहन की तलाश में गोला कस्बे के शिवम चौराहे और अन्य स्थानो पर पहुंचे तो यहां भी कोई सवारी वाहन नहीं मिला। शहर के बस अड्डे पर भी यात्री इधर से उधर भटकते दिखे। राजापुर, एलआरपी और छाउछ चौराहे पर यात्री इंतजार करते दिखे लखीमपुर डिपो की सभी अनुबंधित 90 बसें खड़ी कर दी गई हैं। हड़ताल करने वाले चालकों का कहना है कि सरकार ने जो कानून बनाया है, उनमें दुर्घटना होने पर 10 साल की सजा और पांच लाख रुपये जुर्माने का प्रावधान है पांच लाख रुपये हम कहां से देंगे सवारी वाहनों के अलावा चालकों ने ट्रक और अन्य वाहन भी खड़े कर दिए हैं। चीनी मिलों में गन्ना ढुलाई में लगे ट्रकों का भी चक्का जाम कर दिया गया। कई गन्ना खरीद केंद्रों पर ट्रक नहीं पहुंचे।

## लुढ़के तापमान के बाद बढ़ी गलन ने लोगों का किया जीना मुहाल

**लखीमपुर खीरी।** बीते चार दिनों से लुढ़के तापमान के बाद बढ़ी गलन ने लोगों का जीना मुहाल कर रखा है सोमवार के दिन भी सूरज नहीं निकला। लोग घरों में दुबके रहे 28 दिसंबर से शुरू हुआ सर्दी का सितम कम होने का नाम नहीं ले रहा है। जहां अधिकतम तापमान में एक डिग्री सेल्सियस की गिरावट देखी गई, वहीं न्यूनतम तापमान दो डिग्री सेल्सियस तक लुढ़क गया। रविवार को सरकारी-गैर सरकारी कार्यालय बंद होने की वजह से लोगों ने घरों में ही रहे।

## नए साल के अवसर पर खेलकूद प्रतियोगिता का किया गया आगमन

**डलमऊ, रायबरेली।** नए साल के अवसर पर आदर्श शिक्षा निकेतन स्कूल में खेल प्रतियोगिता का आगमन किया गया। मुराई बाग स्थित आदर्श शिक्षा निकेतन स्कूल स्कूल में नए साल के उपलक्ष में खेल प्रतियोगिता कराई गई जिसमें विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया खेलकूद प्रतियोगिता में कुर्सी दौड़, कबड्डी, दौड़, क्रिकेट, वॉलीबॉल ऊंची जंप , लंबी जंप खो-खो आदि खेल प्रतियोगिता कराई गई। खेलकूद प्रतियोगिता स्कूल के प्रबंधक किशोरी बाबू ने खेल प्रतियोगिता मैं जीती हुई टीमों के खिलाड़ियों को शील्ड व मेडल देकर बच्चों का उत्साह वर्धन किया खेल प्रतियोगिता की अध्यक्षता कर रहे प्रधानाचार्य राकेश कुमार यादव ने कहा की खेलकूद से व्यक्ति का सर्वांगीण विकास होता है इस अवसर पर आनंद त्रिवेदी श्याम बिहारी यादव आईपी सिंह कुलदीप जेपी अवस्थी आशीष जायसवाल अनुपम पांडे आदि शिक्षक छात्र-छात्राएं व नगर के सभ्रांत नागरिक मौजूद रहे।

## जनपद से वाराणसी जाने वाली रेलगाड़ियों का अयोध्या धाम में बने स्टोपेज

**सहारनपुर।** जनपद से वाराणसी जाने वाली रेलगाड़ियों का अयोध्या में स्टोपेज बनाए जाने की मांग को लेकर हिन्दू जागरण मंच के कार्यकर्ताओं ने आज प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। आज हिन्दू जागरण मंच के प्रांत सहसंयोजक ठाकुर सूर्यकांत सिंह के नेतृत्व में संगठन के पदाधिकारी जिलाधिकारी डॉ.दिनेश चन्द्र से उनके कार्यालय में मिले और उन्हें प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन में कहा कि 22 जनवरी 2024 को राम मंदिर अयोध्या में प्रभु श्रीराम लला की प्राण प्रतिष्ठा होने जा रही हैं, जिसके उपरांत पश्चिमी उत्तर प्रदेश से बहुत बड़ी संख्या में राम भक्त 500 वर्षो के संघर्षो के उपरांत अपने इष्ट देव प्रभु श्रीराम जी के बाल स्वरूप के दिव्य भव्य मंदिर में स्थापित होने के उपरांत दर्शन को लालायित हैं। सहारनपुर उ.प्र. रेलवे स्टेशन से अयोध्या धाम स्टेशन होकर वाराणसी जाने वाली नौ रेलगाड़ियां चलती है, और वापिस आती है। लेकिन दुर्भाग्यवश इनका अयोध्या धाम स्टेशन पर स्टापैज नहीं है। इसलिए इन ट्रेनों का स्टोपेज अयोध्या धाम एवं अयोध्या कैट स्टेशनो पर कराया जाये। जिससे इस क्षेत्र की जनता सुगमता से अपने इष्ट देव भगवान राम के दर्शन कर सकेंगे। उन्होंने ट्रेनो का ब्यौरा देते हुए कहा कि अप ट्रेन 12332, 12318, 12238, 12326, 14524, 12356, 12358, 22356, 22318 एवं डाउन ट्रेन 12331, 12317, 12237, 12325, 14523, 12355, 12357, 22317, 22355 प्रमुख है। इस अवसर पर प्रचार प्रमुख हर्ष डाबर ने कहा कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश के हिन्दू समाज के लिए यह विशेष उपहार होगा। इस अवसर पर अश्वनी शर्मा, मांगेराम त्यागी, रजत गोयल प्रदीप ठाकुर ललित दीक्षित आदि कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## गोरखपुर महोत्सव के अन्तर्गत पुरूष व महिला राज्य स्तरीय हॉफमैराथन 10 जनवरी को

**सहारनपुर।** खेल निदेशालय लखनऊ के तत्वावधान में गोरखपुर महोत्सव के अंतर्गत पुरूष व महिला राज्य स्तरीय हॉफ मैराथन का आयोजन 10 जनवरी को किया जायेगा। क्षेत्रीय क्रीडा अधिकारी अनिमेष सक्सेना ने बताया कि खेल निदेशालय उप्र खेल भवन लखनऊ के तत्वाधान में गोरखपुर महोत्सव के अन्तर्गत प्रदेश स्तरीय पुरूष एवं महिला हॉफ मैराथन का आयोजन 10 जनवरी को प्रातः 07:00 बजे से रीजनल स्पोर्ट्स स्टेडियम गोरखपुर में किया जा रहा है। जिसमें प्रथम पुरस्कार प्राप्त करने वाले पुरूष व महिला धावक को नगद पुरस्कार रूपये 25000, द्वितीय पुरस्कार प्राप्त करने वाले धावक को रूपये 20000, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले धावक को 15000, चतुर्थ, पंचम षष्टम एवं सप्तम स्थान प्राप्त करने वाले पुरूष व महिला खिलाड़ियों को रूपया 5000 का नगद पुरस्कार दिया जाएगा।

# भैंस चोरी में वांछित 25 हजार रूपये का ईनामी अभियुक्त गिरफ्तार



अवधनामा संवाददाता

**सहारनपुर।** थाना गागलहेड़ी पुलिस ने अंतर्जनपदीय चोर 25 हजार रूपये के वांछित ईनामी बदमाश को मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार कर लिया। फायरिंग के दौरान बदमाश गोली लगने से घायल हो गया। थाना गागलहेड़ी पुलिस ने देर रात चैकिंग के दौरान 25 हजार रूपये के वांछित चोर को मुठभेड़ में गिरफ्तार किया है। बताया जाता है कि देर रात गागलहेड़ी थाना उपनिरीक्षक नरेन्द्र सागर पुलिस बल के साथ मुजफ्फरनगर रोड पर खजूरी कट के पास चैंकिग कर रहे थे कि तभी एक बिना नंबर प्लेट की मोटरसाईकिल पर सवार तीन युवक गागलहेड़ी की तरफ से मुजफ्फनगर की तरफ जाने वाले रास्ते पर आते दिखायी दिये, जिन्हे रुकने का इशारा किया गया, वह नही रुके और पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर ग्राम पठेड़ के गन्ने के खेतो की तरफ भागने लगे। पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ जवाबी फायरिंग में 01 बदमाश आशिफ पुत्र जीशान निवासी ग्राम राधना थाना किठौर,मेरठ पुलिस की गोली लगने से घायल हो गया, जिसको घायल अवस्था में इलाज हेतु अस्पताल ले जाया गया व उसके 02 अन्य साथी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गये। फरार बदमाशो की तलाश हेतु कॉम्बिंग की जा रही है। अभियुक्त के कब्जे से 01 तमंचा 315 बोर, 02 जिन्दा/01 खोखा कारतूस 315 बोर तथा 01 मोटरसाईकिल बिना नंबर प्लेट तथा 01 मोबाईल बरामद किया गया। अभियुक्त आशिफ थाना नागल से भैंस चोरी के मुकदमें में वांछित हैं।

# इंडियन मेडिकल एसोसिएशन द्वारा शीतकालीन दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन

अवधनामा संवाददाता

**रायबरेली।** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन रायबरेली के द्वारा शीतकालीन दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया सभी चिकित्सकों की पत्नीयों और बच्चों ने खेल प्रतियोगिताओं में उत्साह वर्धक बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया पहले दिन बैडमिंटन शतरंज कैरम तथा बच्चों के लिए ड्राइंग की प्रतियोगिताएं हुई बैडमिंटन पुरुष वर्ग में डॉक्टर एसपी दीक्षित डॉक्टर आशीष पांडे की जोड़ी ने डॉक्टर पवन सिंह तथा डॉ उज्जवल श्रीवास्तव की जोड़ी को हराकर स्वर्ण पदक जीता महिला वर्ग में डॉक्टर ओमिका चौहान तथा श्रीमती विमुक्ति सिंह ने श्रीमती मीना दीक्षित व श्रीमती अमीता मौर्या की जोड़ी को मात दी सीनियर बच्चों में देव दीक्षित व सार्थक दीक्षित विजेता रहे वेटरन ग्रुप में डॉक्टर एस एम सिंह व डॉक्टर दीक्षित ने डबल खिताब अपने नाम किया जूनियर वर्ग में कार्तिकेय आहूजा सानवी जायसवाल की जोड़ी विजेता रही तथा सिंगल्स में शिवांश सिंह ने सानवी जायसवाल से खिताब छीना कैरम में पवन सिंह वह अभिजीत राठौर विजई हुए महिलाओं का खिताब नेहा और सुष्मिता के नाम रहा 8 साल से छोटे बच्चों में दिया और बानी विजेता रही 8 से 10 वर्ष आयु वर्ग में सौंदर्य और पुष्कल ने बाजी मारी 10 वर्ष से ऊपर अर्नव सिंह विजेता रहे शतरंज में डॉक्टर उज्जवल विजेता रहे 8 साल से छोटे बच्चों में भूमि और काशवी जीती जूनियर वर्ग में अरनव सिंह विजेता रहे वेटरन ग्रुप शतरंज और कैरम में डॉ आर एस अग्रवाल डॉक्टर डीके मिश्रा ने पुरस्कार प्राप्त किया टेबल टेनिस में अनुपम दीक्षित राखी राठौर एवं शिवांश अपने वर्ग में विजेता रहे लॉन टेनिस में शिवांश हिया वह अद्विका ने अपने वर्ग में खिताब जीते मिक्स डबल्स में अमिता मौर्य और डॉक्टर बृजेश विजेता रहे ओमिका चौहान ने महिला वर्ग में जीत हासिल की एथलेटिक्स में पुरुष वर्ग 100 मीटर रेस में 50 वर्ष से ऊपर आयु वर्ग में डॉक्टर एस एम सिंह प्रथम डॉक्टर विकास द्विवेदी द्वितीय रहे अंडर 40 में डॉक्टर आशीष पांडे व पवन सिंह जीते 40 से 50 आयु वर्ग में डॉक्टर गौरव मिश्रा प्रथम और डॉक्टर एस के त्रिपाठी द्वितीय व डॉक्टर बृजेश सिंह ने तीसरा स्थान प्राप्त किया महिला वर्ग में प्रथम स्थान अलका द्विवेदी द्वितीय चारू सिंह तीसरे स्थान पर ओमिका व सुष्मिता रही तेज चाल प्रतियोगिता वरिष्ठ वर्ग में डॉक्टर डीके मिश्रा ने जीती छोटे बच्चों की दौड़ में विजेता क्रमशः आयांश आरव अनिका और निया रहे 6 से 8 आयु वर्ग में पार्थ प्रथम भूमि द्वितीय और बानी तृतीय रही 8 से 10 वर्ष वर्ग में सानवी प्रथम हिया द्वितीय व अदा तृतीय रही 10 वर्ष से ऊपर में अरनव सिंह प्रथम अद्भुत सेकंड व शिवांश तृतीय स्थान पर रहे भाला फेक डॉक्टर गौरव प्रथम और डॉक्टर एस एम सिंह द्वितीय रहे गोला फेक में डॉक्टर गौरव प्रथम डॉ अभिजीत राठौर द्वितीय व डॉक्टर उज्जवल तीसरे स्थान पर रहे। अंत में रस्सी कसी में पुरुषों ने महिलाओं को हरा दिया यद्यपि महिलाओं ने चीटिंग का आरोप लगाया जिसका कोई विरोध नहीं कर सका इंडियन मेडिकल एसोसिएशन रायबरेली द्वारा आयोजित इस खेल समारोह का सभी ने भरपूर आनंद उठाया।

# 4 पेटी अंग्रेजी शराब चंडीगढ़ मार्का, एक ट्रक, एक लग्जरी कार व 3 लाख रूपये नगद बरामद

## शराब तस्करी में वांछित चल रहे तीन शातिर तस्कर गिरफ्तार



अवधनामा संवाददाता

**सहारनपुर।** सदर बाजार कोतवाली पुलिस ने शराब तस्करी में वांछित चल रहे तीन शराब तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 4 पेटी अंग्रेजी शराब चंडीगढ़ मार्का, 450 पीस डाइपर व घटना में प्रयुक्त एक ट्रक, एक लग्जरी गाड़ी समेत 3 लाख रूपये की नगदी बरामद की है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने पुलिस टीम को 25000 रूपये का ईनाम देने की घोषणा की है।

पुलिस अधीक्षक नगर अभिमन्यु मांगलिक ने शराब तस्करों की गिरफ्तारी को लेकर पुलिस लाइन के सभागार में पत्रकारों से वार्ता करते हुए बताया कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चलाये जा रहे अभियान के तहत सदर बाजार कोतवाली प्रभारी निरीक्षक प्रवेश सिंह ने मिली सूचना के आधार पर पुलिस टीम गठित की और सूचना पर आज प्रातः अभियुक्त अजमेर सिंह उर्फ बच्ची पुत्र चन्द्रभान निवासी ग्राम पावड़ा बसी थाना बरवाला जनपद हिंसार हरियाणा, कर्मवीर सिंह ढिल्लो उर्फ विक्रम पुत्र बदलूराम निवासी ग्राम पावड़ा बसी थाना बरवाला हिंसार हरियाणा व सोमवीर सिंह पुत्र सतवीर सिंह निवासी ग्राम मुकलान थाना आजाद नगर हिंसार हरियाणा को दिल्ली रोड पर पैरामाउंट कालोनी के पास से गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक नगर ने बताया कि पकड़े गए अभियुक्त अवैध शराब को ट्रक में ऊपर अन्य सामान लादकर व फर्जी नम्बर प्लेट लगाकर ले जाते समय गिरफ्तार किये गये। जिनके कब्जे से 4 पेटी अवैध शराब इम्पीरियल ब्लू अंग्रेजी गैर प्रान्त चण्डीगढ मार्का व 450 पीस डाइपर व घटना में प्रयुक्त एक ट्रक व एक फोरचूनर कार व 3 लाख रूपये नगद बरामद हुए है। अभियुक्त शातिर अपराधी है, जो अवैध रूप से गैर प्रान्तीय अंग्रेजी अवैध शराब चण्डीगढ मार्का की अवैध रूप से उत्तर प्रदेश व विहार में भारी मात्रा में तस्करी कर अवैध लाभ अर्जित करते है तथा राजस्व को भारी हानि पहुंचाते हैं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने पुलिस टीम को 25000 रू नगद पारितोषिक देने की घोषणा की है। शराब तस्करों को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में निरीक्षक जितेन्द्र कुमार शर्मा, उपनिरीक्षक शशांक गिरी, विजय सिंह, हैड कांस्टेबल सचिन व कांस्टेबल विनित हुड्डा शामिल रहे।

# दस वर्ष की सजा का प्राविधान का ट्रक चालकों ने किया विरोध




अवधनामा संवाददाता

**सहारनपुर।** सड़क दुर्घटना होने पर चालक को दस वर्ष की सजा का प्राविधान किए जाने का कानून बनाये जाने के विरोध में आज जिला सहारनपुर ड्राईवर कन्ड्रैक्टर यूनियन से जुड़े पदाधिकारियों ने बेहट रोड प्रदर्शन कर अपनी मांगों का केन्द्रीय गृहमंत्री को सबोधित ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा। आज जिला सहारनपुर ड्राईवर कन्ड्रैक्टर यूनियन से जुड़े चालक-परिचालक बेहट रोड पर एकत्रित हुए और सजा के प्राविधान के विरोध में प्रदर्श किया। इसके बाद सभी चालक व परिचालक एकत्र होकर जिला मुख्यालय पहुंचे और उन्होंने केन्द्रीय गृहमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपते हुए कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा सड़क दुर्घटना होने पर ड्राईवर को दस साल की सजा का प्राविधान किया गया। जो पूर्णतया अव्यवहारिक है, जिमसें ड्राईवर द्वारा एक्सीडेट करने पर 10 साल की सजा का व जुर्माने का प्राविधान किया गया है। उनका कहना था कि कोई भी ड्राईवर जान बूझकर एक्सीडेट नही करता है। अचानक हादसा हो जाता है। जो कानून लागू किया गया है उससे ड्राईवरो मे भारी रोष है और यह कानून लागू होने से सभी बस ड्राईवरो गाड़ी चलाने से डरेगे।

# व्यापारियों ने चौकीदारों को बांटी टॉर्च व गर्मवस्त्र



अवधनामा संवाददाता

**सहारनपुर।** सहारनपुर उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल से जुड़े व्यापारियों ने थाना प्रभारी नगर कोतवाली सतेन्द्र नागर के साथ मिलकर देर रात्रि महानगर के विभिन्न बाजारों में तैनात चौकीदारों को गर्मवस्त्र व टॉर्च का वितरण किया।

व्यापार मण्डल के महानगर अध्यक्ष विवेक मनोचा व स.सुरेन्द्र मोहन सिंह चावला ने बताया कि व्यापार मण्डल ने मुख्य बाजारों में रात्रि में चौकदारी करने वाले चौकीदारों को भीषण सर्दी में गर्मवस्त्रों का वितरण किया तथा उन्हें टार्च भी प्रदान की। उन्होंने बताया कि प्रताप मार्किट, नेहरू मार्किट, शहीद गंज, मोरगंज, दालमंडी पुल, हिरनमारान, कक्कड़गंज आदि बाजारों में नगर कोतवाली प्रभारी सतेन्द्र नागर एवं व्यापारी प्रतिनिधियों ने वहां कार्यरत चौकीदारों की जांच की तथा उन्हें गर्म जर्सी व टार्च भेंट की। उन्होंने बताया कि व्यापार मण्डल व्यापारी हित के अलावा सामाजिक एवं धार्मिक कार्यक्रमों में अपनी सहभागिता करता है। साथ ही समाज के उन जरूरतमंदों की भी सेवा करता है, जो समाज के निचले पायदान पर है। नगर कोतवाली प्रभारी सतेन्द्र नागर ने कहा कि व्यापार मण्डल ने सर्दी के मौसम में चौकीदारों के लिए सराहनीय पहल की है। इस अवसर पर सुधीर मिगलानी, दीपक खेडा, जयवीर सिंह बत्रा, हरदीप सिंह बग्गा, फरजान-उल-हक, अनुभव गर्ग, प्रदीप लूथरा, मनन मनोचा सहित पुलिस कर्मी भी शामिल रहे।

# नववर्ष पर सत्संग कर सद्मार्ग पर चलने का किया आह्वान

अवधनामा संवाददाता

**सहारनपुर।** नववर्ष 2024 की पूर्व संध्या पर अखिल भारतीय संत शिरोमणि सतगुरु रविदास मिशन के तत्वाधान में संत समागम का आयोजन किया गया। जिसमें सभी लोगों से सद्मार्ग पर चलने को प्रेरित किया गया। दिल्ली रोड़ स्थित महादेवपुरम पंत विहार में आयोजित सत्संग का शुभारंभ संत शिरोमणि सतगुरु रविदास महाराज सतगुरु स्वामी समनदास महाराज के श्री चरणों में गुरुपूजा अर्पित कर आरती वंदना से किया गया। सतसंग में प्रवचन करते हुए महात्मा नत्था दास महाराज ने शिक्षा व स्वास्थ्य पर जोर देते हुए कहा कि इस मानव जीवन को सत्कार्य में लगाते हुए पुराने साल की विदाई और नए साल आगमन पर गुरु चरणों में समर्पित रहने से अलग ही आनंद की अनुभूति है। उन्होने सभी से सदैव गुरु चरणों में समर्पित रहकर नेक कार्य करने की बात कहते हुए सभी से गुरुजी के पदचिन्हों पर चलने की बात कही और नववर्ष में कामयाबी की बुलंदी को छूने का गुरुमंत्र प्रदान किया। कार्यक्रम आयोजक हरिकिशन कटारिया ने सभी से गुरुजी के कार्य को गति देने की बात कही। कार्यक्रम का संचालन करते हुए सतेन्द्र गौतम एडवोकेट ने सभी से गंदे खान पीन से दूर हटकर सतमार्ग पर चलते हुए शिक्षित होकर समाज हित में कार्य करने की बात कही। कार्यक्रम में महात्मा गुरुमुख दास ब्रह्मचारी, महात्मा महिपाल दास व समाजसेवी रामपाल सिंह गौतम ने भी विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर महाराज सुखबीर दास, मेघराज दास, राजेदास, दर्शन दास, काशीदास, सोहंग दास, नेपाल दास, ओमप्रकाश कटारिया, मनोज दास, बृह्मपाल, चंद्रदास, पूर्व प्रमुख अमित कुमार, किरणपाल, वीरेंद्र, नरेश, राममेहर, तुलसी कटारिया, सुरेंद्र, विनोद कटारिया, सतीश दास, बिहारी दास, आदेश कटारिया, प्रेमी, निहाल दास, अभय दास आदि अनुयायी मौजूद रहे।



## मांगों के निराकरण को लेकर कर्मचारियों ने दिया धरना

**सहारनपुर।** विभिन्न मागों के निराकरण को लेकर चतुर्थ श्रेणी राज्य कर्मचारी संघ कृषि विभाग ने सांकेतिक धरना दिया। बेरी बाग स्थित कृषि प्रसार भवन में चतुर्थ श्रेणी राज्य कर्मचारी संघ कृषि विभाग के बैनर तले सभी कर्मचारी एकत्रित हुए और अपनी मांगों के समर्थन में धरना दिया। धरने पर कर्मचारियों ने मांग की कि संयुक्त कृषि निदेशक सहारनपुर मण्डल कार्यालय में कार्यरत कुलदीप सिंह वरिष्ठ सहायक द्वारा चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी पप्पू सिंह को कार्यालय परिसर में 12 दिसम्बर को रात्री के समय गाली गलौच करने, अमर्यादित शब्दों का प्रयोग करने तथा गमले इत्यादि तोड़ने के उपरान्त भी इनके विरुद्ध संयुक्त कृषि निदेशक द्वारा कोई कार्यवाही नही की गयी है, जिसके चलते कर्मचारियों में रोष बना हुआ है। उन्होंने कहा कि निदेशालय स्तर से चतुर्थ श्रेणी से कनिष्ठ सहायक पद पर पदोन्नति हेतु 20 प्रतिशत कोटे के हिसाब से 04 पदो का आवंटन किया गया, परन्तु आवंटन के उपरान्त पदोन्नति नही की जा रही है और इसमें अत्याधिक विलम्ब किया जा रहा है, जिसे सहन नहीं किया जायेगा।

# बुद्ध स्थलीय से नववर्ष का आगाज तो पनियहवा में पिकनिक स्पॉट का लोगों ने उठाया लुत्फ


भगवान बुद्ध का दर्शन करते लोग


पनियहवा में पिकनिक स्पॉट का लुत्फ उठाते लोग


नववर्ष मेले को लेकर सुरक्षा में लगी पुलिस

शकील अहमद

- नए वर्ष पर कुशीनगर में लगा मेला, दिनभर रही चहल-पहल
- बौद्ध मंदिर, रामाभार स्तूप, मुख्य मंदिर सहित अन्य दर्शनीय स्थलों पर लोगो ने किया भ्रमण

**कुशीनगर (अवधनामा ब्यूरो)।** नववर्ष के जश्न में सोमवार को सभी सराबोर नजर आए। रविवार की मध्य रात्रि से ही आतिशबाजी और गीत-संगीत का जो कार्यक्रम शुरू हुआ, वह सोमवार को भी जारी रहा। सुबह कुशीनगर के बौद्ध मंदिर, रामाभार स्तूप, मुख्य मंदिर सहित अन्य दर्शनीय स्थलों पर भ्रमण के अलावा लोगों ने मदनपुर देवी मंदिर में पूजा-अर्चना से नववर्ष की शुरुआत की। रामकोला का विश्वदर्शन मंदिर और पनियहवां पुल भी पिकनिक स्पॉट के रूप नजर आया। वहां काफी संख्या में लोगों ने मेले का लुत्फ उठाया।

हर वर्ष के भांति इस वर्ष भी भगवान बुद्ध की महापरिनिर्वाण स्थली कुशीनगर में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच नववर्ष मेला संपन्न हो गया। सुबह से देर शाम तक लोगों की चहल-पहल रही। गोरखपुर मंडल सहित बिहार से भी आए लोगों ने कुशीनगर के वर्मी स्तूप, मुख्य मंदिर, माथा कुंवर मंदिर और रामाभार स्तूप तक पैदल चलकर महात्मा बुद्ध के दर्शन-पूजन किए। मेला सकुशल संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन काफी सतर्क दिखा। मुख्य गेट से रामाभार स्तूप तक जगह-जगह पुलिस फोर्स तैनात रही। सुबह से ही मुख्य मंदिर में भगवान बुद्ध के दर्शन के लिए लोगों की भीड़ लग गई थी, जो देर शाम तक रही। लोगों ने वर्मी स्तूप, माथा कुंवर मंदिर और रामाभार स्तूप पर कतारबद्ध होकर दर्शन किए। इस दौरान प्रवेश वाले स्थलों पर लोगों की जांच भी की जा रही थी। मेले में आगंतुकों के लिए महात्मा बुद्ध की लेटी हुई प्रतिमा आकर्षण की केंद्र रही।

**मेले को सम्पन्न कराने के लिए चौकस रही पुलिस:** प्रशासन की ओर से मेले को सकुशल संपन्न कराने के लिए पूरा इंतजाम किया गया था। इसके तहत मुख्य प्रवेश द्वार पर ही जांच के लिए पुलिस तैनात रही। डॉग स्क्वॉड की टीम भी मेला परिक्षेत्र का भ्रमण कर संदिग्ध वस्तुओं की जांच करते हुए देखी गई। बिड़ला धर्मशाला में प्रशासनिक अफसरों की ओर से कंट्रोल रूम बनाया गया था। वहां एसडीएम, तहसीलदार ईओ नगरपालिका परिषद, एसओ आदि मेले की व्यवस्था की मानीटरिंग कर रहे थे। इसके अलावा डीएम और एसपी ने मेले का जायजा लिया। सुरक्षा में लगे अफसरों ने महापरिनिर्वाण मंदिर, रामाभार स्तूप, मांथा कुंवर मंदिर समेत पूरे क्षेत्र की मानीटरिंग करते रहे।

**पुल पर सेल्फी रोकने के लिए गश्त कर रही थी पुलिस:** बगहा-पनियहवा पुल पर सेल्फी के दौरान प्रत्येक वर्ष होने वाले दुर्घटनाओं को देखते हुए इस वर्ष प्रशासन द्वारा व्यापक रूप से सुरक्षा के इंतजाम किए गए थे। पुलिस बल बाइक से 900 मीटर लंबे पुल पर लगातार गश्त कर रहे थे कि कोई भी रेल ट्रैक पर या पुल की रेलिंग पर चढ़ कर सेल्फी न ले रहा हो। वही भीड़ व पुलिस बल की संख्या में कमी के कारण पुलिस बल परेशान भी दिखे।

## रेत पर बने पिकनिक स्पॉट और नौका विहार का खूब लिया आनंद

नए वर्ष के स्वागत के लिए पिकनिक मनाने आये लोगों के लिए पनियहवा पुल के पूरब साइड दो धाराओं के बीच बने पिकनिक स्पार्ट का दृश्य मनमोहक था। पहली बार इस तरह का तैयार रेत पर बने पिकनिक स्पार्ट को देखने और आनद लेने के लिए लोग उत्सुक थे। सुबह से ही लोग नौका विहार कर गण्डक नदी में दूर दूर जाकर भ्रमण कर खुशी जाहिर की। वही गण्डक नदी में स्नान के बाद सैलानी धूप सेकने के लिए लगी कुर्सियों पर लेट कर धूप का आंनद लिए। सैलानियो ने रेत पर बैठ कर खूब खुशी मनाई। गण्डक नदी में कोई हताहत न हो इसके लिए खड्डा एसडीएम के निर्देश पर तैराकों की भी नियुक्ति की गई थी।

## प्लास्टिक सर्जरी विभाग के नए अध्यक्ष बने डॉ. मोहम्मद फहद खुर्रम

**अलीगढ़।** अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज के प्लास्टिक सर्जरी विभाग के डॉ. मोहम्मद फहद खुर्रम को 1 जनवरी 2024 से तीन साल की अवधि के लिए प्लास्टिक सर्जरी विभाग का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज, एएमयू से जनरल सर्जरी (एमएस) में स्नातकोत्तर और प्लास्टिक और पुनर्निर्माण सर्जरी में एम.सी.एच. डॉ. खुर्रम ने स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी, जॉन्स हॉपकिंस यूनिवर्सिटी, यूसीएलए और मेयो क्लिनिक और गंगा माइक्रोसर्जरी ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट, कोयंबटूर में विशेष प्रशिक्षण प्राप्त किया है। वह अक्टूबर 2012 में जेएनएमसी में एक व्याख्याता के रूप में शामिल हुए और एएमयू में अब तक अपने एक दशक से अधिक के कार्यकाल के दौरान विभिन्न रूप से विश्वविद्यालय की सेवा की है, जिसमें विभिन्न समितियों की सदस्यता भी शामिल है। उनके राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय पत्रिकाओं में 50 से अधिक शोध पत्र प्रकाशित हुए हैं, जिनमें कृषि चोटों पर उनका पेपर भी शामिल है।

# आरएसएस मनौरी के स्वयंसेवकों ने अयोध्या धाम से आये पूजित अक्षत को लोगो में किया वितरण

अवधनामा संवाददाता



**कौशांबी।** अयोध्या में 22 जनवरी को होने जा रही प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में देश के लोगों को जोड़ने के लिए जगह-जगह निमंत्रण दिए जा रहे हैं। अयोध्या से पूजित अक्षत को देश में लोगों को निमंत्रण के तौर पर भेजा जा रहा है।

जनपद में भी पूजित अक्षत पहुंच गया है। इसी क्रम में जनपद के मनौरी ग्राम सभा में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यकर्ताओं ने अयोध्या धाम से आये पूजित अक्षत वितरण का कार्यक्रम किया गया और लोगो को कॉर्ड देकर निमंत्रण दिया गया। अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के लिए भव्य स्तर पर तैयारी की जा रही है। 8000 से अधिक वीवीआईपी इस कार्यक्रम में भाग लेंगे इसके लिए अयोध्या को सजाया जा रहा है। देश भर से लोगों को यहां लाने के लिए विशेष इंतजाम किए जा रहे हैं लोगों से यह भी कहा जा रहा है कि अपने जिले और गांव में भी भगवान श्री राम से जुड़े आयोजन करें 22 जनवरी को घर को सजाएं और रामायण का पाठ करें। **क्या है आरएसएस की अपील:** जिला सेवा प्रमुख प्रमोद चंद्र और प्रचारक प्रहलाद ने बताया कि 500 वर्षों के लंबे इंतजार के बाद श्रीराम जन्मभूमि पर भव्य श्रीराम मंदिर का निर्माण पूर्ण हो रहा है. इसे लेकर जनपद कौशाम्बी के सभी गांव में श्रीराम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह का आमंत्रण अक्षत कलश का एक दाना पीला चावल देकर दिया जाएगा . हालांकि सभी लोग अयोध्या नहीं जा सकते. वहां निश्चित संख्या में आगंतुक होंगे. यह मानकर की हमारे घर में भगवान राम का आगमन हुआ है, अपने घर, मोहल्ले में अयोध्या जैसा उत्सव मनाएं, दीपक जलाएं. लोगों से आग्रह करेंगे कि राम चरित मानस जैसे कार्यक्रम आयोजित करें। इस दौरान आरएसएस के सेवा प्रमुख प्रमोद चंद्र केसरवानी, प्रचारक प्रहलाद कुमार, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान की संयोजिका विनीता गुप्ता, भाजपा नेता शंभुलाल केसरवानी, व्यापार मंडल अध्यक्ष सुधीर केसरवानी, नरोत्तम दास केसरवानी, अंकित केसरवानी व्यापार मंडल, ग्राम प्रधान कुबेर केसरवानी, अनूप केसरवानी, गुलाब केसरवानी, भारत लाल, नीरज केसरवानी, अनिल केसरवानी, पुरुषोत्तम दास, शिवा लाल, कन्हैया साहू, जेपी सोनी, धीरेन्द्र केसरवानी, बीडीसी प्रदीप केसरवानी, रवि केसरवानी, राज कुमार केसरवानी, अनिल केसरवानी, पवन केसरवानी, वीरेन्द्र केसरवानी आदि सैकड़ों स्वयं सेवक राम भक्त मौजूद रहे।

# जनता और पुलिस के बीच संवाद ही बेहतर पुलिसिंग है: उमेश

अवधनामा संवाददाता



**अहिरौली बाजार, कुशीनगर।** स्थानीय थाने की पुलिस सोमवार को नव वर्ष के अवसर पर थाने परिसर में क्षेत्र के सम्मानित जनप्रतिनिधियों एवं आमजन के साथ संवाद स्थापित कर उन्हें नव वर्ष की शुभकामनाएं दी। बता दे के एडीजी जोन गोरखपुर अखिल कुमार के निर्देश पर सोमवार को अहिरौली बाजार पुलिस ने आम नागरिको एवं जनप्रतिनिधियों संग बैठक आहूत कर उन्हें नव वर्ष की शुभकामनाएं दी।

इस संवाद को संबोधित करते हुए उपनिरीक्षक उमेश कुमार ने आमजन को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आंग्ल नव वर्ष 2024 की प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए सर्वमंगल की कामना की।उन्होंने शुभकामना संदेश में कहा कि नव वर्ष के नव अरूणोदय पर हम सभी नव उत्साह व नव उल्लास के साथ नव वर्ष का स्वागत करें।आप सभी पुलिस की सहयोगी बनकर अपराध पर लगाम लगाने में पुलिस की मदद करें। पुलिस और जनता के बीच संवाद ही बेहतर पुलिसिंग है।संवाद से ही बेहतर परिणाम मिलते है। पुलिस भी समाज से ही निकली है और समाज ही पुलिस है। मादक पदार्थो व तस्करी की जद में युवा न पड़े।

जरूरी है सही दिशा चुनकर अपना लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़े।कड़ी मेहनत ही सफलता की कुंजी है। साइबर अपराध का ग्राफ तेजी से बढ़ रहा है।सभी को सावधान व जागरुक रहना होगा। जिससे ब्लैकमेल के शिकार ना हो और पुलिस को बताए। जिससे आपकी मदद कर पाए। जनता का भरोसा जीतने के लिए पुलिस और आमजन के बीच संवाद और बेहतर माहौल जरुरी है। जिससे आमजन और पुलिस के बीच सामंजस्य स्थापित हो। साइबर अपराध बढ़ती टेक्नॉलोजी के चलते बढ़ रहा है। अलग-अलग प्रकार से यह बढ़ रहा है। आर्थिक रुप से भी कई गैंग काम कर रही है और लोगों के साथ धोखाधड़ी कर रही है तो वही अन्य गैंग भी है जो संभ्रात लोगों को फोन कर ब्लैकमेल कर रहे है उन्हें भी घबराने की जरुरत नहीं है। फोन कॉल पर लोन हो या अन्य इनाम के झांसे में ना पड़े। नवयुवतियां भी साइबर क्राइम की जद में ना आए खुद सावधान रहें और पुलिस को बताए। गोपनीयता रखते हुए कार्रवाई को आगे बढ़ाया जाएगा।

## लाखों खर्च के बाद भी शो पीस बना सबमर्सिबल

**कौशाम्बी।** सदर ब्लाक के नगर पंचायत करारी में पेयजल संकट को देखते हुए महीनों पहले हज़रतगंज वार्ड में एक सबमर्सिबल लगवाया गया था। नगर प्रशासन की लापरवाही के चलते उक्त सबमर्सिबल से अभी तक पेयजल आपूर्ति नहीं कि जा सकी। जिस कारण नगर में पेयजल समस्या बनी हुई है।शिकायत के बाद भी ज़िम्मेदार इस ओर ध्यान नहीं दे रहे। जिले के प्रमुख कस्बों में एक आदर्श नगर पंचायत करारी अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है। कस्बे में आये दिन पेयजल संकट से नगर वासी जूझते देखे जाते हैं। पेयजल समस्या को देखते हुए 6 माह पूर्व निवर्तमान नगर अध्यक्ष ने हज़रतगंज वार्ड में एक सबमर्सिबल लाखों रुपये की लागत से लगवाया था। उक्त सबमर्सिबल आज भी शो पीस बना हुआ है। उक्त सबमर्सिबल के चालू न होने से हज़रतगंज और नयागंज वार्ड में पेयजल समस्या बनी हुई है। वहीं मोहल्ले के लोगों का मानना है कि इस गम्भीर समस्या को लेकर नगर प्रशासन बिल्कुल भी गम्भीर नही दिख रहा।

## सैकड़ो भक्तों ने की गोवर्धन पूजा



**लखनऊ अवधनामा संवाददाता।** सर्वोदय नगर स्थित विंध्यवासिनी होटल में साप्ताहिक भागवत कथा का आयोजन रिसिया बहराईच के मित्तल परिवार द्वारा किया जा रहा है। कथावाचक आचार्य उमेश कुमार मिश्रा ने कहा कि भारतवर्ष के घर-घर में गोवर्धन पूजा की जाती है। माताएं गांव में गोबर से गोवर्धन बनाकर, छप्पन भोग का प्रसाद बनाकर भोग लगाती है। भारतवर्ष ही नहीं संपूर्ण विश्व के मंदिरों में छप्पन भोग का प्रसाद बनाकर गोवर्धन पूजा की जाती है और भक्तों को प्रसाद वितरण किया जाता है। भक्तों को छप्पन भोग का प्रसाद वितरण किया गया। गोवर्धन पूजा का सजीव चित्रण देखकर बच्चे आनंद से भर उठे। भजनों को सुनकर भक्तगण झूमने लगे। यशोदा बनी माता के साथ श्री कृष्ण बने बच्चों ने मटकी में मुंह लगाकर खूब दही खाया। भागवत कथा प्रतिदिन शाम 3 बजे से प्रारंभ होकर शाम 7 बजे तक चलेगी। तीन जनवरी को पूर्णाहुति एवं विशाल भंडारा का आयोजन किया जाएगा। सर्वश्री राम अवतार अग्रवाल, जगदीश प्रसाद, सत्यनारायण अग्रवाल, गोविंद अग्रवाल, अनिल अग्रवाल, पवन अग्रवाल, आलोक अग्रवाल, विकास अग्रवाल, सर्व मित्र भट्ट सहित सैकड़ो भक्त उपस्थित रहे।

## एएमयू शोधार्थी सैयदा नदा कादरी द्वारा अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों में पेपर प्रस्तुत

**अलीगढ़ अवधनामा संवाददाता।** अलीगढ मुस्लिम विश्वविद्यालय के पश्चिम एशियाई और उत्तरी अफ्रीकी अध्ययन विभाग की शोध छात्रा सैयदा नदा कादरी ने बाकू, अजरबाइजान में आयोजित अलग-अलग सम्मेलनों में शोधपत्र प्रस्तुत किए। अजरबाइजान पर्यटन और प्रबंधन विश्वविद्यालय, बाकू में आयोजित वैश्विक और क्षेत्रीय विकास पर द्वितीय अंतर्राष्ट्रीय कांग्रेस में सुश्री कादरी ने दक्षिण काकेशस क्षेत्र में आर्थिक विकास को बढ़ावा देने में पर्यटन की भूमिका विषय पर अपना पेपर प्रस्तुत किया। अपनी दूसरी पेपर प्रस्तुति में उन्होंने स्टेट यूनिवर्सिटी ऑफ इकोनॉमिक्स, अजरबाइजान द्वारा 'अर्थशास्त्रः क्षेत्रीय विकास और डिजिटल अर्थव्यवस्था' विषय पर आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में 'इराक और सीरिया में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश पर भू-राजनीतिक अस्थिरता का प्रभावः एक तुलनात्मक विश्लेषण' पर अपने विचार व्यक्त किये।

## एसपी ने कार्यालय में की जनसुनवाई



**कौशांबी अवधनामा संवाददाता।** पुलिस अधीक्षक द्वारा नए वर्ष में शुभकामनाओं के साथ कैंप कार्यालय में जनसुनवाई किया। जनसुनवाई के दौरान जनपद के थाना क्षेत्र से आई शिकायतों को सुनकर व पढ़कर संबंधित थाना अध्यक्षों को गुणवत्ता एवं तत्काल निस्तरित करने का निर्देश जारी किया। नव वर्ष के प्रथम दिन पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा कैंप कार्यालय में जनसुनवाई की गई। जनसुनवाई के दौरान पटल पर आने वाले शिकायतकर्ताओं को नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए शिकायतों को सुना और पढ़ा गया जनपद के थाना क्षेत्र से कार्यालय में आए दर्जनों शिकायतकर्ताओं की शिकायतों को सुनकर संबंधित थाना अध्यक्षों को गुणवत्तापूर्ण और तत्काल विस्तारित करने का निर्देश जारी किया उन्होंने आदेश में थाना अध्यक्षों को हिदायत देते हुए कहा कि यदि समय से शिकायतों का निस्तारण नहीं किया गया और पुनः शिकायतकर्ता उनके पास वही शिकायत लेकर पहुंचा तो संबंधित थाना अध्यक्ष के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी

# विकसित भारत संकल्प यात्रा आयोजित

अवधनामा संवाददाता



**कानपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आवाह्न पर कानपुर नगर में चल रही विकसित भारत संकल्प यात्रा में कानपुर के अन्तर्गत कानपुर लोकसभा के वार्ड-वार्ड जाकर लोंगों को योजनाओं का लाभ देने का कार्य किया जा रहा है। नगर निगम द्वारा वार्ड-48 गोविन्द नगर उत्तरी एवं वार्ड-7 निराला नगर में कानपुर सांसद सत्यदेव पचौरी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। सांसद पचौरी ने बताया देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सदैव गरीबो के उत्थान के लिए कृतसंकल्पित रहे हैं।

गरीबों के जीवन स्तर को ऊपर उठाने के लिए उन्होनें अनेकों योजनाओं चलाई। सांसद पचौरी ने कहा कि नरेन्द्र मोदी ने अब तक पूरे देश में 1 लाख करोड़ के जीवन सहायक उपकरण दिव्यांग भाई-बहनों को निःशुल्क उपलब्ध कराए, चूल्हे में खाना बनाने वाली महिलाओं को उज्जवला योजना में निःशुल्क गैस सिलेण्डर दिलवाए, अंधेरे में रह रहे परिवारों को मुफ्त बिजली कनेक्शन दिलवाए। सांसद पचौरी ने कैम्प में आए लोगों को प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, आधार कार्ड, राशन कार्ड आदि योजनाओं के लाभ लेने के लिए आवेदन कराने और योजनाओं का लाभ लेने के लिए कहा। सांसद पचौरी ने मीड़िया को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आवाहन पर देश में चल रही ''विकसित भारत संकल्प यात्रा'' का आयोजन शहर में नगर निगम कानपुर द्वारा किया जा रहा है, जिसमें केन्द्र सरकार द्वारा गरीब व्यक्तियों के कल्याण के उद्देश्य से चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी, आवेदन तथा उसका लाभ देने का कार्य किया जा रहा है। भाजपा के कार्यकर्ता भी जनता के सहयोग हेतु कैम्प में उपस्थित हैं।

सांसद सत्यदेव पचौरी ने यह भी बताया कि यात्रा कानपुर के प्रत्येक वार्ड में आयोजित हो रही है तथा स्टॉल लगाकार योजनाओं के आवेदन लिए जा रहे है, इनमें प्रमुख रूप में पीएम स्वनिधि योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम उज्जवला योजना, पीएम मुद्रा योजना, स्टार्टअप इंडिया, स्टैण्डअप इंडिया आयुष्मान भारत योजना, पीएम आवास योजना, उजाला योजना, पीएम सौभाग्य योजना जैसे अनेको योजनाओं के निःशुल्क आवेदन कराए जा रहे हैं, जिसमें कुल 591 लोगों द्वारा आवेदन कराया गया। सांसद पचौरी ने नगरवासियों की अपील की कि वह इस यात्रा में सहभागी बनकर केन्द्र सरकार की योजनाओं का ज्यादा से ज्यादा लाभ लें तथा जो असहाय व्यक्ति हैं उनका भी सहयोग करें।

कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल, महामंत्री पूनम द्विवेदी, उपाध्यक्ष अनीता गुप्ता जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह, ज्ञानू मिश्रा, गौरव तिवारी, दीपू पासवान, देवेन्द्र सब्बरवाल, नवीन पण्ड़ित, राजेश श्रीवास्तव, रमाकान्त पिछड़ा मोर्चा, आदि लोग उपस्थित रहे।

# दो जनवरी को कैमा और गरई में विकसित भारत कार्यक्रम का आयोजन

अवधनामा संवाददाता

**कौशांबी।** ग्राम पंचायत-कैमा, गरई, फरीदपुर सुलेम, सेंवढ़ा, जवई पड़री, सैनी, पहाड़पुर सुधवर एवं शेरगढ़ में 02 जनवरी को आयोजित होगा विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जनपद की ग्राम पंचायत-कैमा, गरई, फरीदपुर सुलेम व सेंवढ़ा में प्रातः 10 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक तथा जवई पड़री, सैनी, पहाड़पुर सुधवर व शेरगढ़ में 02 बजे से सायं 4:30 बजे तक दिनांक 02 जरवरी 2023 को विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया जायेंगा। विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी तथा छूटे हुए पात्र लाभार्थियों को विभिन्न योजनाओं-आयुष्मान भारत, पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना, दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, पीएम आवास योजना(ग्रामीण), पीएम उज्ज्वला योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम किसान सम्मान निधि योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम पोषण अभियान, हर घर जल-जल जीवन मिशन, गॉवों का स्वामित्व, जनधन योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना एवं पीएम स्वनिधि योजना आदि से लाभान्वित किया जायेंगा। बैंक के स्टॉल के माध्यम से कृषकों की ई-केवाईसी, आधार सीडिंग, केसीसी एवं अन्य लोन से सम्बन्धित समस्याओं का निस्तारण किया जायेंगा। समस्त सहकारी समितियों द्वारा अभियान चलाकर अधिक से अधिक लोगों को सदस्य बनाया जायेंगा तथा रासायनिक उर्वरकों के वैकल्पिक उर्वरकों यथा-नैनो यूरिया के विषय में जागरूक किया जायेंगा। स्वास्थ्य विभाग एवं कृषि विभाग आदि विभागों के स्टॉल लगाये जायेंगे। विभिन्न योजनाओं के सफल लाभार्थी मेरी कहानी मेरी जुबानी के तहत अपने अनुभव/फीडबैक साझा करेंगे।

## 7800 करोड़ से बनेगा रिंग रोड, गडकरी करेंगे शुरुआत

**कानपुर अवधनामा संवाददाता।** भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) 7800 करोड़ रुपये से रिंग रोड बनवाएगा। निर्माण की शुरुआत आठ जनवरी को सड़क परिवहन एवं राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी करेंगे। साथ ही, परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण भी करेंगे। शहर के चारों तरफ नगर, देहात और उन्नाव जिले में बनने वाले 93 किलोमीटर लंबे छह लेन के रिंग रोड के चार पैकेज में से दो (मंधना-सचेंडी और सचेंडी से रमईपुर तक निर्माण का ठेका राज कंस्ट्रक्शन कंपनी को मिला है। ठेकेदार कंपनी इन दोनों पैकेजों में अर्जित की गई जमीन का समतलीकरण कर रही है। पैकेज-1 में रिंग रोड का बेस बनाने के लिए खोदाई भी की जा रही है। एनएचएआई ने आठ जनवरी को आ रहे नितिन गडकरी की जनसभा के लिए चार स्थान चिन्हित किए हैं। इनमें निरालानगर स्थित रेलवे मैदान, जूही गोशाला चौराहे के पास स्थित कामर्शियल ग्राउंड, रतनपुर पनकी और सचेंडी शामिल हैं। इनमें से एक स्थान चयन करने के लिए रिपोर्ट डीएम को भेजी गई है। केंद्रीय मंत्री 18500 करोड़ की परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण करेंगे। रिंग रोड की लागत 7800 करोड़ है। 5200 करोड़ से छह लेन किए गए चकेरी - प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग, 3200 करोड़ से हुए जीटी रोड चौड़ीकरण, 2300 करोड़ से बने उन्नाव - रायबरेली राष्ट्रीय राजमार्ग का लोकार्पण करेंगे।

## ऑगनबाड़ी केन्द्रों पर आने वाले 03 से 06 वर्ष तक के बच्चों का 15 जनवरी 2024 तक अवकाश घोषित

**कौशांबी अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी के निर्देशानुसार जिला कार्यक्रम अधिकारी सुरेश कुमार गुप्ता ने शीत लहरी की स्थिति को दृष्टिगत रखते हुए ऑगनबाड़ी केन्द्रों पर आने वाले 03 वर्ष से 06 वर्ष तक के बच्चों का दिनॉक 01 जनवरी 2024 से 15 जनवरी 2024 तक अवकाश घोषित किये हैं। अवकाश में सभी ऑगनबाड़ी केन्द्र खुले रहेंगे तथा ऑगनबाड़ी कार्यकत्रियों, मिनी ऑगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं सहायिकाओं द्वारा हाट कुक्ड फूड मील का संचालन न कर केन्द्र की अन्य आवश्यक सुविधाएं यथा-गृह भ्रमण, सामुदायिक गतिविधियां, टीकाकरण, ड्राई राशन का वितरण एवं पोषण ट्रैकर पर लाभार्थी फीडिंग आदि शासकीय कार्यों का निष्पादन पूर्वत की भॉति किया जायेंगा।

# नए वर्ष की पूर्व संध्या पर बदमाशों ने युवक के सिर में गोली मारकर की हत्या

अवधनामा ब्यूरो


मृतक युवक सतीश की फाइल फोटो

**कुशीनगर।** कसया थाना क्षेत्र के कसया-तुर्कपट्टी मार्ग पर स्थित खरदर पुल के समीप बीती रात बदमाशों ने एक युवक की सिर में गोली मारकर हत्या कर दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस घटना की जांच-पड़ताल में जुटी है।

रविवार की रात कसया नगर पालिका के वार्ड संख्या- तीन संत गाडगे नगर (सपहा नौका टोला) निवासी फल व्यवसायी 30 वर्षीय सतीश यादव पुत्र राधेश्याम यादव किसी काम से तुर्कपट्टी गया हुआ था। रात करीब साढ़े दस बजे वापस घर लौटते समय खरदर पुल के पास बदमाशों ने सतीश के सिर में गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस को उनकी बाइक सड़क के एक तरफ और शव दूसरी तरफ पड़ा मिला। जानकारी के मुताबिक रविवार की देर रात करीब तकरीबन साढे दस बजे सतीश यादव तुर्कपट्टी से घर आ रहे था। बताया जाता है कि चलने से पूर्व सतीश ने गांव के अपने एक दोस्त को फोन के जरिए आने की सूचना दी। इसके चंद मिनट बाद ही सतीश ने फिर फोन कर बदमाशों द्वारा पीछा किए जाने की सूचना अपने दोस्त को दी, जब तक दोस्त व परिजन मौके पर पहुंचते, इससे पहले ही बदमाशों ने पीछा कर खरदर पुल के समीप सतीश के सिर में गोली मारकर फरार हो गए थे। इससे सतीश की मौके पर ही मौत हो गई थी।

## एसपी ने किया घटनास्थल का निरीक्षण

घटना की सूचना पर पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल ने तत्काल पहुंच कर मौका-ए-वारदात का बारीकी से निरीक्षण किया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने अपने मातहतों तत्काल मुकदमा पंजीकृत करते हुए हत्यारे को गिरफ्तार करने का निर्देश दिया। घटनास्थल पर पुलिस क्षेत्राधिकारी कसया कुंदन सिंह, थानाध्यक्ष कसया गिरिजेश उपाध्याय, हल्का एसआई शेषनाथ यादव सहित पुलिस बल मौजूद रहे।

# दुकान व वाणिज्य अधिष्ठान के साप्ताहिक बन्दी के आदेश

अवधनामा संवाददाता

**कौशांबी।** जिलाधिकारी सुजीत कुमार ने उ0प्र0 दुकान एवं वाणिज्य अधिष्ठान अधिनियम 1962 की धारा-8 (1) सहपठित उ0प्र0 दुकान एवं वाणिज्य अधिष्ठान नियमावली 1963 के नियम-6 के अन्तर्गत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए जनपद के उन सभी दुकानों एवं वाणिज्य अधिश्ठानों के साप्ताहिक बन्दी दिवस का अनुमोदन किया है, जहॉ पर अधिनियम के प्राविधान लागू होते हैं। यह आदेश दिनांक 01 जनवरी 2024 से 31 दिसम्बर 2024 तक प्रभावी रहेंगा। दिन सोमवार को टाउन एरिया भरवारी की समस्त दुकान एवं वाणिज्य अधिष्ठान बन्द रहेंगी। इसी प्रकार दिन मंगलवार को टाउन एरिया सिराथू की समस्त दुकान व वाणिज्य अधिष्ठान एवं दिन बुधवार को टाउन एरिया चरवा, देवीगंज, कड़ा एवं मंझनपुर की समस्त दुकान एवं वाणिज्य अधिष्ठान (चौराहा मंझनपुर से समदा मार्ग पर स्थित समस्त दुकान व वाणिज्य अधिष्ठान को छोड़कर) तथा दिन बृहस्पतिवार को टाउन एरिया-करारी, सराय अकिल एवं पश्चिम-पूरब शरीरा की समस्त दुकान एवं वाणिज्य अधिष्ठान बन्द रहेंगी। दिन शुक्रवार को टाउन एरिया अझुवा की समस्त दुकान एवं वाणिज्य अधिष्ठान, दिन शनिवार को टाउन एरिया चायल की समस्त दुकान एवं वाणिज्य अधिष्ठान तथा दिन रविवार को टाउन एरिया मंझनपुर में चौराहा मंझनपुर से समदा मार्ग पर स्थित समस्त दुकान एवं वाणिज्य अधिष्ठान बन्द रहेंगी। श्रम प्रवर्तन अधिकारी ने बताया कि बन्दी दिवस में दुकान खुली पाये जाने पर नियमानुसार कार्यवाही की जायेंगी, जिसके उत्तरदायी दुकान एवं वाणिज्य अधिष्ठान के स्वामी स्वयं होंगे। उन्हांने जनपद के समस्त दुकान एवं वाणिज्य अधिष्ठान के स्वामी को सूचित किया है कि बन्दी दिवस में अपने दुकान वाणिज्य अधिष्ठान बन्द रखें।

## वाहन चालकों ने की हड़ताल

**कौशांबी।** सरकार द्वारा लागू नए कानून के खिलाफ ड्राइवर हड़ताल पर चल रहे हैं जैसे की सरकार ने आदेश को जारी किया कि रोड पर गाड़ी चलाने वाले ड्राइवरों को 7 लाख व 10 वर्ष की कड़ी सजा होगी वाहन चालकों का आरोप है कि यह निर्णय गलत है। क्योंकि गाड़ी चलाते वक्त कहीं ड्राइवर से गलती होती है तो कहीं पब्लिक खुद गाड़ी के आगे आ जाते हैं उस समय ड्राइवर पब्लिक के बीच आत्मसमर्पण करे तो पब्लिक मार दे और पब्लिक से बाहर भाग कर जाए तो सरकार के नियमों से मर जाएगा इसलिए सरकार यह कानून वापस ले और जैसे व्यवस्था कानून की थी वहीं अस्थाई रूप से लागू रहने दें क्योंकि भारत मे जगह-जगह हड़ताल से आने जाने वाले लोगों को भारी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। सरकार इस कानून को वापस लेने के बजाय कानून पर यह लगा दें की ड्राइवर यदि अगर दारू पीकर चलता है तो मेडिकल व जांच करने पर कड़ी कार्रवाई और जुर्माना और सजा काटनी होगी यह नियम जनहित में जारी करें अथवा भारत का विकास हुआ भारत की अवस्था खराब हो सकती है।

# केन्द्र व प्रदेश सरकार के प्रयासों की बदौलत अयोध्या विश्व पयर्टन के मानचित्र पर स्थापित हो गई : लल्लू सिंह

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत मिल्कीपुर



विधानसभा के सुरवारा ग्राम पंचायत में कैम्प लगाया गया। कैम्प का उद्घाटन मुख्य अतिथि सांसद लल्लू सिंह ने किया। विभागीय अधिकारियों की मौजूदगी में लोगो को केन्द्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारें में जानकारी दी गई।

सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि अंतिम व्यक्ति के उत्थान की अवधारणा को आत्मसात करते हुए अंतिम व्यक्ति को योजनाओं का लाभ दिया गया है। गरीबों को आवास, शौचालय, गैस व विद्युत कनेक्शन दिया गया है। इलाज के लिए आयुष्मान भारत के तहत पांच लाख की व्यवस्था की गई है। सरकार के सर्वांगीण, सर्वसमावेशी व सर्वस्पर्शी विकास से कोई वर्ग व कोई भी क्षेत्र छूटने नहीं पाया है। सरकारी की योजनाओं का लाभ शत प्रतिशत पात्रों को मिला है।उन्होंने कहा कि केन्द्र व प्रदेश सरकार के प्रयासों की बदौलत अयोध्या विश्व पयर्टन के मानचित्र पर स्थापित हो गई है। उद्यमियों की पसंद अयोध्या बनती जा रही है। रामनगरी में कई बड़े उद्यम घराने अपनो निवेश करने के लिए आतुर है। इससे क्षेत्र में रोजगार सृजन को काफी सम्बल मिलेगा। यह अयोध्या ही बल्कि इससे जुड़े जनपदों में समृद्धि लाने का कार्य करेगा। उन्होंने कहा कि एक बेहतर प्लान के साथ गांवो का विकास किया जा रहा है। गांवो की सड़को के मुख्य मार्गो से जोड़ा जा रहा है।कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने के बाद सांसद लल्लू सिंह का स्थानीय लोगो ने स्वागत किया। मौके पर भाजपा पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं, स्थानीय लोगो सहित विभागीय अधिकारियों, की मौजूदगी रही।

# अयोध्या महोत्सव के प्रांगण में उमड़ा जनसैलाब

## हमारी लोकपरम्पराओं व लोककला के संरक्षण की आवश्यकता: अभय कुमार सिंह

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** नववर्ष का आगमन। अयोध्या महोत्सव के प्रांगण में जनसैलाब उमड़ा। यहां मंच भारतीय संस्कृति में पल्लवित व पुष्पित होने वाली बहुरंगी विविधता व सांस्कृतिक विरासत का दर्शन करा रहा था। महोत्सव में प्रबुद्ध नागरिक समारोह का आयोजन किया गया। इसके बाद अयोध्या इंडिया क्लासिक सीजन 3 बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसके मुख्य अतिथि कर्नल जावेद व संयोजक नाहिद कैफ व आकिब खान रहे। जज की भूमिका में कानपुर के साहेबे सिद्दीकी रहे।

प्रबुद्ध अभिनंदन समारोह के मुख्य अतिथि साकेत महाविद्यालय के प्राचार्य अभय कुमार सिंह ने कहा कि हमारी लोकपरम्पराओं व लोककला के संरक्षण की आवश्यकता है। यह हमारी सांस्कृतिक पहचान है। बहुत से ऐसे लोककलाकार होते है जिन्हे अगर उपयुक्त मंच व प्लेटफार्म मिल जाय तो उनकी लोकप्रियता बढ़ने के साथ लोककला की तरफ दूसरों का रुझान भी होता है।

अयोध्या महोत्सव का आयोजन इन्हें परम्परागत परिवेश से बाहर निकालकर इसकी ब्राडिंग करने में सफल हुआ है। विशिष्ट अतिथि के रुप में पूर्व विभागाध्यक्ष हिन्दी साकेत महाविद्यालय डॉ जनार्दन उपाध्याय, विभागाध्यक्ष हिन्दी बीएनकेबी कालेज अम्बेडकरनगर डॉ सत्य प्रकाश त्रिपाठी की उपस्थिति रही। सम्मानित होने वाले प्रबुद्ध लोगो में श्रीकांत द्विवेदी, जयशंकर त्रिपाठी, डॉ नीरज शुक्ला, रजनी रंजन जायसवाल, योगेश्वर सिंह, डॉक्टर वाईएन पांडे, धीरज शुक्ला, विजय प्रताप सिंह, दुर्गेश कुमार, सुनील गिरि, साधना मौर्या, अमिताभ सिंह, नवनीत मिश्रा, शिवेंद्र सिंह, पुष्पा तिवारी, संजय अग्रहरि, महेश, विपिन सिंह, अनुज सिंह, सुल्तान अहमद अंसारी शामिल रहे।



## पीएम श्री योजना के तहत चयनीत प्राथमिक विद्यालय में मनाया वार्षिकोत्सव

**गोसाईंगंज- अयोध्या।** पीएम श्री विद्यालय गद्दोपुर माया अयोध्या में वार्षिक उत्सव कार्यक्रम भव्य तरीके से मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजेश कुमार सिंह खंड शिक्षा अधिकारी मया एवं विशिष्ट अतिथि विशंभर प्रसाद सिंह पूर्व प्राथमिक शिक्षक संघ अध्यक्ष ब्लॉक इकाई मया एवं उदयभान यादव पूर्व गार्ड उत्तर रेलवे थे। मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि के साथ प्रधानाध्यापक बृजेश कुमार यादव ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित एवं माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। बच्चों ने तत्पश्चात सरस्वती वंदना से स्वागत गीत प्रस्तुत कर अतिथियों का स्वागत किया। इसके पश्चात रंगारंग संस्कृत कार्यक्रमों का शुभारंभ हुआ बच्चों ने संस्कृत कार्यक्रमों में ऐसी छटा बिखेरी की आमंत्रित अतिथि गण भाव विभोर हो वाह-वाह करने लगे। बच्चों ने एक से बढ़कर एक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। इनमें गीत, कहानी, नाटक, कव्वाली आदि अनेक संस्कृतिक विधाओं का प्रदर्शन किया। बच्चों का संस्कृतिक कार्यक्रम देखकर अतिथियों से खचाखच भरे विद्यालय प्रांगण में तालियां गूंजती रही। प्रधानाध्यापक ने अपने संबोधन में कहा कि आज अभिभावकों के लिए या सुनाहरा अवसर है कि वह स्वयं देख सके कि उनके बच्चों क्या और कैसे सीखा है।

## 500 वर्षों के संघर्ष का परिणाम, अयोध्या में दिव्य व भव्य राम मंदिर: गोविन्द नारायण शुक्ला

**अयोध्या।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री व एमएलसी गोविन्द नारायण शुक्ला का भाजपा नेता सुनील तिवारी शास्त्री के नेतृत्व में पुष्पगुच्छ व स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया गया। वे लखनऊ से गोरखपुर जा रहे थे।इस दौरान प्रदेश महामंत्री ने कहा 22 जनवरी को नवीन मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा होने जा रही है। 500 वर्षों के संघर्ष का परिणाम है कि आज अयोध्या में दिव्य व भव्य राम मंदिर का निर्माण हुआ है। इसके लिए हजारों अमर बलिदानियों ने अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया। प्राण प्रतिष्ठा के दिन जन्म भूमि ट्रस्ट की व्यवस्था के अनुसार अपने गली मोहल्ले व गांव के मंदिरों व देवालयों में प्रातः काल से पूजन भजन कीर्तन का आयोजन करें। प्रधानमंत्री की मंशानुसार शाम को अपने घरों को दीपकों की रोशनी से जगमग करें। हम सभी राम ज्योति जलाएं। 22 जनवरी के बाद ही आकर श्री राम जन्म भूमि का दर्शन करें। भाजपा नेता सुनील तिवारी ने कहा कि आज से निमंत्रण स्वरूप घर-घर अक्षत बाटनें का कार्यक्रम आरंभ हो चुका है।

## दुर्घटना की धारा में बदलाव को लेकर निजी आपरेटर हड़ताल पर उतरे

**अयोध्या।** केन्द्र सरकार की ओर से दुर्घटना की धारा में बदलाव को लेकर सोमवार को निजी आपरेटर हड़ताल पर उतर आए हैं। आक्रोशित टैक्सी संचालकों ने इसे लेकर आक्रोश जताते हुए विरोध शुरू कर दिया है। क्षेत्र में सोमवार को टैक्सी, निजी बस और ई-रिक्शा वालों ने संचालन ठप कर प्रदर्शन किया। निजी आपरेटरों का कहना है कि यह बदलाव उनकी रोजी-रोटी को प्रभावित करेगा।तारुन बाजार में ड्राइवरों ने चक्का जाम करते हुए सरकार विरोधी नारे लगाए। बैटरी ई रिक्शा, मैजिक व अन्य गाड़ियों के ड्राइवरों ने सड़क पर एकत्रित होकर केंद्र सरकार के कानून का पुरजोर विरोध किया है। इसके चलते आज लोगों को सवारी के लिए भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। निजी आपरेटरों का कहना है कि हम लोग जानबूझकर दुर्घटना नहीं करते। लाए गए कानून में 10 वर्ष की सजा या 5 लाख का जुर्माना हम लोग कहां से अदा कर पाएंगे।

# अयोध्या में हो रही ग्रीन एनर्जी की क्रांति में खास योगदान दे रहा है जैक्सन ग्रुप

## एयरपोर्ट में लगाए रूफटॉप सोलर प्लांट, उपलब्ध कराए दो डीजल जनरेटर

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** अयोध्या में 30 दिसंबर को नवनिर्मित महर्षि वाल्मिकी इंटरनेशनल एयरपोर्ट का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया । इस एयरपोर्ट के निर्माण में जैक्सन ग्रुप का अहम योगदान रहा। कंपनी ने इस एयरपोर्ट में सोलर रूफटॉप लगाया है। इसकी क्षमता 250 किलोवॉट है। यह एयरपोर्ट में परिचालन के लिए जरूरी बिजली की आपूर्ति करेगा। इसके साथ ही जैक्सन ग्रुप ने एयरपोर्ट को 3×500 केवीए क्षमता वाले तीन डीजल जनरेटर की भी सप्लाई की है। यह अपनी क्लास के सबसे उत्कृष्ट जनरेटर हैं। एयरपोर्ट में यह जनरेटर भरोसेमंद पावर बैकअप सिस्टम उपलब्ध कराएंगे। कुल मिलाकर कंपनी ने एयरपोर्ट को एक परिपूर्ण एनर्जी सॉल्यूशन उपलब्ध कराया है।जैक्सन ग्रुप ग्रुप द्वारा उपलब्ध कराई गईं दोनों सेवाएं अयोध्या के इस



नवनिर्मित एयरपोर्ट के निर्बाध संचालन में अहम भूमिका निभा रहीं है। कंपनी के प्रबंध निदेशक और वाइस चेयरमैन संदीप गुप्ता कहते हैं, कंपनी उप्र की एनर्जी की जरूरतों को पूरा करने के लिए न केवल कस्टमाइज पावर सॉल्यूशन उपलब्ध करा रही है, बल्कि वह सीएसआर के माध्यम से राज्य के आर्थिक और सामाजिक विकास में भी अहम भूमिका निभा रही है। यहां उसका खास ध्यान महिला सशक्तिकरण पर है। अयोध्या के हमारे प्रोजेक्ट्स हमारे उसी दृष्टिकोण को दर्शाते हैं। सरकार के साथ मिलकर हम अपने हरित एनर्जी के लक्ष्य को हासिल करने का काम कर रहे हैं। यह उत्तर प्रदेश और देश के बेहतर भविष्य की बुनियाद रखेगा। जैक्सन ग्रुप उत्तर प्रदेश की एक प्रमुख भरोसमंद एनर्जी कंपनी है। वह बड़े चैनल पार्टनर की मदद से एंड टू एंड एनर्जी सॉल्यूशन उपलब्ध कराती है। कंपनी ने ग्राहक केंद्रित सेवाओं से खास पहचान बनाई है। वह उप्र में बुनियादी सेवाओं के विकास में अहम भूमिका निभा रही है। साथ ही वह केंद्र सरकार के जल जीवन मिशन और बिजली के नुकसान में कमी लाने के लिए बनाई गई रीवेंप्ड डिस्ट्रिब्यूशन सेक्टर स्कीम (आरडीएसएस) में भी काम कर रही है। इन 2000 करोड़ के प्रोजेक्ट के जरिए विभिन्न जिलों के 3000 गांवों तक नल के जरिए जल और बिजली पहुंचाने का काम किया जा रहा है। यह कार्य राज्य सरकार द्वारा राज्य के रहवासियों के जीवन स्तर को सुधारने और लंबी अवधि के लिए टिकाउ बुनियादी सुविधाएं तैयार करने के प्रयासों के तहत हो रहे हैं।

जैक्सन ग्रुप अत्याधुनिक बेटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम (बीईएसएस) मैन्यूफैक्चरिंग यूनिट के साथ कंपनी की ग्रेटर नोएडा में एक पूरी तरह से ऑटोमेटेड सोलर मॉड्यूल मैन्यूफैक्चरिंग फेसिलिटी है। इन प्लांट की मौजूदा क्षमता 1200 मेगावॉट है। कंपनी इसे बढ़ाकर 2500 मेगावॉट तक ले जाना चाहती है। यह इस बात का प्रमाण है कि कंपनी ऊर्जा के इन लंबी अवधि के लिए टिकाउ उपायों के विकास को लेकर किस तरह से प्रतिबद्ध है।

# बार एसोसिएशन अध्यक्ष ने आईजी से मिलकर कचहरी परिसर की अराजक तत्वों से सुरक्षा की किया मांग

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** फैजाबाद बार एसोसिएशन अयोध्या के सभागार में सोमवार को अधिवक्ता राजकरण दुबे की मृत्यु के उपरांत आयोजित शोक सभा में उस समय माहौल गर्म हो गया जब काफी संख्या में सभागार के बाहर पुलिस फोर्स आ गई। सदन में हो रही शोक सभा से निकलकर कई अधिवक्ताओं ने पुलिसकर्मियो से चले जाने को कहा और इस दौरान पुलिसकर्मियों व अधिवक्ताओं में गहमा गहमी भी हो गई।

फैजाबाद बार एसोसिएशन के सदस्य राजकरण दुबे का निधन बीते रविवार को हो गया था जिस पर संघ के अध्यक्ष पारस नाथ पाण्डेय की अध्यक्षता में संघ के सभागार में शोकसभा हो रही थी । इसी बीच पूर्व अध्यक्ष कालिका प्रसाद मिश्र ने वर्तमान अध्यक्ष के कार्यकाल को लेकर व्यवस्था का प्रश्न उठाते हुए शोक सभा की अध्यक्षता करने से रोका। सदन के अंदर बैठक हो रही थी इसी बीच काफी संख्या में पुलिस गर्मी आ गए जिन्हें देखकर अधिवक्ताओं ने नाराजगी व्यक्त की



और तत्काल संघ के कैंपस से चले जाने को कहा और पुलिस व अधिवक्ताओं में झड़प हो गई। नाराज अधिवक्ताओं ने सिविल कोर्ट चौकी प्रभारी हरकेश के ट्रांसफर की मांग करते हुए नारेबाजी किया।

दोपहर बाद संघ के अध्यक्ष पारस नाथ पाण्डेय की अध्यक्षता में उपाध्यक्ष केशव राम वर्मा कोषाध्यक्ष मुन्ना सिंह संयुक्त मंत्री रविंद्र पाण्डेय कार्यकारिणी सदस्य जय प्रकाश शर्मा अशोक कुमार सिंह योगेश कुमार पाण्डेय रणधीर पाण्डेय सहित कई अधिवक्ताओं ने पुलिस महानिरीक्षक प्रवीण कुमार से उनके कार्यालय में मिलकर कचहरी परिसर की सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने की मांग किया और कहा कि कुछ अराजक तत्व कचहरी परिसर में माहौल बिगाड़ना चाहते हैं इसलिए सुरक्षा की व्यापक स्तर पर व्यवस्था की जानी चाहिए। पुलिस महानिरीक्षक ने सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत रखने का आश्वासन दिया।

# सपा मुखिया मुलायम सिंह की स्मृति में असहायों के मध्य वितरित किये कम्बल

*अवधनामा संवाददाता*

**मसौली बाराबंकी।** समाजवादी पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव की याद मे सोमवार को मसौली चौराहा स्थित पूर्व जिला पंचायत सदस्य शकील सिद्दीकी द्वारा आयोजित कम्बल वितरण कार्यक्रम मे पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविन्द सिंह गोप ने क्षेत्र के 5 सैकड़ा से अधिक गरीब लोगों को ठंड से बचने के लिए कम्बल का वितरण किया। मसौली चौराहा स्थित पूर्व जिला पंचायत सदस्य शकील सिद्दीकी के प्रतिष्ठान पर सोमवार को कम्बल वितरण करते हुए पूर्वमंत्री अरविन्द सिंह गोप ने कहा कि गरीबो की मदद इबादत से कम नही होती उनके हालातो को समझने वालो पर ईश्वर खुश होता है। ठंड में समाज के गरीब वंचित असहाय बेसहारा लोगो का ख्याल रखना उनके काम आना फर्ज बनता है । श्री गोप ने आयोजक शकील सिद्दीकी के इस पुनीत कार्य की तारीफ करते हुए कहा कि गरीबो की दुआएं लेने वाले हमेशा कामयाब रहते है। पूर्व विधायक रामगोपाल रावत ने कहा कि गरीब एव असहाय की सेवा ही सबसे बड़ी सेवा है। शकील सिद्दीकी के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा सुविधा सम्पन लोगो को इसी प्रकार गरीबो की मदद करते रहना चाहिए।

इस गलन भरी ठंड में कंबल वितरण से बड़ा पुनीत कार्य कुछ नहीं हो सकता। जिला पंचायत सदस्य शकील सिद्दीकी ने लोगो को अशस्वत करते हुए कहा कि हम लोग सभी परिस्थियों में आपके सुख दुख में साथ है और यथा सम्भव हर मदद करते रहेंगे। कम्बल वितरण कार्यक्रम में ग्राम पंचायत बड़ागाँव, मसौली, भयारा, छुलहा बन्नी, सदरुद्दीनपुर, अमदहा, मेढ़िया, डेडवा, नेवला, करसंडा, हेतमपुर, मुंजापुर, कुड़वा, किन्हौली, फतेहपुरवा, देहेजिया गाँवो के 500 व्यक्तियों को कम्बल दिये गये। ठंड में जरूरत मन्दो को जब कम्बल मिला तो उनके चेहरे खिल उठे। इस मौके पर पूर्व प्रधान राममूर्ति यादव, हफ़ीज राइन, छोटेलाल वर्मा, हिमांशु लल्ला, दीपक सिंह, दिनेश यादव, अजय वर्मा, प्रधान मित्तल कुमार, विजय वर्मा, नूर मोहम्मद, युवा सपा नेता तुफैल सिद्दीकी, रयान सिद्दीकी, छंगा प्रधान, डा मायाराम यादव, ताजिर राइन कृपा शंकर सोनी सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## वाहनो की हड़ताल का असर व्यापक, निराश घर लौटे यात्री

**बाराबंकी।** देशव्यापी आह्वान पर रोडवेज बसों के साथ सभी यात्री वाहनों की बाराबंकी में भी हड़ताल जारी रही। जिसके कारण रोजाना यात्रा करने के साथ दूरस्थ स्थानों का सफर करने वाले यात्रियों को परेशानी उठानी पड़ी। लोग घंटों सड़कों पर वाहनों की प्रतीक्षा करते रहे। कोई वाहन न मिलने से सैंकड़ों लोग मायूस होकर लौट गए। दुर्घटना को लेकर बने नए कानून के विरोध में देशव्यापी आह्वान पर सोमवार को रोडवेज की अनुबंधित के साथ सभी रोडवेज की बसों का चक्का जाम रहा। अनुबंधित करीब सवा सौ बसें न चलने के कारण खासतौर लखनऊ व आसपा तहसीलों में जाने वाले दैनिक यात्री सुबह से ही बस स्टेशन से लेकर पटेल तिराहे तक भटकते दिखे। लखनऊ व अन्य रूटों पर चलने वाले मैजिक वाहनों के साथ अन्य सभी वाहन भी हड़ताल पर रहे। ऐसे में सैकड़ों की संख्या में यात्री वापस लौट गए। उल्लेखनीय है कि रोडवेज की अनुबंधित बसों से रोजाना 25 से 30 हजार यात्री विभिन्न स्थानों का सफर तय करते थे। सोमवार को हुई हड़ताल के कारण रोडवेज को लाखों रुपए के राजस्व की क्षति हुई।

## डकैती की वारदात में वांछित 25 हजार का ईनामी अपराधी वाहन समेत गिरफ्तार



*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** स्वाट सर्विलास व थाना कुर्सी की संयुक्त पुलिस टीम ने टिकैतगंज में हुई डकैती की घटना में वांछित 25 हजार रुपये के इनामिया अभियुक्त को गिरफ्तार किया। टीम ने इसके कब्जे से सोने चांदी के आभूषण, नकदी, एक अवैध तमंचा, 2 कारतूस जिन्दा व घटना करने में प्रयुक्त वाहन बरामद किया।

स्वाट सर्विलास व थाना कुर्सी की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा टिकेतगज में हुई डकैती के सम्बन्ध में पजीकृत मामले में वांछित एवं 25 हजार रुपये के इनामिया अभियुक्त पारसनाथ यादव पुत्र शत्रोहन यादव निवासी सागरपुर अतरौरा थाना बीकेटी जनपद लखनऊ किसान पथ सर्विस लेन से ग्राम डौडिहारा जाने वाले रास्ते के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से 01.900 किग्रा चांदी के आभूषण, 40 ग्राम सोने के आभूषण, व 03.500 किग्रा सिक्के, 1360 रुपये नकद, एक अवैध तमंचा 315 बोर व दो अदद कारतूस जिन्दा 315 बोर तथा घटना कारित करने में प्रयुक्त वाहन इनोवा कार पीबी 11 बीए 9863 बरामद की गई। पूछताछ में ज्ञात हुआ कि लूट में जो हिस्सा अभियुक्त को मिला था वह इधर-उधर खर्च हो गया है। उसमें से 1360 रुपये ही बच्चे हैं। अभियुक्त द्वारा बरामद इनोवा गाड़ी की वास्तविक नम्बर प्लेट पीबी 11 बीए 9868 को बदलकर कूट रचित नम्बर प्लेट पीबी 11 बीए 9863 लगा दिया गया था।

## केंद्र सरकार की योजनाओं के लाभार्थियों के साथ किया संवाद




**बाराबंकी।** विकास खण्ड बंकी के ग्राम लोधपुरवा ग्राम पंचायत दाउदपुर में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि सांसद उपेन्द्र सिंह रावत उपस्थित रहे।

विकसित भारत संकल्प यात्रा के कार्यक्रम में सांसद उपेन्द्र सिंह रावत ने केंद्र सरकार की योजनाओं के लाभार्थियों के साथ संवाद किया एवं उपस्थित जनसमूह को संबोधित किया। विकसित भारत संकल्प यात्रा केंद्र सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं को जनता तक पहुँचाने का सरल व प्रभावी माध्यम बन रही है। विकसित भारत का निर्माण और अंत्योदय का पीएम मोदी का संकल्प इस यात्रा के माध्यम से साकार हो रहा है और यह देश के जन-जन में मोदी की गारंटी का प्रत्यक्ष प्रमाण बन कर उभर रही। इस अवसर पर डॉ अवधेश वर्मा , प्रदीप वर्मा, सार्थक शुक्ल, राम जी, राम मिलन रावत, प्रदीप कुमार लोधी, रामू मिश्रा, रमेश कुमार, विनोद कुमार सुभाष तिवारी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## धन दोगुना करने के नाम पर वृद्ध महिला से ऐंठे 50 हजार रुपए

**बाराबंकी।** 6 साल में धन दोगुना करने का लालच देकर ठग ने वृद्ध महिला से 50 हजार रुपए ऐंठ लिए। जब महिला ने समय पूरा होने पर रुपये वापस मांगे तो टालमटोल शुरू कर दिया। पीड़िता ने पुलिस से शिकायत की जिस पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

जानकारी के अनुसार विद्यावती पत्नी केशवराम नि ग्राम वृन्दावन मजरे उमरापुर रायसाहब थाना व तहसील रामसनेही घाट ने बताया कि वह गरीब एवं अशिक्षित महिला है। प्रदीप पुत्र हरिश्चन्द्र उर्फ गुल्ले नि ग्राम सेवढ़ा मजरे दुलहदेपुर थाना टिकैतनगर ने उसको रूपया डबल करने की स्कीम बताने के साथ ही झांसा देकर 50 हजार रूपया वर्ष 2017 में ले लिए, बताया कि यह रकम पंचशील प्राइवेट लिमिटेड फैजाबाद में जमा होगी। 6 वर्ष बाद उक्त रुपया डबल होकर एक लाख रुपए मिलेगा।

6 वर्ष पूरे होने पर 30 जुलाई 2022 को उक्त पैसा निकलवाने को कहा गया तब प्रदीप उससे चेक ले गया, कहा कि तुम्हारे खाते में उक्त रूपया लगवा देगें। जब कुछ दिन बाद खाते में पैसे नहीं आये तो शिकायत करने पर टाल-मटोल करते हुए कहा कि इस समय सर्वर नहीं है। इस तरह वह अब तक टालता आ रहा है।

## दो मोटरसाइकिल की टक्कर में चार घायल

**बृजमनगंज (महराजगंज)। (अवधनामा संवाददाता)** बृजमनगंज थाना क्षेत्र के कोल्हुई रोड पर स्थित घोड़नामापुर चौराहा पर सोमवार को दो मोटरसाइकिल में टक्कर हो गई जिसमे चार घायल हो गए।

बृजमनगंज कोल्हुई मार्ग पर दो बाइक की आमने सामने से टक्कर में इश्लोक व अखलेश निवासी बलुआ थाना कैम्पियगंज, हजरत व नसरीन निवासी पैसिया थाना पुरंदरपुर घायल हो गए। राहगीरों की सूचना घायलों को एंबुलेंस द्वारा इलाज के लिए सीएचसी बृजमनगंज ले जाया गया जहां पर इश्लोक की हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

## वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन



*अवधनामा संवाददाता*

**बृजमनगंज (महराजगंज)।** क्षेत्र के चन्द्रा चिल्ड्रेन पब्लिक स्कूल फुलमनहा में सोमवार को वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण का आयोजन किया गया। जिसमे दौड़, बैडमिंटन, लांग जम्प, हाई जम्प, चेयर रेस, स्कीपिंग और शूटिंग में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान हासिल करने वाले छात्र-छात्राओं को मेडल व प्रमाण पत्र देकर उत्साहवर्धन किया गया। समारोह का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित करके किया गया। बतौर मुख्य अतिथि पूर्व विधायक बजरंग बहादुर सिंह विशिष्ट अतिथि राज्य विधि अधिकारी एडवोकेट रामअवध मौर्य ने खेल में बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राओं को मेडल व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित करते कहा कि खेलकूद विद्यार्थी के जीवन का अभिन्न अंग है, खेल में हार जीत होती है पर हार से निराश नही होना चाहिए क्योकि हार एक नई सीख देती है। खेलकूद और पढाई एक सिक्के के दो पहलू है। इस मौके पर नगर पंचायत फरेंदा चेयर मैन राजेश जायसवाल, पूर्व प्रमुख हरिश्चंद सोनकर, वरिष्ठ पत्रकार यशोदा लाल श्रीवास्तव, अशोक पटवा, जितेंद्र शर्मा, प्रबंधक एस एम श्रीवास्तव, प्रबंध समिति के अमित मोहन श्रीवास्तव, सुमित मोहन श्रीवास्तव, विनय श्रीवास्तव, प्रधानाचार्य रवि प्रताप सिंह, वीपी यादव, जनार्दन भारद्वाज, शैलेश पांडे, संजीता श्रीवास्तव, पूजा पांडे, शिवानी शर्मा, संतृप्ति जायसवाल, सोनी जायसवाल, राफिया खातून, सीमा भारती, रूफिया खातून, बबलू वर्मा सहित अन्य स्टाफ मौजूद रहे।

# चार कार चोरो को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

**श्यामदेउरवा पुलिस एवं एसओजी की संयुक्त टीम की सफलता**

*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** श्यामदेउरवा पुलिस ने लग्जरी कार चोरी करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह के चार शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से लग्जरी कार भी बरामद हुआ हैं। पुलिस अधीक्षक सोमेन्द्र मीना ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि नववर्ष के दृष्टिंगत संदिग्ध वाहनो के चेकिंग हेतु परतावल बाजार में मौजूद थे जहाँ स्वाट व एसओजी टीम भी संदिग्धो की तलाश मे परतावल बाजार पर ही मिली। पुलिस द्वारा नववर्ष के दृष्टिंगत शान्ति व्यवस्था के सम्बन्ध में चर्चा कर रहे थे कि मुखबीर द्वारा बताया गया की कुछ लोग कार लेकर गोरखपुर से भटहट होते हुए महराजगंज के रास्ते नेपाल कार को बेचने जाएगे। मुखबीर खास के सूचना पर पुलिस टीम द्वारा चौकी परतावल के आगे महराजगंज रोड पर छातिराम छठ घाट के पास वाहन चेकिंग करने लगे की चेकिंग के दौरान तीन कार (लग्जरी) जिसमें से दो क्रेटा व एक स्विफ्ट बरामद कर चार अन्तर्राज्यीय चोरो को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपितों का नाम सौरभ सिंह उर्फ अभिषेक पुत्र उमेंश कुमार सिंह उम्र करीब 24 वर्ष निवासी गविरार थाना रघुनाथपुर जिला सिवान बिहार व स्थाई निवासी बहुला मोती बाजार रानीगंज थाना बनबहाल जिला पंश्चिम वर्धमान (पश्चिम बंगाल), प्रिन्स कुमार सिंह पुत्र श्याम कुमार सिंह उम्र करीब 23 वर्ष निवासी कर्णपुरा आमडाढी थाना एकमा जनपद छपरा सारण (बिहार), राहुल कुमार सिंह पुत्र अरविन्द सिंह उम्र करीब 25 वर्ष निवासी कर्णपुरा आमडाढी थाना एकमा जनपद छपरा सारण (बिहार), विनित कुमार सिंह पुत्र अखिलेश सिंह निवासी कर्णपुरा आमडाढी थाना एकमा जनपद छपरा सारण (बिहार) व अस्थाई पता मोहल्ला रांची रातुचट्टी गेट सिवाला क्वाटर थाना रातु जनपद रांची (झारखंड) उम्र करीब 21 वर्ष पुलिस



को आरोपियों में सौरभ सिंह ने बताया कि सोनू गीरी जो जिला पश्चिम बर्दमान, पश्चिम बंगाल का रहने वाला है जो पेशे से बिल्डर है, और उसकी कम्पनी का नाम ड्रीम च्वाईस कम्पनी है उसी ने मुझे बेचने के लिए 08 गाडिया दिया था । जिसमें से कई गाड़ियो को मैने पश्चिम बंगाल व बिहार में बेच दिया है और इन गाडियो को हम लोगों ने देवरिया व मऊ में 3 लाख 70 हजार में बन्धक रख दिया था । तत्पश्चात सोनू गिरी द्वारा बताया गया कि गाडियों को जहाँ बन्धक रखे हो वहाँ से जितना जल्दी हो सके गाडियों नेपाल ले जाकर बेच दो तब मै अपने साथियों/रिश्तेदारों के साथ आज मऊ व देवरिया से बन्धक गाडियों लेकर नेपाल बेचने हेतु जा रहा था। अपना जीविका चलाने हेतु लोगो की गाडियो को धोखाधड़ी कर व चोरी कर अलग अलग राज्यो व नेपाल में बेचकर अपना जीविका चलाते है। आरोपियों के पास से लग्जरी कार क्रेटा, स्विफ्ट बरामद हुई। टीम में थानाध्यक्ष श्यामदेउरवा धर्मेन्द्र सिंह, एसओजी प्रभारी उपनिरीक्षक महेन्द्र यादव, उपनिरीक्षक अखिलेश प्रताप सिंह स्वाट प्रभारी उपनिरीक्षक योगेश कुमार सिंह, कॉन्स्टेबल रामप्रीत कुमार शैलेन्द्र त्रिपाठी, हिमांशु सिंह, कुतुबुद्दीन, कॉन्स्टेबल प्रताप राजभर, हेड कॉन्स्टेबल धीरेन्द्र कुमार मिश्रा, कॉन्स्टेबल दीपक कुमार सिंह, राजीव कुमार यादव, रामआशीष यादव मौजूद रहे।

# नए साल के इस्तेकबाल में कर्बला पर आयोजित हुई महफ़िल






अवधनामा संवाददाता

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** रविवार रात क्षेत्र के हल्लौर स्थित कर्बला में हसन ताक़ीब रिज़्वी की जानिब से इस्तेकबाल 2024 के उनवान से एक महफ़िल का आयोजन गुलरेज रिज़्वी की अध्यक्षता में किया गया। जिसमें भारी संख्या में अकीदत मंदो के साथ साथ मुकामी शायरों ने अपने अपने कलाम पेशकार खूब वाहवाही बटोरी। देर रात तक चली महफ़िल में ठंड की परवाह न करते हुए अंत तक लोग जमे रहे। महफ़िल का संचालन अज़ीम हल्लौरी ने किया। महफ़िल की शुरुआत आलम हल्लौरी व फ़ैज़ी ने नात ए पाक से हुआ। तत्पश्चात क़ौसर, हैदरे कर्रार, रैना, मीर शारिब, अम्मार, कामयाब, फरहान, मौजिज, लकी, हानी, कायनात, अज़ीम व आलम, मुमताज़, नफीस आदि ने अपने अपने कलाम पेश कर खूब वाहवाही बटोरी। इस मौके पर ज़ाकिरे अहलेबैत जमाल हैदर करबलाई, ग्राम प्रधान ताक़ीब रिज़्वी, खुशतर रज़ा, मंज़र रज़ा, नफीसुल हसन, शम्स हैदर, मौलाना नेहाल, काज़िम रज़ा, शाहिद रिज़्वी, आबिद रिज़्वी, राशिद रिज़्वी कप्तान, राहिब रिज़्वी, जलाल अहमद, नौशा, शमीम रज़ा शम्मू, नौरोज़, जलाल हैदर, गुड्डन बाबा, कशान, यूसुफ आदि लोग मौजूद रहे।

# ट्रांसपोर्टर, ट्रक चालक तथा टैक्सी चालक हड़ताल पर आटो टैक्सी के बिना परेशान दिखी सवारियां



अवधनामा संवाददाता

**कानपुर।** देश में लागू हुए नए हिट एंड रन कानून के खिलाफ ट्रांसपेर्टर, ट्रक चालको के साथ ही टैक्सी यूनियन के चालकों में भी आक्रोश है और परिणाम स्वरूप सोमवार को कानपुर सहित कई जिलों में बस, ट्रक और टैक्सी चालकों ने जहां हडताल कर विरोध प्रदर्शन किया तो वहीं साधन उपलब्ध न होने के कारण रोजमर्रा काम पर जाने वाले आम जनमानस को परेशानी का सामना करना पड़ा। साधन न होने के कारण चौराहो पर पुरूषो, महिलाओं व बच्चों की भीड लगी रही और लोग समय से अपने गतव्य नही पहुंच सके। कुछ टैक्सी व ई रिक्शा सड़कों पर नजर भी आये तो उन्हे यूनियन के लोगों द्वारा रोका गया और सवारियों को उतरवा दिया गया। ट्रक चालों ने नेशनल हाईवे-टू जाम कर दिया जिससे भौंती बाईपास तक जाम लग गया।

बता दे कि भारतीय न्याय संहिता 2023 के अतंर्गत मार्ग दुर्घटना के बाद भागने पर चालक के लिए 7 लाख जुर्माना तथा दस वर्ष की सजा का प्राविधान किया गया है, जिसे लेकर व्यवसायिक वाहन चालकों में असंतोष है। जहां इस नएकानून को लेकर यूपी मोटर ट्रांसपोर्टर्स एसोसिएशन विरोध कर रहा है तो टैक्सी यूनियन भी विरोध में उतर आया है। सोमवार को टैक्सी चालकों ने हडताल कर दी, जिससे यातायात की स्थिति बिगड गयी। सडकों पर ऑटो टैक्सी न चलने के कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पडा। वहीं कुछ ऑटो और ईरिक्शा को यूनियन के लोगों द्वारा जगह-जगह रोकर सवारियों को उतार दिया गया, वहीं चालकों ने नेशनल हाईवे-2 पर जाम लगा दिया जिससे भौंती बाईपास तकजाम लग गया। चलको द्वारा सरकार से कानून वापस लेने की मांग की गयी।

दूसरी ओर रनियां में भी ट्रक चालकों ने चक्का जाम कर विरोध प्रदर्शन किया, जिससे कई किलोमीटर का भीषण जाम लग गया। इस दौरान पुलिस प्रशासन सजग रहा और कई स्थानों पर स्थिति को संभालता नजर आया। बताया जाता है कि आगामी मार्च से नए हिट एंड रन कानून को लागू कर दिया जायेगा। इससे पहले शनिवार को भी चालकों द्वारा प्रदर्शन और कार्य बहिष्कार किया गया था। सचेण्डी पुलिस ने नारेबाजी व जाम लगा रहे वाहन चालको को समझाा कर शांत कराया तथा चक्का जाम कर रहे ट्रकों को रास्ते से हटवाया, जिसके बाद यातायात सामान्य हो सका।जनता ने कानून को ठहराया सही मार्च माह में लागू होने वाले नए कानून का जहां विरोध किया जा रहा है तो इसे शहर की जनता सही मान रही है। कुछ नगर वासियों से बात करने के बाद उन्होने बताया कि सडकों पर जहां टैक्सी और ईरिक्शा की अराजकता से रोजाना आम जनता को परेशान होता पड़ता है तो हाई-वे पर चालकों की लापरवाही और अनियंत्रित गति से आये दिन बडी मार्ग दुर्घटनाये होती रहती है, जिसमें दर्जनो लोगो की जान जाती है। कानून बनने से लापरवाह चालको के मन में भय उत्पन्न होगा और सड़क दुर्घटनाओं में कमी आयेगी।

## केक कटते ही छलक गई अनाथ बच्चों की आंखें



**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** मिशन स्माइल इंडिया के तहत नव वर्ष के उपलक्ष्य में सोमवार को बालेश कुमार चौधरी की अगुवाई में बाल गृह बालक मधुबेनिया में बच्चों के बीच केक काटकर खुशियां मनाई गई। बाल गृह के अनाथ अज्ञात, बेसहारा बच्चों में मिष्ठान, बिस्किट, चॉकलेट, पेन, कॉपी, पेंसिल, ज्योमेट्री बॉक्स, रबर-कटर, ठंड से बचाव के लिए टोपी, कपड़े वितरण किए तथा बच्चों को भोजन भी गया कराया। बाल गृह अधीक्षक मुकेश कुमार, सुनील कुमार, राम किशन, अनीता भारती, केशव प्रसाद यादव समेत टीम के दीनानाथ, प्रमोद कुमार संत, रवि चौधरी, पंकज पासवान, राजकुमार, पिंकी रंजन, आंचल धीमान, डॉ. अब्दुल वहाब, सुमन गुप्ता, सुभावती, शारदा रावत, विपिन, विकास, डॉ. अनुज कुमार, राम शंकर, अखिलेश कुमार, तरुण राजपूत, डॉ.सुशील, राम सिंह राम निवास आदि थे।

## घर-घर अक्षत व निमंत्रण पत्र वितरण



**लोटन सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** अयोध्या मे राम मंदिर का क्षेत्र के सभी ग्राम पंचायतों मे घर घर अक्षत व निमंत्रण पत्रक वितरण किया जा रहा है। जो सभी घरों मे पहुंचा देना है। यह आर्य स्वयं संघ के सह खंड कारवा शिवम विश्वास, अनुराग कसौधन, अखिलेश सिंह, अंकित, अवधराम सहानी आदि कर रहे हैं। आयोध्या भगवान राम का दर्शन करने लिए 22 जनवरी के बाद कह रहे है।

# एनटीपीसी में नौकरी दिलाने के नाम पर की गयी ठगी

अवधनामा संवाददाता

- एक निर्माण कंपनी द्वारा नौकरी देने के नाम पर पांच दर्जन लोगों से लाखों रुपए वसूली की गई
- तीन माह तक कार्य भी कराया, किंतु भुगतान नहीं किया

**अंबेडकरनगर।** जनपद के विद्युतनगर टांडा स्थित एनटीपीसी में भर्ती के नाम पर अच्छी जॉब का दिलासा देने वाले लोगों की भरमार सी हो गई है। ऐसा नहीं है कि यह कार्य बीते दो-चार वर्षों से ही हो रहा है।

राष्ट्रीय तापविद्युत निगम लिमिटेड टांडा में नौकरी दिलाने के नाम पर पिछले 40 सालों से संगठित गिरोह, जिसमे एनटीपीसी के ओहदेदार, अगल-बगल गांव के चतुर व शयाने लोग शामिल हैं, के द्वारा बखूबी किया जा रहा है। बीच-बीच में, इस तरह के लोग जिन्हें अपनी रोजी-रोटी कमाने के लिए नौकरी की जरुरत होती है। यह लोग इस गिरोह के चंगुल में फंसकर अपने पैसों से हाथ धो बैठते हैं। उन्हें नौकरी को कौन कहे, नौकरी का दिलासा देने वाले लोग उन्हें पहचानने से भी मना कर देते हैं। सूत्रों के अनुसार, एनटीपीसी में कार्यरत निर्माणदायी कंपनियां, उनमें पूर्व से ही नौकरी कर रहे लोग (अच्छे ओहदेदार), कुछ एनजीओ संचालक और पुराने मुआवजाखोर अगल-बगल गांव के दलाल प्रवृत्ति के लोग, तिकड़मी तथा तथाकथित पत्रकारों का एक संगठित गिरोह जरुरतमंदों को नौकरी देने के नाम पर झांसा देकर पैसा वसूल रहा है। इस कार्य में एनटीपीसी के कई ऐसे ओहदेदार शामिल बताए जाते हैं, जिनका घनिष्ठ नाता स्थानीय व जनपद स्तरीय मीडिया पर्सन्स से होता है। यह ओहदेदार प्रोजेक्ट के उच्च पदस्थ अधिकारियों के खासम-खास व मुंहलगे बताए जाते हैं। इस समय एक निर्माण कंपनी द्वारा नौकरी देने के नाम पर पांच दर्जन लोगों से लाखों रुपए वसूली की गई है। इस तरह का एक प्रकरण चर्चा का विषय बना हुआ है। एक ऐसी खबर चर्चा में है, जिसके अनुसार, एनटीपीसी टांडा में कार्यरत एक निर्माण कंपनी ने नौकरी देने के नाम पर लगभग 56 लोगों से प्रति व्यक्ति 30 हजार रुपए वसूल कर लिए। तीन माह तक कार्य भी कराया, किंतु भुगतान नहीं किया। पैसा मांगने पर कम्पनी संचालक द्वारा गाली गलौज एवं धमकी दी जा रही है। समाचार के अनुसार, पीड़ित शिकायतकर्ताओं ने प्रदर्शन और उक्त आशय की शिकायत पुलिस से की। संजीव कुमार, प्रीतम कुमार, रमेश चंद्र मौर्य, लाल चंद, विशाल, उमाशंकर, विजय कुमार आदि दर्जनों लोगों ने लिखित शिकायत कर आवश्यक कार्रवाई की मांग की है।

## एएमयू एनसीसी कैडेटों द्वारा अलीगढ़ समूह और यूपी निदेशालय का प्रतिनिधित्व

**अलीगढ़।** अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय में 1/8 कॉय एनसीसी से जुड़े कैडेटों, शिवम सारस्वत और क्षितिज गौड़ ने आईएमए अटैचमेंट कैंप 2023 में अलीगढ़ समूह और यूपी निदेशालय का प्रतिनिधित्व किया। शिवम सारस्वत ने कार्यक्रम के दौरान उत्कृष्ट आचरण के लिए स्वर्ण पदक भी प्राप्त किया। आईएमए ऑफिसर्स एंड ट्रेट्स द्वारा आयोजित इस शिविर का उद्देश्य एनसीसी कैडेटों में सैन्य नेतृत्व विकसित करना है। एडीजी मेजर जनरल अतुल रावत एवीएसएम ने कैडेटों से भारतीय सेना में शामिल होकर देश की सेवा करने का आग्रह किया। शिविर में पूरे भारत से लगभग 250 कैडेटों ने भाग लिया। शिविर के अंत में 'खतरपाल' सभागार में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए और विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को कैंप कमांडेंट कर्नल सुवीर सेठ द्वारा सम्मानित किया गया। बटालियन वापसी के बाद 8 यूपी बीएन एनसीसी के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल अजय लुंबा और प्रशासनिक ऑफिसर कर्नल जी पांडे ने कैडेटों के प्रयासों की सराहना की।

## साहित्यिक उत्कृष्टता हेतु एएमयू अकादमिक की सराहना

**अलीगढ़ अवधनामा संवाददाता।** अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के अंग्रेजी विभाग में सहायक प्रोफेसर, डॉ. एके मुनीर को साउथ एशियन रिव्यू (रूटलेज) के दिसंबर 2022 अंक में प्रकाशित उनके उत्कृष्ट लेख 'टुवार्ड्स ए वर्नाक्युलर ग्लोबलेक्टिक्सरूः माइनर इल्लुस्त्रातिओन्स फ्रॉम साउथ इंडिया' के लिए इंडियन एसोसिएशन फॉर कॉमनवेल्थ लिटरेचर एंड लैंग्वेज स्टडीज द्वारा सराहना की गई है। मीनाक्षी मुखर्जी मेमोरियल पुरस्कार-2024 के लिए प्रतिस्पर्धा करते हुए उनके लेख को 300 में से सराहनीय कुल 233 अंक मिले। पुरस्कार अंततः श्री वेद प्रकाश को उनके लेख 'जयन के. चेरियन की चुनिंदा फिल्मों के माध्यम से जाति, लिंग और कामुकता के डोमेन की जांच' के लिए दिया गया, जो जोशील के अब्राहम और जूडिथ मिसराही बराक, 2023 द्वारा संपादित द रूटलेज कंपेनियन टू कास्ट एंड सिनेमा इन इंडिया में प्रकाशित हुआ था।उनके लेख ने 236 अंक अर्जित किये। एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रोफेसर एम असदुद्दीन द्वारा जारी एक बयान में, इस बात पर प्रकाश डाला गया कि डॉ. एके मुनीर पिछले साल भी पुरस्कार के लिए दूसरे अग्रणी प्रतियोगी थे, जो उनके लगातार विद्वतापूर्ण योगदान को रेखांकित करता है। मीनाक्षी मुखर्जी मेमोरियल पुरस्कार के प्राप्तकर्ता का चयन करने के लिए जिम्मेदार प्रतिष्ठित जूरी में कलकत्ता विश्वविद्यालय की पूर्व प्रोफेसर संजुक्ता दासगुप्ता, जिन्हें एक अकादमिक, साहित्यिक आलोचक, कवि और संपादक के रूप में उनकी भूमिकाओं के लिए जाना जाता हैय नॉर्थम्प्टन विश्वविद्यालय में एमेरिटा प्रोफेसर जेनेट विल्सन, और अंग्रेजी-मलयालम द्विभाषी लेखक, कवि और साहित्यिक आलोचक ई. वी. रामकृष्णन शामिल थीं जिन्हें हाल ही में साहित्य अकादमी पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। डॉ. मुनीर हिंद महासागर क्षेत्र में साहित्यिक निर्माण, साहित्य का मानवविज्ञान, तुलनात्मक साहित्यिक और सांस्कृतिक अध्ययन, अल्पसंख्यक अध्ययन और महत्वपूर्ण मानविकी में विशेषज्ञ का दर्जा रखते हैं।

## ट्रस्ट के प्रबंधक ने वितरण किया गरीबो में कम्बल

**बांसी सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** खेसरहा ब्लाक के बाबा पीढेश्वरनाथ महादेव सेवा ट्रस्ट द्वारा बढ़ती ठंड को देखते हुए सोमवार को ट्रस्ट के प्रबंधक अशोक कुमार त्रिपाठी गांव गांव जाकर ऐसे गरीब ने गरीब असहाय जो कि घर से कहीं जा नहीं सकते उनके बीच कम्बल का वितरण किया। कुल 36 गरीबों को कंबल दिया गया। राम बिचारे गौड़ सुभावती कैलाशपति संतराम जोखन मालती देवी आदि लोगों के घर जाकर कंबल वितरण किया गया इस दौरान ट्रस्ट प्रबंधक अशोक त्रिपाठी ने कहा कि बढ़ती ठंड को देखते हुए सभी गरीब असहाय लोगों को कंबल वितरण किया जा रहा है ताकि ठंड से बच सके। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति कहीं जा नहीं पता है उनके घर जाकर कंबल दिया जाएगा ठंड से किसी की जान नहीं जाए इसलिए कंबल का वितरण किया जा रहा है। इस दौरान उन्होंने वहां के लोगों का हालचाल भी जाना साथ ही उन्होंने कहा कि आप लोगों के लिए हर संभव मदद करने के लिए ट्रस्ट द्वारा प्रयास किया जाएगा। लगातार ठंड से बचने के लिए गरीबों के बीच कंबल का वितरण कर रहे हैं ताकि कोई गरीब का जान ठंड से नहीं जाए यह कार्यक्रम पूरे ठंडक चलता रहेगा इस दौरान धर्मेंद्र त्रिपाठी विशाल शुक्ला सर्विस त्रिपाठी मनीष मिश्रा नीतीश चतुर्वेदी तथा चंदन वर्मा आदि लोग मौजूद रहे।



## संयुक्त विकास आयुक्त कानपुर मण्डल कार्यालय में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया नववर्ष



**कानपुर अवधनामा संवाददाता।** संयुक्त विकास आयुक्त कानपुर मण्डल कार्यालय, रावतपुर में नव वर्ष के प्रथम दिन ग्राम विकास के सभी अधिकारियों ने एकत्र होकर एक दूसरे को शुभकामनाये दी साथ ही अन्य ब्लाको के आये अधिकारियों के साथ मिलकर चर्चा करते हुए चोखा-बाटी का आंनद लिया। संयुक्त विकास आयुक्त कानपुर मण्डल कार्यालय रावतपुर में ग्राम विकास विभाग के जिला प्रशिक्षण अधिकारी डा0 विजय सिंह के संरक्षण में तथा वित्त लेखा अधिकारी सिद्धार्थ दीक्षित के संचालन में नव वर्ष के आगमन के अवसर पर प्रथम दिन एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें जेडीसी एनडी सविता, डीडीओ गजेन्द्र प्रताप सिंह, सहायक वित्त लेखा अधिकारी सिद्धार्थ दीक्षित, प्रधान सहायक राजेश त्रिवेदी सहित अन्य विभागीय अधिकारियों व कर्मचारियों ने सभी को नव वर्ष की शुभकामनाये दी और कुछ क्षण बैठकर आपस में चर्चा की। इस अवसर पर चोखा-बाटी का भी आन्नद लिया गया। कार्यक्रम में ऑडीटर अरूण कुमार, राजेन्द्र सक्सेना गीता बाजपेई, रीता शर्मा, कृतिका गुप्ता, शांती देवी आदि उपस्थित रहीं।

# बृजेश द्विवेदी प्रदेश सोशल मीडिया प्रभारी व मनोज कुमार मिश्रा कार्यकारिणी सदस्य नामित

अवधनामा संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** उत्तर प्रदेश प्रधानाचार्य परिषद के प्रांतीय सम्मेलन एवम शैक्षिक विचार संगोष्ठी देवनागरी इंटर कॉलेज मेरठ में संपन्न हुआ। जिसमें प्रांतीय कार्यकारिणी का नवीनीकरण करते हुए उसमें नए पदाधिकारियों का मनोनयन भी किया गया। जनपद के महात्मा गौतम बुद्ध उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जोगिया के प्रधानाचार्य एवं संप्रति जिला मंत्री प्रधानाचार्य परिषद बृजेश कुमार द्विवेदी को प्रदेश सोशल मीडिया प्रभारी तथा बुद्ध विद्यापीठ इंटर कॉलेज बर्डपुर के प्रधानाचार्य संप्रति सरंक्षण मंत्री प्रधानाचार्य परिषद मनोज कुमार मिश्र को प्रदेश कार्यकारिणी का सदस्य नामित गया है। जिससे जनपद में प्रधानाचार्यों, शिक्षकगण, कर्मचारियों और छात्र-छात्राओं में खुशी का माहौल है। अपने अपने विद्यालय पर पहुंचने पर दोनों ही प्रधानाचार्यो का जोरदार स्वागत किया गया। शिक्षा जगत से जुड़े विद्वान, प्रधानाचार्य, शिक्षक और कर्मचारी सभी लोग बधाइयां प्रेषित कर रहे हैं। इस पर प्रदेश सरंक्षकगण, प्रदेश अध्यक्ष, महामंत्री एवं पदाधिकारियों ने पूर्व प्रधानाचार्य और प्रधानाचार्य परिषद के सरक्षक डा.नलिनीकांत मणि त्रिपाठी, प्रधानाचार्य परिषद बस्ती मंडल के अध्यक्ष भानु प्रताप मिश्र, पूर्व प्रधानाचार्य योगेंद्र नाथ पाण्डेय, पूर्व प्रधानाचार्य राम प्रताप चौधरी, प्रधानाचार्य परिषद के जिलाध्यक्ष रमाकांत द्विवेदी, कार्यकारी अध्यक्ष गोपेश्वर प्रसाद चौबे, प्रधानाचार्य अहमद फरीद अब्बासी, तपानाथ, राम निवास कुशवाहा, धर्मेंद्र कुमार मिश्र, आलोक त्रिपाठी, विजय कुमार मिश्रा, विनय अनमोल, विजय कुमार वर्मा, आशीष श्रीवास्तव, शैलेंद्र कुमार शर्मा, एन के गुप्त, डा. शेषनारायण पाण्डेय, शैलेंद्र दत्त शुक्ल, कुशीनगर के स्काउट /गाइड मुख्यायुक्त अश्वनी कुमार पाण्डेय, डा.गोरख राय, डा.देवेंद्र मणि त्रिपाठी, डॉ गिरिजेश कुमार पाण्डेय, शिक्षक पंकज कुमार द्विवेदी, पूर्णेश्वर मिश्र युगुल किशोर मिश्र आदि सभी ने शुभकामना देते हुए उत्तरोत्तर प्रगति की कामना की है।

## पालिकाध्यक्ष के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

अवधनामा संवाददाता

**अंबेडकरनगर।** नगर पंचायत अशरफपुर किछौछा के अध्यक्ष व सभासद के बीच हुए विवाद में आखिरकार पुलिस ने क्रास मुकदमा दर्ज कर लिया है। दोनों पक्षों के खिलाफ एससी-एसटी एक्ट सहित कई संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज हुआ है। ऐसा माना जा रहा है कि भीम आर्मी के द्वारा दी गई प्रदर्शन की चेतावनी के मद्देनजर मुकदमा दर्ज किया गया है। बसखारी पुलिस ने नगर पंचायत अशरफपुर किछौछा के अध्यक्ष ओमकार गुप्ता के खिलाफ जहां सभासद विनोद कुमार की तहरीर पर अपराध संख्या 423 पर आईपीसी की धारा 323, 504, 506 व एससीएसटी एक्ट की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है वहीं नगर पंचायत अध्यक्ष ओमकार गुप्ता की तहरीर पर सभासद विनोद कुमार व सभासद मो शरीफ के खिलाफ अपराध संख्या 404 पर आईपीसी की धारा 323, 504, 500, 353 सहित एससीएसटी एक्ट की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। बोर्ड बैठक की वीडियोग्राफी करने से नाराज अशरफपुर किछौछा नगर पंचायत के अध्यक्ष भाजपा नेता ओमकार गुप्त ने सभासद को जमकर पीट दिया। दलित सभासद को घसीटकर हाथ व पैर से मारते हुए वीडियो थोड़ी ही देर में पूरे जिले में वायरल हो गया। सभासद ने थाने पहुंचकर अध्यक्ष के खिलाफ तहरीर दी। बाद में भीम आर्मी कार्यकर्ताओं ने नगर पंचायत कार्यालय का घेराव किया जिससे अध्यक्ष शाम तक परिसर से बाहर नहीं निकल पाए। नगर पंचायत अशरफपुर किछौछा में बृहस्पतिवार सुबह दस बजे अध्यक्ष ओमकार गुप्त ने वार्ड नंबर तीन मुजफ्फरपुर के सभासद विनोद कुमार की पिटाई शुरू कर दी। इससे वहां अफरा-तफरी मच गई। कुछ ही पल में इसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। वीडियो में अध्यक्ष सभासद को लात-घूसों से मारते नजर आए। सभासद गिर पड़ा तो उसे अध्यक्ष ने घसीटकर पीटा। नगर पंचायत अध्यक्ष की मनमानी इस तरह सामने आई कि वायरल वीडियो में कई सभासद पिटाई से रोकने के लिए अध्यक्ष को मना करते सुने गए।

## मानव उत्थान समिति ने नववर्ष में निकाली शोभायात्रा



**कानपुर अवधनामा संवाददाता।** न्यू आजाद नगर स्थित श्री हंस मंदिर श्याम नगर बाईपास में मानव उत्थान सेवा समिति के तत्वाधान में मानव धर्म के प्रणेता श्री सतपाल जी महाराज के शिष्यों द्वारा शोभा यात्रा श्री हंस मंदिर से निकाली गई। शोभा यात्रा का शुभारंभ मंदिर प्रभारी साध्वी चंदन बाई जी एवम साध्वी प्रज्ञा बाई जी, साध्वी संपदा जी द्वारा किया गया जिसमें सैकड़ों भक्तों ने भाग लिया। भक्तों ने विभिन्न नारे लगाए। जैसे आत्मज्ञान कहां मिलेगा, सतगुरु के दरबार में, जब फैलेगा आत्मज्ञान, तभी बनेगा देश महान, श्री सतपाल जी महाराज का एक ही नारा,जागे भारत देश हमारा, जागे हैं जगायेंगे, आत्मज्ञान फैलाएंगे, विश्व में शांति कैसे होगी, केवल आत्मज्ञान से, घर घर में शांति कैसे होगी, केवल आत्मज्ञान से, आदि नारे लगाते हुए श्याम नगर के विभिन्न क्षेत्रों से होते हुए यात्रा श्री हंस मंदिर में समाप्त हुई।जिसमें मुख्य रुप से शैलेंद्र पाल, गिरधारी लाल गुप्ता, रामपाल यादव, किशन गुप्ता,अवधेश कटियार, देवेंद्र उत्तम ,माया,यादव माधुरी सोनी,मिथिलेश सोनी, सोनी सैनी,अंशु सोनी, जीतू यादव , कुंवर पाल, करन,अभिषेक सोनी, देवेंद्र पाल, दीपक गुप्ता आदि लोग उपस्थित रहे।

# एनटीपीसी टांडा में नववर्ष की रही धूम

अवधनामा संवाददाता



**अम्बेडकरनगर।** टाण्डा एनटी पीसी पावर स्टेशन में सुरक्षा पर सामुहिक पेप टॉक के साथ नव वर्ष मनाया गया। इस अवसर पर परियोजना के विश्वकर्मा पार्क में मुख्य महाप्रबंधक, श्री बी.सी. पोलइ की उपस्थिति में एनटीपीसी गीत की प्रस्तुति के साथ ही सुरक्षा शपथ दिलाई गई। इसी क्रम में मुख्य अतिथि ने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ नव वर्ष केक काटकर सभी को शुभकामनायें दी।

समारोह के दौरान परियोजना के महाप्रबन्धक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) श्री नील कुमार शर्मा, महाप्रबंधक (चिकित्सा सेवाएं) डा उदयन तिवारी, महाप्रबन्धक (परियोजना) श्री अतुल कुमार गुप्ता, महाप्रबंधक (प्रचालन) श्री अभय मिश्रा ने सभी अपर महाप्रबन्धकगण, विभागाध्यक्षों, युनियन एवं एसोशिएशन के प्रतिनिधिगण तथा कर्मचारीगण को नव वर्ष की शुभकामना एवं सुरक्षा पर संदेश दिए। श्री पोलेई ने परियोजना की उपलब्धियों पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए कहा वित्तीय वर्ष 2023-24, हमारी परियोजना के लिये चुनौतीपूर्ण एवं अनेकों उपलब्धियों का वर्ष रहा है। हम सभी को वर्ष 2024 में भी इसी वचनबद्धता एवं दृढ़संकल्प के साथ कार्य करना होगा। जिसके लिये हमें अपने कार्य पद्धति को और बेहतर बनाने की आवश्यकता है। साथ ही उन्होनें कहा कि एनटीपीसी टांडा में सुरक्षा सर्वोपरि है इसलिए परियोजना लगातार सुरक्षा जागरूकता सत्र और सुरक्षा पर सामूहिक पेप टॉक का आयोजन करती रहती है। प्लांट परिसर में सुरक्षा उपकरणों का प्रयोग अनिवार्य है एवं सभी कर्मचारियों से लापरवाही न बरतने की उम्मीद की जाती है। कार्यक्रम के अंत में अपर महाप्रबंधक (सुरक्षा) श्री रंजीत मंडल ने सभी को धन्यवाद् ज्ञापित किया। इसके पूर्व परियोजना के सप्तरंग एवं नवरंग क्लब में नव वर्ष की पूर्व संध्या पर रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर काफी संख्या में टाण्डा आवासीय परिसर के कर्मचारी एवं उनके परिवारिक सदस्य मौजूद रहे।

## डीएम के प्रयास हुए सार्थक, तांबड़े ईंट का दरवन झील के खड़ंजे में हो रहा प्रयोग

अवधनामा संवाददाता

**अम्बेडकरनगर।** जिलाधिकारी के आगमन के पश्चात जनपद में विकास का शुभारंभ नवागत जिलाधिकारी के रूप में अविनाश सिंह द्वारा पहले कार्य के रूप में दरवन झील से पक्षी विहार के नाम पर शुरुआत की गई ,जिसमें कार्य शुरू होते ही ग्रहण लगता दिखाई पड़ा है दरबन झील तक जाने के लिए किया जा रहे ईट के प्रयोग में टोटल दोयम दर्जे और तांबडे ईट का प्रयोग किया जा रहा है। जिलाधिकारी के सपनों को ग्रहण लगाते हुए दिख रहा है दिए गए कार्य को ठेकेदार द्वारा दिवा स्वप्न दिखाकर कार्य किया जा रहा है क्या इसी प्रकार जिलाधिकारी के प्रथम विकास के रूप में दरबन झील के नाम पर शुभारंभ किए गए कार्य को ग्रहण लग जाएगा या अपने आप में एक यक्ष प्रश्न है। जबकि जिलाधिकारी द्वारा सौंदरीकरण/पक्षी विहार करने के पश्चात इसको पूर्ण रूप से विकसित करने के लिए शुभारंभ किया गया था परंतु दरवन झील की स्थिति में कुछ ही सुधार नजर आ रहा है जिसको हम वीडियो में देख सकते हैं। दरबन झील पर राम वेद वर्मा द्वारा यह बताया गया कि सुनने में आ रहा था कि बिजली के नाम पर यहां चार लाख कुछ रुपए पास हुए थे जिससे प्रकाश व्यवस्था यहां संपत रूप से उपस्थित रहे परंतु दरवन झील पर प्रकाश व्यवस्था शून्य दिखाई पड़ी यह मैं ही नहीं यहां के लोग भी कह रहे हैं यह देखा भी जा सकता है। मत्स्य जीवी सहकारी समिति प्रतापपुर चमुर्खा के नाम दरवन झील का 10 वर्ष का पट्टा हुआ है। दरवन झील पर उपस्थित गुड्डू वर्मा द्वारा बताया गया जिलाधिकारी द्वारा दरवन झील के लिए सार्थक प्रयास किए गए परंतु अधीनस्थ विभागों तथा ठेकेदारों द्वारा इसको पूर्ण रूप से मूल स्वरूप में लाने का प्रयास नहीं किया जा रहा है बल्कि विनोद वर्मा द्वारा यह भी कहा गया शायद जिलाधिकारी इस बात से अनजान है इसलिए इस प्रकार उनके अधीनस्थ द्वारा इस प्रकार कार्य किया जा रहा है।

## अधिष्ठाता छात्र कल्याण बने डॉ मुनीश कुमार

**कानपुर।** सीएसए के निदेशक प्रशासन एवं मॉनिटरिंग के प्रशासनिक आदेश के अनुपालन में डॉ मुनीश कुमार ने अधिष्ठाता छात्र कल्याण के पद पर आज पदभार ग्रहण कर लिया है। पदभार ग्रहण करते समय डॉक्टर मुनीश कुमार द्वारा कहा गया कि छात्रों के व्यक्तित्व विकास हेतु विशेष प्रयास किए जाएंगे। तथा छात्रों के भोजन में मिलेट्स का समावेश भी किया जाएगा। तथा सभी योग्य छात्रों को छात्रवृत्ति दिलाने के लिए उत्कृष्ट प्रयास किए जाएंगे।

वार्ता में डॉक्टर मुनीश कुमार ने कहा कि छात्र कल्याण का कार्य पूरी तरह विद्यार्थियों को समर्पित है छात्रों की हर समस्या का समाधान कर एक स्वच्छ वातावरण बनाकर कार्य किया जाएगा। उन्होंने छात्र कल्याण से संबंधित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से सहयोग की अपेक्षा की पदभार ग्रहण के उपरांत डॉ मुनीश कुमार ने विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ आनंद कुमार सिंह का धन्यवाद करते हुए कहा कि वे अपना कार्य ईमानदारी एवं लगन से करते रहेंगे।

## गैजेंस क्लब में लगी आग मचा कोहराम

**कानपुर अवधनामा संवाददाता।** थाना स्वरूप नगर क्षेत्र के अंतर्गत गैजेस क्लब में सोमवार की सुबह आग लग गयी। सूचना पाकर दमकल विभाग की गाडियां और टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पा लिया। आग के कारणों का पता लगाया जा रहा है वहीं आग के कारण किसी प्रकार की जनहानि नही हुई है। सीएफओ द्वारा जानकारी दी गयी कि लगभग पौने 11 बजे मिनी कण्ट्रोल रूम द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि थाना क्षेत्र स्वरूप नगर के गैंजेस क्लब में आग लग गयी है। त्वरित कार्यवाही करते हुए फायर स्टेशन कर्नलगंज, फजलगंज व लाटूरोड से दमकल गाडियां रवाना हुई और दमकल विभाग की टीम के प्रयासों द्वारा कुछ ही समय में आग पर काबू पा लिया गया। सीएफओं दीपक शर्मा द्वारा बताया गया कि आग के कारण किसी प्रकार की जनहानि नही हुई है।

## जब ते राम अयोध्या आये

जब ते राम अयोध्या आये नित नव मंगल बोध बधाये। रावण को मार राम जब लक्ष्मण और सीता सहित जब आये होगे तो किस तरह का उत्सव मना होगा। किस तरह से स्वागत हुआ होगा। उसकी झलक मोदी-योगी ने अयोध्या में दिखा दी। सबसे अहलदित कर देने वाला समाचार वह लगा जिससे बताया गया। कि एक मुसलमान भाई जो बाबरी मस्जिद केस में मुकदमेंबाज था उसने भी मोदी के स्वागत में उन पर फूल बरसाये। अभी जिस दिन मन्दिर में प्राणप्रतिष्ठा करने मोदी जी आयेगे तब नज़ारा तो बहुत ही अहलादित कर देने वाला होगा। क्योंकि विशिष्ट लोगो के साथ विदेशी और आम जनता की भीड़ मिलकर अयोध्या को दशरथ के राज की अयोध्या बना देगे।

मोदी और योगी धर्म और धार्मिक अनुष्ठान की चाहे जितनी बातें करे चाहे जितना अनुष्ठान करें पर देश और जन के विकास का कार्यक्रम और सोच उनकी निगाह से ओझल नही होती है। सरकारो का एक कर्तव्य देशवासियो को अच्छे संस्कार देना भी होता है जिससे वे मुल्क के लिये उपयोगी नागरिक बन सके। विकास एक आदमी के बल पर नही होता है।

मोदी की यह धार्मिक यात्रा तो नहीं थी पर लोगो में राम के प्राणप्रतिष्ठा की इतनी भक्ति, समापी हुई है कि इसे धार्मिक उल्लास सा बना दिया। मोदी ने हजारो करोड़ की योजनाओं का लोकापर्ण शिलान्यास किया। टेऊनो को हरी झन्डी दिखाई, अयोध्या एयरपोर्ट जिसका नाम बल्मीकी ऋषि के नाम पर रक्खा गया है उसका उद्घाटन किया। कुल 40 योजनाओं के लिये 15700 करोड़ की योजनाओं का लोकापर्ण शिलान्यास करते हुये कहा विकास व विरासत की ताकत देश को आगे ले जायेगी। मोदी ने अयोध्या धाम स्टेशन के नया नाम दिया और पुनः विकसित रेवले स्टेशन का उद्घाटन किया। केन्द्रीय रेलवे मंत्री के साथ प्रदेश के मंत्री और नेता इस अवसर पर मोदी के साथ दिखे। प्रधानमंत्री ने यह भी कहा प्राणप्रतिष्ठा के दिन अयोध्या भले न आये पर घर में श्रीराम ज्योति जलावे, दिवाली मनाये। मोदी जी कोई धार्मिक महात्मा या नेता नही है। पर अपने वक्तव्यों कार्य कलापो से लोगो में भक्ति भाव जगा देते है। मोदी और योगी का साथ देश और प्रदेश के लिए बड़ा फलदायक हो रहा है।

मोदी जी देश में आवागमन, सुगम बनाने के लिये नयी आरामदायक और तेज रफ्तार वाली टेऊने देने में खास दिलचस्पी ले रहे है। अयोध्या के दौरे पर दो अमृत भारत टेऊनो को हरी झन्डी दिखाई, इनमें दो टेऊने दक्षिण भारत के लिये है। इस तरह पिछले विधानसभा चुनाव के नतीजों को लेकर जो दक्षिण उत्तर का भेद कुछ नेताओं द्वारा पैदा करने की कोशिश हो रही है उसमें लगाम लगाने का यह प्रभावशाली कदम है।

योगी आदित्य नाथ ने मोदी द्वारा अयोध्या के दिये गये सौभरतो की चरचा करते हुये मोदी के स्वागत में बोलते हुये कहा पीएम ने अयोध्या को दुनियां का सुन्दरतम नगरी बना दिया। 22 जनवरी को 500 वर्षो का इन्तजार खत्म होने जा रहा है। मुख्यमंत्री ने मोदी को बाल रामलला की मूर्ति भेट की। मोदी ने आभार प्रकट करते हुये कहा भारत के मिट्टी के कण कण और भारत के जनजन का मै पुजारी हूॅ।

अध्योध्या अब फोरलेन सिक्सलेन और आठ मार्ग लेन से जुड़ गया है। अयोध्या आना अब आसान हो गया है। इन सबका मिला जुला नतीजा है कि अब अयोध्या में करीब 60,000 करोड़ रूपये का निवेश आने वाला है। अब अयोध्या अन्तरराष्ट्रीय पटल पर प्रमुख आध्यात्मिक और सांस्कृतिक केन्द्र के रूप में विकास की ओर है।

भयंकर ठन्ड में अयोध्या में लोगो की भीड़ देख सभी मोदी योगी के आकर्षण के कायल हो गये। अन्त में रामचरित मानस की एक चौपाई

अवधपुरी प्रभु आवत जानी  
भई सकल शोभा की खानी

## श्री राम की अनंत कथा को हेमंत ने सिफत से व नए सिरे से गूथा

हेमंत शर्मा की 'राम फिर लौटे' (प्रभात प्रकाशन) को पढ़ना लाजिमी हैं, अयोध्या के राम से पूर्णतया अवगत होने के हेतु। जो नहीं पढ़ेगा वह भगवान राम से अनजान रहेगा, अयोध्या से नावाकिफ। क्योंकि पुस्तक ही नश्वर विश्व में अमर रहती है। फिर वाल्टेयर ने कहा भी था सारे राष्ट्र, सिवाय असभ्यों के, किताबों से ही शासित होते हैं। बहुत श्रम किया है हेमंत ने इस किताब को लिखने में। असीम रिसर्च किया है। खोजे हुए तथ्यों को निपुणता से पिरोया है, तब पेश किया है। हां, यह शोध ग्रंथ है। मात्र किताब नहीं। क्योंकि इसके पृष्ठों में हेमंत की आत्मा बोलती है। एक ऐसा रिपोर्टर जिसने इतिहास देखा है। उसे कलमबद्ध किया है। बाबरी गुंबदों की बुलंदी का दीदार किया। उन्हें ढहते देखा। अब वहीं भव्य रामालय बनते दिखेगा। हेमंत ने सब बनते-बिगड़ते देखा। अब उसे लिख रहे हैं। ढेर सारे दस्तावेज, घटनाएं, व्यक्ति, घुमाव और मौके खुद जाने हैं हेमंत ने। सारा कानों सुनी नहीं, आंखों देखी है। अतः हर शोध छात्र के लिए राम फिर लौटे बड़ी मुफीद संदर्भ सामग्री भी है।



के. विक्रम राव

अंग्रेजी कहावत कभी पढ़ी थी स्टाइल ईज दि मेन (शैली ही व्यक्ति होती है।) सौ फीसदी हेमंत पर फिट बैठती है। जनसत्ता दैनिक को पहचान दी थी लखनऊ में हेमंत ने। लघु वाक्य, बिना क्रिया के, लिखकर अपनी रपट में। नाविक के तीर जैसे शब्द। विशेषण का इस्तेमाल हेमंत ने किया, विशेषता से। उन्होंने बता दिया कि चोटी के खोजी रिपोर्टर हैं। एक बार की घटना है। मुलायम सिंह यादव और उनके समाजवादी जन राष्ट्रीय स्वयं सेवक पर जिहाद चलवा रहे थे। उजबेकी डाकू जहीरूद्दीन बाबर के ढांचे को बचाने में प्राण पण से जुटे थे। मानों आधुनिक यूपी मुगलों का ही हो। हेमंत ने तब एक रपट छापी जनसत्ता में। साथ में एक फोटो भी। इसमें संघ की शाखा में डॉ. राममनोहर लोहिया थे। जो बात हजार शब्द में कह न सकें, वही इस फोटो ने बयां कर दी। लोहार की जैसी थी, हेमंत की कलम तो हथौड़ा थी। मगर उस दौर में (6 दिसंबर 1992) कुछ लोग, चंद पत्रकार भी, गमगीन थे। सेक्युलर दिखते थे। गुंबद गिरना उनकी नजर में बाबर पर बर्बरता थी। नजरिया अटल बिहारी वाजपेई-मार्का था। याद रहे संसद में इस भाजपा नेता ने कहा था दिसंबर 6 भारत के इतिहास का काला दिवस है। सटीक जवाब दिया देश की जनता ने। इसे मुक्ति दिवस बताया। हालांकि तब तक असली हीरो लालकृष्ण आडवाणी को खलनायक बना दिया गया था। आडवाणी को बाबर से ऊंचा स्थान मिला है भारतीय इतिहास में। मुगल सेनापति मीर बाकी की निशानी ध्वस्त करने पर!

हेमंत की भाषा में निर्बाध रवानगी है। मानो रेखाओं को कोई निपुण रंग साज रूप दे रहा हो। हेमंत ने मेरे आत्मबंधु पी. वी. नरसिम्हा राव के साथ न्याय किया। वे लिखते हैं 6 दिसंबर, 1992, दोपहर करीब 1 बजकर 40 मिनट पर बाबरी मस्जिद का पहला गुंबद गिराया गया। तब पामुलापति वेंकट नरसिम्हा राव देश के प्रधानमंत्री थे। दोपहर दो बजे के आसपास नरसिम्हा राव का फोन घनघनाता है। यह फोन कांग्रेस नेता और कैबिनेट मंत्री माखनलाल फोतेदार का था। वह चेतक हेलीकॉप्टर से कारसेवकों पर आँसू गैस छोड़ने की सिफारिश कर रहे थे। बाबरी विध्वंस को रोकना चाहते थे। नरसिम्हा राव पूजा पर बैठे थे। राव ने फोतेदार की परेशानी का कोई हल नहीं दिया। बात राष्ट्रपति तक पहुंची। कैबिनेट की मीटिंग बुलाई गई। बहुत हंगामा हुआ। आंसू बहाए गए। लेकिन नरसिम्हा राव बुत बनकर बैठे रहे। यह सारी कहानी खुद फोतेदार ने बताई।


स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़्वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

**पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन**  
**स्थानीय संपादक**  
**मोहम्मद आलम रिज़्वी**  
**RNI No UPHIN/2010/31173**  
**टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716**  
**avadhnamahindi@gmail.com,**


दो दिसंबर 1984 की रात को भोपाल में यूनियन कार्बाइड फैक्ट्री से जहरीली गैस के रिसाव के असर से सरकारी आकड़ों के हिसाब से 15 हजार लोग मारे गए और लाखों लोग घायल हुए। मध्य प्रदेश में उस समय कांग्रेस की सरकार थी और अर्जुन सिंह मुख्यमंत्री थे। केंद्र में भी कांग्रेस सरकार थी और राजीव गांधी पीएम थे। हादसे के वक्त यूनियन कार्बाइड कंपनी का सीईओ अमेरिकी कारोबारी वारेन एंडरसन था। हादसे के 4-5 दिन बाद यानी सात दिसंबर को एंडरसन भोपाल पहुंचे थे और उन्हें हवाई अड्डे पर ही गिरफ़्तार कर लिया गया था। लेकिन उसी दिन कुछ ही घंटों के बाद उन्हें न केवल ज़मानत मिल गई यहां तक की मध्य प्रदेश राज्य के सरकारी विमान में उन्हें दिल्ली भेजा गया।

# आखिर कांग्रेस किस मुंह से न्याय यात्रा निकालेगी!

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी 14 जनवरी को मणिपुर से भारत न्याय यात्रा करने का ऐलान किया है। पार्टी के अनुसार, भारत जोड़ो यात्रा के माध्यम से एकता, प्रेम और सद्भाव का संदेश फैलाने के बाद गांधी देश के लोगों के लिए न्याय मांगेंगे। राहुल गांधी 6200 किलोमीटर की यात्रा के दौरान 14 राज्यों को कवर करेंगे। लेकिन बड़ा सवाल यह है कि जिस कांग्रेस पार्टी ने देश की बंटवारे के फैसले से लेकर लंबे कालखंड तक तमाम अवसरों पर अन्याय किया है, वो आखिरकार किस मुंह से न्याय यात्रा निकालेगी?



आशीष वशिष्ठ

1947 में देश के बंटवारे को लेकर कितने किस्से हम और आप ने सुन रखे हैं, लेकिन जिन्होंने बंटवारें में अपना घर-बाहर और अपने को खोया है, वो सिर्फ एक ही बात कहते हैं कि नेहरू की प्रधानमंत्री बनने की जिद ने बंटवारा करवाया। मेरे पूर्वजों ने भी बंटवारे का देश सहा है। हिन्दुस्तान की तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने बंटवारे की पीड़ितों के साथ हर कदम पर अन्याय किया। रिफ्यूजी कैंपों की दुर्दशा किसी से छिपी नहीं थी। बंटवारा के बाद कई महीनों और वर्षों तक शरणार्थियों के निवास प्रमाण पत्र और अन्य जरूरी दस्तावेज नहीं बनें। शरणार्थियों को कोई विशेष दर्जा, आरक्षण या छूट सरकार ने नहीं दी। नतीजतन, शरणार्थियों की पूरी एक पीढ़ी शिक्षा, नौकरी और तमाम अन्य क्षेत्रों में पिछड़ गई। शरणार्थियों को बंटवारे से ज्यादा दर्द और तकलीफ नेहरू सरकार की बेरूखी, बेइंसाफी और बदइंतजामी ने दी।

31 अक्टूबर 1984 को प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या उनके दो सिख अंगरक्षकों ने की। इसके अगले दिन से ही दिल्ली और देश के दूसरे कुछ हिस्सों में सिख विरोधी दंगे भड़क उठे। इन दंगों में सिखों के घरों, दुकानों को जलाया और लूटा गया और उनको मौत के घाट उतारा गया। दिल्ली और अन्य स्थानों पर हत्यारों और लूटेरों की भीड़ का नेतृत्व ज्यादातर कांग्रेस के नेता कर रहे थे। प्रेस एजेंसी पीटीआई की रिपोर्ट के अनुसार इन दंगों में दिल्ली में ही लगभग 2700 लोग मारे गए थे और देशभर में मरने वालों का संख्या 3,500 के करीब थी। 19 नवंबर, 1984 को तत्कालीन प्रधानमंत्री और इंदिरा गांधी के उत्तराधिकारी उनके पुत्र राजीव गांधी ने दिल्ली बोट क्लब में इकट्ठा हुए लोगों के हुजूम के सामने कहा कि, 'जब इंदिरा जी की हत्या हुई थी, तो हमारे देश में कुछ दंगे-फ़साद हुए थे. हमें मालूम है कि भारत की जनता को कितना क्रोध आया, कितना गुस्सा आया और कुछ दिन के लिए लोगों को लगा कि भारत हिल रहा है. जब भी कोई बड़ा पेड़ गिरता है तो धरती थोड़ी हिलती हैं।'

प्रधानमंत्री राजीव गांधी के शब्दों में कोई ज़िक्र नहीं था उन हज़ारों सिखों का जो अनाथ और बेघर हो गए थे बल्कि ये वक्तव्य उनके जख्मों पर नमक छिड़कने जैसा था। दंगों के 21 साल बाद प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने संसद में इसके लिए माफ़ी मांगी और कहा कि जो कुछ भी हुआ, उससे उनका सिर शर्म से झुक जाता है। लेकिन क्या इतना कहने भर से ही सरकार का फ़र्ज़ पूरा हो गया? क्या इससे



आज़ाद भारत के सबसे सबसे बुरे हत्याकांड की यादें मिट गई? सिख दंगों के दोषी कांग्रेसी नेता गांधी परिवार के खास हैं। गांधी परिवार के किसी भी सदस्य ने आज तक हजारों निर्दोष सिखों के कत्लेआम के लिए माफी नहीं मांगी है।

साल 1984 में दो दिसंबर की रात को भोपाल में यूनियन कार्बाइड फैक्ट्री से जहरीली गैस के रिसाव के असर से सरकारी आकड़ों के हिसाब से 15 हजार लोग मारे गए और लाखों लोग घायल हुए। मध्य प्रदेष में उस समय कांग्रेस की सरकार थी। और अर्जुन सिंह मुख्यमंत्री थे। केंद्र में भी कांग्रेस की सरकार थी और राजीव गांधी देष के पीएम थे। हादसे के वक्त यूनियन कार्बाइड कंपनी का सीईओ अमेरिकी कारोबारी वारेन एंडरसन था। हादसे के 4-5 दिन बाद यानी सात दिसंबर को एंडरसन भोपाल पहुंचे थे और उन्हें हवाई अड्डे पर ही गिरफ़्तार कर लिया गया था। लेकिन उसी दिन कुछ ही घंटों के बाद उन्हें न केवल ज़मानत मिल गई यहां तक की मध्य प्रदेश राज्य के सरकारी विमान में उन्हें दिल्ली भेजा गया। एंडरसन उसी दिन दिल्ली से अमरीका चले गए थे। कांग्रेस की सरकार ने हजारों निर्दोष देशवासियों की हत्या के दोषी को उचित दण्ड और सजा देने की बजाय उसे बचाने और भगाने में मददगार बनीं।

देश के संत गोहत्या पर प्रतिबंध लगाने के लिए केंद्र सरकार से कानून बनाने की मांग कर रहे थे। पीएम इंदिरा गांधी से अपनी मांग मनवाने के लिए प्रसिद्ध संत करपात्री जी महाराज के नेतृत्व में सात नवंबर 1966 को देशभर के लाखों साधु-संत अपने साथ गायों-बछड़ों को लेकर संसद के बाहर आ डटे थे। सरकार ने लोकतान्त्रिक तरीके से मांग कर रहे निहत्थे साधु-संतों की भीड़ पर गोली चलवाई, आंसू गैस के गोले छोड़े, लाठियां बरसवाई। जिसमे सैकड़ों साधु संतों और गोरक्षकों की जान गई। इसमें मरने वालों की संख्या पर विवाद है। टाइम्स ऑफ़ इंडिया में इस घटना के अगले ही दिन छपी रिपोर्ट में पुलिस के 209 राउंड फायरिंग की थी। 1985 में सुप्रीम कोर्ट ने एक तलाकशुदा मुस्लिम महिला शाहबानों के पति मोहम्मद अहमद खान को हर महीने गुजारा भत्ता देने का आदेश दिया। लेकिन मुस्लिम कट्टरपंथियों के दबाव में आकर राजीव गांधी सरकार ने 1986 में संसद में कानून बनाकर सुप्रीम कोर्ट के फैसले को पलट दिया। इस तरह शाहबानो अदालती लड़ाई जीतने के बाद भी हार गई। कांग्रेस की मुस्लिम तुष्टीकरण की राजनीति ने उन्हें हरा दिया। असल में मुस्लिम बेटी को अदालत से मिला न्याय कांग्रेस की सरकार ने उससे छीन लिया।

प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू द्वारा धारा 370 लगाने के बाद से जो कश्मीरी लोगों के साथ अन्याय हुआ और 90 के दशक में कांग्रेस सरकार की बदनीति के कारण जो कश्मीरी पंडित विस्थापित हुए। वो कहां का न्याय था? सरकारी आंकड़े बताते हैं कि 1990 में 44167 कश्मीरी पंडित परिवारों ने घाटी छोड़ी थी। असल में कांग्रेस ने अपने राजनीतिक नफे के लिए धारा 370 को जिंदा रखा और अलगाववादी ताकतों को फटकारने की बजाय सहलाने और मुस्लिम तुष्टिकरण की नीति पर बल दिया।

1971 के भारत पाक युद्ध में 93000 हजार पाकिस्तान सैनिकों ने भारतीय सेना के सामने सरेंडर किया था। प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने 93000 पाकिस्तानी सैनिकों को तो समझौते के मुताबिक उनके देश वापस भेज दिया। लेकिन आइरन लेडी अपनी सेना के 54 सैनिकों, अधिकारियों और लड़ाकू पायलटों को पाकिस्तान से वापस नहीं ला सकी। सैनिक परिवार सरकार से न्याय की मांग करते रहे, लेकिन उन्हें न्याय नहीं मिला। साल 1975 को इंदिरा गांधी ने अपने राजनीतिक हित के लिए इमरजेंसी लगाकर संविधान, कानून, राजनीतिक विरोधियों, पत्रकारों, कलाकारों, समाजसेवियों और देश की जनता के साथ जो अन्याय और अत्याचार किये उसके जख्म आज भी हरे हैं। इमरजेंसी में इंदिरा गांधी के पुत्र संजय गांधी और उनके गैंग के अत्याचार के किस्से आज भी सिहरन पैदा करते हैं। आजादी के इन 76 सालों में लगभग 60 साल तक केंद्र और राज्यों में कांग्रेस ने शासन किया। इस कालावधि में सत्ता में बने रहने के लिए उसने एक वर्ग विषेष के तुष्टिकरण के लिए सारी सीमाएं लांघ दी। नतीजतन दूसरे वर्गों को कदम-कदम पर अपेक्षा और अन्याय का षिकार होना पड़ा। इसलिए जब कांग्रेस न्याय यात्रा की बात करती हैं, तो हंसी आती है।

# सेहत के प्रति लापरवाह ग्रामीण महिलाएं

> अफसोस की बात यह है कि गाँव का पितृसत्तात्मक समाज न केवल महिलाओं को उनके अधिकारों से वंचित रखता है बल्कि उनकी सेहत को भी नजरंदाज करता है। यही कारण है कि ज्यादातर ग्रामीण घरों के पुरुष सदस्यों को महिलाओं की सेहत के प्रति ज़रा भी चिंता नहीं रहती है। वह उनकी बीमारी को गंभीरता से नहीं लेते हैं और कभी अच्छे डॉक्टर से इलाज कराने को प्राथमिकता नहीं देते हैं यानि जो सबका ख्याल रखती है उसका ख्याल रखने वाला कोई नहीं होता है।

कहते हैं कि सेहत हज़ार नेमत के बराबर है। लेकिन इसमें सबसे अधिक लापरवाही ग्रामीण महिलाएं बरतती हैं। जो घर-परिवार का ख्याल रखने के चक्कर में अपनी सेहत का ज़रा भी ध्यान नहीं रखती हैं। गाँव की अधिकांश महिलाएं अपनी सेहत की देखभाल से ज्यादा बच्चों व बड़ों की सेवा में समय व्यतीत करती हैं। उनकी दिनचर्या ऐसी हो जाती है कि वह अपने लिए भोजन-पानी का वक्त भी नहीं निकाल पाती हैं। यहां तक कि बीमार भी पड़ जाएं तो काम करती ही रहती हैं। शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य के प्रति उदासीनता कभी-कभार उन्हें गंभीर बीमारियों से ग्रसित कर देती है। संस्कृति और मान्यता का पालन करते हुए वह घर के सभी सदस्यों को भोजन परोसने के बाद बचे-खुचे एवं बासी भोजन करके खुद को संतुष्ट कर लेती हैं। जो अक्सर उनमें न केवल कुपोषण को जन्म देता है बल्कि धीरे धीरे उन्हें गंभीर बीमारियों की ओर धकेलता रहता है। इस बीच अगर वह बीमारी हो जाएं तो वह उसे तब तक छुपाती हैं जब तक कि वह असहनीय न हो जाए।



सिमरन सहनी

यही वजह है कि ग्रामीण क्षेत्रों की अधिकांश महिलाएं असमय चेहरे पर झुर्रियां, कालापन, उदासीपन और चिड़चिड़ापन जैसी मानसिक रोग का शिकार हो जाती हैं। अफसोस की बात यह है कि गाँव का पितृसत्तात्मक समाज न केवल महिलाओं को उनके अधिकारों से वंचित रखता है बल्कि उनकी सेहत को भी नजरंदाज करता है। यही कारण है कि ज्यादातर ग्रामीण घरों के पुरुष सदस्यों को महिलाओं की सेहत के प्रति ज़रा भी चिंता नहीं रहती है। वह उनकी बीमारी को गंभीरता से नहीं लेते हैं और कभी अच्छे डॉक्टर से इलाज कराने को प्राथमिकता नहीं देते हैं यानि जो सबका ख्याल रखती है उसका ख्याल रखने वाला कोई नहीं होता है। इतना ही नहीं, बीमारी के बावजूद उसे न केवल परिवार के सदस्यों का ख्याल रखना पड़ता है बल्कि खेतीबाड़ी व पालतू पशुओं को दाना-साना देकर ही वह अपने बारे में सोचती है। कम उम्र में शादी और फिर एक के बाद एक बच्चों का जन्म जहां उसे कुपोषित बना देता है वहीं उसे मानसिक रूप से भी बीमार कर देता है।

देश के अन्य राज्यों के ग्रामीण क्षेत्रों की तरह बिहार के मुजफ्फरपुर जिला से करीब 65 किमी दूर दियारा क्षेत्र स्थित साहेबगंज प्रखंड के हुस्सेपुर जोड़ाकन्ही गांव में भी महिलाओं की यही स्थिति है। गाँव की एक 35 वर्षीय महिला अंजू देवी बताती हैं कि उनकी शादी बहुत कम उम्र में हो गई थी। कम उम्र में ही वह तीन बच्चों की मां भी बन गई। जिससे उनके स्वास्थ्य पर बहुत बुरा प्रभाव पड़ा। कम उम्र में ही तीन ऑपरेशन हो जाने के कारण उन्हें माहवारी के समय बहुत परेशानी होती है। अक्सर उन्हें 20 से 25 दिनों तक माहवारी आती रहती है। इस बारे में उन्होंने अपने पति को भी बताया लेकिन उन्होंने इसे कभी भी गंभीरता से नहीं लिया है। यहां तक कि ससुराल की बुजुर्ग महिलाएं भी इसे मामूली बता कर उन्हें कभी डॉक्टर को नहीं दिखाया है बल्कि ओढ़ौल (गुरहल) का फूल खाने या देसी जड़ी-बूटियों से इलाज कराने की भ्रामक सलाह देती रहती हैं। वह बताती हैं कि घर के लोग उनके इलाज के प्रति गंभीर नहीं हैं। वहीं गांव का सरकारी अस्पताल भी बंद पड़ा रहता है।



नाम नहीं बताने की शर्त पर गाँव की कुछ महिलाएं बताती हैं कि हाल ही में पोषण की कमी और उचित देखभाल के अभाव में गर्भावस्था में एक महिला की मौत हो गई थी। वह कहती हैं कि अच्छा खान-पान होगा तभी तो बच्चा और मां दोनों स्वस्थ रहेंगे। पौष्टिक खाना न मिलने के कारण उसमें खून की कमी हो गई थी, जिसके कारण गर्भावस्था में ही बच्चा और मां दोनों की मौत हो गई। इसी गांव की 45 वर्षीय अमरावती देवी कहती हैं कि हम महिलाएं घर-परिवार व बच्चों के स्वास्थ्य के अलावा कुछ सोचती ही नहीं हैं। ऐसा नहीं है कि हम बीमार नहीं होती हैं। लेकिन हमारा समुचित इलाज कराने वाला कोई नहीं होता है। गांव की कुछ वृद्ध महिलाओं के अनुसार व्रत करने से भी महिलाओं के अंदर कमजोरी आती है। धर्म-कर्म व उपवास रखने की वजह से उनकी सेहत दिनों-दिन खराब होती जाती है।

वहीं 28 वर्षीय लाली देवी बताती हैं कि उनकी शादी को 5 साल हो गए हैं। इस दौरान उनके तीन बच्चे भी हो गए हैं। हालांकि शादी के फौरन बाद उन्होंने बच्चे नहीं रखने का फैसला किया था। लेकिन पति समेत ससुराल घर वाले उसे बहुत प्रताड़ित करते और कहते कि शादी होते ही बच्चे का हो जाना ठीक होता है। बाद में निःसंतान होने का भी डर रहता है। अब घरवालों के ताने, पति की तू-तू-मैं-मैं और काम का बोझ आदि के कारण उनकी मानसिक स्थिति खराब हो चुकी है। वह कहती हैं कि यदि शादी के बाद बच्चे नहीं हों तो घर की सास-ननद से लेकर पड़ोस की महिलाएं तक बांझ कहने लगती हैं। पुत्र की प्राप्ति न हो तो निःपुत्र होने का ताना देने लगती हैं। पति मारपीट भी करते हैं कि एक बेटा पैदा नहीं कर सकती है। यहां तक कि वह दूसरी शादी की धमकी भी देते हैं। ऐसे में महिलाओं का मानसिक व शारीरिक स्वास्थ्य सुधरने की बजाय बिगड़ने लगता है।

भारत में महिलाओं एवं बच्चों की सेहत चिंता का विषय है। ज्यादतर एनीमिक या रक्त की कमी के शिकार है, तो वहीं कुपोषण एक बड़ी समस्या है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-5 के अनुसार एनीमिया पीड़ितों की स्थिति 2015-2016 में 54 प्रतिशत से बढ़कर 2019-2021 में 59 प्रतिशत हो गई है। यह समस्या कम आयु में विवाह, किशोर गर्भावस्था और असुरक्षित गर्भपात के कारण होती है। भारत में लगभग 50 मिलियन महिलाएं प्रजनन और स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से पीड़ित हैं। कुल मिलाकर प्रजनन, स्वास्थ्य, गर्भधारण, असुरक्षित गर्भपात और पारिवारिक व सामाजिक वातावरण महिलाओं के स्वास्थ्य पर बहुत बुरा प्रभाव डाल रहे हैं।

बहरहाल, स्वास्थ्य केंद्र, सरकारी, गैर-सरकारी सामाजिक संस्थाओं एवं आंगनबाड़ी केंद्रों की महत्ती भूमिका है कि ऐसे उपेक्षित गांवों की अशिक्षित और गरीब परिवार की महिलाओं को प्रजनन, स्वास्थ्य, प्रसव पूर्व एवं बाद में पोषण, बच्चों की देखभाल, परिवार नियोजन, गर्भधारण, गर्भपात, शादी की सही आयु आदि के लाभों से अवगत कराये तो निश्चित रूप से ऐसे गांवों की सेहत सुधारी जा सकती है। दरअसल जागरूकता का अभाव और सामाजिक परिवेश ही महिलाओं को अपनी सेहत के प्रति लापरवाह बना देता है। (चरखा फीचर)

# भारत को उत्तर और दक्षिण में बांटने की राजनीति

> तमिलनाडु के मुख्यमंत्री स्टालिन ने हिंदी-विरोध में आपत्तिजनक बयान दिया है। मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के बेटे और राज्य सरकार में मंत्री उदयनिधि स्टालिन की 'सनातन धर्म' पर टिप्पणी पर भी बड़ा विवाद हुआ था। उन्होंने एक कार्यक्रम में सनातन धर्म को कई सामाजिक बुराइयों के लिए ज़िम्मेदार ठहराते हुए इसे समाज से ख़त्म करने की बात कही थी। कुछ द्रमुक सांसदों ने सनातन को डेंगू, एड्स और कोढ़ आदि करार दिया था। यही नहीं तमिलनाडु में बिहार के मज़दूरों के साथ हिंसा की भ्रामक ख़बरें भी इस साल की शुरुआत में सोशल मीडिया पर प्रसारित की गई थीं।

दक्षिण भारत के राज्यों में उत्तर भारतीयों के अपमान और उनका तिरस्कार करने की खबरें अक्सर आती रहती हैं। यह तिरस्कार अक्सर आम लोगों के द्वारा किया जाता था। लेकिन अब इसमें वहां के राजनेता और सरकारें भी शामिल होती हुई दिख रही हैं। उत्तर भारत और दक्षिण भारत को लेकर इस साल हुए कई विवादों की सूची में एक और नाम जुड़ गया है। इस बार डीएमके नेता दयानिधि मारन के बयान से राजनीतिक पारा चढ़ रहा है। इसके केंद्र में भी बिहार है। इस बयान को लेकर केंद्र में सरकार चला रही बीजेपी ने विपक्ष के 'इंडिया' गठबंधन पर हमला बोला है। बीजेपी ने मारन के बयान पर कांग्रेस और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से जवाब मांगा है। डीएमके सांसद दयानिधि मारन के जिस बयान पर राजनीति हो रही है, वो क़रीब पांच साल पुराना है। डीएमके नेताओं का यही दावा है।



रोहित माहेश्वरी

बीजेपी आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर दयानिधि मारन का एक वीडियो शेयर किया है। 24 सेकेंड के इस वीडियो पर अमित मालवीय ने लिखा, डीएमके सांसद दयानिधि मारन ने कहा है कि बिहार और उत्तर प्रदेश के हिन्दी भाषी लोग तमिलनाडु आकर यहाँ टॉयलेट साफ़ करते हैं। बीजेपी नेताओं के लगातार बयान के बाद बिहार की सत्ताधारी पार्टी जनता दल यूनाइटेड ने भी मारन के इस बयान की आलोचना की है। बिहार सरकार की तरफ से उपमुख्यमंत्री और राष्ट्रीय जनता दल के नेता तेजस्वी यादव ने भी दयानिधि मारन के बयान का विरोध किया था।

ऐसा पहली बार नहीं है कि दक्षिण भारत के किसी नेता के बयान को लेकर उत्तर भारत में तीखी प्रतिक्रिया हुई है। विपक्षी दलों के गठबंधन 'इंडिया' के सहयोगी दल डीएमके के सांसद सेंथिलकुमार ने संसद में चुनाव के नतीजों पर एक टिप्पणी के लिए बाद में माफ़ी भी मांगी थी। इसी महीने लोकसभा में जम्मू-कश्मीर से जुड़े दो विधेयकों पर चर्चा के दौरान सेंथिलकुमार ने कहा, इस देश के लोगों को सोचना चाहिए कि बीजेपी की ताक़त बस इतनी है कि यह मुख्य तौर पर हिंदी पट्टी, जिसे हम आमतौर पर गोमूत्र राज्य कहते हैं, वहीं जीत सकती है। उत्तर-दक्षिण बहस तब शुरू हुई जब कांग्रेस ने तेलंगाना में जीत हासिल की और बीजेपी ने राजस्थान, छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश विधानसभा चुनावों में जीत हासिल की। डीएमके के सेंथिल कुमार ने इसी संदर्भ में उत्तर भारतीय राज्यों के बारे में आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। हाल ही में इंडिया गठबंधन की बैठक में हिंदी-गैर-हिंदी भाषा पर तब बहस हुई जब नीतीश कुमार ने बोलना शुरू किया और डीएमके नेता टीआर बालू ने इसका अंग्रेजी अनुवाद मांगा। नीतीश ने अपने संबोधन को अंग्रेजी में अनुवाद करने से मना कर दिया था। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार सीएम नीतीश ने दक्षिण भारत के नेताओं को नसीहत दी थी कि हमारा देश हिंदुस्तान है तो हम सबको हिंदी की जानकारी भी होनी चाहिए। डीएमके इंडिया गठबंधन का हिस्सा है जिसमें जदयू, राजद और समाजवादी पार्टी शामिल हैं। ये बिहार और उत्तर प्रदेश के मुख्य राजनीतिक दल हैं। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री स्टालिन ने हिंदी-विरोध में आपत्तिजनक बयान दिया है। मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के बेटे और राज्य सरकार में मंत्री उदयनिधि स्टालिन की 'सनातन धर्म' पर टिप्पणी पर भी बड़ा विवाद हुआ था। उन्होंने एक कार्यक्रम में सनातन धर्म को कई सामाजिक बुराइयों के लिए ज़िम्मेदार ठहराते हुए इसे समाज से ख़त्म करने की बात कही थी। कुछ द्रमुक सांसदों ने सनातन को डेंगू, एड्स और कोढ़ आदि करार दिया था। यही नहीं तमिलनाडु में बिहार के मज़दूरों के साथ हिंसा की भ्रामक ख़बरें भी इस साल की शुरुआत में सोशल मीडिया पर प्रसारित की गई थीं। हालांकि तमिलनाडु पुलिस लगातार इस तरह की ख़बरों को ग़लत बता रही थी. लेकिन इस मुद्दे को बीजेपी के नेताओं ने बिहार विधान सभा से लेकर सड़कों पर भी खूब उछाला था। बाद में बिहार के एक यू-ट्यूबर मनीष कश्यप पर तमिलनाडु में बिहारी मज़दूरों के साथ मारपीट का फ़ेक वीडियो बनवाने और उसे सोशल मीडिया पर प्रसारित करने का आरोप लगा था और उसे गिरफ़्तार किया गया था। मनीष कश्यप को पिछले हफ़्ते ही सभी मुक़दमों में ज़मानत मिली है और क़रीब नौ महीने बाद उसकी जेल से रिहाई हुई है।



हिन्दी और उत्तर भारतीयों पर दयानिधि मारन का बयान भले ही पुराना हो, पूरी तरह गलत है। बिहार या उत्तर प्रदेश के लोग तमिलनाडु के हर सेक्टर में काम करते हैं। बिहार के लोग सिविल सर्विसेस में भी हैं और आईटी सेक्टर में भी. वहीं तमिलनाडु के लोग भी राज्य में हर तरह के काम करते हैं। हकीकत यह है कि यदि उप्र और बिहार के मानव संसाधन देश के दूसरे राज्यों में न जाएं, तो बहुत कुछ निष्क्रिय हो सकता है। कारोबार और फसलों की कटाई के काम ठप्प हो सकते हैं। कई संदर्भों में हुक्का-पानी तक बंद हो सकता है। शौचालय साफ करने और सडक़ निर्माण करने वाले मजदूरों के राज्यों का यथार्थ यह है कि उप्र से 13.5 फीसदी और बिहार से 8.5 फीसदी आईएएस अधिकारी देश को मिलते हैं। ये सर्वाधिक आंकड़े हैं। केंद्र सरकार ने साल 2011 के सर्वे के आधार पर देश की जनसंख्या से जुड़े अलग-अलग आंकड़े जारी किए थे। इसके मुताबिक़ उत्तर भारतीय राज्यों में तमिल, मलयालम, कन्नड़ और तेलुगू बोलने वालों की संख्या साल 2001 की जनगणना के मुक़ाबले बकम हुई है, जबकि दक्षिण भारत में हिंदी भाषियों की संख्या बढ़ी है। बीते कुछ साल से प्रवासियों के तमिलनाडु आने में तेज़ी आई है। प्रवासी कामगारों में बिहार के अलावा झारखंड, पश्चिम बंगाल और भारत के उत्तर-पूर्वी राज्यों के लोग भी हैं।

तमिलनाडु में करीब 1.5 करोड़ उत्तर भारतीय बसे और काम करते हैं। वहां की सरकार में भी उच्च और मझोले स्तर के अधिकारियों की संख्या भी ज्यादातर उत्तर भारतीयों की है। तमिलनाडु में अकेले बिहार से ही 25 से अधिक आईएएस और आईपीएस अधिकारी सेवारत हैं। तमिलनाडु के कपड़ा उद्योग, मछली उद्योग, कंस्ट्रक्शन, होटल व्यवसाय, पूजा-पाठ, सिलाई और बैग बनाने के काम के अलावा बड़ी संख्या में बिहार के प्रवासी स्ट्रीट फ़ूड के स्टॉल भी लगाते हैं। तमिलनाडु के नेताओं को अपने सामाजिक-आर्थिक विकास और समझदारी का परिचय देते हुए उप्र और बिहार की अर्थव्यवस्था को भी समझना चाहिए।

दरअसल देश का संविधान ऐसी गाली, नफरत और भेदभाव की अनुमति नहीं देता। उप्र, बिहार और तमिलनाडु भारत गणराज्य के ही हिस्से हैं। वे एक ही लोकतांत्रिक परिवार के सदस्य हैं। संविधान के मुताबिक, प्रत्येक नागरिक, किसी भी राज्य में, निवास और व्यवसाय कर सकता है। उन पर राज्यों की सीमा और भाषा की कोई पाबंदी नहीं है। भारत की आजादी के 76 साल बाद भी 'उत्तर बनाम दक्षिण' के गालीनुमा बयान सुनने को क्यों मिलते हैं? यदि उप्र, बिहार बनाम तमिलनाडु के बीच विभाजन और नफरत की दरारें हैं, तो भारत विविधताओं वाला देश कहां है?

# निराश्रित गोवंश संरक्षण हेतु विशेष अभियान की अवधि 16 तक बढ़ी



- विशेष अभियान में अब तक 184060 गोवंश संरक्षित किये गयेः धर्मपाल सिंह
- अभियान के दौरान 1574 विशेष दस्तों का गठन किया गया
- अभियान के तहत 323 नये अस्थायी गोआश्रय स्थलों का निर्माण किया गया

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री श्री धर्मपाल सिंह ने निराश्रित गोवंश संरक्षण हेतु संचालित विशेष अभियान की अवधि 16 जनवरी तक बढ़ाये जाने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि प्रदेश के विभिन्न जनपदों में अभी भी लगभग 45 हजार गोवंश निराश्रित एवं बेसहारा विचरण कर रहे हैं, इसलिए इन गोवंशों का शत-प्रतिशत संरक्षण सुनिश्चित किया जाए।

उन्होंने बताया कि 60 दिवसीय विशेष अभियान (01 नवम्बर, 2023 से 31 दिसम्बर, 2023 तक) चलाकर 184060 गोवंश संरक्षित किया गया। अभियान के दौरान 323 नये अस्थायी गो आश्रय स्थल तथा 536 गो आश्रय स्थलों में शेड विस्तारीकरण किया गया। बेसहारा गोवंशों को पकड़ने हेतु अभियान में 1574 विशेष दस्तों का गठन कर 687 कैटल कैचर की सहायता ली जा रही है। पशुधन मंत्री श्री धर्मपाल सिंह ने आज यहां यह जानकारी देते हुए बताया कि गोवंश का संरक्षण एवं संवर्द्धन राज्य सरकार की प्राथमिकता में है और निराश्रित गोवंशों के कारण फसलो के नुकसान तथा मार्ग दुर्घटनाओं की समस्या से निजात दिलाने हेतु सरकार कृत संकल्प है, इस क्रम में वर्तमान में 6168 अस्थायी गो आश्रय स्थल, 298 वृहद गो संरक्षण केन्द्रों, 253 कान्हा गो आश्रय तथा 314 कांजी हाऊस का निर्माण कर कुल 1402491 गोवंशों को संरक्षित किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि पशुपालकों द्वारा नर गोवंशों का कृषि कार्य में उपयोग न होने तथा दूध न देने वाली व गर्भधारण न करने वाले गोवंशों को बेसहारा छोड़ देने के कारण अभी भी बेसहारा गोवंश सड़को तथा खेतो में यत्र तत्र दिखाई दे रहे है। इसलिए शेष निराश्रित गोवंश को संरक्षित करने के लिए अभियान अवधि बढ़ाई जा रही है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में अपर मुख्य सचिव पशुधन डा0 रजनीश दुबे द्वारा सभी जिलाधिकारियों को भी पत्र प्रेषित कर दिया गया है। श्री धर्मपाल सिंह ने बताया कि गो संरक्षण केन्द्रों, गोआश्रय स्थलों के निर्माण एवं गो आश्रय स्थलों के विस्तारीकरण का कार्य तीव्र गति से किया गया है और सभी आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित की जा रही हैं। संरक्षित किये जाने वाले निराश्रित गोवंश के देखभाल हेतु उनके चारे, भूसे, टीनशेड, पेयजल, विद्युत आपूर्ति, उपचार एवं ठंड से बचाव आदि की समुचित व्यवस्था भी की जा रही है। श्री सिंह ने बताया कि गोसंरक्षण अभियान में गृह, राजस्व, पंचायतीराज, ग्राम्य विकास एवं नगर विकास से परस्पर सहयोग एवं समन्वय स्थापित करके कार्य किया जा रहा है।

## सफल उद्यमियों को प्रशस्ति पत्र एवं अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया

**लखनऊ।** अपर मुख्य सचिव खादी एवं ग्रामोद्योग श्री अमित मोहन प्रसाद ने आज यहाँ तिलक मार्ग स्थित खादी भवन में आयोजित एक कार्यक्रम में प्रदेश के 05 जनपदों के सफल उद्यमियों को प्रशस्ति पत्र एवं अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। पुरस्कृत उद्यमियों /लाभार्थियों में श्री राजेश प्रसाद (फ्लोर मिल) जनपद-गाजीपुर, श्री अविनाश कुमार (कैरी बैग का उत्पादन) जनपद-लखनऊ, श्री विजय प्रताप सिंह (लौह कला) जनपद-रायबरेली, श्री इन्द्रसेन यादव (सोलर पैनल) जनपद-उन्नाव तथा श्रीमती रूचिता सिंह (बेकरी) जनपद-बाराबंकी थे। अपर मुख्य सचिव खादी एवं ग्रामोद्योग ने सफल उद्यमियों से यह आग्रह किया गया कि अपनी ही तरह अपने क्षेत्र के कम से कम 05 उद्यमियों को कुटीर उद्योग की स्थापना करने हेतु उत्प्रेरित करें, जिससे कि ग्रामीण क्षेत्र में अधिक से अधिक रोजगार का सृजन हो सके तथा प्रदेश व देश हित में ग्रामीण अर्थव्यवस्था को अधिक मजबूती मिल सके।

# ऊर्जा मंत्री ने की एक मुस्त समाधान योजना को 15 दिन और बढ़ाए जाने का ऐलान

अवधनामा संवाददाता



- उपभोक्ता परिषद अध्यक्ष अध्यक्ष ने उपभोक्ताओं की तरफ से उनसे मुलाकात कर जताया आभार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में 31 दिसंबर को खत्म हो रही एक मुस्त समाधान योजना को आगे बढ़ाए जाने हेतु प्रदेश के विद्युत उपभोक्ता मांग उठा रहे थे उपभोक्ता परिषद द्वारा आयोजित वेबीनार में भी अनेकों जनपदों के विद्युत उपभोक्ताओं ने इसे और आगे बढाने की मांग उठाई थी जिस पर उपभोक्ता परिषद उपभोक्ताओं की मांग पर एक मुस्त समाधान योजना को बढाने की मांग उठा रहा था इसी बीच आज उत्तर प्रदेश सरकार के ऊर्जा मंत्री अरविंद कुमार शर्मा द्वारा एक मुस्त समाधान योजना को आगे और भी 15 दिन के लिए बढ़ाए जाने का ऐलान किए जाने के बाद प्रदेश के विद्युत उपभोक्ताओं की तरफ से उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष व राज्य सलाहकार समिति के सदस्य अवधेश कुमार वर्मा ने माननीय ऊर्जा मंत्री के आवास पर उनसे मुलाकात कर प्रदेश के विद्युत उपभोक्ताओं की तरफ से उन्हें बधाई देते हुए नव वर्ष की शुभकामनाएं भी दी और कहा सरकार द्वारा उपभोक्ताओं की मांग पर एक मुस्त समाधान योजना को 15 दिन और आगे बढाया गया है इसका लाभ निश्चित तौर पर जो उपभोक्ता अभी तक नहीं ले पाए हैं वह लेंगे इसके साथ ही उपभोक्ता परिषद ने माननीय ऊर्जा मंत्री जी से यह भी मांग की की जल्द से जल्द किसानों के लिए फ्री बिजली योजना का आदेश भी जारी कराया जाए जिससे भरम की स्थिति दूर हो सके। उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा प्रदेश के उन सभी बकायदार विद्युत उपभोक्ताओं से उपभोक्ता परिषद अपील करता है जो एक मुस्त समाधान योजना का लाभ नहीं ले पाए हैं।

## प्रदेश के किसानों के उत्पादों को अधिक मूल्य मिले, किये जा रहे प्रयासः सिंह

**लखनऊ।** प्रदेश के उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार तथा कृषि निर्यात राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री दिनेश प्रताप सिंह ने सोमवार को लखनऊ के चौधरी चरण सिंह अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से प्रयागराज व कौशाम्बी का सेबिया एवं सफेदा अमरूद की पहली खेप को हरी झण्डी दिखाकर ओमान के लिये रवाना किया।

उन्होंने इस अवसर पर कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के मार्गदर्शन में उनके संकल्प को पूरा करने के लिए मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में प्रदेश के किसानों की आय दुगुना करने के निरंतर कार्य किये जा रहे है। प्रदेश के किसानों के उत्पादो को विदेशी बाजारों तक पहुचाने का कार्य किया जा रहा है। अभी हाल ही में लखनऊ के आम को रूस के मास्को भेजा गया था, जहाँ पर लखनऊ के आम की तारीफ के साथ ही यहां के 80 रूपये प्रति किलो आम के वहां पर 800 रूपये प्रति किलो तक मूल्य मिला। उद्यान मंत्री ने कहा कि विश्व प्रसिद्ध अपने रंग और स्वाद के लिये पहचान वाला प्रयागराज और कौशाम्बी का सेबिया और सफेदा अमरूद ओमान भेजा गया है। गंगा यमुना के बीच प्रयागराज और कौशाम्बी की भूमि एवं जलवायु की विशेषता में पैदा होने वाला सेबिया और सफेदा अमरूद विश्व के अन्य स्थानों पर उत्पादित अमरूद से अधिक स्वादिष्ट होता है। इस अमरूद की ओमान में अधिक माँग है और वहां की मांग के तहत अभी पहली खेप में 06 कुन्टल अमरूद आज कारगो से भेजा गया है और किसानों को यहां के बाजार मूल्य से अधिक दर से भुगतान भी मिल रहा है। उन्होंने बताया कि किसानों के अमरूदों को निर्यात कम्पनी द्वारा सीधे उनके खेतों से खरीदा गया। किसानों को अपने खेत पर ही यहां के बाजार भाव से अधिक दाम मिल गया और किसानों को मण्डी तक जाने की जरूरत नहीं पड़ी। उद्यान मंत्री ने कहा कि प्रदेश के विभिन्न उत्पादों आम, अमरूद, मिर्ची की दुनिया के बाजारों में पहुंचाकर मोदी जी के किसानों की आय दुगुनी करने के सपनों को पूरा किया जा रहा है।

# उप मुख्यमंत्री ने राम लाल राही व श्रीमती सुन्दरि देवी रश राही की मूर्ति का किया अनावरण

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य द्वारा सत् श्री सांई शिव शक्ति मन्दिर, सरायन नदी तट, मोहल्ला-नई बस्ती, सीतापुर में श्रद्धेय स्व0 राम लाल राही, पूर्व गृह राज्य मंत्री, भारत सरकार की 86वीं जयन्ती के अवसर पर पूज्य स्व0 राम लाल राही एवं स्व0 श्रीमती सुन्दरि देवी राही, प्रथम महिला अध्यक्ष, जिला पंचायत, सीतापुर की मूर्ति अनावरण करते हुये मा0 राही जी की जीवनी की पुस्तक का विमोचन किया गया। इसके उपरांत उन्होंने मंदिर प्रांगण में विशाल जनसभा को मुख्य अतिथि के रूप में सम्बोधित किया।उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य जी ने कहा कि जहां अन्याय होता है, वहां न्याय के लिए लड़ना पड़ता है ये सीख बाबू जी से सीखना चाहिए। 2024 की शुरुआत हो गई है। यह वर्ष बहुत निर्णायक वर्ष होगा। 14 जनवरी से 22 जनवरी तक प्रत्येक गांव मोहल्लों में स्वच्छता का अभियान



चलाना है। भ्रष्टाचार पर रोक लगाने का काम मा0 प्रधानमंत्री जी ने किया है। पहले जिसने भी भ्रष्टाचार किया है, उससे भी वसूला जाएगा। भारत को विश्व में तीसरी अर्थव्यवस्था आप सबको मिलकर बनाना है। जो विकसित भारत संकल्प यात्रा आपके गांव में जा रही है, इस यात्रा में आपके फॉर्म भरने का काम, पेंशन फॉर्म, आवास फॉर्म आदि फार्म भरे जा रहे हैं। इन सब माध्यम से लोगों को विकास की गारंटी दे रहे हैं। डबल इंजन की सरकार आप सबके आशीर्वाद से चल रही है। 2017 से पूर्व गुंडागर्दी थी, अब गुंडे डरते हैं। किसी गरीब, व्यापारी आदि की दुकान, मकान, जमीन आदि कर कब्जा करने की किसी की हिम्मत नही है। पहले बिजली जाती थी, किंतु अब बिजली आती है, बिजली जाती नही है। केन्द्रीय राज्यमंत्री आवास एवं शहरी विकास श्री कौशल किशोर जी ने बाबू राम लाल राही व सुन्दरि जी को श्रंद्धाजलि अर्पित की।कहा कि बाबू जी एक आंदोलनकारी व्यक्ति थे व विकास के लिए तत्पर रहते थे। विकसित भारत आत्म निर्भर भारत बनाने के लिए विकसित परिवार बनाना है। मंत्री लोक निर्माण विभाग उ0प्र0 श्री जितिन प्रसाद ने कहा कि स्व0 बाबू राही जी और उनके पिता जी का बहुत साथ रहा है। मा0 राही जी ने गृह मंत्रालय की जिम्मेदारी सम्भाली और भारत के विकास के लिये बहुत ही बड़ी भूमिका निभाई। देश की जनता की लिये महत्वपूर्ण योगदान दिया। सांसद राजेश वर्मा ने सभी को शुभकामनाएं देते हुए पुस्तक के माध्यम से मा0 राम लाल राही जी के किये गए कार्यो की सराहना किया। सांसद जी ने कहा कि बाबू जी से हम बहुत कुछ सीखे है ,उस शिक्षा का आज भी हम अनुकरण कर रहे हैं। सभी को धन्यवाद दिया। मा0 कारागार राज्यमंत्री श्री सुरेश राही ने सभी प्रतिनिधियों व जनता का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आज इन मूर्तियों को लगाने का कारण है इससे प्रेरणा मिलती है कि गरीब का बच्चा भी आगे बढ़ सकता है, दृढ़ इच्छा होनी चाहिए।

## जलशक्ति मंत्री के सार्थक प्रयासों से अभियंताओं को प्रमोशन की मिली बड़ी सौगात

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के जलशक्ति मंत्री श्री स्वतंत्र देव सिंह के सार्थक प्रयासों से नए साल पर सिंचाई विभाग के अभियंताओं को प्रमोशन की बड़ी सौगात मिली है। यूपी सिंचाई विभाग में बड़े पैमाने पर अभियंताओं के प्रमोशन हुए हैं। सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के प्रोन्नत अभियंताओं में सिविल संवर्ग के प्रमुख अभियन्ता के पद पर श्री हेमन्त कुमार गुप्ता, मुख्य अभियन्ता (स्तर-1) के पद पर श्री सोरण सिंह, श्री वीरेन्द्र कुमार तथा मुख्य अभियन्ता (स्तर-2) के पद पर श्री सर्वेश कुमार श्रीवास्तव, श्री विष्णु कुमार अग्रवाल एवं श्री ज्ञान प्रकाश श्रीवास्तव की पदोन्नति हुई है। इसके साथ ही सिंचाई एवं जलसंसाधन विभाग के 29 अधिशासी अभियन्ताओं को अधीक्षण अभियन्ता के पद पर प्रोन्नत करते हुए जलशक्ति मंत्री ने नव वर्ष का उपहार दिया है। उत्तर प्रदेश के जलशक्ति मंत्री श्री स्वतंत्र देव सिंह जी ने यह जानकारी देते हुए बताया कि पारदर्शीपूर्ण व्यवस्था के तहत कार्मिकों का निष्पक्ष पदस्थापना/स्थानान्तरण एवं पदोन्नति विभाग का दायित्व है। सभी अभियन्ता को अपने दायित्वों को पूरी निष्ठा के साथ निर्वहन करते हुए किसानों को खुशहाल बनाने के लिए निरन्तर तत्पर रहें, जब किसान खुशहाल होंगे तभी देश एवं प्रदेश की तरक्की होगी। आप सभी कड़ी मेहनत, पूर्ण निष्ठा एवं लगन से काम करते हुए कृषकों को समय से सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराएं, जिससे किसानों की आय में बढ़ोत्तरी हो। नए वर्ष पर अधिशासी अभियंता से अधीक्षण अभियंता के पद पर प्रोन्नति पाने वालों में लाल बहादुर सिंह, विजय कुमार कुशवाहा, आलोक कुमार, राजकुमार भगत, विजय कुमार, ओम प्रकाश मौर्या, रजनीकान्त सिंह, संजय कुमार, अजय कौशिक, सुरेन्द्र सिंह, मनोज साहू, सुनील कुमार गिरि, राम प्रकाश प्रजापति, करुणेश कुमार, सुरेन्द्र पाल सिंह, अरविन्द कुमार सचान, रवीन्द्र कुमार चौधरी, केशरी नन्दन त्रिपाठी व सुरेश चन्द्र यादव शामिल हैं।

# विकसित भारत की दिलाई शपथ

अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय और नगर पंचायत के सहयोग से आज प्रथम सत्र में शंकरगढ़ क्षेत्र के राम भवन चौराहे पर आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम को बारा विधायक डॉक्टर वाचस्पति द्वारा आयोजन के उद्देश्यों पर विस्तार से जानकारी देते हुए लोगों को विकसित भारत से संबंधित शपथ दिलाई। कार्यक्रम के दौरान कई कल्याणकारी योजनाओं के विभागों के स्टॉल जैसे आपूर्ति विभाग, स्वास्थ्य विभाग, भारतीय स्टेट बैंक, कृषि बैंक आदि का स्टाल लगाया गया था जिसके माध्यम से उपस्थित लोगों ने योजनाओं के बारे में जानकारी लेकर अपना पंजीकरण कराया और लाभ प्राप्त किया। कार्यक्रम के दौरान अधिशासी अधिकारी नवीन कुमार, विनोद कुमार त्रिपाठी, संतलाल सरोज, नगर पंचायत अध्यक्ष पार्वती, दिनेश तिवारी, शिवराम सिंह परिहार, सुरेश केसरवानी, रोहित केसरवानी, मूलचंद, रोहित गुप्ता, अनूप, नरेंद्र गुप्ता,



उमा वर्मा, स्नेहा सिंह, ज्योति सहित हजारों की संख्या में लोग उपस्थित रहे।

इसी तरह विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम आज दूसरे सत्र में नगर पंचायत सिरसा के रामलीला मैदान में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पंचायत सिरसा के अध्यक्ष विपिन केसरवानी (लखन) उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि द्वारा उपस्थित लोगों को विकसित भारत से संबंधित संकल्प दिलाया गया और इस अवसर पर बडौदा यूपी बैंक, बिजली विभाग, जिला आपूर्ति कार्यालय कार्यालय, उज्वला योजना, स्वास्थ्य विभाग, जिला नगरीय विकास अभिकरण, डाक विभाग आदि का स्टाल लगाकर पात्र लोगों को योजनाओं के बारे में जानकारी देकर उनका पंजीकरण किया गया।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों को 2024 का विकसित भारत से संबंधित कैलेंडर उपलब्ध कराया गया। कार्यक्रमों के दौरान योजनाओं के लाभार्थियों ने मेरी कहानी मेरी जुबानी के तहत अपने अनुभव को साझा किया तथा माननीय प्रधानमंत्री जी के प्रति आभार व्यक्त किया और धन्यवाद भी दिया। कार्यक्रम के दौरान अधिशासी अधिकारी श्री मृदुल कुमार, सभासद तिलक केसरी विपिन सिंह अतुल भगवान केसरी पुष्पराज यादव बृजलाल यादव रवि केसरवानी तथा विनोद प्रजापति नित्यम सुधाकर पांडे सिद्धांत तिवारी सत्य प्रकाश शीतल केशरवानी, हर्षदेव सिंह आदि की संख्या में हजारों लोग उपस्थित रहे।

## गजया की टीम ने चार विकेट से जीत कर ट्राफी पर कब्जा बनाया

**कुदरहा, बस्ती अवधनामा संवाददाता।** कुदरहा कस्बे में राघव राम बचन



शिवा सरस्वती विद्यापीठ परिसर में राघव राम बचन युवा क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मैच गायघाट व गजया के बीच खेला गया। जिसमें गजया की टीम ने चार विकेट से जीत कर ट्राफी पर कब्जा बनाया। सोमवार को फाइनल क्रिकेट प्रतियोगिता गायघाट और गजया के बीच खेला गया। गजया के कप्तान बबलू चौधरी ने टास जीतकर पहले फील्डिंग करने का निर्णय लिया। जबाब में बल्लेबाजी करने गायघाट की टीम ने निर्धारित 20 ओवरों में सभी विकेट खोकर 180 रन बनाया। जवाब में गजया की टीम ने 17 वें ओवर में 6 विकेट खोकर निर्धारित लक्ष्य को हासिल कर लिया और चार विकेट से फाइनल मैच जीत लिया। राहुल मौर्य ने चार ओवर में दो विकेट और शानदार बल्लेबाजी करते हुए 64 रनों की पारी खेली। जिसके लिए उन्हें मैन ऑफ द मैच दिया गया। कप्तान बबलू चौधरी ने भी ताबड़तोड़ 48 रनों की पारी खेली। पूरी सीरीज में शानदार खेल का प्रदर्शन करने के कारण बबलू चौधरी को मैन ऑफ द सीरीज से नवाजा गया। निर्णायक की भूमिका अजय कुमार और संदीप कुमार यादव ने निभाई। वहीं जितेंद्र नायक और राहुल सिंह ने कमेंट्री का काम बखूबी निभाया। इस मौके पर आयोजक टीम में सूरज पाल, बंटी दूबे, रजनीश गिरी, विपुल गोस्वामी, रमेश चौधरी, निखिल गोस्वामी, खिलाड़ी के रूप में राहुल मौर्य, बरकत अली, मानचंद चौधरी, नीरज चौधरी, कलामुद्दीन, अजय मौर्य, अली हसन, छोटू चौधरी, अजय यादव, रजनीश, विजय यादव सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# 11 जिलों के डाकघरों में ई-स्टाम्प की बिक्री शुरू

अवधनामा संवाददाता



- डाकघरों से ई-स्टाम्प सेवा ई-गवर्नेंस और डिजिटल इंडिया की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम : रवीन्द्र

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में डाकघरों से भी अब ई-स्टाम्प प्राप्त किये जा सकेंगे। डाक विभाग और स्टॉक होल्डिंग कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड के बीच हुए एग्रीमेंट के तहत इसे पायलट प्रोजेक्ट रूप में आरम्भ किया गया है। उत्तर प्रदेश सरकार में राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार), स्टाम्प तथा न्यायालय शुल्क एवं पंजीयन विभाग श्री रवीन्द्र जायसवाल ने वाराणसी कचहरी उपडाकघर में ई-स्टाम्प सेवा का नव वर्ष के प्रथम दिन, 1 जनवरी को शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने स्वयं ई-स्टाम्प डाकघर काउंटर से ख़रीदा एवं वाराणसी परिक्षेत्र के पोस्टमास्टर जनरल कृष्ण कुमार यादव ने उन्हें उक्त ई-स्टाम्प भेंट किया। इसके साथ ही उत्तर प्रदेश के 11 जिलों के चिन्हित डाकघरों में ई-स्टाम्प की बिक्री आरम्भ हो गई।

शुभारम्भ पश्चात राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार), रवीन्द्र जायसवाल ने कहा कि डाक विभाग का नेटवर्क बेहद विस्तृत है और यह एक लंबे समय से तमाम नागरिक केंद्रित सेवाएं प्रदान कर रहा है। ऐसे में डाकघरों के माध्यम से ई-स्टाम्प की बिक्री ई-गवर्नेंस और डिजिटल इंडिया की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। शीघ्र ही ग्रामीण क्षेत्र के डाकघरों से भी ई-स्टाम्प की बिक्री आरंभ कर इसे सर्वसुलभ बनाया जायेगा। डाकघरों से हम सभी का जुड़ाव रहा है। डाकघरों से ई-स्टाम्प की बिक्री आरम्भ होने से लोगों को भागदौड़ से छुटकारा मिलेगा, वहीं किसी भी प्रकार की कालाबाजारी या ओवर चार्जिंग से निजात मिलेगी। यह प्रधानमंत्री जी और उ.प्र. के मुख्यमंत्री जी की उस सोच का भी परिचायक है, जहाँ अंत्योदय की भावना के साथ सेवाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाया जा रहा है।

## सीएमएस छात्र 'वीरभद्र अवार्ड' से सम्मानित

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, राजाजीपुरम (प्रथम कैम्पस) के कक्षा-9 के मेधावी छात्रों तनिष्क सक्सेना एवं अवन्तिका त्रिपाठी ने पर्यावरण एवं जैव-विविधता पर आधारित अखिल भारतीय प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार अर्जित कर लखनऊ का गौरव सारे देश बढ़ाया है। इस उल्लेखनीय उपलब्धि हेतु तनिष्क एवं अवन्तिका को 'डा. वीरभद्र मिश्रा अवार्ड' प्रदान कर सम्मानित किया गया है। प्रतियोगिता का आयोजन सामाजिक संस्था 'स्वयं सिद्धा' के तत्वावधान में राष्ट्रीय स्तर पर किया गया। सी.एम.एस. प्रेसीडेन्ट प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने सी.एम.एस. छात्रों की बहुमुखी प्रतिभा की प्रशंसा करते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की है, साथ ही विद्यालय की प्रधानाचार्या व शिक्षकों का आभार व्यक्त किया है। यह जानकारी सी.एम.एस. के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी श्री हरि ओम शर्मा ने दी है।



श्री शर्मा ने बताया कि इन दोनों प्रतिभाशाली छात्रों ने राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित 'यूनीक इन्वार्यनमेन्ट प्रतियोगिता' में प्रतिभाग करते हुए 'प्लास्टिक - ए नेसेसरी इविल ऑर इज देअर एनी सल्यूशन' विषय पर अपने सृजनात्मक विचारों की सर्वश्रेष्ठ प्रस्तुति देकर यह उपलब्धि अपने नाम की है। प्रतियोगिता के आयोजकों ने पर्यावरण संरक्षण हेतु छात्रों की रचनात्मक सोच एवं स्वच्छ व सुन्दर पर्यावरण हेतु उसकी विचारशीलता व संकल्प की भूरि-भूरि प्रशंसा करते प्रशस्ति पत्र एवं ट्राफी प्रदान कर सम्मानित किया।

# डाक विभाग, उत्तर प्रदेश परिमंडल ने दी जनता को नए साल की सौगात

**लखनऊ।** दिनांक 01.01.2024 को उत्तर प्रदेश डाक परिमंडल ने डाकघर द्वारा प्रदान की जाने वाली नागरिक आधारित सेवाओं का विस्तार करते हुए डाकघरों के माध्यम से ई स्टांप के विक्रय की आधिकारिक शुरुआत की। यह सेवा उत्तर प्रदेश डाक परिमण्डल के चीफ पोस्टमॉस्टर जनरल श्री ब.सेल्वाकुमार द्वारा स्टाम्प एवं पंजीकरण विभाग उत्तर प्रदेश की प्रमुख सचिव श्रीमती लीना जौहरी की उपस्थिति में की गयी।

इस बाबत लखनऊ जीपीओ में आयोजित कार्यक्रम में लखनऊ मुख्यालय परिक्षेत्र के पोस्टमॉस्टर जनरल श्री विवेक कुमार दक्ष, स्टाम्प एवं पंजीकरण विभाग उत्तर प्रदेश ओर से आई.जी. श्री डॉ रूपेश कुमार, श्री रवीश कुमार, श्री सुशील कुमार तिवारी चीफ पोस्टमास्टर लखनऊ



जी.पी.ओ व अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। इस सम्बन्ध में गौरतलब है की बीते 22.12.2023 को उत्तर प्रदेश डाक परिमण्डल तथा स्टॉक होल्डिंग कारपोरेशन ऑफ़ इंडिया के बीच महत्वपूर्ण समझौते पर हस्ताक्षर किये गये इसी क्रम में आज यह सेवा जनता के लिए शुरू की गयी। यह सेवा लखनऊ जी.पी.ओ समेत प्रदेश के 11 चिन्हित डाकघरों (गौतमबुद्ध नगर सेक्टर-34, ग़ाज़ियाबाद प्रधान डाकघर, कानपुर प्रधान डाकघर, आगरा कलेक्ट्रेट उप डाकघर, प्रयागराज कचहरी प्रधान डाकघर, वाराणसी कचहरी उप डाकघर, गोरखपुर कचहरी उप डाकघर, मेरठ कचहरी उप डाकघर, सहारनपुर प्रधान डाकघर, बिजनौर प्रधान डाकघर) में पायलट मोड में शुरू की गयी है। इस अवसर पर श्री विवेक कुमार दक्ष ने बताया कि इस सेवा के शुरू होने से जनता को चिन्हित डाकघरों से असानी से इ-स्टाम्प पेपर प्राप्त हो सकेंगे। उन्होंने बताया कि 10 रुपये मूल्य का स्टाम्प पेपर 10 रूपए का ही मिलेगा। आज डाक विभाग जनता को तमाम नागरिक आधारित सेवाएँ प्रदान कर रहा है और इसी क्रम में डाक घरों के माध्यम से ई-स्टाम्प की बिक्री एक महत्तवपूर्ण सेवा है। मैं आशा करता हूं कि हम डाक विभाग के बृहद नेटवर्क के माध्यम से ई-स्टांप की सेवा का लाभ प्रदेश के कोने-कोने तक पहुंचाएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि तीन महीनों के पश्चात इसका रिव्यू किया जाएगा और तत्पश्चात ये सेवा प्रदेश के अन्य डाक घरों में उपलबध कराने पर विचार होगा।

## खाटू वाले श्याम बाबा तेरा ही सहारा, तेरे सिवा दुनिया में कोई ना हमारा



अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** बीरबल साहनी मार्ग स्थित श्री श्याम मन्दिर में श्री श्याम नववर्ष महोत्सव के अवसर पर सुबह से ही भक्तों का ताता देखते बन रहा था जिसमें एक लाख से अधिक भक्तों ने खाटू श्याम बाबा के दर्शन किए प्रबंधन कमेटी महामंत्री रुपेश अग्रवाल ने बताया कि विगत कई वर्षो से नव वर्ष की आगमन पर भक्तों की संख्या में इजाफा हुआ है जिसके लिए प्रबंधन कमेटी पूरी व्यवस्था करती है आने वाले भक्त को असुविधा न हो। वहीं कोषाध्यक्ष आशीष अग्रवाल ने बताया कि सुबह से ही गायको द्वारा संगीत में भक्ति का माहौल देखते ही बन रहा था आए हुए भक्त बाबा के भजनों में झूमते नाचते भाव विभोर हो दर्शन कर रहे थे। उत्तर विधानसभा के विधायक डॉ नीरज बोरा, समाजसेविका बिंदु बोरा, नगर उपाध्यक्ष घनश्याम दास अग्रवाल, पार्षद प्रतिनिधि सौरभ तिवारी, शैलेंद्र अटल, नगर कार्यकारिणी सदस्य सतीश वर्मा, शैलेंद्र मौर्य, खाटू श्याम बाबा के दर्शन करने पहुंचे। भजनों की श्रृंखला में सबसे पहले लखनऊ के पवन मिश्रा ने खाटू वाले श्याम बाबा तेरा ही सहारा, तेरे सिवा दुनिया में कोई ना हमारा,,,मेरे सपनो में आते है।

# नि:शुल्क आई कैम्प में देखें गए 450 मरीज़

वहाज अली निहाल

**इटावा।** ऑल इंडिया उलमा व मशाइख बोर्ड की ओर से शहर के इस्लामियां गर्ल्स कॉलेज में दूसरे नि:शुल्क आई कैम्प का आयोजन किया। बोर्ड के ज़िलाध्यक्ष हाजी शेख़ शकील अहमद ने बताया कि रविवार को बोर्ड की ओर से लगे नि:शुल्क आई कैम्प में करीब 450 मरीजों का नेत्र परिक्षण किया गया। 250 मरीजों को नि:शुल्क चश्में वितरित किये गये तथा पचास मरीजों का आपरेशन के लिए रजिस्ट्रेशन किया गया। उन्होंने बताया कि सुधा आई होस्पिटल के प्रबंधक अंकित सिंह की मौजूदगी में डा.राकेश सिंह आई सर्जन एंव डा. आशीष ने मरीजों का परीक्षण किया। नि:शुल्क शिविर का उद्घाटन पेश इमाम ईदगाह मौलाना कमालुद्दीन अशरफी ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर बोर्ड के अध्यक्ष हाजी शकील, सचिव हाजी शेख आफताब आदि बोर्ड के ज़िम्मेदार लोगों ने आये हुए अतिथियों में मौलाना कमालुद्दीन अशरफी, सरपरस्त मौलाना अब्दुल वाजिद अशरफी, मौलाना ज़ाहिद रज़ा, कारी सरफ़राज़ आलम निज़ामी, हाफिज़ व कारी फुरकान, रौनक इटावी, कांग्रेस के नेता मोहम्मद राशिद अलावा व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष आलोक दीक्षित, महामंत्री रिषी पोरवाल, शहर अध्यक्ष संजय वर्मा, युवा जिलाध्यक्ष मु रियाज, तारिक शम्शी, मुशीर अहमद आदि का शाल उड़ाकर एंव गुलपोशी कर स्वागत किया। कैम्प में डॉक्टरों के अलावा मोहम्मद आरिफ, सवा खान, ज़ोया खान, कीर्ति श्रीवास्तव, शिफा, साइमा, अनस, सत्या, समीर, मोहम्मद समीर आदि ने भी नेत्र शिविर को सफल बनाने में अपना योगदान दिया। हाजी शेख़ शकील के नेतृत्व में हाजी शेख़ आफताब, मोहम्मद अज़ीम, अनस कैफ, रियाज़ अब्बासी, जैनुल आबदीन, मुराद अली, नाज़िम, शेख़ नवाब, शेख़ फरमान, चीनी, अकील, जुबैर आदि का नि:शुल्क नेत्र शिविर को कामयाब बनाने में विशेष योगदान रहा।




■ ऑल इंडिया उलमा व मशाइख बोर्ड की ओर से शहर में लगे नि:शुल्क आई कैम्प की सभी ने सराहना की

# संस्कृति विवि: एग्री क्लीनिक एवं एग्री बिजनेस का प्रशिक्षण शुरू

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** भारत सरकार के कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्रालय द्वारा प्रायोजित संस्कृति नोडल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट में 45 दिवसीय प्रशिक्षण के दूसरे बैच के 35 विद्यार्थियों का प्रशिक्षण शुरू हुआ। नए सत्र के शुभारंभ के अवसर पर वक्ताओं द्वारा कहा गया कि भारत सरकार द्वारा वित्त पोषित इस प्रशिक्षण के बाद प्रशिक्षणार्थियों को 20 लाख रुपये तक का बैंक लोन एवं 36-44 प्रतिशत सब्सिडी भी प्राप्त होती है। वे स्वयं उद्यमी बनकर लोगों को रोजगार भी प्रदान कर सकते हैं। एसीएबीसी प्रोजेक्ट के नोडल अधिकारी डा. रजनीश त्यागी ने प्रशिक्षण में भाग ले रहे प्रशिक्षणार्थियों को बताया कि कृषि मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन मैनेज (राष्ट्रीय कृषि विस्तार प्रबंधन संस्थान) द्वारा शुरू हुए 45 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य कृषि क्षेत्र में महत्वाकांक्षी उद्यमियों को व्यापक प्रशिक्षण और सहायता प्रदान करना है। इसके माध्यम से छात्र, किसान सरकारी सहायता से स्वयं उद्यमी बनने का सपना पूरा कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण प्राप्त विद्यार्थियों के लिए उद्यमी बनने का एक सुनहरा अवसर है और उन्हें इस अवसर का भरपूर लाभ उठाना चाहिए। हमारा विश्वविद्यालय हमारे छात्रों के बीच एक उद्यमशीलता की मानसिकता को बढ़ावा देने और उन्हें कृषि क्षेत्र में सफल होने के लिए आवश्यक कौशल प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रतिभागियों को ज्ञान और उपकरणों से लैस करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। जिसकी उन्हें आवश्यकता है। हम मानते हैं कि उनकी उद्यमशीलता की भावना का पोषण करके, हम नवाचार चला सकते हैं और कृषि उद्योग के विकास में योगदान कर सकते हैं।संस्कृति इंक्युबेशन एंड स्टार्टअप कार्यक्रम के सीईओ प्रोफेसर अरुन त्यागी ने कृषि क्षेत्र में उपलब्ध कई स्वरोजगार के अवसरों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कृषि प्रौद्योगिकी हस्तांतरण के महत्व पर प्रकाश डाला और प्रतिभागियों को विभिन्न विकसित तरीकों के बारे में बताया जो इस प्रक्रिया को सुविधाजनक बना सकते हैं। संस्कृति स्कूल आफ एग्रीकल्चर के डीन डा. केके सिंह ने भारत सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में जानकारी दी।

## राजनाथ सिंह ने देश को समर्पित किया पहला बालिका सैनिक स्कूल

**मथुरा।** देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने देश को पहला बालिका सैनिक स्कूल समर्पित किया। छठी कक्षा से 12 वीं कक्षा तक संचालित होने जा रहे इस स्कूल में 120 बेटियां शिक्षा लेंगी। इस दौरान प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद रहे। सोमवार को रक्षा मंत्री एवं मुख्यमंत्री वृंदावन के वात्सल्य ग्राम में चल रहे तीन दिवसीय षष्ठीपूर्ति महोत्सव के समापन अवसर पर आयोजित हुए कार्यक्रम में शामिल होने के लिए पहुंचे थे। इसी मौके पर स्कूल का लोकार्पण किया गया। विद्यालय में वर्तमान में स्केटिंग, बालीवाल, राइफल शूटिंग, हार्स राइडिंग कोर्स बालिकाओं को कराए जाएंगे। इसके अलावा सैन्य विद्यालयों के लिए सैनिक स्कूल सोसाइटी द्वारा तय मानकों के आधार पर बाधा प्रशिक्षण के लिए मैदान तैयार कराया जाएगा।

## बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान का लिया शिक्षकों ने प्रशिक्षण

**चौमुहां (मथुरा)।** निपुण भारत अभियान के अन्तर्गत परिषदीय विद्यालयों के छात्र-छात्राओं में भाषा एवं गणित विषय में कौशल विकास हेतु आयोजित चार दिवसीय प्रशिक्षण का समापन हो गया। खण्ड शिक्षा अधिकारी नरेन्द्र कुमार ने बताया कि अकादमिक सत्र 2023-24 की कार्य योजना 25 सप्ताह की है। प्राथमिक विद्यालयों के समस्त शिक्षकों को यह प्रशिक्षण प्रदान किया जाना है। इससे पहले समस्त प्रतिभागियों को राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा 2022, सत्र 2023-24 की भाषा एवं गणित की वार्षिक रणनीति, साप्ताहिक कार्ययोजना, कालांश विभाजन, जिम्मेदारियों का क्रमिक हस्तांतरण, रेमेडियल एवं आकलन शिक्षण योजना, शिक्षण हेतु उपलब्ध संसाधन आदि विषयों की विस्तार से जानकारी प्रदान की गई। प्रशिक्षण सन्दर्भदाता हरिओम शर्मा, प्रधुमन सिंह, विनीता शर्मा, मंजू राजपूत एवं मनोज बर्धन द्वारा प्रदान किया जा रहा है। इस अवसर पर रिपुसूदन वशिष्ठ, अवनीश उपाध्याय, प्रियंका पाण्डेय, सुमन राघव, राजकुमार गौतम, नीरज गुप्ता, विकास कुमार, लाल सिंह, ममता रानी आदि उपस्थित रहे।

# कान्हा की नगरी में नव वर्ष मनाने को जुटे लाखों लोग

■ नव वर्ष के मौके पर बांके बिहारी मंदिर में उमड़ा जनसैलाब

■ मथुरा, गोवर्धन, बरसाना, नंदगांव, गोकुल आदि स्थलों पर भी जुटी भारी भीड़

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** कान्हा की नगरी में नए साल का आगाज करने के लिए लाखों की संख्या में लोग पहुंचे। मंदिरों में दिन भर भारी भीड का दबाव रहा। ट्रेफिक की भी जगह जगह समस्या बनी रही। कई दिन पहले से ही मथुरा वृंदावन के करीब 500 होटल, गेस्ट हाउस और आश्रम फुल हो गये थे। वृंदावन के वात्सल्य ग्राम में लगातार तीन दिन वीवीआईपी मूवमेंट रहने की वजह से यातायात भी डायवर्ट किया गया था। जिसके चलते श्रद्धालुओं को दिक्कतों का सामना करना पडा।

धार्मिक नगरी वृंदावन की प्रमुख सड़कों एवं मंदिर आने जाने वाले सभी मार्गों पर भीड़ का नजारा दिखाई दिया। बांके बिहारी मंदिर के साथ साथ अन्य मंदिरों में भी भारी भीड़ उमड़ी। बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं को सुगम दर्शन हों इसके लिए प्रशासन ने भी चाक चौबंद व्यवस्था की थीं। मंदिर के आसपास के प्रमुख चौराहों एवं तिराहों पर अतिरिक्त पुलिसबल तैनात किया गया था। वहीं आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी परेशानी का सामना न करना पड़े इसके लिए प्रशासन को काफी मशक्कत करनी पड़ी। नव वर्ष के मौके पर लाखों की संख्या में श्रद्धालु तीर्थ नगरी मथुरा वृंदावन पहुंचते हैं। मंदिर परिसर के आसपास एवं गलियों में अत्यधिक भीड़ होने के कारण कई बार हादसे हो चुके हैं। इसी को दृष्टिगत रखते हुए प्रशासन भी आने वाले त्योहारों को लेकर पहले से ही तैयारी में जुट जाता है। इसके लिए प्रशासन पहले से ही आने वाले श्रद्धालुओं के वाहनों को वृंदावन की सीमा में घुसने से पहले ही पार्किंग स्थलों पर खड़ा करने की व्यवस्था सुनिश्चित की थी। जिससे शहर के अंदर जाम की स्थिति पैदा न हा। बांकेबिहारी मंदिर के सेवायत आचार्य मयंक गोस्वामी उर्फ बंटू महाराज ने कहा कि अंग्रेजी नव वर्ष होने के कारण बाहर से आने वाले श्रद्धालु ठाकुर बांके बिहारी जी महाराज के चरणों में अपनी भाव भक्ति के साथ साथ श्रद्धा सुमन अर्पण करने आते हैं। वहीं देश विदेश से आने वाले अपने आराध्य के दर्शन करने के लिए सुबह से ही मंदिर पहुंचते हैं और अपने नए कार्यों की शुरुआत बांके बिहारी के दर्शन कर उनके चरणों में अर्जी लगाते हैं। वृंदावन मथुरा के अलावा गोकुल, बरसाना, नंदगांव, गोवर्धन आदि धार्मिक स्थलों पर भी भीड का दबाव बना हुआ है।

## ऋषि शर्मा हिन्दू महासभा उत्तर प्रदेश के प्रचार मंत्री पद पर हुए मनोनीत

**मथुरा।** अखिल भारत हिन्दू महासभा उत्तर प्रदेश अध्यक्ष मनोज शर्मा ने मथुरा के अपने पुराने कार्यकर्ता पूर्व महा नगर अध्यक्ष पर भरोसा जताते हुए उन्हें संगठन में बढ़ी जिम्मेदारी सौंप कर उत्तर प्रदेश प्रचारमंत्री के पद पर मनोनीत किया है। उनका मनोनयन तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है। ऋषि शर्मा ने अपना दायित्व ग्रहण करते हुए हिन्दू महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रविन्द्र कुमार द्विवेदी और उत्तर प्रदेश अध्यक्ष मनोज शर्मा का आभार प्रकट किया है। उन्होंने मथुरा जनपद के जिला अध्यक्ष गोपाल चतुर्वेदी के साथ कंधे से कंधा मिलाकर संगठन को मथुरा सहित सम्पूर्ण उत्तर प्रदेश में मजबूत करने का भरोसा दिलाया। जिला अध्यक्ष गोपाल चतुर्वेदी द्वारा ऋषि शर्मा को दूरभाष के माध्यम से बधाई दी। साथ ही संगठन के विस्तार पर व्यापक चर्चा करते हुए जल्द कार्यकारिणी गठित कर एक व्यापक सदस्यता अभियान जिले भर में चलाने और आगामी 22 जनवरी को भगवान राम के भव्य मंदिर परिसर में होने वाली प्राण प्रतिष्ठा समारोह का मथुरा में भी आयोजन करने की वार्ता हुई।

# ऑनलाइन शिक्षा के पक्ष व विपक्ष में छात्र-छात्राओं ने किया तर्क-वितर्क

■ वाद विवाद प्रतियोगिता में कृतिका, वैशाली,रितिका और हर्ष रहे विजेता




वहाज अली निहाल

**इटावा।** महोत्सव पंडाल में शिवदत्त चतुर्वेदी वाद विवाद प्रतियोगिता का शुभारंम्भ आगरा के साहित्यकार डा. भगवती प्रसाद मिश्र अतीत ने किया। प्रतियोगिता के मध्यम वर्ग के पक्ष में जीजीआईसी सैफई की कृतिका शर्मा प्रथम, इस्लामिया के मुहम्मद अयान ने द्वितीय और संत विवेकानंद की आराध्या सिंह ने तृतीय स्थान अर्जित किया। विपक्ष में संत विवेकानंद की वैशाली चौहान प्रथम, इस्लामिया के यश वर्मा द्वितीय तथा सेंट मेरी की इल्मा जमाल तृतीय रहे। वरिष्ठ वर्ग के पक्ष में लालाराम कालेज की रितिका प्रथम, फार्मेसी कालेज के अनिकेत यादव द्वितीय तथा जनता कालेज बकेवर की विधि चौहान तृतीय रहे। विपक्ष में जनता कालेज बकेवर के हर्ष शर्मा प्रथम, लालाराम कालेज की मोहिनी द्वितीय तथा ठाकुर राजेश सिंह कालेज के अनुराग सिंह भदौरिया तृतीय रहे। विजेताओं को गरिमा मिश्रा स्मृति तथा सावित्री कंकन स्मृति पुरस्कार भी प्रदान किए गए। मुख्य अतिथि ने कहा कि पं शिवदत्त चतुर्वेदी हिन्दी के ऐसे साधक थे जिन्होंने पीढ़ियों का निर्माण किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रपति पुरस्कार विजेता डा.पदम सिंह यादव पद्म ने की। उन्होंने कहा कि पं. शिवदत्त चतुर्वेदी नई पीढ़ी के आदर्श पुरुष थे। कार्यक्रम में प्रदर्शनी कार्यकारिणी सदस्य शांति स्वरूप पाठक, सुरेश चंद्र त्रिपाठी, विशन चंद्र अग्रवाल, राज किशोर बाजपेई, सईद नकवी, बीरेंद्र दुबे, रवींद्र सिंह दुबे, धर्मेंद्र बंसल, विजय नारायण सिंघल, कवि सुरेश भाई मिश्र, डॉ.राजीव राज, अवनीश त्रिपाठी, प्रेम चंद शाक्य, डा नीता तिवारी, बृजानंद शर्मा, प्रधानाचार्य गुफरान अहमद, अतुल आक्रोश, माहराम सिंह मृदुल, प्रियांक मिश्र आदि उपस्थित रहे। स्वागत संयोजक अजीत नारायण चतुर्वेदी ने तथा संचालन कवि रोहित चौधरी तथा ललित सक्सैना ने किया।

# नए सड़क कानून के विरोध में उतरे ट्रक चालक, हाईवे किया जाम

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** केंद्र सरकार द्वारा पारित नए सड़क कानून के विरोध में ट्रक चालकों ने सोमवार को राष्ट्रीय राजमार्ग नम्बर 19 पर मंडी चौराहे पर धरना प्रदर्शन किया। जिससे हाइवे पर मंडी चौराहा व गोवर्धन चौराहा पर ट्रक व अन्य वाहनों की लम्बी लाइनें लग गई। दिल्ली आने-जाने वाहनों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ा। मौके पर पहुंचकर पुलिस प्रशासन ने ट्रक चालकों को समझाने का प्रयास किया,लेकिन ट्रक चालकों ने जाम नहीं खोला। लोग पैदल चलकर आते-जाते शहर की तरफ दिखाई दिए। इस दौरान एक मरीज को ले जा रही एम्बुलेंस गोवर्धन चौराहे पर जाम में फंस गई। जिसको यातायात नियंत्रण के लिए लगे पुलिस कर्मियों ने श्रीकृष्ण जन्मस्थान मार्ग से होकर निकलवाया। सड़क मार्ग पर तेजगति और लापरवाही से वाहन चलाए जाने के कारण आए दिन हो रहे हादसों को रोकने के लिए केंद्र सरकार ने जो नया सड़क कानून पारित किया है। जिसके तहत वाहन चालक को 10 साल की सजा व मृतक के परिजनों के लिए सात लाख रुपये का मुआवजा देने का प्रावधान किया है। इसके विरोध में ट्रक चालकों द्वारा लगातार प्रदर्शन किया जा रहा है। सोमवार को फिर से ट्रक चालकों ने मंडी समिति के सामने हाईवे पर प्रदर्शन करके अपने ट्रकों को खड़ा कर दिया। जिससे जगह-जगह जाम जैसे हालात पैदा हो गए। हरियाणा निवासी ट्रक चालक मोहन सिंह ने बताया कि नए सड़क कानून के हिट एंड रन में चालक पर सात लाख का जुर्माना और दस साल की सजा का जो प्रावधान किया गया है।

# वीर गोकुला जाट का मनाया बलिदान दिवस

■ वीर गोकुला ने मुगल सल्तनत की चूलें हिला दी थीं: रामवीर सिंह तोमर

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** भाकियू चढ़ूनी के कार्यकर्ताओं ने अमर शहीद वीर गोकुला जाट का कैंप कार्यालय पर बलिदान दिवस सादगी से मनाया। मंडल अध्यक्ष रामवीर सिंह तोमर ने वीर गोकुला के चित्र पर फूल अर्पित कर उन्हें नम आंखों से श्रद्धांजलि अर्पित की। श्री तोमर ने बताया कि वीर गोकुला तथा भरतपुर के जाट शासक हसन मेवाती, गुरु गोविन्द सिंह ऐसे नाम हैं जिन्होंने मुगल सत्ता को खुलकर ललकारा था। वीर गोकुला का नाम इसलिए प्रमुखता से लिया जाएगा जिन्होंने दिल्ली की नाक के नीचे हुंकार भरी थी। 20 हजार कृषक सैनिकों की फौज खडी कर, जो अवैतनिक, अप्रशिक्षित और घरेलू अस्त्र शस्त्रों से सुसज्जित थी। यह सभी विस्तार के लिए नही, राष्ट्र की रक्षा हेतु प्राणार्पण करने आये थे। मुगलों ने जब मथुरा के मंदिरों को तोड़ने और अधिक मालगुजारी वसूलने का आदेश दिया तो कोतवालों ने जुल्म शुरू कर दिए। कोई भी विरोध नहीं कर पा रहा था। ऐसे में वीर गोकुला जाट ने हर वर्ग के किसानों को एकत्रित किया और मालगुजारी न देने का ऐलान किया। मुगल फौज और गोकुला जाट की किसान सेना के बीच संघर्ष शुरू हो गया। 10 मई 1666 को औरंगजेब की सेना और गोकुला जाट के बीच युद्ध हुआ, जिसे तिलपत की लड़ाई के नाम से जाना जाता है। जाटों की जीत हुई। इसके बाद औरंगजेब ने धर्म को बढ़ावा दिया और लगान बढ़ा दिया। गोकुला जाट ने लगान देने से मना कर दिया। औरंगजेब ने अनेक सेनापति भेजे, जाटों ने सबको हरा दिया। अंततः औरंगजेब को 1669 में दिल्ली से चलकर मथुरा आना पड़ा। दिसंबर 1669 में औरंगजेब और गोकुला जाट के बीच तीन दिन तक भीषण युद्ध हुआ। अंततः गोकुला जाट उनके साथियों और स्वजनों को बंदी बना लिया गया। औरंगजेब इतने बहादुर योद्धा को खोना नहीं चाहता था इसलिए उसने इस्लाम कबूल करने पर सभी को मुक्त करने और तिलपत को वैध अधिकार देने का प्रस्ताव रखा ,जो एक स्वर में सभी ने अस्वीकार कर दिया। इनकार किया तो गोकुला जाट को आगरा कोतवाली के सामने यातनाएं देते हुए सात दिन तक एक एक अंग करके काटा गया, आज उस जगह को फुहारा कहते हैं। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में डा सतीश चन्द्र, बिल्ला सिकरवार, राधेश्याम सिकरवार, प्रेम सिंह सिकरवार, कुंतभोज रावत, रामप्रकाश पुजारी, गौरव तोमर, हरिपाल सिंह परिहार, चरण सिंह पवार, ओमवीर मास्टर, सोनवीर सिंह तोमर, बच्चू सिंह तोमर, प्रेमपाल सिंह पवार, जगदीश पांडेय, रवीश कुमार, अकबर खान आदि मौजूद रहे।

## दुर्घटना में मजदूर की हुई मौत

**मथुरा।** थाना हाइवे अंतर्गत गोवर्धन मार्ग पर ग्राम खामनी के निकट फैक्ट्री से ड्यूटी करने के बाद घर लौट रहे युवक को किसी वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे उसकी मौत हो गई। थाना हाईवे के गांव खामनी निवासी संजय पुत्र हरपाल गोवर्धन मार्ग स्थित त्रिवेणी फैक्ट्री में काम करता था। बताया गया कि वह रात को फै क्ट्री से ड्यूटी समाप्त करने के बाद गांव के लिए पैदल लौट रहा था। रास्ते में गोवर्धन-मथुरा मार्ग पर ग्राम खामनी से पहले किसी वाहन ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। दुर्घटना में संजय घायल होकर सड़क किनारे गिर गया। वहां से गुजरते राहगीर ने जब उसे पड़े देखा तो पहचान कर दुर्घटना के बारे में संजय के परिवारीजनों को सूचना दी। परिवार के लोग कुछ ही देर में मौके पर पहुंच गए। गंभीर रुप से घायल होने पर उसे एक हॉस्पिटल ले जाया गया।

# उत्तर प्रदेश जोडों में मथुरा से शामिल हुए कांग्रेसी

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा में मथुरा के कांग्रेसी बडी संख्या में शामिल हुए। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष भगवान सिंह वर्मा के नेतृत्व में कांग्रेसी बरेली पहुंचे। यात्रा का नेतृत्व प्रदेश अध्यक्ष अजय राय, पूर्व मंत्री राष्ट्रीय सचिव जनाब तौकीर आलम कर रहे हैं। मथुरा से पहुंचे कांग्रेसियों ने पदाधिकारियों से मुलाकात की और मथुरा से आए पार्टी कार्यकर्ताओं की सूची सौंपी। जिला अध्यक्ष भगवान सिं वर्मा ने कहाकि उत्तर प्रदेश जोड़ो यात्रा को हजारों की संख्या में आम जन मानस सैलाब का सहयोग मिल रहा है। उससे यह बात स्पष्ट हो जाती है कि मोदी योगी सरकार के प्रति लोगों में गुस्सा है और लोग बेहतर विकल्प तलाश रहे थे और उत्तर प्रदेश जनता जनार्दन ने कांग्रेस व राहुल गांधी के रूप में अपना विकल्प तलाश लिया है। जिस तरह से जनता जनार्दन का समर्थन मिल रहा है। उसे एक बात तो स्पष्ट है की 2024 के चुनाव में कांग्रेस की सरकार बनेगी तथा राहुल गांधी देश के प्रधानमंत्री होंगे। राहुल गांधी लगातार गरीब, दलितों, पिछड़े बेरोजगारों व किसानों के हक की व कर्मचारियों पेंशन की आवाज संसद के अंदर व सांसद के बाहर लगातार उठाते रहे हैं तथा वर्तमान सरकार उनकी आवाज को दबाने की लगातार कोशिश कर रही है। परंतु राहुल गांधी व कांग्रेस पार्टी गरीबों, दलितों पिछड़ों व किसानों के हक की आवाज लगातार उठाते रहेगे। उत्तर प्रदेश जोड़ो यात्रा में महिला कांग्रेस की महानगर अध्यक्ष सिम्मी बेगम बेबी ठाकुर अखलाक चौधरी, चौधरी यदुवीर सिंह, राम भरोसी शामिल हुए।

# जनता के मन में सुरक्षा समृद्धि गौरव का भाव जागा: राजनाथ सिंह

■ योगी आदित्यनाथ ने कहा अब संघर्ष से नही संवाद से समस्या का समाधान होगा

अवधनामा संवाददाता

**वृन्दावन(मथुरा)।** वात्सल्य ग्राम में आयोजित षष्ठीपूर्ति महोत्सव में सोमवार को वृंदावन आये देश के रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने महोत्सव को संबोधित करते हुए कहा कि अयोध्या के भव्य राममंदिर के निर्माण में साध्वी ऋतंभरा के योगदान को भुलाया नही जा सकता। राममंदिर निर्माण आंदोलन को उन्होंने धार देने का काम किया है। आज की भागदौड भरी जिंदगी में किसी के पास कोई समय नही है यहां तक कि अपने लिए भी नहीं परन्तु ऋतंभरा जी ने समाज के उत्थान के लिए काम किया, समाज को अपना परिवार माना है, वह राष्ट्र के प्रति निष्ठा दर्शाता है। आज उत्तर प्रदेश की जनता के मन में सुरक्षा समृद्धि गौरव का भाव पैदा हुआ है क्योंकि शासन का मुखिया एक संत योगी है। भारत एक अद्भुत देश है। ऋतंभरा जी का आदेश था वृन्दावन में बालिकाओं का सैनिक स्कूल होना चाहिए उसका उद्घाटन आज हो गया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने संबोधन की शुरूआत राधे-राधे, बांकेबिहारी लाल की जय, भारत माता की जय के साथ करते हुए कहा कि अब संघर्ष से नही संवाद से समस्या का समाधान होगा। वात्सल्य ग्राम में भारत का परिदृश्य झलकता है। अयोध्या का नाम लेने में जो लोग संकोच करते थे वह आज निमंत्रण पत्र की बाट जोह रहे है। उन्होंने कहा कि देश की आवाम लंबे समय तक गुलामी खण्ड में कुप्रथा के साथ जी है, वात्सल्य ग्राम में आज से एक नये कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ है। यह बालिकाओं का सैनिक स्कूल खोले जाने से भारत की मिशन शक्ति का यह अद्भुत उदाहरण है। नारी शक्ति की सुरक्षा, सम्मान स्वावलम्बन के लिए सबको एकजुट होकर कार्य करने होंगे। प्रधानमंत्री के 2047 तक विकसित भारत का संकल्प पूरा करने के लिए प्रत्येक भारतवासी को पंचप्रण लेना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा हजारों वर्ष पूर्व पुष्पक विमान से प्रभु श्री राम अयाध्या आये थे आज वहां का पूरा इफ्रास्ट्रक्चर बदल गया है। छह-छह लेन की सड़क बन गयी है। 22 जनवरी के पश्चात आप जब अयोध्या जायेंगे तब आपको त्रेता युग की याद आयेगी। अयोध्या सडक, वायु रेल मार्ग से जुडने के बाद जल्द ही जल मार्ग से जुडने जा रहा है। 140 करोड भारतीय आज इस ताकत को रखते है कि वह पूरी दुनियां को अपनी शक्ति दिखा सकें।

महोत्सव में साध्वी ऋतंभरा जी ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए बताया कि माता-पिता ने उनका नाम निशा रखा था पर सद गुरू परमानंद जी ने उनको दीक्षा प्रदान कर नाम ऋतंभरा कर दिया। संत परमानंद महाराज ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी उ.प्र में अन्याय नही कर रहे वह अन्यायियों को निपटा रहे है। देश का अभिषाप छुआ-छूत, उंच-नीच। समाज में समरसता आवश्यक है। उससे हमारा देश पुनः सोने की चिडिया बन जायेगा। महोत्सव को जगद गुरू राम भद्राचार्य, विजय कौशल महाराज, संत गुरू शरणानंद, गीता मनीषी श्रद्धानंद, गुरू मां आनंद मूर्ति, केन्द्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति आदि ने संबोधित किया। संचालन योग गुरू बाबा रामदेव कर रहे थे। साधु-संतों के अलावा मंच पर केबिनेट मंत्री चौ. लक्ष्मी नारायण, संघ प्रचारक दिनेश जी, सेठ नारायणदाय, विहिप अध्यक्ष आलोक कुमार, पूर्व मंत्री रविकांत गर्ग भी मौजूद रहे।

# लंबित ऑडिट का करें निस्तारण

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण और ऑडिट समिति की बैठक हुई। स्वच्छ भारत मिशन में शौचालय से वंचित रह गए पात्र परिवारों को अभियान चला कर व्यक्तिगत शौचालय की धनराशि शीघ्र ही दिए जाने हेतु जिलाधिकारी शैलेंद्र सिंह ने निर्देश दिए।

एवं जिन लाभार्थियों की द्वितीय किस्त अभी तक नहीं भेजी गई है उनके शौचालय निर्माण कराकर 7 दिवस में सहायक विकास अधिकारी पंचायत और खंड विकास अधिकारी को द्वितीय किस्त की मांग भेजने हेतु निर्देशित किया गया।डीपीआरओ किरण चौधरी ने बताया कि आरआरसी और वर्मी कंपोस्ट को स्वयं सहायता समूह को दिए जाने के लिए बतौर सैंपल पांच समूह को प्रशिक्षण दिया जा चुका है। स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत बनाए गए वर्मी कंपोस्ट और आरआरसी केंद्र के संचालन को सर्वोच्च प्राथमिकता पर लेने हेतु सचिव और प्रधान को डीएम ने निर्देशित किया तथा इसको स्वयं सहायता समूह या इच्छुक किसानों को आवंटित करने की भी बात की गई। जिला पंचायतराज अधिकारी किरण चौधरी ने वर्ष 2014/15 से लेकर अब तक लंबित त्रिस्तरीय पंचायती राज व्यवस्था के ऑडिट प्रकरणों को समिति के समक्ष प्रस्तुत किया।

ऑडिट परिपालन ग्राम पंचायत, क्षेत्र पंचायत और जिला पंचायत का 2014-15 से लेकर अब तक बहुत से मामले लंबित है।

इन प्रकरणों में सभी विकासखंड के ऑडिटर और एडीओ पंचायत और बीडीओ को 15 दिवस के भीतर आपसी सामंजस्य से आपत्तियों का निस्तारण कर ऑडिट कार्य पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया। डीएम शैलेंद्र कुमार सिंह ने ऑडिटर और एडीओ पंचायत को प्रतिदिन विकासखंड स्तर पर लंबित प्रकरणों की समीक्षा कर कर साप्ताहिक प्रगति रिपोर्ट डीपीआरओ किरण चौधरी को देने के लिए निर्देशित किया है एवं अब प्रत्येक 15 दिवस पर प्रगति की समीक्षा की जाएगी। जिस विकासखंड की रिपोर्ट संतोषजनक नहीं पाई गई उस विकासखंड के ऑडितर ,एडीओ पंचायत एवं खंड विकास अधिकारी पर कठोर कार्यवाही प्रस्तावित की जाएगी। बैठक में जिला विकास अधिकारी गरिमा खरे ,परियोजना निदेशक एक के उपाध्याय,जिला पंचायत राज अधिकारी किरण चौधरी,अपर मुख्य अधिकारी अनिल सिंह, उप चिकित्सा अधिकारी रोहिताश सिंह,ऑडिटर एवं एडीओ पंचायत उपस्थित रहे।

# नव वर्ष पर आयोजित पाठ में पंचकल्याणक के पात्रों का चयन



■ 28 जनवरी से होने वाले पंचकल्याणक की तैयारी में जुटा जैन समाज

अवधनामा संवाददाता

**इटावा, जसवंतनगर।** नव वर्ष के प्रथम दिन सोमबार को नगर के श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में पार्श्वनाथ बिधान का आयोजन पवित्र भइया के सानिध्य में संपन्न हुआ। साल के प्रथम दिन भीषण सर्दी में सिर्फ धोती और दुपट्टे में भगवान का अभिषेक करने के लिए खास तौर पर युवा वर्ग लालायित दिखे। कार्यक्रम के तहत सर्वप्रथम अभिषेक शांति धारा करने का सौभाग्य राजकमल चिराग जैन परिवार को मिला, इस पाठ के अंतर्गत आगामी पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव के पात्रों का चयन किया गया जिसमे सौधर्म इंद्र मनोज जैन प्रखर जैन , कुबेर इंद्र शिवम जैन निवासी(दिल्ली) भगवान नेमिनाथ के माता पिता दिनेश जैन आशा जैन लक्ष्मी नगर (दिल्ली), विधि नायक मूर्ति दातार इंद्रजीत शिवकांत जैन, आराध्य जैन परिवार मंदिर के नीचे निर्वाणाधींन नवीन वेदी में विराजमान कर्ता प्रथम मूर्ति दातार राकेश जैन चेतन जैन, द्वितीय मूर्ति दातार अनिल जैन ऋषभ जैन बकेबारिया परिवार को सौभाग्य मिला। चयनित पंचकल्याणक महोत्सव के सभी पात्रों का नेमिनाथ पंचकल्याणक महोत्सव समिति के पदाधिकारी एवं पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन प्रबंध समिति के अध्यक्ष राजेश जैन, पंचकल्याणक महोत्सव समिति के अध्यक्ष अनुपम जैन ने तिलक बंधन कर हार पहनाकर स्वागत किया। करतल ध्वनि से समाज के उत्साही युवा महिलाए व पुरषो ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ सभी पात्रो का स्वागत व अभिनंदन किया। कार्यक्रम का कुशल संचालन गुरु भक्त आशीष जैन ने किया। आचार्य आदित्य सागर महाराज के मंगल सानिध्य में पंचकल्याणक नगर में 28 जनवरी से 1 फरवरी तक सम्पन्न कराया जाएगा। यह जानकारी देते हुए पंचकल्याणक समिति के मीडिया प्रभारी चेतन जैन ने बताया कि इस अभूतपूर्व प्रोग्राम में प्रतिदिन आचार्य श्री के प्रवचन व बाहर से आने वाले विशेष कलाकारों का मंचीय कार्यक्रम नगर वासियो को देखने का लाभ मिलेगा।

# टेस्ट के बाद वनडे से भी संन्यास लिया डेविड वार्नर ने

पोंटिंग ने वार्नर की तुलना में 205 पारियां अधिक खेली। वार्नर ने अभी तक 111 टेस्ट मैच खेले हैं जिनमें उनके नाम पर 44.58 की औसत से 8695 रन दर्ज हैं। उनके नाम पर टेस्ट क्रिकेट में 26 शतक और 36 अर्धशतक दर्ज हैं। वह ऑस्ट्रेलिया की तरफ से टी20 क्रिकेट में खेलने के लिए उपलब्ध रहेंगे और उन्हें उम्मीद है कि जून में वेस्टइंडीज और अमेरिका में होने वाले विश्व कप में उन्हें अपने देश का प्रतिनिधित्व करने का मौका मिलेगा। वार्नर इंडियन प्रीमियर लीग में दिल्ली कैपिटल्स की तरफ से खेल रहे हैं तथा टेस्ट और वनडे से संन्यास लेने के बाद उनका विश्व भर की टी20 लीग में खेलने की संभावना है।

दिग्गज बल्लेबाज डेविड वार्नर ने अपना अंतिम टेस्ट मैच खेलने से पहले सोमवार को एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से भी संन्यास लेने की घोषणा की लेकिन वह ऑस्ट्रेलिया की तरफ से टी20 क्रिकेट में खेलना जारी रखेंगे। इस 37 वर्षीय सलामी बल्लेबाज ने हालांकि स्पष्ट किया है कि अगर 2025 में होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी के लिए ऑस्ट्रेलिया की टीम को उनकी जरूरत पड़ती है तो वह चयन के लिए उपलब्ध रहेंगे। अपने घरेलू मैदान सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर अपना अंतिम टेस्ट मैच खेलने से पहले वार्नर ने खुलासा किया कि ऑस्ट्रेलिया का नवंबर में भारत के खिलाफ विश्व कप फाइनल उनका 50 ओवर के प्रारूप में आखिरी मैच था।



वार्नर ने सोमवार को यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा,''मैं निश्चित रूप से एकदिवसीय क्रिकेट से भी संन्यास ले रहा हूं। यह कुछ ऐसा था जो मैंने (50 ओवर के) विश्व कप (2023 में भारत में) के दौरान कहा था कि भारत में जीत दर्ज करो। यह वास्तव में बहुत बड़ी उपलब्धि है।'' उन्होंने कहा,''इसलिए मैं आज इन प्रारूप से संन्यास लेने का फैसला कर रहा हूं जिससे मुझे दुनिया भर के अन्य लीग में खेलने का भी मौका मिलेगा। मैं जानता हूं कि चैंपियंस ट्रॉफी का आयोजन जल्द होगा। इन दो वर्षों में अगर मैं अच्छी क्रिकेट खेलता रहा और उन्हें मेरी जरूरत महसूस होती है तो मैं चयन के लिए उपलब्ध रहूंगा।''

दुनिया के विस्फोटक बल्लेबाजों में से एक वार्नर के नाम पर वनडे विश्व कप के दो खिताब दर्ज हैं जिनमें विश्व कप 2023 में भारत के खिलाफ फाइनल की जीत भी शामिल है। इस टूर्नामेंट में उन्होंने ऑस्ट्रेलिया की तरफ से सर्वाधिक रन बनाए थे। बाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज वार्नर ने 2009 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ होबार्ट में अपने वनडे करियर का आगाज किया था। उन्होंने अपने करियर में 161 वनडे मैच खेले जिनमें 45.30 की औसत से 6932 रन बनाए। उनके नाम पर इस प्रारूप में 22 शतक और 33 अर्धशतक भी दर्ज हैं। वह ऑस्ट्रेलिया की तरफ से वनडे क्रिकेट में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची में छठे नंबर पर हैं। ऑस्ट्रेलिया के लिए सर्वाधिक शतक लगाने वाले खिलाड़ियों की सूची में वह रिकी पोंटिंग के बाद दूसरे स्थान पर हैं।

पोंटिंग ने वार्नर की तुलना में 205 पारियां अधिक खेली। वार्नर ने अभी तक 111 टेस्ट मैच खेले हैं जिनमें उनके नाम पर 44.58 की औसत से 8695 रन दर्ज हैं। उनके नाम पर टेस्ट क्रिकेट में 26 शतक और 36 अर्धशतक दर्ज हैं। वह ऑस्ट्रेलिया की तरफ से टी20 क्रिकेट में खेलने के लिए उपलब्ध रहेंगे और उन्हें उम्मीद है कि जून में वेस्टइंडीज और अमेरिका में होने वाले विश्व कप में उन्हें अपने देश का प्रतिनिधित्व करने का मौका मिलेगा। वार्नर इंडियन प्रीमियर लीग में दिल्ली कैपिटल्स की तरफ से खेल रहे हैं तथा टेस्ट और वनडे से संन्यास लेने के बाद उनका विश्व भर की टी20 लीग में खेलने की संभावना है।

# नीरज चोपड़ा के बाद किशोर जेना और डीपी मनु एआईयू के आरटीपी में शामिल

भाला फेंक खिलाड़ी किशोर जेना और डीपी मनु को भी ओलंपिक चैंपियन नीरज चोपड़ा के साथ वैश्विक ट्रैक एवं फील्ड की डोपिंग रोधी निगरानी संस्था एथलेटिक्स इंटीग्रिटी यूनिट (एआईयू) के पंजीकृत परीक्षण पूल (आरटीपी) में शामिल कर दिया गया है।



एशियाई खेलों के रजत पदक विजेता भाला फेंक खिलाड़ी किशोर जेना और डीपी मनु को भी ओलंपिक चैंपियन नीरज चोपड़ा के साथ वैश्विक ट्रैक एवं फील्ड की डोपिंग रोधी निगरानी संस्था एथलेटिक्स इंटीग्रिटी यूनिट (एआईयू) के पंजीकृत परीक्षण पूल (आरटीपी) में शामिल कर दिया गया है।

मौजूदा विश्व चैंपियन और एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता चोपड़ा पिछले कुछ समय से आरटीपी में शामिल हैं लेकिन जेना और मनु को पहली बार इसमें शामिल किया गया है जिससे भाला फेंक में विश्व स्तर पर भारतीय खिलाड़ियों के दबदबे का पता चलता है। जेना हंगरी के बुडापेस्ट में आयोजित विश्व चैंपियनशिप 2023 में पांचवें जबकि मनु छठे स्थान पर रहे थे। चोपड़ा ने इस चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता था।

भारत के तीन खिलाड़ियों का शीर्ष छह में शामिल होना अपने आप में एक रिकॉर्ड है। भारत के अब सात खिलाड़ी एआईयू के आरटीपी में शामिल हो गए हैं। 3000 मीटर स्टीपलचेज के एथलीट अविनाश साबले, महिला भाला फेंक खिलाड़ी अन्नू रानी और लंबी कूद के खिलाड़ी मुरली श्रीशंकर और जेसविन एल्ड्रिन इस सूची में शामिल अन्य भारतीय खिलाड़ी हैं। आरटीपी में शामिल खिलाड़ियों को प्रत्येक तिमाही में अपने ठहरने के स्थान की जानकारी देनी होती है। इसमें घर का पता, ईमेल, फोन नंबर, अभ्यास स्थल, प्रतियोगिताओं का कार्यक्रम और उनका आयोजन स्थल शामिल है।

# डेविड वॉर्नर ने टेस्ट के बाद लिया वनडे से संन्यास, वर्ल्ड कप 2023 में खेला था आखिरी वनडे

ऑस्ट्रेलिया के ओपनर बल्लेबाज डेविड वॉर्नर ने टेस्ट क्रिकेट के बाद अब वनडे से भी संन्यास ले लिया है। भारत के खिलाफ अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेले गए वर्ल्ड कप 2023 फाइनल मुकाबला उनका आखिरी वनडे मुकाबला था। डेविड वॉर्नर ने बुधवार से शुरू होने वाली सिडनी टेस्ट से ठीक पहले वनडे क्रिकेट से भी संन्यास ले लिया है। भारत के खिलाफ अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेले गए वर्ल्ड कप 2023 फाइनल मुकाबला उनका आखिरी वनडे मुकाबला था। वे 3 जनवरी से आखिरी टेस्ट मैच देश के लिए खेलने वाले हैं। पाकिस्तान के खिलाफ तीन मैचों की टेस्ट सीरीज का आखिरी मुकाबला डेविड वॉर्नर का रेड बॉल क्रिकेट में आखिरी टेस्ट मैच होगा। जिसका ऐलान वे आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के दौरान कर चुके थे।



फॉक्स क्रिकेट के मुताबिक, डेविड वॉर्नर ने घोषणा की है कि वह पाकिस्तान के खिलाफ सिडनी क्रिकेट ग्राउंड में अपने विदाई टेस्ट मैच से पहले वनडे क्रिकेट से भी संन्यास ले लेंगे। सोमवार की सुबह नए साल के मौके पर आखिरी टेस्ट मैच से पहले मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा कि उन्होंने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने का एक महान निर्णय लिया है। टेस्ट से रिटायर हो रहे बाएं हाथ के इस ओपनर ने ये भी कहा कि वह वनडे फॉर्मेट से भी संन्यास ले लेंगे।

वॉर्नर ने स्पष्ट किया कि अगर ऑस्ट्रेलिया को 2025 में आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के लिए सलामी बल्लेबाज की जरूरत होगी तो वह इसके लिए तैयार हैं। लेकिन उन्होंने कहा कि वनडे क्रिकेट से संन्यास लेने से उन्हें विदेशों में फ्रेंचाइजी क्रिकेट खेलने के ज्यादा अवसर मिलेंगे। हालांकि, उन्होंने टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट को लेकर कुछ नहीं कहा है, क्योंकि काफी समय पहले वे स्पष्ट कर चुके हैं। वेस्टइंडीज और यूएसए में होने वाला टी20 वर्ल्ड कप उनका आखिरी टूर्नामेंट होगा।

## नीरज चोपड़ा के बाद किशोर जेना और डीपी मनु एआईयू के आरटीपी में शामिल

भाला फेंक खिलाड़ी किशोर जेना और डीपी मनु को भी ओलंपिक चैंपियन नीरज चोपड़ा के साथ वैश्विक ट्रैक एवं फील्ड की डोपिंग रोधी निगरानी संस्था एथलेटिक्स इंटीग्रिटी यूनिट (एआईयू) के पंजीकृत परीक्षण पूल (आरटीपी) में शामिल कर दिया गया है। एशियाई खेलों के रजत पदक विजेता भाला फेंक खिलाड़ी किशोर जेना और डीपी मनु को भी ओलंपिक चैंपियन नीरज चोपड़ा के साथ वैश्विक ट्रैक एवं फील्ड की डोपिंग रोधी निगरानी संस्था एथलेटिक्स इंटीग्रिटी यूनिट (एआईयू) के पंजीकृत परीक्षण पूल (आरटीपी) में शामिल कर दिया गया है। मौजूदा विश्व चैंपियन और एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता चोपड़ा पिछले कुछ समय से आरटीपी में शामिल हैं लेकिन जेना और मनु को पहली बार इसमें शामिल किया गया है जिससे भाला फेंक में विश्व स्तर पर भारतीय खिलाड़ियों के दबदबे का पता चलता है। जेना हंगरी के बुडापेस्ट में आयोजित विश्व चैंपियनशिप 2023 में पांचवें जबकि मनु छठे स्थान पर रहे थे।

# नाओमी ओसाका की मां बनने के बाद कोर्ट पर सफल वापसी

पूर्व नंबर एक खिलाड़ी नाओमी ओसाका ने मां बनने के बाद टेनिस कोर्ट पर सफल वापसी करते हुए सोमवार को ब्रिस्बेन इंटरनेशनल टूर्नामेंट के पहले दौर में जीत दर्ज की। जर्मनी की तमारा कोरपात्श के खिलाफ ओसाका दूसरे सेट में 5-3 पर मैच के लिए सर्विस कर रही थी लेकिन उन्होंने अपनी सर्विस गंवा दी।

दुनिया की पूर्व नंबर एक खिलाड़ी नाओमी ओसाका ने मां बनने के बाद टेनिस कोर्ट पर सफल वापसी करते हुए सोमवार को ब्रिस्बेन इंटरनेशनल टूर्नामेंट के पहले दौर में जीत दर्ज की। जर्मनी की तमारा कोरपात्श के खिलाफ ओसाका दूसरे सेट में 5-3 पर मैच के लिए सर्विस कर रही थी लेकिन उन्होंने अपनी सर्विस गंवा दी।



यह सेट आखिर में टाइब्रेकर तक खिंचा जिसमें ओसाका ने 6-3, 7-6 (9) ने जीत दर्ज करके अगले दौर में जगह बनाई। ऑस्ट्रेलियाई ओपन और अमेरिकी ओपन की पूर्व विजेता ओसाका गर्भवती होने के कारण पिछले साल ऑस्ट्रेलियाई ओपन से हट गई थी। जुलाई में उन्होंने बिटिया को जन्म दिया था। ओसाका ने मैच के बाद कहा,''पूरे मैच के दौरान मैं वास्तव में काफी नर्वस थी। मैं सभी दर्शकों का आभार व्यक्त करती हूं जिन्होंने मेरा हौसला बढ़ाया।''

ओसाका अगले दौर में विश्व की पूर्व नंबर एक खिलाड़ी और ब्रिस्बेन इंटरनेशनल में तीन बार की चैंपियन कैरोलिना प्लिस्कोवा से भिड़ेंगी। लगातार बारिश के कारण बाहरी कोर्ट पर होने वाले मैच स्थगित करने पड़े। मुख्य कोर्ट पर छत होने के कारण उसी पर मैच संभव हो पाए।

पुरुष वर्ग में शीर्ष वरीयता प्राप्त होल्गर रूने ने ऑस्ट्रेलिया के मैक्स परसेल को 4-6, 6-4, 6-2 से हराया, लेकिन पिछले साल अमेरिकी ओपन के सेमीफाइनल में पहुंचने वाले अमेरिका के 21 वर्षीय खिलाड़ी और यहां तीसरी वरीयता प्राप्त बेन शेल्टन को रोमन सफीउलिन से 6-3, 6-7 (5), 6-3 से हार का सामना करना पड़ा। मेलबर्न में 14 जनवरी से शुरू होने वाले ऑस्ट्रेलियाई ओपन की तैयारी के सिलसिले में ब्रिस्बेन इंटरनेशनल काफी महत्व रखता है।

# जान्हवी कपूर की जिंदगी में खास हैं ये तीन लॉग, बॉयफ्रेंड का नाम भी हुआ कंफर्म

शर्मिला टैगोर और सैफ अली खान के बाद बहनों की जोड़ी-जान्हवी कपूर और खुशी कपूर कॉफ़ी विद करण सीज़न 8 में लगता है कॉफी बिखेरेंगी। करण जौहर अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर आये और चक्कुय 8 के नवीनतम एपिसोड का टीज़र जारी किया।



शर्मिला टैगोर और सैफ अली खान के बाद बहनों की जोड़ी-जान्हवी कपूर और खुशी कपूर कॉफ़ी विद करण सीज़न 8 में लगता है कॉफी बिखेरेंगी। करण जौहर अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर आये और चक्कुय 8 के नवीनतम एपिसोड का टीज़र जारी किया। रिश्ते की स्थिति से लेकर पारिवारिक बंधन तक, करण जौहर बहनों से उनके निजी जीवन के बारे में कुछ रोचक जानकारी उजागर करवाएंगे।

टीज़र की शुरुआत फिल्म निर्माता द्वारा जान्हवी और खुशी दोनों का स्वागत करते हुए होती है। जिस बात ने सभी का ध्यान खींचा, वह है जान्हवी कपूर ने शिखर पहाड़िया के साथ डेटिंग की बात लगभग कबूल कर ली है। रैपिड-फायर राउंड के दौरान, जौहर ने जान्हवी से उनकी स्पीड डायल सूची में शीर्ष 3 लोगों के बारे में पूछा। एक्ट्रेस जवाब देती हैं, पापा, खुशू और शिखू। वीडियो को साझा करते हुए, करण जौहर ने लिखा, हम कपूर बहनों के साथ कुछ शानदार ऊर्जा के साथ नए साल की शुरुआत कर रहे हैं। पहली बार, बहनों की जोड़ी-जान्हवी और खुशी कपूर को के नवीनतम एपिसोड में एक साथ देखें! उन लोगों के लिए जो कहानी के बारे में देर से जानते हैं, अफवाह है कि जान्हवी कपूर शिखर पहाड़िया को डेट कर रही हैं। खुशी कपूर के जन्मदिन से लेकर तिरुमाला मंदिर की आध्यात्मिक यात्रा तक, दोनों को कई बार एक साथ देखा गया है। वे सोशल मीडिया पर एक-दूसरे की फोटो पर कमेंट भी करते रहते हैं।

दूसरी ओर, करण जौहर खुशी कपूर की लव लाइफ पर भी सवाल उठाते हैं। वह वेदांग रैना के साथ उनकी डेटिंग के बारे में अपनी जिज्ञासा व्यक्त करते हैं। इस जोड़ी ने हाल ही में जोया अख्तर की फिल्म द आर्चीज़ से अभिनय की शुरुआत की। जब जौहर ने अभिनेता से पूछा कि क्या वह रैना को डेट कर रही हैं, तो उन्होंने कहा, आप जानते हैं कि ओम शांति ओम में एक पंक्ति है! ओम और मैं सिर्फ दोस्त हैं। इस बीच, जान्हवी कपूर मिस्टर एंड मिसेज माही में राजकुमार राव के साथ नजर आएंगी। वह आखिरी बार वरुण धवन के साथ बवाल में दिखाई दी थीं।

# इंटिमेट सीन की शूटिंग के दौरान रनवीर कपूर ने क्या कहा?

हाल ही में दिए एक इंटरव्यू में तृप्ति धामी ने इंटिमेट सीन फिल्माने के दौरान रणबीर और संदीप वांगा रेड्डी के साथ हुई बातचीत का जिक्र किया। अभिनेत्री ने कहा, यह वास्तव में मदद करता है जब आपके पास एक सह-अभिनेता होता है, जिस पर आप इतना भरोसा कर सकते हैं। फिल्म एनिमल ने अभिनेत्री तृप्ति धामी को उनके करियर की बुलंदियों पर पहुंचा दिया है। फिल्म में अभिनेत्री का रोल भले ही छोटा था, लेकिन दमदार था। रणबीर कपूर के साथ तृप्ति की ऑन-स्क्रीन केमिस्ट्री लोगों को खूब पसंद आई। फिल्म में दोनों के बीच के इंटिमेट सीन ने सबसे ज्यादा दर्शकों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया। कुछ ही दिनों में अभिनेत्री के इंस्टाग्राम फॉलोअर्स की संख्या हजारों से लाखों में पहुंच गयी। तृप्ति देश की नेशनल क्रश बनी और भाभी 2 के नाम से मशहूर हो गयी।



हाल ही में दिए एक इंटरव्यू में तृप्ति धामी ने इंटिमेट सीन फिल्माने के दौरान रणबीर और संदीप वांगा रेड्डी के साथ हुई बातचीत का जिक्र किया। अभिनेत्री ने कहा, यह वास्तव में मदद करता है जब आपके पास एक सह-अभिनेता होता है, जिस पर आप इतना भरोसा कर सकते हैं। आपको उन दृश्यों को करने में सहज होना होगा। संदीप, रणबीर और डीओपी ने मुझसे कहा था कि जब भी मैं असहज महसूस करू तो उन्हें बता दूं ताकि वह सुनिश्चित कर सके की मैं सहज रहूं। अभिनेत्री ने आगे कहा, यह वास्तव में महत्वपूर्ण है कि आप ऐसे माहौल में हों जहां लोग एक व्यक्ति के रूप में आपका, आपकी पसंद का और उस विशेष क्षण में आप क्या कर रहे हैं उसका सम्मान करते हैं और इसे केवल उसी के बारे में बताते हैं और किसी और चीज के बारे में नहीं। तृप्ति ने इंटरव्यू के दौरान यह भी बताया कि इंटिमेट सीन की शूटिंग को अन्य दृश्य की तरह ही हल्के में लिया गया और इन्हें वैसे ही शूट किया गया।

# अनुराग डोभाल हुए घर से बाहर? फैंस ने लागाया शो पर एलिमिनेशन फिक्स होने का आरोप

बिग बॉस 17 में घर के अंदर हमेशा कुछ न कुछ बवाल होता रहता है, चाहे वो उनका एविक्शन हो, लड़ाई-झगड़े हों या नई दोस्ती हो। रियलिटी शो को इस समय शो में बड़े ट्विस्ट का सामना करना पड़ रहा है।



बिग बॉस 17 में घर के अंदर हमेशा कुछ न कुछ बवाल होता रहता है, चाहे वो उनका एविक्शन हो, लड़ाई-झगड़े हों या नई दोस्ती हो। रियलिटी शो को इस समय शो में बड़े ट्विस्ट का सामना करना पड़ रहा है। जैसे ही द खबरी नाम के सोशल मीडिया पेज पर अपडेट किया गया कि अनुराग डोभाल शो से बाहर होने वाले नवीनतम प्रतियोगी हैं। खबरी पेज ने एक लंबी पोस्ट की थी। पोस्ट के साथ, कैप्शन में लिखा है, 2023 का दुखद अंत, गुड नाइट पोस्ट के दौरान अनुराग डोभाल हमारे आसपास रहे हैं, जब भी हम सभी को गुड नाइट की शुभकामनाएं दिए बिना सोने जाएंगे तो उनकी अनुपस्थिति हमें गहराई से महसूस होगी। बकरी सबाबूभैया को अंतिम अलविदा कह रहा हूं...यह उन्हें आखिरी श्रद्धांजलि है, मिस यू।

अनुराग डोभाल के बाहर होने से प्रशंसक निराश हैं और कमेंट सेक्शन में बाढ़ ला रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, कहा गया उसे ढूंढो...नो अनुराग नो बिग बॉस। एक अन्य यूजर ने लिखा, बहुत दुखद। अनुराग डोभाल ने कई बार मेकर्स से वॉलेंटरी एग्जिट की मांग की थी। मोटर राइड ने पहले निर्माताओं पर पक्षपात करने का आरोप लगाया था और शो के होस्ट सलमान खान के साथ भी उनकी झड़प हुई थी।

वह बिग बॉस के घर से बाहर निकलने वाले अकेले प्रतियोगी नहीं हैं। नील भट्ट भी घर से बाहर हो गए हैं। हालाँकि, इस बारे में निर्माताओं की ओर से कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। इस हफ्ते एलिमिनेशन के लिए चार लोगों को नॉमिनेट किया गया था। बिग बॉस 17 में इस हफ्ते बेघर होने के लिए नॉमिनेट हुए ये चार लोग यूके07 राइडर अनुराग डोभाल, नील भट्ट, रिंकू धवन और आयशा खान थे। नए साल के जश्न के बीच, यह प्रतियोगियों के लिए एक बड़ा झटका है क्योंकि किसी को भी रियलिटी शो से बाहर होने की उम्मीद नहीं थी। लेकिन इन निष्कासनों के साथ, गतिशीलता निश्चित रूप से बहुत कुछ बदलने वाली है।

# अक्षय कुमार और टाइगर स्टारर बड़े मियां छोटे मियां इस त्योहार पर होगी रिलीज

स्टार्स द्वारा शेयर की गई नई मोशन पिक्चर में उन्हें जेट स्कीइंग करते देखा जा सकता है। अली अब्बास जफर द्वारा लिखित और निर्देशित यह फिल्म ईद 2024 के दौरान सिल्वर स्क्रीन पर रिलीज होगी।

2024 के पहले दिन अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ ने अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म, बड़े मियां छोटे मियां के बारे में अपडेट साझा करके अपने प्रशंसकों का मनोरंजन किया। स्टार्स द्वारा शेयर की गई नई मोशन पिक्चर में उन्हें जेट स्कीइंग करते देखा जा सकता है। अली अब्बास जफर द्वारा लिखित और निर्देशित यह फिल्म ईद 2024 के दौरान सिल्वर स्क्रीन पर रिलीज होगी।

नए मोशन पोस्टर में, टाइगर श्रॉफ को अपने तराशे हुए शरीर को दिखाते हुए देखा जा सकता है, जबकि अक्षय कुमार ने मूंछें रखीं और छलावरण पहनावा पहना। अपडेट साझा करते हुए, अभिनेताओं ने लिखा, ÷आपका नया साल बड़ा बने, छोटी-छोटी खुशियों से। हैप्पी न्यू ईयर, बड़े मियां छोटे मियां की ओर से। सिनेमाघरों में हमसे मिलने के लिए सश्वद्वस्न2024 को ब्लॉक करना न भूलें। आइए 2024 में धूम मचाएं!



अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ के अलावा, पैन-इंडिया फिल्म में पृथ्वीराज सुकुमारन, सोनाक्षी सिन्हा, मानुषी छिल्लर और अलाया एफ भी अभिनय करेंगे। एक्शन-ड्रामा को जैकी भगनानी, वाशु भगनानी, अली अब्बास जफर, दीपशिखा देशमुख ने निर्देशित किया है।

रिपोर्ट्स में कहा गया है कि फिल्म 22 दिसंबर, 2023 को हिंदी, मलयालम, तमिल, तेलुगु और कन्नड़ में रिलीज होने वाली थी, हालांकि, इसे स्थगित कर दिया गया। कहा जा रहा है कि फिल्म का टीज़र गणतंत्र दिवस के दौरान आएगा। कुछ रिपोर्ट्स में यह भी कहा गया है कि यूके में बाइक चेज़ सीक्वेंस की शूटिंग के दौरान अक्षय कुमार घायल हो गए।

पिछले कुछ समय में अक्षय कुमार की फिल्मों की बात करें तो एक्टर को आखिरी बार परिणीति चोपड़ा के साथ मिशन रानीगंज में देखा गया था। फिल्म को बहुत अच्छी समीक्षाएं मिलीं और इसने बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन किया। उन्होंने पंकज त्रिपाठी के साथ ओएमजी 2 के साथ एक ब्लॉकबस्टर हिट भी देखी। दूसरी ओर, टाइगर श्रॉफ ने आखिरी बार गणपथ में कृति सेनन और अमिताभ बच्चन के साथ स्क्रीन स्पेस साझा किया था।

# 51 साल की कश्मीरा शाह बिकनी पहनकर बीच पर भागी, बोल्डनेस से दिया हाई पावर का झटका

51 साल की कश्मीरा शाह ने हाल ही में अपने सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर की है जिसके उन्होंने हॉटनेस की सारी सीमाएं बार कर दी है। कश्मीरा को बोल्ड अंदाज में एक बीच पर बिकनी पहने हुए दौड़ते हुए देखा जा सकता हैं।

बॉलीवुड एक्ट्रेस कश्मीरा शाह को भले ही सोलो फिल्म न मिली हो लेकिन उन्होंने लगभग सभी बड़े सितारों के साथ फिल्मों में काम किया है। कश्मीरा शाह को उनकी पहचान बिग बॉस से मिली। कश्मीरा बतौर प्रतियोगी बिग बॉस 1 के में नजर आयी और उसके बाद उन्होंने कई सारे सीजन में बतौर गेस्ट एंट्री मारी। वह नच बलिए 3 और फियर फैक्टर- खतरों के खिलाड़ी 4 में भी प्रतियोगी थीं। सोशल मीडिया पर कश्मीरा शाह की अच्छी खासी फैन फॉलोइंग हैं। एक्ट्रेस की उम्र जैसे जैसे बढ़ रही है वह उसके साथ साथ काफी बोल्ड और खूबसूरत होती जा रही हैं। कश्मीरा शाह ने हाल ही में अपने सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर की है जिसके उन्होंने हॉटनेस की सारी सीमाएं बार कर दी है। कश्मीरा को बोल्ड अंदाज में एक बीच पर बिकनी पहने हुए दौड़ते हुए देखा जा सकता हैं। उन्होंने ब्लैक-वाइट कलर की कॉबिनेशन वाली बिकनी पहनी थी।



वीडियो शेयर करते ही सोशल मीडिया पर वायरल होने लगी। जहां कुछ लोगों ने कश्मीरा शाह की तारीफ की और कहा कि उन्होंने 51 साल की उम्र में भी खुद को काफी फिट रखा हैं। वहीं कुछ लोगों ने उन्हें उम्र के हिसाब से कपड़े पहनने की सलाह देते हुए ट्रोल किया। उनकी वीडियो के सामने आते ही कश्मीरा के साथ साथ कॉमेडियन कृष्णा अभिषेक को भी ट्रोल किया जाने लगा। लोगों ने वीडियो पर कमेंट करते हुए लिखा कि कृष्णा अभिषेक लोगों को संस्कार का पाठ पढ़ाते हैं और इनकी पत्नी इस तरह के कपड़े पहनती हैं।

अनजान लोगों के लिए बता दें कि कश्मीरा शाह भी मलाइका अरोड़ा की तरह ही एक सुपर मॉडल रही हैं। इस लिए वह अपनी फिगर और लुक्स का हमेशा ध्यान रखती हैं। शाह ने आठ वर्षों से अधिक समय तक बड़े पर्दे और मंच पर अभिनय किया है, जो तेजी से भारत में एक घरेलू नाम बन गई है। वह यस बॉस और जंगल जैसी हिट फिल्मों में अपनी भूमिकाओं के साथ-साथ वास्तव और आंखें जैसी फिल्मों में अपने प्रशंसित डांसिंग नंबरों के लिए जानी जाती हैं। कश्मीरा ने थिएटर करना शुरू किया और जल्द ही अपने कई नाटकों में खुद को एक कुशल अभिनेत्री के रूप में साबित किया।

# अभी और सितम ढाएगी सर्दी, जनवरी में मध्य भारत में शीतलहर चलने की संभावना

## मौसम विभाग ने जारी की चेतावनी

**नई दिल्ली।** मौसम विभाग ने चेतावनी दी कि जनवरी में देश के मध्य हिस्सों में शीतलहर के बारे में चेतावनी दी और अगले तीन दिनों तक उत्तर-पश्चिम और पूर्वी भारत के कुछ हिस्सों में घने कोहरे की आशंका जताई है। मौसम विभाग (आईएमडी) ने सोमवार को चेतावनी दी कि जनवरी में देश के मध्य हिस्सों में शीतलहर के बारे में चेतावनी दी और अगले तीन दिनों तक उत्तर-पश्चिम और पूर्वी भारत के कुछ हिस्सों में घने कोहरे की आशंका जताई है।

आईएमडी के महानिदेशक मृत्युंजय महापात्रा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में जनवरी से फरवरी-मार्च की अवधि के दौरान सामान्य बारिश की आशंका जताई है। जिससे गेहूं की बेहतर फसल की उम्मीद बढ़ गई है।

महापात्र ने कहा कि 1901 के बाद से 2023 दूसरा सबसे गर्म



वर्ष रहा। क्योंकि देश में वार्षिक औसत वायु तापमान सामान्य से 0.65 डिग्री सेल्सियस अधिक था। 1901 के बाद से सबसे गर्म वर्ष 2016 था, जब देश के लिए वार्षिक औसत वायु तापमान सामान्य से 0.710 डिग्री सेल्सियस अधिक था।

महापात्र ने कहा कि देश के अधिकांश हिस्सों में अपेक्षाकृत गर्म सुबह होने की उम्मीद है और मध्य और उत्तर-पश्चिमी हिस्सों में ठंडे दिन रहने की उम्मीद है, क्योंकि मौसम कार्यालय ने क्षेत्र में सामान्य से कम मासिक अधिकतम तापमान का अनुमान लगाया है। हालांकि, दक्षिण प्रायद्वीपीय और उत्तर-पूर्वी भारत में गर्म दिन रह सकते हैं क्योंकि जनवरी में इस क्षेत्र में सामान्य से अधिक मासिक अधिकतम तापमान रहने की उम्मीद है।

महापात्र ने कहा कि पूरे देश में दिसंबर में 25.5 मिलीमीटर बारिश हुई, जो इस महीने के सामान्य 15.9 मिलीमीटर की तुलना में 60 फीसदी अधिक है। उन्होंने कहा कि दक्षिण प्रायद्वीपीय क्षेत्रों में दिसंबर में 72.2 मिमी बारिश हुई, जो महीने के लिए सामान्य 32 मिमी से 126 फीसदी अधिक थी।

मध्य भारत में 191 फीसदी अधिक बारिश हुई, जहां दिसंबर में सामान्य 5.1 मिमी के मुकाबले 14.8 मिमी बारिश हुई। हालांकि, महापात्र ने कहा कि गेहूं उगाने वाले उत्तर पश्चिम भारत में 18.9 मिमी की सामान्य बारिश की तुलना में 65 फीसदी कम बारिश हुई।

# गुजरात में 199 सोने के सिक्के चोरी के आरोप में पांच गिरफ्तार

**मुंबई।** गुजरात के नवसारी जिले के बिलिमोरा में 199 सोने के सिक्कों की चोरी के आरोप में पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया। ये सिक्के तब मिले थे जब एक मकान को गिराया जा रहा था। एक पुलिस अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि सिक्कों पर किंग जॉर्ज पंचम की तस्वीर उकेरी गई है। बाजार स्ट्रीट स्थित यह घर प्रवासी भारतीय हवाबेन बलिया का है। जो फिलहाल ब्रिटेन के लीस्टर में रहती हैं। अधिकारी ने बताया कि बलिया ने मकान गिराने के लिए काम पर रखे गए ठेकेदार सरफराज कराडिया और पड़ोसी राज्य मध्य प्रदेश के अलीराजपुर के रहने वाले चार मजदूरों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है।

उन्होंने कहा, एक हेरिटेज हाउस से सोने के सिक्कों की चोरी का मामला दर्ज किया गया था और पांच लोगों को आरोपी बनाया गया था। चोरी हुए सोने के सिक्कों की संख्या के बारे में कोई स्पष्टता नहीं थी। नवसारी के पुलिस अधीक्षक सुशील अग्रवाल ने बताया कि बलिया ने 21 अक्तूबर को प्राथमिकी दर्ज कराई थी। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि पांचों आरोपियों पर भारतीय दंड संहिता की धारा 406 (आपराधिक विश्वासघात) और 114 (अपराध के समय मौके पर उकसाने वाला मौजूद होना) के तहत आरोप लगाए गए हैं।

उन्होंने कहा, यहां से एक पुलिस टीम ने छह बार अलीराजपुर का दौरा किया और चार मजदूरों को गिरफ्तार किया। वलसाड के ठेकेदार को गिरफ्तार कर लिया गया। उन्हें 26 दिसंबर को गिरफ्तार किया गया था और उन्हें तीन जनवरी तक पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है। एसपी ने बताया कि उनके घरों से किंग जॉर्ज पंचम के 1922 के 199 सोने के सिक्के बरामद किए गए हैं, जिनमें से प्रत्येक का वजन आठ-आठ ग्राम है। उन्होंने कहा कि इन सिक्कों का मूल्य मौजूदा बाजार मूल्य 92 लाख रुपये है।

## ममता बनर्जी से मिलने पहुंचे अभिषेक

# पार्टी में आंतरिक कलह और मतभेद की अटकलों के बीच दिग्गजों का तंज



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस में कथित तौर पर आंतरिक कलह की खबरें सामने आ रही हैं। दिग्गज नेताओं ने अभिषेक बनर्जी पर कटाक्ष किया है। पार्टी में मतभेद की खबरों के बीच टीएमसी महासचिव अभिषेक बनर्जी ने सोमवार शाम पार्टी सुप्रीमो ममता बनर्जी से मुलाकात की।

तृणमूल कांग्रेस ने 27वां स्थापना दिवस मनाया। पार्टी सुप्रीमो और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के भतीजे अभिषेक बनर्जी, जिन्हें तृणमूल कांग्रेस की युवा ब्रिगेड का नेतृत्व करने वाला माना जाता है। सोमवार को स्थापना के जश्न के बीच टीएमसी के कथित आंतरिक मतभेद भी सामने आ गए। पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने तृणमूल कांग्रेस में नंबर दो माने जाने वाले राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी को आड़े हाथों लिया। इसके बाद अभिषेक ममता से मिलने पहुंचे।

## 30 फीट गहरे बोरवेल में गिरी ढाई साल की बच्ची

# बचाव कार्य जारी, सेना के जवानों ने भी संभाला मोर्चा



**द्वारका।** गुजरात के रण गांव में ढाई साल की बच्ची खेलते-खेलते बोरवेल में जा गिरी। जिसके बाद से ही क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल हैं। भारतीय सेना के जवान सहित कई बचाव दल बच्ची को बचाने में जुट चुके हैं। गुजरात के द्वारका जिले में स्थित रण गांव में उस वक्त अफरा-तफरी तब मच गई जब ढाई साल की बच्ची खेलते-खेलते 30 फीट गहरे बोरवेल में जा गिरी। इस घटना के बाद बचाव दल लगातार बच्ची को बचाने में जुट चुका हैं। भारतीय सेना के जवान भी मौके पर मौजूद हैं, जो बचाव अभियान में जुटे कर्मियों की मदद कर रहे हैं। इस दौरान जिला प्रशासन की तरफ से एनडीआरएफ की टीम को भी घटना स्थल पर बुला लिया गया है। डिप्टी कलेक्टर एचबी भगोरा ने बताया कि रण गांव में दोपहर एक बजे खेलते समय बच्ची बोरवेल में गिर गई।

डिप्टी कलेक्टर एचबी भगोरा ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि सेना के साथ-साथ स्थानीय पुलिस और अग्निशमन कर्मियों की बचाव टीमें उसे 10 फीट ऊपर खींचने में कामयाब रही हैं। उन्होंने कहा कि घटनास्थल पर एक एम्बुलेंस तैनात की गई और राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) से मदद मांगी गई।

## महिलाओं के खिलाफ अपराध में UP सबसे आगे

**नई दिल्ली।** साल 2023 बीत चुका है। बीते एक साल में कई उपलब्धियां मिलीं तो अपराध के मामले में चिंताजनक तस्वीर भी सामने आई। राष्ट्रीय महिला आयोग की तरफ से जारी आंकड़ों के मुताबिक पूरे साल में महिलाओं के खिलाफ अपराध की 28,811 शिकायतें मिलीं। इनमें 50 प्रतिशत से अधिक मामले यूपी से रिपोर्ट किए गए। सबसे ज्यादा शिकायतें गरिमा के अधिकार श्रेणी में मिलीं। महिला आयोग ने बताया कि घरेलू हिंसा के अलावा अन्य श्रेणियों के तहत भी उत्पीड़न की शिकायतें दर्ज कराई गईं। राष्ट्रीय महिला आयोग के मुताबिक महिलाओं के खिलाफ दहेज उत्पीड़न आज भी जारी है। रिपोर्ट के मुताबिक महिलाओं के प्रति पुलिस की उदासीनता, दुष्कर्म, यौन उत्पीड़न का प्रयास भी चिंताजनक तस्वीर पेश करता है। इन श्रेणियों में भी बीते 12 महीने के दौरान सैकड़ों मामले दर्ज किए गए हैं। महिला आयोग ने बताया कि सबसे ऊपर उत्तर प्रदेश है। दूसरे नंबर पर राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली है। महाराष्ट्र, बिहार और मध्य प्रदेश क्रमशः तीसरे और चौथे और पांचवें नंबर पर हैं।

| राज्यों के नाम | शिकायतों की संख्या |
|---|---|
| उत्तर प्रदेश | 16,109 |
| दिल्ली | 2,411 |
| महाराष्ट्र | 1,343 |
| बिहार | 1,312 |
| मध्य प्रदेश | 1,165 |
| हरियाणा | 1,115 |
| राजस्थान | 1,011 |
| तमिलनाडु | 608 |
| पश्चिम बंगाल | 569 |
| कर्नाटक | 501 |

### घरेलू हिंसा के अलावा उत्पीड़न के दूसरे भी कई प्रकार

आयोग के मुताबिक गरिमा के अधिकार श्रेणी में घरेलू हिंसा को छोड़कर दूसरे प्रकार के उत्पीड़न के मामलों को दर्ज किया जाता है। आंकड़ों के अनुसार यौन उत्पीड़न की 805, साइबर अपराध की 605, पीछा करने की 472 और सम्मान से जुड़े अपराध की 409 शिकायतें दर्ज कराई गईं।

# रिप्ड जींस-स्कर्ट पहने भक्त नहीं कर पाएंगे जगन्नाथ मंदिर में प्रवेश, नए साल से लागू हुआ नया ड्रेस कोड

**पुरी।** रिप्ड जींस और स्कर्ट जैसे कपड़ों को लेकर जगन्नाथ मंदिर प्रशासन ने निर्देश जारी किए हैं। नए साल से लागू इन निर्देशों के मुताबिक, रिप्ड जींस, स्कर्ट पहनकर आने वाले श्रद्धालुओं को मंदिर में प्रवेश करने नहीं दिया जाएगा। पढ़ें पूरा मामला।

अगर आप जगन्नाथ मंदिर जाने की सोच रहे हैं तो यह खबर आपके लिए हैं। ओडिशा के पुरी स्थित जगन्नाथ मंदिर में प्रवेश करने के लिए नया ड्रेस कोड जारी किया गया है। मंदिर प्रशासन द्वारा जारी निर्देश में कहा गया कि अगर किसी ने भी शॉर्ट्स, रिप्ड जींस, स्कर्ट या स्लीवलेस ड्रेस पहना है, तो उसे मंदिर में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी। नए साल पर जगन्नाथ मंदिर ने श्रद्धालुओं से जुड़े कपड़ों को लेकर बड़ा फैसला किया है।



अगर आप रिप्ड जींस या स्कर्ट में भगवान जगन्नाथ के दर्शन करने मंदिर पहुंचे तो शायद वहां मौजूद मंदिर के प्रशासनिक अधिकारी आपको भीतर जाने से रोक देंगे। सोमवार से मंदिर प्रशासन ने ड्रेस कोड लागू किया है। निर्देश जारी करते हुए मंदिर के अधिकारी ने कहा कि भक्तों को मंदिर में प्रवेश करने के लिए सभ्य कपड़े पहनने होंगे। नया नियम लागू होते ही पुरुष धोती, गमछा और महिलाएं ज्यादातर साड़ी में दिखाई दी।

मंदिर से जुड़े प्रशासनिक अधिकारियों ने कहा कि श्री जगन्नाथ मंदिर प्रशासन ने होटलों से लोगों को ड्रेस कोड के बारे में जागरूक करने के लिए कहा है, क्योंकि बड़ी संख्या में राज्य के बाहर से लोग यहां दर्शन के लिए पहुंचते हैं। इसके साथ एजेटीए ने मंदिर के अंदर गुटखा, पान खाने के साथ-साथ प्लास्टिक की थैलियों के इस्तेमाल पर भी पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया हैं। एसजेटीए ने कहा कि नए साल के अवसर पर भीड़ को देखते हुए मंदिर के कपाट सुबह 1:40 बजे भक्तों के लिए फिर से खोल दिए गए और शाम पांच बजे तक लगभग 3.5 लाख लोगों ने मंदिर में दर्शन किए।

इन नियमों को लागू करने के लिए मंदिर प्रशासन द्वारा विस्तृत व्यवस्था की गई हैं। पुलिस के मुताबिक, इस बार नए साल के दिन मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या पिछले वर्ष की तुलना में दोगुनी थी। एसजेटीए के मुख्य प्रशासक रंजन दास ने रविवार को कहा था कि अतिरिक्त उत्साह इसलिए था क्योंकि लोग हेरिटेज कॉरिडोर परियोजना के कारण मंदिर के पुनर्निर्मित परिसर को अनुभव करना चाहते थे, जो लगभग पूरा हो चुका है,17 जनवरी को इसका उद्घाटन किया जाएगा।

## सेना के खिलाफ दुष्प्रचार रोकने को सीनेट में प्रस्ताव पारित



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के सुरक्षा बलों और एजेंसियों को लेकर हो रहे दुष्प्रचार को रोकने के लिए पाकिस्तान सीनेट ने एक प्रस्ताव पारित किया है। इस प्रस्ताव में सरकार से दुष्प्रचार में शामिल लोगों पर कड़ी कार्रवाई करने की मांग की हैं। इसी बीच, पाकिस्तान के राजनेताओं के आजीवन अयोग्यता को लेकर पाकिस्तान का उच्चतम न्यायालय सुनवाई करेगा।

पाकिस्तान के सशस्त्र बलों और अन्य सुरक्षा एजेंसियों के खिलाफ दुष्प्रचार में शामिल पाए जाने वाले लोगों के लिए कड़ी सजा की पाकिस्तान की सीनेट ने सिफारिश की है। इस प्रस्ताव को सर्वसम्मति से पास कर दिया गया है। गौरतलब हैं कि पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के सीनेटर ब्रह्मानंद खान तांगी ने इस प्रस्ताव को सीनेट के सामने पेश किया था, इस दौरान उन्होंने कहा था कि एक मजबूत सेना और अन्य सुरक्षा एजेंसियां के खिलाफ किए जा रहे दुष्प्रचार को रोकने के लिए यह प्रस्ताव पेश किया गया है। प्रस्ताव में सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर सशस्त्र बलों और अन्य सुरक्षा एजेंसियों के खिलाफ नकारात्मक और दुर्भावनापूर्ण प्रचार पर गहरी चिंता व्यक्त की गई।

प्रस्ताव में कहा गया कि सीनेट सिफारिश करती हैं कि सरकार पाकिस्तानी सेना के खिलाफ किए जा रहे दुष्प्रचार में शामिल लोगों पर कड़ी कार्रवाई करें। प्रस्ताव में सिफारिश की गई है कि इस तरह के अपराध में शामिल किसी भी व्यक्ति को किसी भी सार्वजनिक पद पर रहने से दस साल के लिए अयोग्य ठहराया जाना चाहिए। हालांकि, टांगी ने कहा कि उन्होंने एक दशक से चली आ रही अयोग्यता की मांग को हटाने के लिए प्रस्ताव में संशोधन किया है और कानून के अनुसार कार्रवाई की मांग की है। इसी बीच, पाकिस्तान के उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को कहा कि वह राजनेताओं की आजीवन अयोग्यता के मामले की सुनवाई दो जनवरी को करेगा। जिसमें नवाज शरीफ के भाग्य पर भी फैसला किया जाएगा। गौरतलब हैं कि आठ फरवरी को पाकिस्तान में आम चुनाव हैं, जिसको लेकर तमाम राजनीतिक दलों के नेता अपनी-अपनी जीत को लेकर जोर अजमाइश कर रहे हैं मुख्य न्यायाधीश काजी फ़ैज़ ईसा की अध्यक्षता वाली सात सदस्यीय पीठ संविधान के अनुच्छेद 62(1)(एफ) के तहत अयोग्यता की अवधि और चुनाव अधिनियम 2017 में संशोधन के आसपास के विवाद का एक बार और सभी विवादों पर फैसला करेगी।

# 184 मछुआरों को कैद से रिहा करे पाकिस्तान, 12 नागरिकों को कॉन्सुलर एक्सेस, सरकार ने की अपील

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान की जेल में बंद 184 भारतीय मछुआरों की जेल की सजा पूरी हो चुकी है। भारत ने इन कैदियों को रिहा करने की अपील की है। विदेश मंत्रालय ने कहा है कि इन कैदियों की स्वदेश वापसी की प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए जरूरी कार्रवाई की जाए। इसके अलावा पाकिस्तान से 12 नागरिक कैदियों को तत्काल राजनयिक पहुंच प्रदान करने के लिए भी कहा गया है।

विदेश मंत्रालय ने पाकिस्तान से कहा, 12 नागरिक कैदियों के बारे में माना जाता है कि वे भारतीय हैं। इन्हें कॉन्सुलर एक्सेस मिलना चाहिए। विदेश मंत्रालय ने कहा, भारत सरकार ने पाकिस्तान की हिरासत से नागरिक कैदियों, लापता भारतीय रक्षा कर्मियों और मछुआरों को उनकी नौकाओं के साथ जल्द रिहा करने और भारत वापस भेजने की अपील की है।

सोमवार को एक बयान में विदेश मंत्रालय ने कहा कि पाकिस्तान से

**भारतीय**

> विदेश मंत्रालय ने पाकिस्तान से कहा, 12 नागरिक कैदियों के बारे में माना जाता है कि वे भारतीय हैं।

सभी भारतीय और भारतीय माने जाने वाले नागरिक कैदियों और मछुआरों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की अपील भी की गई है। सरकार ने कहा, भारत एक-दूसरे के देश में कैदियों और मछुआरों से संबंधित मामलों सहित सभी मानवीय मामलों को प्राथमिकता देने के लिए प्रतिबद्ध है।

इसी नीति के तहत भारत ने पाकिस्तान से मछुआरों सहित 65 पाकिस्तानी कैदियों की राष्ट्रीयता / नागरिकता की पुष्टि करने की अपील



भी की है। जरूरी कार्रवाई में तेजी लाने का आग्रह करते हुए भारत ने बताया कि जेलों में बंद इन कैदियों की स्वदेश वापसी, पाकिस्तान की तरफ से राष्ट्रीयता की पुष्टि के अभाव में लंबित है।

विदेश मंत्रालय ने कहा कि सरकार लगातार दूसरे देश की जेल में बंद कैदियों को सुरक्षित रिहा कराने का प्रयास कर रही है। इसी नीति का असर है कि बीते लगभग 10 साल में (2014 के बाद) 2,639 भारतीय मछुआरों और 67 भारतीय नागरिक कैदियों को पाकिस्तान से वापस लाया जा चुका है। इनमें 478 भारतीय मछुआरे और नौ भारतीय नागरिक कैदी शामिल हैं। इन लोगों को 2023 में पाकिस्तान से वापस लाया गया।

कैदियों की रिहाई की अपील के अलावा भारत ने अपनी जेल में बंद पाकिस्तानी नागरिकों की सूची भी साझा की है। भारत की जेलों में हिरासत में बंद 337 नागरिक कैदियों और 81 मछुआरों की सूची पाकिस्तान भेजी गई है। ये पाकिस्तानी हैं या पाकिस्तानी माने जाते हैं। विदेश मंत्रालय के अनुसार, पाकिस्तान ने भी वहां की जेलों में कैद 47 नागरिक कैदियों और 184 मछुआरों की सूची साझा की है। ये लोग भारतीय हैं या माना जाता है कि इनके पास भारतीय नागरिकता है।

गौरतलब है कि भारत ने 2008 में पाकिस्तान से कैदियों की रिहाई को लेकर समझौता किया था। इसके तहत हर कैलेंडर वर्ष में 1 जनवरी और 1 जुलाई को कैदियों को रिहा करने की परंपरा बीते लगभग 15 साल से जारी है।

# चीन-अमेरिका संबंधों को जिम्मेदारी से प्रबंधित करने के लिए प्रतिबद्ध हूं, बाइडन का शी को आश्वासन

**बीजिंग।** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने सोमवार को अपने चीनी समकक्ष शी जिनपिंग से बात की। इस दौरान उन्होंने जिनपिंग को आश्वासन दिया कि वह द्विपक्षीय संबंधों को जिम्मेदारी से प्रबंधित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। दोनों नेताओं ने वॉशिंगटन और बीजिंग के बीच राजनयिक संबंधों की 45वीं वर्षगांठ के मौके पर बधाई संदेशों का आदान-प्रदान किया। इससे पहले दोनों नेताओं ने पिछले साल नवंबर में सैन फ्रांसिस्को में एशिया-प्रशांत आर्थिक सहयोग (एपीईसी) शिखर सम्मेलन से इतर मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने दुनियां की दोनों शीर्ष अर्थव्यवस्थाओं के बीच बढ़ते तनाव को करने पर सहमति जताई थी। शी को भेजे गए संदेश में बाइडन ने कहा कि 1979 में अमेरिका और चीन के बीच राजनयिक संबंध स्थापित हुए थे। इन संबंधों ने दोनों देशों और दुनिया के लिए समृद्धि और अवसरों की सुविधा प्रदान की है। चीन की सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ की खबर के मुताबिक, बाइडन ने कहा



कि वह इन महत्वपूर्ण संबंधों को जिम्मेदारी से प्रबंधित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि वह बैठकों और चर्चाओं के जरिए अमेरिका-चीन संबंधों को आगे बढ़ाने को लेकर आशान्वित हैं। दोनों देशों के उच्च स्तरीय अधिकारियों के बीच व्यापक बातचीत के बाद शिखर वार्ता हुई। वहीं, शी ने अपने पत्र में बाइडन से शिखर सम्मेलन के परिणामों को ईमानदारी से लागू करने का आग्रह किया। जिनपिंग ने कहा कि इतिहास पहले ही साबित कर चुका है कि आपसी सम्मान, शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व और दोनों की जीत वाला सहयोग चीन और अमेरिका के लिए एक-दूसरे के साथ आने का सही तरीका है। शी ने कहा कि उन्होंने और बाइडन ने सैन फ्रांसिस्को में अपनी बैठक के दौरान भविष्योन्मुखी सैन फ्रांसिस्को विजन तैयार किया है, जो चीन-अमेरिका संबंधों के विकास के लिए मार्ग प्रशस्त करेगा। उन्होंने चीन और अमेरिका से दोनों राष्ट्राध्यक्षों के बीच बनी महत्वपूर्ण सहमति और परिणामों को ईमानदारी से लागू करने और चीन-अमेरिका संबंधों के स्थिर, स्वस्थ और सतत विकास को बढ़ावा देने के लिए ठोस कार्रवाई करने का आह्वान किया। उन्होंने जोर देकर कहा कि वह दोनों देशों के लोगों को लाभ पहुंचाने और विश्व शांति व विकास को बढ़ावा देने के लिए चीन-अमेरिका संबंधों के मार्ग को आगे बढ़ाने के लिए बाइडन के साथ काम करना चाहते हैं। शिखर वार्ता के दौरान शी और बाइडन उच्च स्तरीय सैन्य संवाद बहाल करने पर सहमत हुए हैं। यह सैन्य संवाद 2022 में तत्कालीन अमेरिकी प्रतिनिधि सभा की अध्यक्ष नैन्सी पेलोसी के ताइवान दौरे के बाद टूट गया था।

## श्रम कानून का उल्लंघन करने पर नोबेल विजेता मुहम्मद यूनुस दोषी करार

**ढाका।** बांग्लादेश में श्रम कानूनों का उल्लंघन करने पर नोबेल शांति पुरस्कार विजेता मुहम्मद यूनुस को दोषी ठहराया गया है। इसको लेकर देश में राजनीति तेज हो गई है। उनके समर्थकों ने आरोप लगाया कि यह पूरी कार्रवाई राजनीति से प्रेरित है।

अभियोजक खुर्शीद आलम खान ने कहा कि प्रोफेसर यूनुस और उनके तीन ग्रामीण टेलीकॉम सहयोगियों को श्रम कानूनों के तहत दोषी ठहराया गया हैं, जिन्हें मामले में छह महीने की जेल की सजा सुनाई गई हैं।

लोगों को गरीबी से बाहर निकालने वाले माइक्रोफाइनेंस बैंक के लिए जाने वाले मुहम्मद यूनुस पर प्रधानमंत्री शेख हसीना ने गरीबों के शोषण का आरोप लगाया है। अगस्त माह में बराक ओबामा और बान की मून सहित विश्व की कई हस्तियों ने यूनुस के न्यायिक उत्पीड़न की आलोचना की थी।

# नवाज के दो सीटों से नामांकन पत्र स्वीकार, इमरान की पार्टी ने दी चुनाव आयोग के फैसले को चुनौती

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में आठ फरवरी को आम चुनाव होने हैं। उसके लिए लाहौर की नेशनल असेंबली सीट से पीएमएलएन-सुप्रीमो नवाज शरीफ का नामांकन पत्र स्वीकार कर लिया गया है। हालांकि, पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पीटीआई के वरिष्ठ सदस्यों ने सोमवार को इसे चुनौती दी और कहा कि नवाज को शीर्ष अदालत ने 2017 में आजीवन अयोग्य घोषित कर दिया था। चुनाव आयोग (ईसीपी) द्वारा इमरान खान और उनकी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी के 90 फीसदी बड़े नेताओं का नामांकन पत्र खारिज किया जा चुका है। पार्टी ने इसके खिलाफ अपीलीय न्यायाधिकरण का दरवाजा खटखटाया है। हालांकि, ईसीपी ने नेशनल असेंबली की दो सीटों मानसहारा और लाहौर से नवाज शरीफ की उम्मीदवारी को मंजूरी दे दी। निर्वाचन अधिकारियों ने सैन्य प्रतिष्ठान के निर्देश पर देशभर से पीटीआई नेताओं के नामांकन पत्रों को सामूहिक रूप से खारिज कर दिया है। पूर्व विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी, पीटीआई अध्यक्ष चौधरी परवेज इलाही, पूर्व संघीय मंत्रियों मूनिस इलाही और जरताज गुल सहित पीटीआई के कई नेताओं ने सोमवार को उच्च न्यायालय के चुनाव न्यायाधिकरण में उनके नामांकन पत्र खारिज किए जाने को चुनौती दी है। निर्वाचन अधिकारियों ने राष्ट्रीय और प्रांतीय असेंबली सीटों के लिए रिकॉर्ड 3,500 से ज्यादा उम्मीदवारों के नामांकन पत्र खारिज किए हैं। वकील इश्तियाक अहमद ने सोमवार को लाहौर उच्च न्यायालय के अपीलीय न्यायाधिकरण के समक्ष एक अपील दायर कर उच्चतम न्यायालय द्वारा आजीवन अयोग्य घोषित किए जाने के शरीफ की उम्मीदवारी को चुनौती दी है।अहमद ने कहा, नवाज शरीफ के दस्तावेज को स्वीकार करना गैरकानूनी है, क्योंकि 2017 में उच्चतम न्यायालय ने पनामा पेपर्स मामले में उन्हें आजीवन अयोग्य करार दिया था।% उन्होंने कहा कि देश के कानून के मुताबिक वह आठ फरवरी को होने वाला चुनाव नहीं लड़ सकते। सैन्य प्रतिष्ठान पहले ही शरीफ को चौथी बार प्रधानमंत्री के रूप में पेश कर रहा है।

राजनीतिक पर्यवेक्षकों के मुताबिक, सेना ने रिकॉर्ड चौथी बार प्रधानमंत्री बनने के उनके रास्ते में आने वाली सभी कानूनी और अन्य बाधाओं को दूर कर दिया है। उन्होंने कहा, सैन्य प्रतिष्ठान यह सुनिश्चित कर रहा है कि इमरान खान और उनकी पार्टी चुनाव भी नहीं लड़ सके और अब तक किए गए सभी आवश्यक उपायों और रणनीतियों ने सेना को पूरी तरह से बेनकाब कर दिया है। इस बीच, ईसीपी ने दावा किया कि मियांवाली और लाहौर शहरों में नेशनल असेंबली की दो सीटों के लिए इमरान खान का नामांकन पत्र नैतिक और तोशाखाना भ्रष्टाचार मामले में उनकी दोषसिद्धि सहित अन्य आधारों पर खारिज कर दिया गया।

# नववर्ष में रामनगरी अयोध्या को कुंभ नगरी प्रयागराज से वायु मार्ग से जोड़ने की तैयारी

## महाकुंभ-2025 से पहले दोनों शहरों को जोड़ने के लिए 20 सीट वाले विमान चलाने की योजना

**जनवरी में माघ मेला और अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के समय हो सकता है ट्रायल शुरू**

**अवधनामा संवाददाता**

**प्रयागराज।** प्रयागराज में आयोजित होने जा रहे महाकुंभ-2025 से पहले कुंभ नगरी प्रयागराज को वायु मार्ग से देश के अलग-अलग राज्यों से जोड़ने के साथ धार्मिक महत्व के प्रमुख स्थलों से भी जोड़ने की योजना है। राम नगरी अयोध्या और चित्रकूट को जोड़ने की योजना भी इसी का हिस्सा है। धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए भी प्रदेश की योगी सरकार इसकी तैयारी कर रही है।

प्रयागराज में आयोजित होने जा रहे महाकुंभ को दिव्य, भव्य और नव्य स्वरूप देने के लिए संकल्पित प्रदेश की योगी सरकार महाकुंभ आने वाले पर्यटकों के लिए नए वर्ष में बड़ी सौगात देने की तैयारी में है। अयोध्या में भगवान श्री राम के भव्य मंदिर निर्माण के बाद यहां देश विदेश से राम भक्तों और पर्यटकों के आने का सिलसिला निरंतर बढ़ते रहना है। इन पर्यटकों में ऐसे बहुत से पर्यटक होंगे जो प्रयागराज में आयोजित होने जा रहे महाकुंभ भी जाना चाहेंगे। ऐसे पर्यटकों और यात्रियों के लिए राम नगरी अयोध्या को कुंभ नगरी प्रयागराज से सीधे हवाई मार्ग से जोड़ने की योजना बन रही है। चेयरमैन केशरी देवी पटेल बताती हैं कि अयोध्या में नए अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट के उदघाटन के बाद पर्यटकों को यहां से प्रयागराज के लिए भी वायु मार्ग से जोड़ने की योजना है। इन दोनो धार्मिक स्थलों के बीच 20 सीटों वाले छोटे विमान चलाने की तैयारी है।

### अयोध्या, चित्रकूट और प्रयागराज को जोड़ने की तैयारी

प्रयागराज। योगी सरकार ने प्रदेश के धार्मिक महत्व के स्थलों का कायाकल्प का जो अभियान शुरू किया है उससे इन धार्मिक स्थलों में पर्यटन विकास की भी संभावनाएं भी बढ़ी हैं। इन्हे वायु मार्ग से जोड़ने से जहां यहां पर्यटकों की संख्या में बढ़ोत्तरी होगी वहीं स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे। प्रयागराज एयरपोर्ट सलाहकार समिति की बैठक में भी इस विषय पर विमर्श किया गया। समिति की सदस्य केशरी देवी पटेल का कहना है कि अयोध्या और चित्रकूट के लिए प्रयागराज से छोटे विमान ही चलाने की तैयारी है। इन स्थलों पर महज 30 से 35 मिनट में ही प्रयागराज से पहुंचा जा सकेगा। इसके लिए विमानन कंपनियों को आमंत्रित किया गया है। इसी साल जनवरी में माघ मेला और अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के दौरान इसका ट्रायल भी किया जा सकता है। इसके लिए लंबे समय से मांग भी की जा रही थी। उनका कहना है कि विशेष तौर पर अयोध्या के लिए प्रयागराज से सीधी फ्लाइट शुरू करने के लिए भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण ने विमानन कंपनियों को आमंत्रित भी किया है। रामायण सर्किट में आने वाले शहरों को वायु मार्ग से जोड़ने की सरकार की योजना भी इसके सहारे धरातल पर उतर सकती है।

# सुरेन्द्र बने सपा के जिला सचिव



**अवधनामा संवाददाता**

**प्रयागराज।** समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल जी की अनुमति से जिलाध्यक्ष गंगापार अनिल यादव ने सुरेंद्र प्रताप सिंह मौर्य को जिला सचिव मनोनीत किया है। श्री मौर्य बाला प्रसाद कुशवाहा इंटर कालेज बलरामपुर में प्रवक्ता हैं। शिक्षण कार्य के साथ ही सामाजिक न्याय की लड़ाई में डॉ अम्बेडकर एवं डॉ लोहिया के विचारों से प्रभावित होकर संघर्षरत हैं। इनके सपा का जिला सचिव बनाये जाने पर शिक्षक सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं एम एल सी डॉ मान सिंह यादव,राजू पासी, जिलाध्यक्ष अनिल यादव, डॉ प्रेम चंद्र कुशवाहा, दान बहादुर मधुर, सुरेश यादव जिलाध्यक्ष शिक्षक सभा, राजीव रंजन पटेल, तेज बहादुर भारतीय, दीपक,नाटे चौधरी, डॉ राजेश यादव, प्रशांत सिंह, जगदीश यादव, त्रिभुवन यादव, राम अवध पाल आदि ने बधाई दी है।

# प्रेम में धोखा मिलने पर युवक ने की आत्म हत्या

**जौनपुर।** प्रेम में धोखा खाने पर कोचिंग संचालक ने विद्यालय के एक कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बता दें कि आजमगढ़ जनपद के दीदारगंज थानान्तर्गत पकड़वल गांव निवासी नवीन प्रजापति (18) पुत्र पवन क्षेत्र के मदरहा गांव में अपने ननिहाल में रहकर कोचिंग सेंटर चलाता था। रात में कोचिंग संचालक युवक ने अपने साथियों के साथ जन्मदिन की पार्टी की। सोमवार की सुबह छह बजे वह घर से माता मरजादी देवी स्कूल में कोचिंग पढाने के लिए पहुंचा। जहां कमरे में लगे पंखे में रस्सी का फंदा बनाकर फांसी लगा लिया। कुछ समय के बाद विद्यालय पहुंचे छात्रों ने फांसी पर झूलता देख गांव के लोगों को इसकी जानकारी दी तो मौके पर काफी भीड़ इकट्ठा हो गई।घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस को मृतक के पास से मिले सुसाइड नोट में प्रेम में धोखा खाकर जान देने की बात लिखी मिली। फिलहाल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा में भिलाई भारत के विकास की शपथ

**अवधनामा संवाददाता**




**प्रयागराज।** सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय और नगर पंचायत के सहयोग से आज प्रथम सत्र में शंकरगढ़ क्षेत्र के राम भवन चौराहे पर आयोजित हुई। विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम को बारा विधायक डॉक्टर वाचस्पति द्वारा आयोजन के उद्देश्यों पर विस्तार से जानकारी देते हुए लोगों को विकसित भारत से संबंधित शपथ दिलाई। कार्यक्रम के दौरान कई कल्याणकारी योजनाओं के विभागों के स्टॉल जैसे आपूर्ति विभाग, स्वास्थ्य विभाग, भारतीय स्टेट बैंक, कृषि बैंक आदि का स्टाल लगाया गया था जिसके माध्यम से उपस्थित लोगों ने योजनाओं के बारे में जानकारी लेकर अपना पंजीकरण कराया और लाभ प्राप्त किया। कार्यक्रम के दौरान अधिशासी अधिकारी नवीन कुमार, विनोद कुमार त्रिपाठी, संतलाल सरोज, नगर पंचायत अध्यक्ष पार्वती, दिनेश तिवारी, शिवराम सिंह परिहार, सुरेश केसरवानी, रोहित केसरवानी, मूलचंद, रोहित गुप्ता, अनूप, नरेंद्र गुप्ता, उमा वर्मा, स्नेहा सिंह, ज्योति सहित हजारों की संख्या में लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान अधिशासी अधिकारी मृदुल कुमार, सभासद तिलक केसरी, विपिन सिंह, अतुल भगवान केसरी पुष्पराज यादव, बृजलाल यादव रवि केसरवानी तथा विनोद प्रजापति नित्यम, सुधाकर पांडे, सिद्धांत तिवारी, सत्य प्रकाश, शीतल केशरवानी, हर्षदेव सिंह आदि की संख्या में हजारों लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन करते हुए सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार के नोडल अधिकारी राम मूरत ने बताया कि यह विकसित भारत संकल्प यात्रा समाज के अंतिम पायदान पर खड़े पात्र और हकदार व्यक्तियों को सरकार की योजनाओं को लाभ दिलाने के लिए और जानकारी प्रदान करने के लिए चलाए जा रहा है। उन्होंने बताया कि कल कोराव और भारतगंज नगर पंचायत के अंतर्गत विकसित भारत से संबंधित जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

# संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश सरकार के मंडल संयोजक बनाए गए आशुतोष त्रिपाठी

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश पर्व हमारी संस्कृति हमारी पहचान के अंतर्गत संस्कृति उत्सव पूरे प्रदेश में मनाया जा रहा है। संस्कृति निदेशालय उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा कार्यक्रम के लिए मंडल संयोजक प्रयागराज आशुतोष त्रिपाठी को चुना गया है। बताते चलें कि जाने माने कलाकार आशुतोष त्रिपाठी राज्य ललित कला अकादमी उत्तर प्रदेश के सदस्य भी रहे हैं और देश-प्रदेश के विभिन्न सांस्कृतिक आयोजनों में अपनी भूमिका को निभाते रहे हैं। वह कई राज्य तथा राष्ट्रीय कला प्रदर्शनियों में इनके चित्र पुरस्कृत भी हुए हैं। राज्य ललित कला अकादमी के कार्यकारिणी सदस्य रहे रवीन्द्र कुशवाहा नेआशुतोष त्रिपाठी को बधाई देते हुए बताया कि प्रदेश सरकार ने प्रयागराज मंडल के सांस्कृतिक कार्यक्रम को भव्य स्वरूप प्रदान करने हेतु इनपर भरोसा जताया है। इलाहाबाद विश्वविद्यालय दृश्य कला विभाग के प्रोफेसर डॉ सचिन सैनी, कला- संस्कृति प्रेमी एडवोकेट प्रदीप मिश्रा एवं धीरज मिश्रा इत्यादि ने आशुतोष त्रिपाठी के चयन पर खुशी जाहिर करते हुए बधाई दी है।

# राजर्षि टंडन मुक्त वि.वि. की परीक्षाएं आज से

## 163 केंद्रों पर 60 हजार परीक्षार्थी देंगे परीक्षा, प्रदेश के 4 केंद्रीय कारागारों में भी बनाए गए परीक्षा केंद्र

**अवधनामा संवाददाता**



**प्रयागराज।** उ प्र राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज की सत्र दिसम्बर -2023 की परीक्षाएं प्रदेश के 163 केंद्रों पर कल 2 जनवरी से प्रारंभ हो रही हैं। इन परीक्षा केंद्रों में 4 केंद्रीय कारागार भी शामिल हैं । परीक्षा में लगभग 60 हजार परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे। यह जानकारी आज यहां देते हुए कुलपति प्रोफेसर सीमा सिंह ने बताया की परीक्षाएं 8 फरवरी तक संचालित की जाएंगी। उन्होंने बताया कि परीक्षाएं दो पालियों में प्रातः 10:00 से 1:00 बजे तक तथा शाम को 2:00 से 5:00 तक आयोजित की जाएंगी। उन्होंने बताया कि सभी विषयों के परीक्षार्थियों के प्रवेश पत्र ऑनलाइन कर दिए गए हैं। जिन्हें डाउनलोड कर परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हो सकते हैं। प्रोफेसर सिंह ने बताया कि गोरखपुर रीजन में सबसे अधिक 27 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं । इसके अतिरिक्त प्रयागराज रीजन में 24, वाराणसी रीजन में 22, अयोध्या रीजन में 17, आजमगढ़ रीजन में 15, लखनऊ रीजन में 14, कानपुर और आगरा रीजन में 11, झांसी रीजन में 7, मेरठ रीजन में 6, गाजियाबाद रीजन में 3 तथा बरेली रीजन में 2 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। कुलपति प्रोफेसर सिंह ने बताया कि विश्वविद्यालय जेल बंदियों की शिक्षा के लिए लगातार प्रयासरत है। इस बार दिसम्बर सत्र की परीक्षा में प्रदेश में 4 केंद्रीय कारागारों प्रयागराज, गाजियाबाद, अयोध्या तथा बरेली केन्द्रीय कारागार में जेल बंदियों को परीक्षा दिलाई जाएगी। उन्होंने बताया कि परीक्षा को पारदर्शिता पूर्ण ढंग से सकुशल संपन्न कराने के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। जिसके अंतर्गत इस बार परीक्षा कक्ष के अंदर केंद्र प्रभारी के अतिरिक्त अन्य सभी का मोबाइल प्रतिबंधित रहेगा। इसके साथ ही परीक्षा केन्द्रों में सीसीटीवी कैमरों की व्यवस्था है। उन्होंने बताया कि पूरे प्रदेश में नकल विहीन परीक्षा कराने के लिए उड़ाका दल एवं पर्यवेक्षक दल का गठन किया गया है। कुलपति प्रोफेसर सिंह ने बताया कि प्रदेश में किसी भी केंद्र पर किसी भी परीक्षार्थी को कोई परेशानी न हो, परीक्षार्थियों की समस्या के त्वरित समाधान के लिए परीक्षा नियंत्रक कार्यालय में सहायता पटल स्थापित किया गया है। परीक्षा केंद्रों के समीप पर्याप्त सुरक्षा बल की तैनाती के लिए प्रदेश के पुलिस महानिदेशक से आग्रह किया गया है। मीडिया प्रभारी डॉ प्रभात चन्द्र मिश्र ने बताया कि कुलपति प्रोफेसर सिंह ने आज परीक्षा नियंत्रक, अन्य अधिकारियों एवं क्षेत्रीय केंद्र समन्वयकों के साथ बैठक करके परीक्षा की तैयारी का जायजा लिया और आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किये।

# उज्ज्वला योजना में नये व्यक्तियों का नामांकन

**अवधनामा संवाददाता**

**जौनपुर।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत जनपद के विकासखंड सिकरारा की ग्राम पंचायत खानापट्टी और सतलपुर, रामनगर की ग्राम पंचायत बालभद्रपुर और परमलपट्टी, बरसठी की ग्राम पंचायत चतुर्भुजपुर और पदुमपुर, मछलीशहर की ग्राम पंचायत ताजुद्दीनपुर और घिसुआखुर्द, मुंगराबादशाहपुर की ग्राम पंचायत सेमरी, महराजगंज की ग्राम पंचायत पुरा बलाई और पुरालाल, बदलापुर के ग्राम पंचायत बदलापुर खुर्द और मछलीगाव, सुईथाकला की ग्राम जंगीपुर और सरायमोहिउद्धि, शाहगंज की ग्राम पंचायत अतरौरा और बरजी में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां एलईडी वैन के माध्यम से सरकार की योजनाओ के प्रचार प्रसार के साथ ही आज स्वास्थ्य शिविर में लोगों की जांच की गयी। पीएम उज्ज्वला के तहत नये व्यक्तियों का नामांकन किया गया। ड्रोन से नैनौ युरिया, डीएपी, का प्रदर्शन किया गया और बायोमैट्रिक प्रमाणीकरण, पीएम किसान योजना में नया पंजीकरण, ई-के0वाई0सी0 की सुविधाओं से ग्रामवासियों को आच्छादित किया गया। सहकारिता विभाग के अन्तर्गत ग्रामीणों को सहकारी समिति का सदस्य बनाकर प्रमाण पत्र देते हुए उन्हें लाभान्वित किया गया। कृषि विभाग द्वारा जागरूकता स्टॉल लगाते हुए विभिन्न कृषि, कृषक आधारित योजनाओं के बारे में ग्रामीणों को प्रोत्साहित किया गया। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अन्तर्गत प्रमाण पत्र वितरित किया गया। कृषि विभाग द्वारा मृदा परीक्षण, प्राकृतिक खेती, श्री अन्नध्मिलेट्स की उपयोगिता,स्थानीय कृषि उत्पादन संगठनों के उत्पादन के प्रति प्रदर्शनी रबी अभियान के अन्तर्गत प्रगतिशील कृषकों द्वारा उच्च उत्पादकता प्राप्त करने हेतु संवाद कार्यक्रम किया गया। स्वास्थ्य विभाग के अन्तर्गत स्टॉल के माध्यम से चिकित्सा परीक्षण एवं आयुष्मान कार्ड वितरण किया गया। पशुपालन विभाग के स्टॉल के अन्तर्गत पशुओं सामयिक टीकाकरण व रोगों के बारे में कृषकों को जागरूक किया गया। आपूर्ति एवं विपणन विभाग के स्टॉल के अन्तर्गत पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना के अन्तर्गतन निःशुल्क राशन एवं पीएम उज्ज्वला योजना पर प्रकाश डाला गया। कृषि उत्पादन संगठनों के उत्पादन के प्रति प्रदर्शनी रबी अभियान के अन्तर्गत प्रगतिशील कृषकों द्वारा उच्च उत्पादकता प्राप्त करने हेतु संवाद कार्यक्रम किया गया।

# दबंगों ने युवक पर की फायरिंग, हालत गंभीर

**जौनपुर। (सरायख्वाजा)** स्थानीय थाना क्षेत्र के फरीदाबाद पेट्रोल पंप के समीप दोपहर में बाइक सवार दबंगों ने एक युवक पर जानलेवा हमला कर मौके से फरार हो गए पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई है। जानकारी के अनुसार सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के फरीदाबाद गांव के निवासी रामजी सोनकर का पुत्र सोनू सोनकर 32 वर्ष अपने घर के सामने बैठा हुआ था ।तभी कुछ अज्ञात युवक मोटरसाइकिल पर सवार होकर पहुंचे और उस पर बंदूक से फायरिंग करना शुरू कर दिया। सोनू ने अपना बचाव करते घर की तरफ भागा तब तक सोनू के दोनों पैर में दो गोली लग गई थी। शोरगुल की आवाज सुनकर आसपास के लोग जुट गए, लेकिन मौके का फायदा उठाकर बाइक सवारी युवक मौके से फरार हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है।

# पहली जनवरी भीमा कोरेगांव शौर्य दिवस का प्रतीक

**महार रेजिमेंट के साहस का प्रतीक है भीमा कोरेगांव**

**अवधनामा संवाददाता**



**प्रयागराज।** भीमा कोरेगांव जहां लिखा गया दलित शौर्य का गौरवशाली इतिहास। पेशवाओ के अमानवीय कृत्य से बचाव के खिलाफ महारो और पेशवाओं के बीच हुए महा संग्राम में पेशवाओं की करारी पराजय और दलितों की शौर्य गाथा के रूप में जानी जाती है। बाबा साहेब अम्बेडकर प्रत्येक वर्ष कोरेगांव जाकर जाबाज शहीद दलितों को नमन करते थे। पहली जनवरी सन 1818 ÷वो सिर्फ 500 थे, लेकिन दिल में जज़्बा था कि जातिवाद को हराना है, वे जान पर खेल गए, कई तो कट मरे, पर आखिरकार भीमा कोरेगांव के मैदान से पेशवा की फ़ौज भाग गई। 1818 को इसी दिन महार सैनिकों ने पेशवाई को हराकर भारत को जातिमुक्त और लोकतांत्रिक बनाने की दिशा में पहला ऐतिहासिक क़दम बढ़ाया। उक्त बातें जसरा गांव में भीमा कोरे गांव की शौर्य दिवस की 206 वीं वर्षगांठ पर आयोजित सभा को सम्बोधित करते हुए कही। समाजसेवी देशराज बौद्ध ने बताया कि इस ऐतिहासिक दिन को याद करते हुए डॉ. बाबासाहेब अम्बेडकर हरसाल पहली जनवरी को उस महान स्थान पर जाकर उन वीर दलितों का नमन किया करते थे। एक जनवरी 1818 को कोरेगांव के युद्ध में महार सैनिकों ने ब्राह्मणवादी पेशवाओं को धूल चटा दी थी। बाबासाहेब ने अपनी किताब राइटिंग्स एंड स्पीचेस (अंग्रेज़ी) के खंड 12 में 'द अनटचेबल्स एंड द पेक्स ब्रिटेनिका' में इस तथ्य का वर्णन किया है। इस सभा मे महिमा, मालती चौधरी, महिमा चौधरी, उर्मिला, अंगूरा, सुनीता, संजू, मीरा, गायत्री, राजेन्द्र कुमार, दीदान, देशराज, संतोष, विष्णु के साथ सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# मां के आशिर्वाद से मिलता है मुकाम: जमा खान

## पूर्व सांसद धनंजय सिंह की माता लालती देवी की इक्कसवी पुण्यतिथि पर बंसफा में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में उमड़ी भीड़

**अवधनामा संवाददाता**

**जौनपुर( सिकरारा)** पूर्व सांसद धनंजय सिंह की माता लालती देवी की इक्कीसवीं पुण्यतिथि सोमवार को उनके पैतृक गांव बंसफा में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में श्रद्धांजलि देने वालो की भारी भीड़ उमड़ी। श्रद्धांजलि सभा मे आये हुए जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों व सम्भ्रान्त लोगों ने लालती देवी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। बिहार सरकार के मंत्री जमा खान ने कहा कि ईश्वर की धरती पर सर्वोत्कृष्ट कृति मां है। मां की पूजा, भक्ति व सेवा का सौभाग्य जिसे मिला वह धरती पर सबसे धनवान है। मां के चरणों में जन्नत होती है। मां के आशिर्वाद से हम दुनिया को जीत सकते है। कहा कि मां त्याग और बलिदान की प्रतिमूर्ति होती है । वह अपने बच्चे की कुशलता के लिए अपना सबकुछ न्यौछावर करने को तत्पर रहती है। विधान परिषद सदस्य बृजेश कुमार सिंह प्रिंसू ने कहा कि स्वर्गीया लालती देवी में एक आदर्श माँ के सारे गुणों का समावेश था। उन्होंने सदैव गरीब, असहायों की भलाई के लिए कार्य किया। पूर्व विद्यालय सुरेंद्र प्रताप सिंह, हरेंद्र प्रताप सिंह, त्रिभवन राम व दिनेश चौधरी ने कहा माँ का प्रेम निःस्वार्थ होता है पुत्रों की सेवा करते हुए वह कभी नहीं सोचती कि उसके उपकारों का प्रतिफल मिलेगा। भाजपा नेता ज्ञान प्रकाश सिंह ने कहा कि धरती पर भगवान का दूसरा रूप मां होती है।



जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीकला धनंजय सिंह, जितेंद्र सिंह दादा व अभ्युदय सिंह ने अभ्यागतो का स्वागत किया। पूर्व सांसद सुबह जिला अस्पताल पहुंचकर मरीजों को फल वितरित किया। अस्पताल में भर्ती मरीजों की समस्याओं को सुनकर उसके निदान हेतु चिकित्सकों को निर्देशित किया। उनके साथ एमएलसी बृजेश सिंह प्रिंसू भी मौजूद रहे। इससे पूर्व रविवार से आरम्भ श्रीरामचरित मानस पाठ के समापन के पश्चात हवन पूजन के साथ आयोजित विशाल भंडारे में लोगो ने प्रसाद वितरण किया गया। आभार पूर्व विधायक राजदेव सिंह ने ज्ञापित किया। इस अवसर पर पूर्व जिला पंचायत सदस्य कमला सिंह व प्रभावती पाल, ब्लाक प्रमुख संजय सिंह, प्रमुख विनय सिंह, राहुल सिंह प्रमुख, प्रमुख बंशराज सिंह, धीरू सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक राजीव रंजन मिश्र, बेसिक शिक्षा अधिकारी डा. गोरखनाथ पटेल, जिलाध्यक्ष अमित सिंह व सुशील उपाध्याय, ओम प्रकाश सिंह, नवीन सिंह, दिनेश सिंह, अमरेश रतन सिंह रंगीले, एकता सिंह, आमोद सिंह रिंकू, श्रुतिकीर्ति सिंह,गुलाब सिंह,डा. सर्वेश राजभर, चंद्रशेखर राजभर सहित भारी संख्या में लोगो का दिनभर आना - जाना लगा रहा।

# महाराजा प्रताप सेना के वार्षिकोत्सव सम्मेलन को लेकर हुई बैठक

**अवधनामा संवाददाता**



**आजमगढ़।** दिसम्बर महाराजा प्रताप सेना की बैठक स्थानीय होटल के सभागार में सम्पन्न हुई। जिसकी अध्यक्षता कमलाकान्त सिंह पूर्व प्रवक्ता एवं प्रतिनिधि देवेन्द्र प्रताप सिंह एम0एल0सी0 ने किया। जिसमें आगामी 07 जनवरी को निर्धारित सेना के वार्षिकोत्सव सम्मेलन की सफलता हेतु विचार विमर्श किया गया। इस अवसर पर सेना प्रमुख बिजेन्द्र सिंह ने अपने सम्बोधन में बताया कि महाराणा प्रताप के बंशज महाराज कुमार लक्ष्यराज सिंह मेवाड़, मा0 जयवीर सिंह पर्यटन मंत्री, मा0 दयाशंकर सिंह परिवहन मंत्री प्रमुख रूप से अतिथि के रूप में मार्ग दर्शन देगें। सेना के स्थानीय सदस्यों सहित अन्य जनपदों से आये पदाधिकारीयों ने भी अपने विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर समाज के लिए कार्य करने वाली समाज सेवियों का सम्मान देश के लिए सर्वोच्च न्योछावर करने वाले स्वतंत्रता सेनानीओं के परिवार का सम्मान व महाराणा प्रताप सेना संगठन को विस्तार देने वाणी का सम्मान किया जायेगा। इस अवसर पर सैकड़ो उपस्थिति रहे जिसमें श्रीकमला कान्त सिंह, राणा प्रताप सिंह, अनिल कुमार सिह, अनुराग तिवारी, शशिकान्त यादव, पवन चौहान, दिनेश खड़ेलिया, जयनाथ यादव, सूर्यभान सिह, नागेन्द्र सिंह, रामनाथ सिंह, सुरेश सिंह, शिवम सिंह, बलवन्त सिंह, सुरेन्द्र यादव, महेन्द्र प्रताप सिंह, शिवम सिंह, बलवन्त सिंह, सुरेन्द्र यादव, महेन्द्र प्रताप सहि, हरेन्द्र प्रताप सिंह, दीना सिंह, शशिकान्त राय, रितु सिंह, पूनम शर्मा, सूनीता उपाध्याय आदि गण मान्य लोग उपस्थित रहे।

# स्वर्गीय ज्ञानी जैल सिंह निर्माण दिवस अंबेडकर पार्क में मनाया गया

**अवधनामा संवाददाता**

**आजमगढ़।** पूर्वांचल जन मोर्चा एवं अखिल भारतीय ठठेरा, कसेरा, ताम्रकार महासभा व अखिल भारतीय विश्वकर्मा महासभा के संयुक्त तत्वाधान में महामहिम पूर्व राष्ट्रपति स्वर्गीय ज्ञानी जैल सिंह साहब का 29वां परिनिर्वाण महोत्सव एवं सम्मान समारोह का कार्यक्रम डॉ भीमराव अंबेडकआजमगढ़। पूर्वांचल जन मोर्चा एवं अखिल भारतीय ठठेरा, कसेरा, ताम्रकार महासभा व अखिल भारतीय विश्वकर्मा महासभा के संयुक्त तत्वाधान में महामहिम पूर्व राष्ट्रपति स्वर्गीय ज्ञानी जैल सिंह साहब का 29वां



परिनिर्वाण महोत्सव एवं सम्मान समारोह का कार्यक्रम डॉ भीमराव अंबेडकर पार्क में कार्यक्रम संपन्न हुआ । कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष रमाकांत ठठेरा एवं संचालन जिला प्रभारी चंद्रमी गौतम ने किया स कार्यक्रम का शुभारंभ महामहिम के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया गया सकार्यक्रम के मुख्य अतिथि मोर्चा एवं महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवमोहन शिल्पकार ने अपने संबोधन में बताया कि जैल सिंह साहब भारत के सातवें राष्ट्रपति थे सिख धर्म के विद्वान थे पंजाब के मुख्यमंत्री सिंह साहब अपनी इच्छा शक्ति सत्य निष्ठा के राजनीतिक कठिन रास्तों को पार करते हुए देश के विभिन्न पदों पर गौरवमई होते हुए1938 भारत गणराज्य के राष्ट्रपति के पद पर आसीन हुए।

# अत्रि-स्पंदन एवं पानी की पाठशाला पुस्तक का हुआ लोकार्पण

**हरिऔध कला भवन में लेखकों को किया गया सम्मानित**

**अवधनामा संवाददाता**

**आजमगढ़।** शहर के हरिऔध कला भवन में रविवार को आजमगढ़ महोत्सव की स्मारिका 'अत्रि - स्पंदन एवं जल संरक्षण पर अभिनव पुस्तक 'पानी की पाठशालाश् का लोकार्पण हुआ। इन पुस्तकों का लोकार्पण सांसद दिनेश लाल यादव, माननीय. ,माननीय सांसद, जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज एवं संपादक पवन कुमार सिंह, जिलाध्यक्षद्वय श्रीकृष्ण पाल एवं सूरज श्रीवास्तव तथा अपर जिलाधिकारी आजाद भगत सिंह ने किया। विषय रखते हुए संपादक पवन कुमार सिंह ने अत्रि स्पंदन एवं पानी की पाठशाला पर प्रकाश डाला। कठिनाइयों एवं उसकी विशेषताओं पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि आने वाली पीढ़ी के लिए यह कार्य किया गया है जिसे वही आगे बढ़ाएगी। जिलाधिकारी ने अपने संबोधन में कहा कि स्मारिका के विषय में हमने सोचा था कि यह एक संदर्भ पुस्तक बन सकेगी। लेकिन मुझे यह कहने में संकोच नहीं है कि यह हमारी उम्मीद से अच्छी बन पड़ी है। लोकार्पण



समारोह को संबोधित करते हुए सांसद दिनेश लाल यादव ने कहा कि आज की जरूरत है पानी की पाठशाला। आजमगढ़ की सरजमीं से उठा यह अभियान देश के कोने कोने तक पहुंचेगा। ऐसा मेरा विश्वास है। आजमगढ़ में वह ऊर्जा है जो असीम सम्भवनाओं को जन्म देता है। आजमगढ़ महोत्सव की स्मारिका 'अत्रि - स्पंदनश् में आजमगढ़ में स्वतंत्रता संग्राम आंदोलन, शहीदों, साहित्य, लोक संस्कृति जनपद के वैज्ञानिक, विद्वान जनपद की पहचान निजामाबाद के मिट्टी के बर्तन, बनारसी साड़ियों से लेकर यहां की नदियों समेत विभिन्न आलेख बड़े ही शोध पूर्ण तरीके से प्रकाशित किए गए हैं। यह पुस्तक जनपद के अतीत से लेकर वर्तमान के विभिन्न आयामों पर प्रकाश डालती है। इसके साथ ही जल संरक्षण के लिए एक नई शुरुआत करते हुए पानी की पाठशाला पुस्तक जनपद वासियों के लिए आई है। इन पुस्तकों के संपादक लोक दायित्व के पवन कुमार सिंह है। लोकार्पण समारोह के अवसर पर आजमगढ़ महोत्सव की पत्रिका के लेखकों को जिला प्रशासन द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन अरविंद सिंह एवं सुनील ने किया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी परीक्षित खटाना, जिला विकास अधिकारी संजय सिंह, अतिरिक्त मजिस्ट्रेट गुप्ता तथा अत्रि स्पंदन के सभी लेखक, पानी की पाठशाला के सहयोगी तथा लोक दायित्व के डा दुर्गा प्रसाद अस्थाना उपस्थित रहे।

# प्री-वेडिंग फोटोशूट के लिए बेस्ट हैं राजस्थान की ये जगहें, जिंदगी भर नहीं भूलेंगे आप

हम सभी यादों को कैद करने के लिए तस्वीरें लेते हैं। वहीं शादी के पलों को खासकर अपनी यादों में संजोना चाहते हैं। जैसे शादी से पहले प्री-वेडिंग फोटोशूट, पोस्ट वेडिंग शूट, मैटरनिटी शूट करवाते हैं। जिससे कि इन तस्वीरों को हम जब भी देखें, तो इन खूबसूरत पलों को यादकर मुस्कुरा सकें। इस सब के बीच आजकल के कपल्स प्री वेडिंग फोटोशूट करवाना पसंद करते हैं। ऐसे में अगर आपकी भी शादी होने वाली है और आप भी प्री वेडिंग शूट के लिए खूबसूरत जगहों की तलाश कर रहे हैं। तो बता दें कि यह आर्टिकल आपके लिए है। इस आर्टिकल के जरिए हम आपको राजस्थान की कुछ बेहद खूबसूरत जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं। राजस्थान में आपको कई ऐसी लोकेशन मिलेंगी। जो आपको रॉयल फील देने का काम करेंगे।





### मंडावा

अपनी खूबसूरत नक्काशी और कृतियों वाली हवेलियों के लिए जाना जाने वाला मंडावा रिच कल्चरल हेरिटेज डेस्टिनेशन है। ऐसे में आप यहां पर फोटोशूट करवा सकते हैं। शादी के सीजन में कई कपल्स यहां पर फोटोशूट करवाते हैं।

### बूंदी

राजस्थान का बूंदी शहर अपने भव्य महलों के लिए पूरी दुनिया में फेमस है। यह हवेलियां और महल आपकी प्री-वेडिंग शूट को रॉयल लुक देने का काम करेगा। आप यहां पर तारागढ़ किला, रानी जी की बावड़ी आदि में अपना शूट करवा सकते हैं।

### शेखावाटी एरिया

आपको बता दें कि शेखावाटी एक ओपन एयर आर्ट गैलरी है। यहां की हवेलियों में खूबसूरत पेंटिंग हो रखी है। प्री-वेडिंग शूट के लिए यह लोकेशन सबसे बेस्ट है। शेकावाटी एरिया का खूबसूरत लोकेशन आपके प्री-वेडिंग शूट में चार चांद लगाने का काम करेगा।

### रणकपुर

रणकपुर 15वीं शताब्दी के जैन मंदिरों के लिए काफी ज्यादा फेमस है। रणकपुर में कई ऐसी जगहे हैं, जहां पर आप प्री-वेडिंग शूट करवा सकते हैं।

### भरतपुर

राजस्थान का भरतपुर अपने नेचर और वाइल्डलाइफ के लिए जाना जाता है। ऐसे में अगर आप भी प्री-वेडिंग शूट में वाइल्डलाइफ और नेचर का टच देना चाहते हैं, तो यह जगह परफेक्ट है। इसके अलावा भरतपुर में आप लोहागढ़ किले में भी शूट करवा सकते हैं।

### खिमसर


दरअसल, यह गांवनुमा एक रिज़ॉर्ट है। यह जगह खिमसर किले और थार डेजर्ट के लिए जानी जाती है। यह जगह अपनी खूबसूरती के लिए काफी फेमस है। ऐसे में यहां पर प्री वेडिंग शूट करवाना एक यूनिक आइडिया हो सकता है।

### कुंभलगढ़

कुम्भलगढ़ दुर्ग राजस्थान के राजसमन्द ज़िले में स्थित एक दुर्ग है। हांलाकि इस जगह को लोगों द्वारा काफी कम एक्सप्लोर किया गया है। ऐसे में यहां पर आपको प्राकृतिक सुंदरता और अनोखी हरियाली देखने को मिलेगी। वहीं प्री-वेडिंग शूट के लिए यह भी एक अच्छा ऑप्शन है।

### भैंसरोड़गढ़

कई कपल्स प्री वेडिंग शूट के लिए थोड़ा यूनिक जगह की तलाश कर रहे हैं, तो भैंसरोड़गढ़ आपको निराश नहीं करेगा। भैंसरोड़गढ़ में नेचर और चंबल नदी का किनारा आपके शूट को खूबसूरत बनाने का काम करेगा।



# ज्यादा नमक खाना सेहत के लिए हो सकता है हानिकारक



नमक के बिना हमें किसी भी चीज का स्वाद नहीं मिलता है। इसलिए नमक के बिना खाने की कल्पना नहीं की जा सकती है। लेकिन अगर खाने में नमक की मात्रा कम या ज्यादा होने पर खाने का स्वाद बिलकुल खराब हो जाता है। बहुत लोग ऐसे भी होते हैं, जो खाने में नमक ज्यादा खाते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि नमक का ज्यादा सेवन आपके स्वास्थ्य को कई तरह से नुकसान पहुंचाता है। वहीं पैक्ड फूड्स में नमक की मात्रा काफी ज्यादा होती है। ऐसे में इन फूड्स का सेवन करने से व्यक्ति को कई तरह की बीमारियों का सामना करना पड़ सकता है। ऐसे में अगर आप भी ज्यादा मात्रा में नमक का सेवन करते हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि ज्यादा नमक के सेवन से किस तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है।

### ब्लोटिंग

अगर आप भी खाने में ज्यादा नमक खाते हैं, तो ऐसा करने से आपको बचना चाहिए। क्योंकि ज्यादा नमक का सेवन करने से आपको ब्लोटिंग की समस्या का सामना करना पड़ सकता है। वहीं कई बार खाना खाने के बाद आप सामान्य से अधिक फूला हुआ महसूस करते हैं। ऐसा इसलिए भी होता है, क्योंकि खाने में नमक की मात्रा ज्यादा होती है। अगर आप फिट और हेल्दी रहना चाहते हैं। तो आपको नमक का सेवन सीमित मात्रा में करना चाहिए।

### ज्यादा प्यास लगना

आपने भी देखा होगा कि नमक का ज्यादा सेवन करने से मुंह सूखने लगता है। जिसके कारण आपको बार-बार प्यास लगती है। वहीं ज्यादा पानी पीने पर पेट फूलने की समस्या का भी सामना करना पड़ सकता है। अगर आप सोने से पहले ज्यादा मात्रा में सोडियम वाली चीजों का सेवन करते हैं, तो आपकी नींद पर इसका असर पड़ सकता है। जब आप रात में ज्यादा नमक वाली चीजों का सेवन करते हैं, तो इससे आपको बेचैनी महसूस हो सकती है और नींद न आने की समस्या भी हो सकती है। इसलिए सीमित मात्रा में नमक का सेवन करना चाहिए।

### दिल की बीमारियों का खतरा

नमक के ज्यादा सेवन से दिल की बीमारियों का खतरा बढ़ता है। इसलिए अगर आप भी अपने दिल को सेहतमंद बनाए रखना चाहते हैं, तो आपको खाने में नमक की मात्रा सीमित रखना चाहिए। ज्यादातर लोग नमक का ज्यादा सेवन करते हैं। जिसके कारण उनको हाई ब्लड प्रेशर जैसी गंभीर समस्या होती है। WHO के मुताबिक हर व्यक्ति के लिए नमक की मात्रा की जरूरत अलग-अलग हो सकती है। जोकि उनके शारीरिक गतिविधियों पर निर्भर करती हैं। लेकिन एक सामान्य व्यक्ति को 5 ग्राम नमक का सेवन करना चाहिए।


### तमाम कोशिशों के बाद भी सुबह उठने में होती है परेशानी

कहते हैं कि सफल लोगों की पहचान सुबह समय से उठना होती है। सुबह जल्दी उठने से हमारे शरीर को कई फायदे मिलते हैं। लेकिन सुबह के समय उठना तो सभी चाहते हैं, लेकिन किसी न किसी कारण से ऐसा नहीं हो पाता है। तो वहीं कुछ लोग अलार्म लगाकर सोते हैं। लेकिन जब दूसरे दिन अलार्म बजता है, तो आलस के कारण हम नहीं उठ पाते हैं। वहीं अलार्म भी बजते-बजते बंद हो जाता है। बता दें कि सुबह न उठने का सबसे बड़ा कारण आलस होता है। जो हमको सुबह जल्दी उठने से रोक देता है। वहीं सर्दियों के मौसम में सुबह जल्दी उठना किसी मुश्किल काम से कम नहीं है। हांलाकि सुबह उठने के कई फायदे होते हैं। सुबह जल्दी उठने से हमारा शरीर पूरा दिन एनर्जी से भरपूर होता है। इसके अलावा यह सिर्फ शारीरिक स्वास्थ्य के लिए ही नहीं बल्कि मानसिक स्वास्थ्य के लिए भी फायदेमंद होता है। हमारे घर के बड़े-बुजुर्ग खुद भी सुबह जल्दी उठते हैं और परिवार के अन्य लोगों को भी सुबह जल्दी उठने की सलाह देते हैं। ऐसे में अगर आप भी सुबह जल्दी उठने की कोशिश करते हैं, लेकिन आलस के कारण नहीं उठ पाते हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको सुबह जल्दी उठने के कुछ टिप्स के बारे में बताने जा रहे हैं। जिनको फॉलो कर आप सुबह जल्दी उठ सकते हैं। अगर आप भी सुबह जल्दी उठना चाहते हैं, तो रात में देर से खाना खाने से परहेज करें। क्योंकि कुछ लोग डिनर के बाद स्नैक्स आदि खाना पसंद करते हैं। ऐसे में अगर आपको भी यह आदत लगी है, तो आपको इसे छोड़ना होगा। क्योंकि सोने से कुछ देर पहले स्नैक्स खाने से, यह अच्छे से पचेगा नहीं। साथ ही हो सकता है कि आपके पेट में कुछ हलचल हो, जिससे कि आपको नींद नहीं आएगी। ऐसे में जब आप समय से सो नहीं पाएंगे, तो सुबह जल्दी उठ भी नहीं पाएंगे।

अगर आप देर रात तक फोन का इस्तेमाल करते हैं, तो आपको नींद आने में परेशानी हो सकती है। क्योंकि अगर आप रात में लगातार फोन का इस्तेमाल करते हैं, तो इसका सीधा अर्थ है कि आप अपनी नींद का समय आगे बढ़ा रहे हैं। इसलिए सोने से करीब 2 घंटे पहले से फोन का इस्तेमाल करना बंद कर देना चाहिए। इससे आपको अच्छे और बेहतर नींद आएगी।

साथ ही जब आप समय पर सोएंगे तो सुबह उठने में भी परेशानी नहीं होगी। इसके साथ ही सोने के दौरान फोन का इंटरनेट बंद करके सोना चाहिए। जिससे फोन पर आने वाले मैसेज आदि से आपकी नींद खराब न हो।

# लंबे समय तक बैठे रहने से खराब हो सकता बॉडी पॉश्चर



बेहतर बॉडी पॉश्चर हमारी पर्सनैलिटी को इन्हेन्स करने का काम करता है। इसके साथ ही सह शरीर की फ्लेक्सिबिलिटी, बैलेंस और स्ट्रेंथ को भी बनाए रखने में सहायक होता है। जब हमारा बॉडी पॉश्चर बेहतर होता है, तो मांसपेशियों में दर्द की समस्या काफी हद तक कम होती है। साथ ही हम पूरा दिन एनर्जी से भरपूर होते हैं। बॉडी पॉश्चर यदि बेहतर होता है, तो यह मांसपेशियों में होने वाले तनाव को कम करता है। इससे आप इंजरी या अन्य तरह की समस्याओं से खुद को बचा सकते हैं।

बता दें कि गलत पोजिशन या फिर पूरा दिन एक जगह पर बैठे रहने से हमारा बॉडी पॉश्चर खराब हो जाता है। इससे कमर दर्द, पीठ दर्द या फिर गर्दन में दर्द होने की समस्याएं शुरू हो जाती है। ऐसे में आप एक्सरसाइज और योग का सहारा ले सकती हैं। एक्सरसाइज और योग को अपने डेली रूटीन में शामिल कर खराब बॉडी पोश्चर को ठीक किया जा सकता है। इनमें से कुछ एक्सरसाइज ऐसी भी होती हैं, जिनको आप घर पर बैठे-बैठे भी कर सकते हैं।

### फॉर्वड फोल्ड

इस एक्सरसाइज को करने के लिए पैरों की उंगलियों को छुएं और इस दौरान एड़ियों को थोड़ा अलग रखें। फिर कूल्हे तक अपने हाथों को लाएं और कूल्हों को आगे की ओर मोड़ें। अब हाथों को फर्श पर रखें या फिर उनको ब्लॉक कर रखें। इस दौरान अगर हाथ फर्श पर टच नहीं हो रहे हैं, तो हाथ सिर्फ उतना ही आगे बढ़ाएं जितना आप आसानी से बढ़ा सकते हैं। घुटनों को थोड़ा सा मोड़कर कूल्हों के जोड़ों को नरम करें और रीढ़ को लंबा करें। इसके बाद ठोड़ी को छाती से छूने का प्रयास करें, वहीं सिर को जमीन पर हैंग होने दें। इस पोजिशन में एक मिनट रहने के बाद सामान्य स्थिति में वापस आ जाएं।

### चेस्ट ओपनर

इस एक्सरसाइज को करने के लिए हिप-विड्थ के अलावा अपने पैरों के साथ खड़े हो जाएं। आप चाहें तो इसको चेयर पर बैठकर भी कर सकती हैं। अब छाती के सामने दोनों हाथों को लाते हुए स्ट्रेच करें। अब सांस छोड़ते हुए हाथों को फैलाएं। इस पोजिशन को 5 ब्रीद तक करते हुए गहरी सांस लें। इस प्रक्रिया को 10 बार करें और फिर कुछ समय में लिए रिलैक्स भी करें।

### डाउनवर्ड-फेसिंग डॉग

इस एक्सरसाइज के लिए फर्श पर लेट जाएं और हाथों को दबाएं। वहीं पैर की उंगलियों के नीचे टक करते हुए एड़ी को ऊपर उठाएं। इस एक्सरसाइज के दौरान कंधे और हाथ को एक सीध में रखना है। वहीं आपके पैर हिप्स की सीध में रहेंगे। अब अपने हाथों को नीचे जमीन की तरफ दबाएं और गर्दन को लंबा खींचने का प्रयास करें। इस स्थिति में 1 मिनट के लिए होल्ड करें। सबसे पहले पेट के बल लेट जाएं और एक पैर को घुटने से मोड़ें। अब पैर को ऊपर की तरफ खींचें। फिर दाहिने घुटने को मोड़ते हुए दाहिनी कलाई पीछे रखें, जिससे बाएं पैर से दाहिना पैर आगे निकल जाए। अब बाएं पैर को पीछे ले जाते हुए घुटने को सीधा करें और जांघ को फर्श पर टिकाएं। इस दौरान आपका बायां पैर सीधा पीछे की तरफ फैला हो, इस पोजीशन को 1 मिनट तक होल्ड रहें।

### ग्लूट एक्सरसाइज

इस एक्सरसाइज को करने के लिए घुटनों के बल झुकें और कूल्हे-डिस्टेंस के अलावा पैरों को भी अलग रखें। बता दों पैरों को कूल्हों से करीब 1 फुट की दूरी पर रखें। अब हथेलियों को नीचे रखते हुए शरीर के साथ हाथों को भी आराम दें। फिर सांस छोड़ते हुए पैरों को कूल्हों के पास लाएं। अब 10 सेकेंड के लिए इस स्थिति को होल्ड करें और अपने कूल्हों से दूर ले जाएं। इस एक्सरसाइज को रोजाना कुछ देर के लिए जरूर करना चाहिए।

# सर्दियों में अदरक के हैं जबरदस्त फायदे, जानेंगे तो आप भी करने लगेंगे सेवन

सर्दियों में सर्दी-जुकाम के अलावा भी कई बीमारियां ऐसी होती हैं, जिसकी चपेट में हम तुरंत आ जाते हैं। ऐसे में शरीर को स्वस्थ रखने के लिए हम पौष्टिक आहार का सेवन करते हैं और खुद को सर्दी से बचाने के लिए मोटे कपड़े भी पहनते हैं। इसके अलावा भी कई ऐसी चीजें हैं, जिन्हें करके आप सर्दियों में अपने शरीर को फायदा पहुंचा सकता है। जैसे- एक है अदरक का सेवन। दरअसल, अदरक में सोडियम, एंटी-इंफ्लेमेटरी और एंटी-ऑक्सीडेंट, पोटैशियम, विटामिन बी, सी, फोलेट, जिंक और मैग्नीशियम, जैसे गुण पाए जाते हैं। ऐसे में सर्दियों में अदरक के सेवन से कई बीमारियों से बचा जा सकता है। तो चलिए जानते हैं ये किस बीमारी में राहत देने का काम करता है।

अगर आप सर्दियों के मौसम में अदरक का सेवन करते हैं, तो आपके शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है। इससे होता ये है कि जब शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है, तो शरीर कई बीमारियों से लड़कर आपको बीमार पड़ने से बचाने में मदद कर सकता है। इसलिए अदरक का सेवन इसमें मदद कर सकता है। सर्दियों में अदरक का एक फायदा ये भी है कि इसके सेवन से सर्दी-खांसी में राहत मिल सकती है। इसके लिए आप अदरक वाला काढ़ा पी सकते हैं या अदरक वाली चाय का सेवन कर सकते हैं।



# ब्रेकअप के बाद जिंदगी में छा गई है उदासी बुरे दौर में खुद को दें सहारा



रिश्ता टूटने का दौर बुरा होता है। इस दौरान उदास, दुखी और खुद को खोया हुआ महसूस करना स्वाभाविक है। रिश्ता चाहे अच्छे मोड़ पर खत्म हुआ हो या फिर बुरे पर पल भर में इससे उबरना मुश्किल होता है। रिश्ते में रहने के दौरान आपका पार्टनर आपके डेली रूटीन का हिस्सा बन जाता है। ब्रेकअप के बाद इस रूटीन को बदलने में समय लगता है। इस दौरान आप पार्टनर की कमी महसूस करते हैं और ये खालीपन आपको उदास कर देता है। रिश्ते के टूट जाने को स्वीकार करना जरुरी है तभी आप आगे बढ़ सकते हैं। थेरेपिस्ट जॉर्डन ग्रीन कहते हैं कि ब्रेकअप सिर्फ एक अंत नहीं है, वे एक नई शुरुआत हैं। वे आपको उस सारे प्यार और ऊर्जा को पुनर्निर्देशित करने का एक अनूठा अवसर प्रदान करते हैं जो आप दूसरे व्यक्ति में डाल रहे थे, सभी के सबसे महत्वपूर्ण रिश्ते में वापस, वह रिश्ता जो आपके साथ है। अगर आपके लिए भी ब्रेकअप से उबरना मुश्किल हो रहा है तो परेशान होने की जरूरत नहीं है। आज हम कुछ ऐसी टिप्स लेकर आए हैं, जो इस बुरे दौर में खुद को सहारा देने के आपके काम आएगी।

### दुख को बाहर निकलने दें

ब्रेकअप के बाद खुद को संभालना मुश्किल होता है। इस दौरान एक साथ कई तरह की भावनाएं आप पर हावी हो जाती है। इन भावनाओं को बाहर निकलने दें। रोने का मन कर रहा है तो खुद को रोकने की कोशिश न करें। खुद को हर तरह के दुख और दर्द को महसूस करने दें ताकि बाद में ये आपको कमजोर न कर सकें।

### परिवार/दोस्तों की मदद लें

ब्रेकअप के बाद खुद को अकेले नहीं संभाल पा रहे हैं तो अपने करीबी लोगों की मदद लेने से पीछे न हटें। परिवार या दोस्त जिससे भी बात कर के आपके दिल को शांति मिलती है, उन सभी से बात करें। दोस्तों और परिवार वालों से बात करना आपके लिए एक थेरेपी की तरह काम करेगा और आपको ब्रेकअप के बुरे दौर से निकलने में आसानी होगी।

### खुद पर ध्यान दें

ब्रेकअप के बाद आपका सारा समय आपका है। इसलिए इस समय को सिर्फ और सिर्फ खुद पर खर्च करें। आपको जो चीजें पसंद है वो करने पर ध्यान दें। बाहर जाएं, मूवी देखें, पार्क में घूमें, जो आपके दिल को खुशी दे वो काम करें। ये सब चीजें ब्रेकअप के दुख को कम करेंगी और आपको आगे बढ़ने का हौसला देगी।

# पार्टनर की ये चार बातें प्यार का रिश्ता कर सकती है खराब

रिश्ता कोई भी हो, उसमें विश्वास की जरूरत होती ही है क्योंकि अगर दोनों लोग एक-दूसरे पर विश्वास नहीं करेंगे, तो फिर रिश्ता टूट भी सकता है। बात अगर प्यार के रिश्ते की करें, तो इसमें एक पार्टनर दूसरे से यही उम्मीद रखता है कि वो उनके बारे में सोचे, उनका ध्यान रखे, उन्हें प्यार करे, उनकी बातें सुने आदि। पर इस बात की कोई गारंटी नहीं कि कौन सा रिश्ता बेहतर चलेगा और कौन सा रिश्ता कुछ पलों में ही टूट जाएगा। ऐसे में अगर आप भी चाहते हैं कि आपके प्यार का रिश्ता लंबा चले, तो इसके लिए जरूरी है कि आप कुछ बातों का ध्यान रखें। वरना पार्टनर की कुछ आदतें आपका रिश्ता खराब कर सकती है।



### मोबाइल चेक करना

अगर आपका पार्टनर आपका मोबाइल चोरी-छुपे चेक करता है, तो सावधान हो जाए क्योंकि ये एक गलत आदत है और हो सकता है उसे आप पर शक है। साथ ही पार्टनर अगर अपना मोबाइल आपको नहीं देखने देता है, तो ये आदत भी रिश्ते के लिए खराब हो सकती है।

### दोस्तों को लेकर गलत सोचना

हर किसी के कोई न कोई दोस्त होते हैं। ऐसे में लोग अपने इन दोस्तों संग समय बिताते हैं, उनके साथ घूमने जाते हैं, पार्टी करते हैं आदि। ऐसे में अगर आपका पार्टनर आपको दोस्तों से मिलने से मना करता है या उन्हें छोड़ने को कहता है, तो ये आदत आपके रिश्ते को खराब कर सकती है।

### पैसे वापस न करना

जाहिर है कि एक पार्टनर दूसरे पार्टनर की पैसों की भी मदद करता ही है, लेकिन अगर आपका पार्टनर आपसे रोजाना पैसे मांगता है और फिर वापस भी नहीं करता है। तो ऐसे में आपको सोचने की जरूरत है, क्योंकि हो सकता है कि आपका पार्टनर आपके साथ सिर्फ पैसों के लिए हो।

### शक करना

कई लोग ऐसे भी होते हैं जिनकी बेवजह शक करने की आदत होती है। इससे आपके रिश्ते में खटास आ जाती है। इसलिए ध्यान रहे कि अगर आपका पार्टनर हर एक छोटी बात को लेकर आप पर शक करता है, तो सावधान हो जाए।

अवधनामा



## नववर्ष के प्रथम दिन कड़ाके की ठंड में भी आयोजित हुआ जनता दर्शन

# जनता की समस्याओं पर तत्काल हो कार्रवाई: योगी

अवधनामा संवाददाता

**गोरखपुर।** नववर्ष के पहले दिन कड़ाके की ठंड के बावजूद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनता दर्शन में पहुंचे लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं और त्वरित व संतुष्टिपरक समाधान का भरोसा दिया। आश्वस्त किया कि उनके रहते किसी के साथ नाइंसाफी नहीं होगी। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को चेताया कि हर पीड़ित की समस्या पर तत्काल कार्रवाई होनी चाहिए। इसमें हीलाहवाली अक्षम्य होगी।

गोरखनाथ मंदिर प्रवास के दौरान नए साल के पहले दिन सोमवार सुबह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनता दर्शन में करीब 200 लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। सबके प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित करते हुए त्वरित और संतुष्टिपरक निस्तारण का निर्देश देने के साथ लोगों को भरोसा दिलाया कि सरकार हर पीड़ित की समस्या का समाधान कराने के लिए दृढ़ संकल्पित है। प्रतिकूल मौसम को देखते हुए इस बार जनता दर्शन का



### सीएम योगी ने सुनीं 200 लोगों की समस्याएं

आयोजन मंदिर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन में किया गया। यहां कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक मुख्यमंत्री खुद पहुंचे और एक-एक फरियादी से मिले। जनता दर्शन में एक महिला ने दबंग द्वारा मारे-पीटे जाने की पीड़ा बताई तो मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई करने का आदेश दिया। मुख्यमंत्री के समक्ष जनता दर्शन में कई लोग इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे थे। सीएम योगी ने उन्हें आश्वस्त किया कि सरकार इलाज के लिए भरपूर मदद करेगी। उनके प्रार्थना पत्रों को अधिकारियों को हस्तगत करते हुए मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि इलाज से जुड़ी इस्टीमेट की प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूर्ण करा कर शासन में उपलब्ध कराया जाए। राजस्व व पुलिस से जुड़े मामलों को उन्होंने पूरी पारदर्शिता व निष्पक्षता के साथ निस्तारित करने का निर्देश देते हुए कहा कि किसी के साथ भी अन्याय नहीं होना चाहिए। यदि कोई किसी की भूमि पर जबरन कब्जा कर रहा हो तो उसे कानून सम्मत सबक सिखाया जाए। एक महिला द्वारा आवास की समस्या बताने पर सीएम योगी ने अधिकारियों को आवास का इंतजाम करने का निर्देश दिया।

## सीएम योगी को देख बच्चों ने कहा हैप्पी न्यू ईयर महराज जी

**गोरखपुर।** नववर्ष का पहला दिन, गोरखनाथ मंदिर दर्शन-पूजन करने गए कुछ बच्चों के लिए यादगार बन गया। नए साल की पहली सुबह न केवल उन्हें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलाने वाली रही बल्कि उन्हें सीएम को हैप्पी न्यू ईयर बोलने और प्रत्युत्तर में ढेर सारा प्यार-दुलार दिलाने वाली भी रही। संयोगवश सीएम योगी से मिलने का अवसर अकस्मात प्राप्त करने वाले बच्चों में से एक का जन्मदिन भी था, लिहाजा मुख्यमंत्री ने उसे अपने स्नेहिल आशीष से भी खूब अभिसिंचित किया।



गोरखनाथ मंदिर प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, हमेशा की तरह सोमवार सुबह भी मंदिर परिसर का भ्रमण कर रहे थे। संयोग से यह नए साल का पहला दिन भी है। मंदिर परिसर का भ्रमण करते मुख्यमंत्री की नजर कड़ाके की ठंड में मंदिर में दर्शन पूजन करने आए कुछ बच्चों पर पड़ गई। उन्होंने प्यार से उन्हें अपने पास बुलाया। सीएम योगी से मुलाकात इस तरह हो जाएगी, इसका बच्चों को यकीन ही नहीं हो पा रहा था।

प्रफुल्लित होकर वह मुख्यमंत्री के पास पहुंचे और चरण स्पर्श कर बोल पड़े, हैप्पी न्यू ईयर महराज जी। यह सुनते ही मुख्यमंत्री मुस्कुराने लगे। सिर पर हाथ फेरकर शुभकामनाएं, आशीर्वाद देने के साथ उन्होंने बच्चों का नाम और उनकी पढ़ाई के बारे में पूछा। शिवम पटेल नाम के बच्चे ने बताया कि वह प्रयागराज का रहने वाला है और परिजनों के साथ धर्मस्थलों की यात्रा करते हुए गोरखनाथ मंदिर आया है। जबकि गोरखपुर के रहने वाले बालक आकाश ने मुख्यमंत्री से कहा कि आज उसका जन्मदिन है और वह गुरु गोरखनाथ का दर्शन कर आशीर्वाद लेने आया है। यह सुनते ही सीएम योगी ने उसे जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने बच्चों को खूब पढ़ने, स्वस्थ रहने और खूब आगे बढ़ने का आशीर्वाद दिया।

## नववर्ष के पहले प्रभात पर सीएम ने किया रुद्राभिषेक



अवधनामा संवाददाता

**गोरखपुर।** अंग्रेजी कैलेंडर का यह नववर्ष मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ के लिए बेहद खास होने जा रहा है। 22 जनवरी को अयोध्या में श्रीरामलला के भव्य मंदिर में विराजमान होने के साथ ही गोरक्षपीठ की तीन पीढ़ियों का सपना साकार होगा। ऐसे में सीएम योगी ने नए साल के पहले दिन की शुरुआत प्रभु श्रीराम के द्वारा भी पूजित देवाधिदेव महादेव के अभिषेक (रुद्राभिषेक) और हवन अनुष्ठान के साथ की। इस दौरान उन्होंने भगवान भोलेनाथ से समस्त नागरिकों के जीवन में सुख, समृद्धि, शांति की प्रार्थना की। गोरखनाथ मंदिर प्रवास के दौरान नववर्ष

### भोलेनाथ से की प्रदेशवासियों के सुख, समृद्धि की प्रार्थना

के प्रथम दिन, सोमवार को प्रातःकाल मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने मंदिर के अपने आवास के प्रथम तल स्थित शक्तिपीठ में विधिविधान से रुद्राभिषेक किया। विद्वत आचार्य एवं पुरोहितगण ने रुद्राभिषेक का अनुष्ठान पूर्ण कराया। रुद्राभिषेक के बाद मुख्यमंत्री ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हवन व आरती की। विधि विधान से पूर्ण हुए अनुष्ठान के उपरांत मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों के आरोग्यमय, सुखमय, समृद्धमय व शांतिमय जीवन की मंगलकामना की।

## महोत्सव में लगाएं गोरखपुर के इतिहास पर आधारित प्रदर्शनी

अवधनामा संवाददाता

**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि 11 से 13 जनवरी तक आयोजित होने वाले गोरखपुर महोत्सव में गोरखपुर के इतिहास पर आधारित प्रदर्शनी लगाई जाए। इसमें गोरखपुर पर केंद्रित विशिष्ट लेखों को लोगों के अवलोकनार्थ रखा जाए। साथ ही लुप्त हो रहे पारंपरिक वाद्य, गायन व नृत्य कलाओं को महोत्सव के जरिये प्रोत्साहित करने के प्रयास किए जाएं।

सीएम योगी सोमवार सुबह गोरखनाथ मंदिर के सभाकक्ष में गोरखपुर महोत्सव, खिचड़ी मेला की तैयारियों और जिले के विकास कार्यों की प्रगति को लेकर जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर रहे थे। गोरखपुर महोत्सव और खिचड़ी मेला की अब तक हुई तैयारियों की जानकारी लेने के बाद उन्होंने कहा कि जो भी कार्य शेष रह गए हैं, उन्हें शीघ्रता से पूरा कर लिया जाए। महोत्सव की चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि विगत वर्षों के महोत्सव में जो कलाकार प्रतिभा का प्रदर्शन कर चुके हैं, उनकी बजाय नए स्थानीय कलाकारों को मौका दिया जाए। महोत्सव के स्टालों का उद्घाटन जनप्रतिनिधियों से कराया जाए। खिचड़ी मेला को लेकर उन्होंने कहा कि इस मेला में बड़ी संख्या में श्रद्धालु बाबा गोरखनाथ को खिचड़ी चढ़ाने आते हैं। ऐसे में उनकी सुरक्षा, सुविधा और सहूलियत में किसी प्रकार की कमी नहीं होनी चाहिए। विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए सीएम योगी ने कहा कि सभी कार्यों में गुणवत्ता और समयबद्धता का ध्यान हर हाल में रखा जाए। मुख्यमंत्री ने शीतलहर में आमजन की सुविधा के लिए पर्याप्त संख्या में अलाव जलवाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में स्थान चिन्हित कर अलाव के इंतजाम किए जाएं।

## किसी की संस्कृति छीनना हो तो उसकी भाषा और बोली छीन लो

अवधनामा संवाददाता

**अमेठी।** अगर किसी की संस्कृति छीनना हो तो उसकी भाषा और बोली छीन लो। साहित्य उसे पल्लवित करता है साहित्यकार ही भाषा संस्कृति की बगिया का सुघर माली है।



उक्त वक्तव्य नव वर्ष की प्रथम संध्या पर श्री गुरु गोबिंद सिंह जी लंगर आयोजन समिति की ओर से आयोजित कवि सम्मेलन में अध्यक्षीय संबोधन देते हुए बाबा मनोहर सिंह ने दिए। उन्होंने कहा कि आज तरक्की के बजाय हमने बहुत कुछ खो दिया है जिसमें बुजुर्गों की अमूल्य धरोहर भी है। जिसकी बदौलत कभी हम बहुत अधिक समृद्धिशाली थे और हमारी संस्कृति की मिसाल दी जाती थी।कवि सम्मेलन का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। कवित्री राम कुमारी साहू ने वाणी वंदना की।उसके बाद कवि सम्मेलन का संचालन करते हुए राम बदन शुक्ल पथिक ने कहा कि कर्ज जो वतन का है हम कहां चुकाते हैं। फर्ज जो हमारा है हम कहां निभाते हैं। तेज भान सिंह ने पढ़ा सूना सूना लगता है यह घर तुम्हारे बिन।आशुतोष गुप्ता ने पढ़ा पहले स्वयं को अच्छा बना कर दिखाओ फिर औरों को राह बतलाओ।राम कुमारी साहू ने पढ़ा भारत की है यह भूमि यहां का शान तिरंगा है। डॉ अर्जुन पांडेय ने पढ़ा नया सवेरा आए खुशियों का अब दीप जलाएं। आनंद की वर्षा होती रहे आपस में भाई चार बना रहे। युवा कवि विवेक मणि ने पढ़ा काश हम अपना ठिकाना बदल पाते।तुमने तो कइयों किराएदार बदले। कवि सम्मेलन में उदय राज वर्मा दिवस प्रताप सिंह आदि ने भी काव्य पाठ किया।कवि सम्मेलन में सहयोगी संस्थान साधना फाउंडेशन की सचिव साधना त्रिपाठी सहित पी एन मिश्र विनय कुमार मिश्र सदाशिव पांडे सुनील त्रिपाठी श्रवण कुमार अभिषेक पांडे श्रीमती त्रिपाठी श्री नाथ सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## नए साल के पहले दिन नहीं हुए सूर्यदेव के दर्शन

अवधनामा संवाददाता

**अमेठी।** नए वर्ष के पहले दिन लोगों को सूर्यदेव के दर्शन नहीं हुए। जिले में नव वर्ष के साथ ही मौसम का मिजाज भी बदल गया।

सुबह से ही आसमान में बादल छाए रहे कड़ाके की सर्दी रही लोग कंपकपाते हुये ठिठुरन भरी सर्दी का एहसास किये। सड़कों पर राहगीर ठिठुरकर आवागमन करते दिखाई पड़े। दिन भर धुंध और बादलों के कारण धूप नहीं निकली। कड़ाके की सर्दी के कारण लोगों का हाल बेहाल रहा। ग्रामीण अंचल में अभी सार्वजनिक स्थलों पर अलाव नहीं जले हैं लिहाजा लोग घास फूस जलाकर सर्दी लगाते दिखाई पड़े। नए साल के पहले दिन मौसम के बदले मिजाज ने लोगों को कड़ाके की सर्दी का एहसास कराया।

## ट्रक चालकों की हड़ताल से प्रभावित हुई रोडवेज सेवाएं



**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** सड़क दुघर्टनाओं के मामले में सरकार की ओर से पास किए गए कानून के विरुद्ध ट्रक चालकों की हड़ताल के कारण नये साल के पहले दिन रोडवेज की सेवाएं प्रभावित हुईं। अमेठी से सुल्तानपुर लोकल सेवा की बसों का संचालन भी ठीक से नहीं हो पाया। अधिकांश बसें दिन भर प्लेट फार्म पर खड़ी रहीं। अमेठी डिपो के बेड़े में इस समय 42 बसें हैं। सोमवार को सुबह से शाम तक केवल पांच बसें ही संचालित हो पाईं।दो बसें लखनऊ और तीन बसें सुल्तानपुर भेजी गईं हैं। अन्य बसें प्लेटफार्म और वर्कशॉप में खड़ी रहीं। उधर कड़ाके की ठंड के कारण सोमवार को सवारियां कम निकलने से प्राइवेट टैक्सी टेम्पो और जीप चलाने वाले चालक दिहाड़ी न निकलने से खासे परेशान दिखे।

## किसानों के सच्चे हितैषी थे स्वर्गीय सुरेंद्र प्रसाद दुबे



**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** सुरेंद्र प्रसाद दुबे हाई स्कूल बड़कागांव में स्वर्गीय सुरेंद्र प्रसाद दुबे की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों एवं विद्यालय परिवार के द्वारा उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धा सुमन दी गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा विजय कुमार दुबे ने कहा कि स्वर्गीय सुरेंद्र प्रसाद दुबे किसानों के सच्चे हितैषी थे। वह किसानों की समस्याओं को लेकर हमेशा संघर्ष करते रहते थे। गन्ना किसानों का समय से भुगतान न होने पर वह अपने पास से भुगतान करने का काम करते थे। विभिन्न शिक्षण संस्थाओं के प्रबंध समिति के सदस्य एवं विभिन्न विभागों के सदस्य होने के नाते उन्हें मेंबर साहब के नाम से जाना जाता था। भाटपार रानी एवं बनकटा ब्लॉक के ब्लॉक प्रमुख, जिला पंचायत के सदस्य, कोऑपरेटिव बैंक के डायरेक्टर एवं भाटपार रानी केन यूनियन के अध्यक्ष के पद पर वह लंबे समय तक रहे। जिला उपाध्यक्ष भाजपा अजय कुमार दूबे ने कहा कि स्वर्गीय दुबे सादगी के प्रतिमूर्ति थे। वह सादा जीवन और उच्च विचार में विश्वास रखते थे। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से प्रधानाचार्य शैलेश कुमार दुबे, अमित कुमार दुबे, हिमांशु कुमार दुबे, सुरेश तिवारी, धर्मेंद्र सिंह, विशंभर पांडेय, आनंद पियूष उपाध्याय, अभिषेक, रामप्रीत पाल, सुनील पांडे, अनिरुद्ध तिवारी, अशोक तिवारी, विनोद सिंह सहित विद्यालय के छात्र-छात्रा उपस्थित थे।

## शांति और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर रही पैनी नजर

**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** नये साल पर किसी भी तरह का हुड़दंग न हो इसके लिए पुलिस ने कडे इंतजाम किए हैं। होटलों और रेस्टोरेंट पर पुलिस प्रशासन की पैनी नजर रही। जगह जगह सुरक्षा बल तैनात रहे प्रशासनिक अधिकारी भ्रमण सील रहकर जायजा लेते रहे। रविवार शाम से ही प्रशासन चौकन्ना रहा रात और सोमवार दिन में भी स्थिति पर बारीकी से नजर रखा जा रहा था। नयी उम्र के लोगों के साथ लडके और लडकियों के मूवमेंट पर सिपाही विशेष ध्यान दे रहे हैं। नए वर्ष की आमद और पुराने वर्ष की विदाई पर होने वाले जश्नों पर भी पुलिस बारीकी से नजर रख रही थी।सोमवार का दिन भी चौकसी के दौर से गुजरा है।

## नए वर्ष के आगाज पर लोगों में रहा खासा उत्साह

**अमेठी।** वर्ष 2023 की विदाई और वर्ष 2024 के स्वागत के लिए लोगों में खासा उत्साह दिखाई पड़ा। आधी रात से ही टेलीफोन और मोबाइल बजने लगे लोगों ने नए वर्ष की एक दूसरे को जमकर बधाई दी। सोमवार को दिन भर मोबाइल और व्हाट्सएप के जरिए नए वर्ष की शुभकामनाएं देने का क्रम चलता रहा। होटलों और रेस्टोरेंट पर काफी भीड़ दिखाई पड़ी।

सार्वजनिक स्थलों पर भी लोग एक दूसरे को नए वर्ष की बधाई देते दिखाई पड़े। युवाओं में नए वर्ष को लेकर उत्साह कुछ ज्यादा ही दिखाई पड़ा। प्रशासन की चौकसी के कारण कहीं कोई हुड़दंग आदि के कार्यक्रम नहीं दिखाई पड़े। बड़ी संख्या में लोगों ने नगर स्थित देवीपाटन मंदिर हनुमानगढ़ी मंदिर मां कालिका धाम और गायत्री मंदिर पहुंचकर दर्शन पूजन आदि किए। लोगों ने पूजा अर्चना कर नए वर्ष में खुशहाली की कामना की है।

## जन सुविधा योजना लेकर चली है विकसित संकल्प यात्रा: जीवन पति

अवधनामा संवाददाता

**तरकुलवा देवरिया।** जनपद के विकासखंड तरकुलवान अंतर्गत भीसवा ग्राम सभा में विकसित संकल्प यात्रा रथ का स्वागत ग्राम सभा वासियों ने जोरदार तरीके पर किया। रथ के आगमन की अगुवाई ग्राम प्रधान बाबा बालक दास के द्वारा किया जा रहा था। जबकि सरकारी योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने के लिए 16 चौपाल अधिकारियों के लगे हुए थे।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विकासखंड तरकुलवा ब्लॉक प्रमुख राम आशीष गुप्ता,अंबुज शाही,जीवन पति त्रिपाठी, जिला पंचायत कुंदन जायसवाल, नगर पंचायत अध्यक्ष जनार्दन कुशवाहा रहे। अपनी सभा संबोधन में जीवन पति त्रिपाठी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की जनकल्याणकारी योजनाएं लेकर के



चल रही है भारत विकसित संकल्प यात्रा। सभा के संबोधन में अंबुज शाही, सत्यम अंकित राव, कुंदन जायसवाल आदि ने सभा का संबोधन किया। उक्त अवसर पर ग्राम विकास अधिकारी अजीत कुमार, ग्राम प्रधान बाबा बालक दास, बैरिस्टर,डीएन सिंह,अक्षयवर यादव, मनोज यादव, धीरज मिश्रा आदि लोगों उपस्थित थे।मुख्य अतिथि के द्वारा ग्राम वासियों को पंच प्रण तथा बाल अनप्रासन, महिलाओं की गोद भराई कार्यक्रम आदि को संपन्न किया गया।सबके आगमन पर सभा की अध्यक्षता कर रहे हैं बालक दास द्वारा सबको बधाई देकर के सभा का समापन किया गया मंच का संचालन मनरेगा कोऑर्डिनेटर नितेश पांडे द्वारा किया गया।

## बाल कृष्ण त्रिपाठी के आयुक्त बनने पर खुशी की लहर

अवधनामा संवाददाता

**अहिरौली बाजार, कुशीनगर।** कप्तानगंज विकास खण्ड क्षेत्र के मुज़हना गांव निवासी बाल कृष्ण त्रिपाठी के आयुक्त के पद पर पदोन्नति होने पर क्षेत्रवासियों ने बधाईयां एवं शुभकामनाएं दी। बता दे की बालकृष्ण त्रिपाठी एक मध्यम वर्गीय परिवार ग्राम मुजहना थाना अहिरौली बाजार जिला कुशीनगर के मूल निवासी हैं।

शासन द्वारा बीते दिनांक 30 सितम्बर 2023 को बीके त्रिपाठी को प्रभारी आयुक्त चित्रकूटधाम मण्डल, बांदा के पद पर तैनात किये जाने पर ग्रामवासियों में खुशी की लहर है। शासन ने चित्रकूटधाम मण्डल, बांदा में ही दिनांक 01 जनवरी, 2024 से बाल कृष्ण त्रिपाठी की आयुक्त के पद पर प्रोन्नति किया है। इनके पिता स्व0 श्री श्याम नारायन त्रिपाठी बुद्ध उच्च स्नातक्तोर महाविद्यालय कुशीनगर में शिक्षा विभाग में अध्यापक के पद पर



कार्यरत रहे। बाल कृष्ण त्रिपाठी की प्रारम्भिक शिक्षा सरस्वती शिशु मन्दिर कुशीनगर से प्रारम्भ हुयी। तत्पश्चात पं0 दीन दयाल विश्वविद्यालय से स्नातक एवं परास्नातक विज्ञान वर्ग में प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण किया। यह बचपन से ही शिक्षा में मेधावी रहे और आलराउण्ड गोल्ड मेडलिस्ट रहे। इस अवसर पर विकास त्रिपाठी, विनय त्रिपाठी, शशिभूषण त्रिपाठी, शैलेंद्र त्रिपाठी, त्रयंम्बक त्रिपाठी, पियूष त्रिपाठी, श्री गोविन्द त्रिपाठी, सरयू शरण त्रिपाठी, ओमप्रकाश त्रिपाठी गणेश शंकर पाण्डेय सहित ग्राम प्रधान रामप्रताप व समस्त ग्रामवासियों ने उन्हें शुभकामनाएं दी हैं।

## लग्जरी कार की ठोकर से दो युवकों की मौत, एक गंभीर

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** सेवरही तमकुहीराज मार्ग पर एक वाहन की ठोकर से दो युवकों की जहां मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई वहीं एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई के उपरांत पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया गया। वहीं घायल व्यक्ति को गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल रेफर किया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सेवरही थाना क्षेत्र के तमकुहीराज सेवरही मार्ग बनरहा रेगुलेटर के समीप रविवार की देर रात एक लग्जरी वाहन ने तीन लोगों को तेज ठोकर मार दिया जिसके चलते जहां मौके पर ही दो युवकों की दर्दनाक मौत हो गई वहीं एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के उपरांत मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। प्रत्यक्ष दर्शियों के अनुसार बीती रात लगभग 11 बजे लग्जरी के चालक द्वारा तीन लोगों को तेज ठोकर लग गई। जिसके चलते सेवरही थाना क्षेत्र के ग्राम सरगटिया करन पट्टी निवासी गुलाब तिवारी पुत्र बच्चा तिवारी उम्र लगभग 30 वर्ष एवं सीमावर्ती प्रांत बिहार के जिला सिवान ग्राम बड़हरिया निवासी विकास तिवारी पुत्र सुरेंद्र तिवारी उम्र लगभग 25 वर्ष की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। इस दौरान वहां की चपेट में आए गोरखपुर जनपद के ग्राम शाहजहांपुर थाना खजनी निवासी मदन तिवारी पुत्र दीनानाथ तिवारी गंभीर रूप से घायल हो गये। जिसे मौके पर उपस्थित लोगों द्वारा तत्काल सीएचसी सेवरही लाया गया, जहां चिकित्सकों ने स्थिति गंभीर देख प्राथमिक उपचार के उपरांत जिला अस्पताल हेतु रेफर कर दिया गया। घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले विधि कार्रवाई के उपरांत पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया गया। पुलिस वाहन को कब्जे में ले लिया जबकि वाहन चालक मौके से फरार होने में सफल रहा। इस संबंध में थानाध्यक्ष सेवरही दिग्विजय नारायण राय ने बताया कि घटना के उपरांत शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई के उपरांत पोस्टमार्टम हेतु भेज अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

## चिकन पॉक्स से पीड़ित लोगों का सीएमओ ने जाना हाल, दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

अवधनामा संवाददाता

**मथौली बाजार, कुशीनगर।** बेलवा सुदामा के नौका टोला में चिकन पॉक्स से पीड़ित लोगों का मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ सुरेश पटारिया ने सोमवार को पहुंचा उनका हाल जाना। इस दौरान उन्होंने प्रभावित घर को नियमित दवा खाने के साथ ही साफ सफाई पर विशेष ध्यान देने को कहा। बता दें कि उक्त गांव के नौका टोला में पिछले कई दिनों से चिकन पॉक्स से दर्जनों घरों में बच्चे और बूढ़े पीड़ित थे। इसको देखते हुए स्वास्थ्य टीम ने गांव में कैप लगाकर जांच किया और दवा वितरण किया। इसकी जानकारी होने पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ सुरेश पटारिया ने उक्त टोले पर पहुंचकर जांच किया। इस मौके पर उन्होंने जो लोग प्रभावित है उन घरों के लोगों से जानकारी लिया। इस दौरान उन्होंने स्वास्थ्य टीम को नियमित कैंप लगाने का निर्देश दिया। साथ ही गांव में



बेलवा सुदामा गांव के नौका टोला में ग्रामीणों से जानकारी लेते सीएमओ डॉ सुरेश पटारिया

कीटनाशक दवाओं का छिड़काव कराने के साथ साफ सफाई का निर्देश दिया। इस संबंध में सीएमओ ने बताया कि चिकन पॉक्स से कई घर प्रभावित है जिसमें बूढ़े और बच्चे शामिल है। ये बीमारी पांच दिन में ठीक हो जाता है। स्वास्थ्य टीम लगाई गई है नियमित जांचकर दवा दी जा रही है। साथ ही साफ सफाई का विशेष ध्यान देने को कहा गया है। इस दौरान जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. संजय गुप्ता, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ राजेश मद्धेशिया, सर्जन डॉ. सूर्यभान कुशवाहा, नंदेश तिवारी, फार्मासिस्ट अनिरुद्ध चौरसिया, बीपीएम सुनील कुमार, बीएचडब्लू राकेश कुमार मद्धेशिया, नरेंद्र सिंह, आदित्य नाथ सिंह, एएनएम पूजा भारती, ज्योति सिंह, सुनीता देवी, प्रियंका चतुर्वेदी और आशा मुन्नी देवी उपस्थित थे।

## श्री विद्यासागर जनकल्याण सेवा संस्थान द्वारा कंबल वितरण व स्वास्थ्य मेले का आयोजन

अवधनामा संवाददाता

**देवरिया।** संस्थान के सचिव अभिषेक पांण्डेय रुपक ने कहा कि यह कार्यक्रम सालों से होता आ रहा है मेरी मंशा है कि हर गांव तक स्वास्थ्य सुविधा का लाभ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सदर विकासखंण्ड स्थित ग्राम सभा बतरौली पांण्डेय में श्री विद्यासागर जनकल्याण सेवा संस्थान द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य शिविर दवा वितरण नेत्र परीक्षण एवं जांच शिविर का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य मेले में सामान्य चिकित्सा मातृ स्वास्थ्य बाल स्वास्थ्य टीकाकरण परिवार नियोजन परामर्श मोतियाबिंद की जांच आंख कान गले की जांच आदि लोगों का उपचार कराया जाता है इसके अलावा त्वचा की जांच पोषण के परामर्श एड्स के नियंत्रण के लिए परामर्श की सुविधा उपलब्ध रहती श्री विद्यासागर जनकल्याण सेवा संस्थान की अध्यक्ष बिन्दु पांण्डेय ने स्वास्थ्य मेले का फीता काटकर उद्घाटन



करते हुए लोगों को स्वास्थ जीवन शैली अपनाने के प्रति जागरूक किया और कहा कि इस तरह की आयोजन में आम जनमानस को बहुत लाभ मिलता है और स्वास्थ्य सुविधा ग्रामीण क्षेत्र में मुहैया कराने के लिए हमारा संस्थान सदैव तत्पर है ।इसके लिए आगे भी हर संभव प्रयास जारी रहेगा ताकि ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को समुचित इलाज का लाभ मिल सके स्वास्थ्य स्वास्थ्य मेले में लोगों को स्वास्थ्य संबंधी कई प्रकार की सुविधा स्टाल लगाकर प्रदान की गयी मेले में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा चलाए जा रहे कार्यक्रमों का तथा आयुष्मान भारत हेल्थ और वैलनेस सेंटर प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन एवं राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत मातृ शिशु स्वास्थ्य कार्यक्रम संचारी और गैर संचारी रोगों की रोकथाम आदि की जानकारियां दी गई। स्वास्थ्य मेले में उपस्थित चिकित्सकों द्वारा अवगत कराया गया कि मेले में 573 लोगों को निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण सुविधा का लाभ दिया गया जांच उपरांत आवश्यकता अनुसार दवा और कंबल का भी वितरण किया गया इस कार्यक्रम में मृत्युंजय पांडे समाजसेवी आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# डीएम ने योजनाओं के क्रियान्वयन के प्रगति का जाना हाल

**अवधनामा संवाददाता**

### आईजीआरएस संदर्भो के समय से निस्तारण के दिये निर्देश



**बहराइच।** विभिन्न विभागों की योजनाओं के क्रियान्वयन के प्रगति की समीक्षा तथा योजनाओं के क्रियान्वयन के सम्बंध में जिलाधिकारी के स्तर से प्रेषित किये गये पत्रों के अनुपालन की समीक्षा हेतु शनिवार को देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक के दौरान जिलाधिकारी मोनिका रानी ने निर्देश दिया कि आईजीआरएस के संदर्भो का समयबद्धत्ता के साथ गुणवत्तापरक निस्तारण सुनिश्चित कराया जाय किसी भी दशा में संदर्भ डिफाल्टर की श्रेणी में न जाने पाये। संदर्भो के निस्तारण की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाय ताकि असंतुष्टि की स्थिति कम से कम रहे।

उन्होनें जिला कार्यक्रम अधिकारी को निर्देश दिया कि सक्षम आंगनबाड़ी केन्द्रों में पोषण वाटिका की स्थापना मिशन मोड में एक माह में पूर्ण कराये। खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देश दिये गये कि आंगनबाड़ी केन्द्रों में वाटर हार्वेस्टिंग का कार्य यथाशीघ्र पूर्ण कर आख्या जिला कार्यक्रम अधिकारी को उपलब्ध कराये। परिवहन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये गये कि 15 वर्ष पुराने वाहनों को शासन के दिशा-निर्देशों के अनुसार निस्तारण की कार्रवायी कराते हुए पोर्टल पर भी फीड कराना सुनिश्चित करें। उन्होनें सम्बन्धित अधिकारियों को यह निर्देश दिये कि धार्मिक स्थलों पर लाउडस्पीकर की ध्वनि शासन के मानक के अनुसार सुनिश्चित कराया जाय। जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया कि अवैध खनन एंव अवैध पेड़ों की कटान पर प्रभावी अंकुश लगाया जाय। डीएम ने निर्देश दिया कि व्हाट्सअप के माध्यम से भेजे जाने वाले संदर्भो की आख्या भी व्हाट्सअप पर तत्काल उपलब्ध कराया जाय। गौआश्रय स्थलों में संरक्षित गौवंशो को ठंड व शीतलहर से बचाव के पुख्ता प्रबन्ध के साथ-साथ शासन द्वारा निर्धारित मानक के अनुसार सुविधाएं मुहैया करायी जाय। एसडीएम व बीडीओ को निर्देश दिये गये कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह से सम्बन्धित आवेदन पत्रों के सत्यापन की कार्रवाही यथाशीघ्र पूर्ण कर ली जाय ताकि समय से सामूहिक विवाह के कार्यक्रम सम्पन्न कराये जा सके। जनपद में आयोजित हो रहे विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविरों के लिए नामित नोडल अधिकारी अनिवार्य रूप से प्रतिभाग करें। शिविरों में सभी सम्बन्धित विभाग अपने स्टाल भी लगाकर योजनाओं से लाभान्वित भी कराये। मुख्यमंत्री डैश बोर्ड पर रैंकिंग पर विशेष ध्यान रखा जाय किसी भी दशा में अन्य जनपदों की तुलना में जनपद की रैंकिंग कम न होनी पाये। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी रम्या आर., अपर जिलाधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ एस.के. सिंह, नगर मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर, जिला विकास अधिकारी महेन्द्र कुमार पाण्डेय, पीडीडीआरडीए राज कुमार, उप जिलाधिकारी सदर प्रिंस वर्मा, कैसरगंज पंकज दीक्षित, पयागपुर दिनेश कुमार, मोतीपुर संजय कुमार, महसी राकेश कुमार मौर्या, डिप्टी कलेक्टर पूजा चौधरी, सीओ सिटी राजीव सिसौदिया, पयागपुर आनन्द कुमार राय, डीपीआरओ राघवेन्द्र द्विवेदी सहित अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

# जानवर को नशीला पदार्थ खिलाकर चोरी का प्रयास



**अवधनामा संवाददाता**

**ललितपुर।** शहर के मोहल्ला जेल चौराहा झांसीपुरा निवासी नीलेश पुत्र मुकेश ने कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र देते हुये अवगत कराया है कि वह सुअर पालन का कार्य करता है। इससे ही उसकी आजीविका चलती है। बताया कि 30 दिसम्बर को रात करीब 12 बजे आजाद चौक निवासी कुछ लोग अपने साथियों के साथ आये और उसके द्वारा पाले गये सुअर को नशीला पदार्थ खिलाकर चोरी करने के उद्देश्य से उठाने आये हुये थे। लेकिन मौके पर वह जा पहुंचा, जिससे उक्त लोग सुअर को बेहोशी की हालत में छोड़कर भाग गये। पीड़ित ने मामले की जांच कराये जाने की मांग उठायी है। शिकायती पत्र पर नीलेश के अलावा साकू, वीरेन्द्र, कार्तिक, गौरव, जितेन्द्र आदि के हस्ताक्षर अंकित बताये गये हैं।

# नव वर्ष पर जिलाधिकारी ने ज़रूरतमन्दों को बांटे कम्बल

**अवधनामा संवाददाता**

### रैन बसेरे की व्यवस्था का जाना हाल

**बहराइच।** नव वर्ष 2024 की पूर्व संध्या पर जिलाधिकारी मोनिका रानी ने रविवार को देर रात्रि महर्षि बालार्क चिकित्सालय बहराइच तथा मरीमाता मन्दिर का भ्रमण कर कड़ाके की ठण्ड से राहत दिलाये जाने के उद्देश्य से निर्धन, असहाय, निराश्रित, मरीज़ों व तीमारदारों को कम्बल का वितरण किया। कम्बल वितरण के दौरान जिलाधिकारी मोनिका रानी ने सभी सम्पर्क में ज़रूरतमन्द लोगों से उनका कुशल क्षेम भी पूछा तथा उन्हें कम्बल ओढ़ा कर अपनत्व का अहसास भी कराया।

कम्बल वितरण के उद्देश्य से महर्षि बालार्क चिकित्सालय पहुंचने पर डीएम ने यहां पर स्थापित किये गये रैन बसेरे का निरीक्षण करते हुए यहां पर की गयी व्यवस्थाओं का जायज़ा लिया तथा मौजूद लोगों से उनका कुशलक्षेम पूछा और व्यवस्थाओं के बारे में फीड बैक भी प्राप्त किया। डीएम ने मौके पर मौजूद मुख्य चिकित्सा अधीक्षक एम.एम.एम. त्रिपाठी को निर्देश दिया कि रैन बसेरे में पर्याप्त साफ-सफाई के साथ-साथ प्रकाश, पेयजल, बिछावन व कम्बल के माकूल बन्दोबस्त रखे जायें। यहां पर आने वाले किसी व्यक्ति को कोई असुविधा न होने पाये। सीएमएस को निर्देश दिया कि रैन बसेरे की व्यवस्था का वे स्वयं पर्यवेक्षण करते रहें। इसके उपरान्त डीएम ने महिला विंग तथा अन्य वार्डो का भ्रमण कर ज़रूरत मरीज़ों एवं तीमारदारों को कम्बल का वितरण किया।

## नये वर्ष पर वाहन चालकों को बताये ट्रैफिक नियम

**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के आदेशानुसार एवं अपर पुलिस अधीक्षक व क्षेत्राधिकारी सदर/यातायात अभय नारायण राय के निर्देशन में प्रभारी यातायात आलोक कुमार तिवारी द्वारा नये वर्ष को दृष्टिगत रखते हुये, शहर क्षेत्र के भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर पैदल भ्रमण कर यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही की गयी। साथ ही शराब, नशीले पदार्थो का सेवन कर वाहन चलाने वाले एवं स्टंटिग करते हुये वाहन चलाने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध अभियान चलाकर जागरूक करते हुये उपरोक्त नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरूद्ध आवश्यक वैद्यानिक कार्यवाही की गयी। इस दौरान शराब पीकर वाहन चलाने वालों के विरूद्ध 11 चालान, दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का उपयोग न करने पर 14, दो पहिया वाहन पर 3 सवारी बैठाकर चलने पर 24, 207 एम.वी.एक्ट के तहत पांच वाहन सीज किये गये।

## सेवानिवृत्त होने पर भावभीनी विदाई



**अवधनामा संवाददाता**

**ललितपुर।** शहर के निवासी अरविंद संज्ञा जो कि नेहरू युवा कल्याण विभाग उरई में तैनात वरिष्ठ लिपिक के सेवानिवृत्त होने पर विभाग द्वारा भव्य विदाई समारोह आयोजित कर उन्हें भावभीनी विदाई दी गई। इस अवसर पर जिला नेहरू युवा कल्याण अधिकारी रवि दत्त द्वारा समस्त विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारी व समन्वय आदि की ओर से सामूहिक रूप से माल्या अर्पण कर शाल ओढ़ाकर रामायण व एक अटैची सम्मान स्वरूप प्रदान की। सेवानिवृत्त वरिष्ठ लिपिक अरविंद संज्ञा ने विदाई समारोह में अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि मुझे विभाग में 37 वर्ष कार्य करने का आप लोगों के साथ मौका मिला है उसे कभी नहीं भूला पाऊंगा। उन्होंने हमेशा सहयोग देने का आश्वासन भी दिया है। उन्होंने कहा कि मुझे जाने अनजाने में कुछ गलतियां हो गई हो तो मुझे क्षमा कर दें। इसी के साथ उन्होंने कहा कि मुझे करीब 3 वर्ष से अधिक समय बड़े बाबूजी के साथ काम किया है। उनसे मुझे हमेशा प्यार व मार्गदर्शन मिला है मेरे व बड़े बाबू के कभी भी ऐसा महसूस नहीं हुआ की ना ही मुझे असंतुष्ट किया। उन्होंने बड़े बाबूजी से प्रेरणा लेने व उनके बताए हुए मार्गदर्शन पर चलने का संकल्प लेने की अपील की।

# सेवानिवृत्त हुए 05 कार्मिकों को दी गयी भावभीनी विदाई



**अवधनामा संवाददाता**

**बहराइच।** कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित विदाई समारोह में अधिवर्षता की आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त होने वाले प्रशासनिक अधिकारी कन्हैया लाल, अरेंजर विनोद कुमार सिंह, वरिष्ठ सहायक निर्मला मिश्रा व चतुर्थ श्रेणी कर्मी सुन्दर लाल व बिटाना देवी को भावभीनी विदाई दी गयी। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए जिलाधिकारी मोनिका रानी ने कहा कि सेवानिवृत्ति होना सरकारी सेवा का अभिन्न अंग है। अनुशासन के साथ सेवा करते हुए सेवानिवृत्त होना एक उपलब्धि है। हमें पूरे अनुशासन और लगन के साथ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करना चाहिए ताकि सेवाकाल के दौरान हम ज्यादा से ज्यादा लोगों को लाभ पहुॅचा सकें। डीएम ने सीडीओ रम्या आर के साथ सेवानिवृत्त कामिर्कों को पुष्पगुच्छ, अंगवस्त्र, धार्मिक पुस्तक, स्मृति चिन्ह भेंट किया तथा शेष सुखमय जीवन के लिए शुभकामनाएं देते विदाई दी।

विदाई समारोह में मौजूद अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा सेवानिवृत्त कार्मिकों के कृतत्व एवं व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए शेष मंगलमय जीवन की कामना की गयी। जबकि राजस्व कर्मी गुलाम अली शाह, भानू जायसवाल तथा बी.डी. सिंह ने रचनाओं के माध्यम से अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम का संचालन कलेक्ट्रेट कर्मी संदीप मिश्रा ने किया। इस अवसर पर कलेक्ट्रेट के पटल सहायक मौजूद रहे।

## संस्कृति उत्सव के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित

**बहराइच।** उत्तर प्रदेश पर्व हमारी संस्कृति-हमारी पहचान के अन्तर्गत संस्कृति उत्सव-2023 का आयोजन उ0प्र0 के समस्त जनपदों में आयोजित किया जा रहा है। संस्कृति उत्सव-2023 के अन्तर्गत तहसील, ब्लाक व जनपद स्तरीय प्रतिभाओं की खोज हेतु शास्त्रीय संगीत, लोक संगीत तथा लोक नृत्य की विभिन्न विधाओं से परिचित कराने तथा जनपद बहराइच में ऐसी प्रतिभाओं के खोज हेतु दिनांक 05 जनवरी, 2024 को समेकित रूप से जनपद मुख्यालय पर तहसील स्तर एवं जनपद स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन होना प्रस्तावित है।

# रंगमंच के नाटक कलाकारों को किया गया सम्मानित

**अवधनामा संवाददाता**



**ललितपुर।** सड़क सुरक्षा पखबाड़ा के समापन समारोह कार्यक्रम में बस स्टैंड पर रंगमंच के मजे हुये नाटक कलाकार देवेन्द्र राय एण्ड ग्रुप के कलाकारों द्वारा सड़क सुरक्षा नियमों पर आधारित नाटक सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा का भव्य मंचन करके लोगों को सड़क सुरक्षा नियमों के बारे में जागरूक किया गया। कलाकारों ने नाटक के माध्यम से लोगों को बताया गया कि सड़क पर वाहन चलाते समय वाहन चालकों द्वारा की गई जरा सी भी लापरवाही कितनों का सुहाग छीन लेती है, कितनों को अनाथ बना देती है। इसलिये आप लोग हमेशा सड़क नियमों का पालन करें, जिससे अपना जीवन सुरक्षित रहे। क्योंकि जीवन बड़ा अनमोल है, जीवन बार बार नही मिलता है, जीवन एक बार मिलता है। इसलिये दुपहिया वाहन चालक हमेशा हेलमेट लगाकर ही वाहन चलाये, दुपहिया वाहन चालक तीन सवारी बैठाकर वाहन न चलाये, वाहन चालक नशे की हालत में वाहन न चलाये,वाहन चालक वाहन चलाते समय मोबाइल व हेडफोन का प्रयोग न करें, वाहन चालक सड़क पर वाहन चलाते समय किसी भी वाहन को ओवरटेक न करे, वाहन चालक बिना ड्राइविंग लाइसेंस के वाहन न चलाये, वाहन चालक तेज रफ्तार में वाहन न चलाये,फोर व्हीलर वाहन चालक हमेशा सीटबेल्ट का प्रयोग करें। नाटक कलाकारों के हाथों में तख्तियां भी थी जो सड़क सुरक्षा नियमों का सन्देश दे रही थी। रंगमंच के मजे हुये कलाकार देवेन्द्र राय एण्ड ग्रुप के कलाकारों द्वारा नाटक सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा की दमदार प्रस्तुति पर पूरा पंडाल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा और कलाकारों की प्रस्तुतियों को सभी ने काफी सराहा। अन्त में एडीएम अंकुर श्रीवास्तव, क्षेत्राधिकारी सदर अभय नारायण राय, एआरटीओ मो.कय्यूम ने संयुक्त रूप से नाटक कलाकारों को प्रमाण पत्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। नाटक कलाकारों में देवेन्द्र राय, सोहित जैन बजाज, विमल कुमार, कृष्ण गोपाल शर्मा, राहुल रैकवार, सतीश कुमार, समीर कुशवाहा, रोहित सिंह ठाकुर, गौरव उपस्थित रहे।


आज़ादी का अमृत महोत्सव

**उत्तर रेलवे**

**इलेक्ट्रॉनिक निविदा ई–प्रणाली के अंतर्गत मद की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य सामग्री प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, चारबाग, लखनऊ–226005 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मद के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती हैं:–

| निविदा सं. | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 56236029 | Co-Co bogie frame for WAG-7 electric locomotives as per CLW DRG/Spec. No. 06/1/12/78, Alt-7, 06/1/12/79, Alt-2 and 06/1/12/49, Alt-11 and Spec. No. VL-Spec-6 (Rev. 03 October 2015 or latest) and RDSO's STR NO. Mp. STR.VL-02.02.11 (Rev'01) October 2015 | 02 Nos. | 29.01.2024 |

**निविदा शर्तें** : 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानि **www.ireps.gov.in** पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जाएगी।

**निविदा नोटिस सं.: ईपीएस/56/2023-2024**

05/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# ग़रीब असहाय निर्धनों को उप जिलाधिकारी ने किया कम्बल वितरित

**अवधनामा संवाददाता**



**बल्दीराय, सुल्तानपुर।** उप जिलाधिकारी विदुषी सिंह द्वारा मंगलवार को जुग्गी झोपड़ियों में गुज़र बसर करने वाले गरीब, असहाय, निर्धन व विकलांग लोगों को ठंड से बचाव के लिए कम्बलों का वितरण किया। इस दौरान तहसील कर्मियों द्वारा चिन्हित कर लोगों को कम्बल वितरण की गई। खुले आसमान के नीचे तम्बू लगाकर जिंदगी गुजर बसर करने वाले दर्जन लोगों के बीच कम्बल वितरण करने पर लोगों ने आयोजित कार्यक्रम के लिए सरकार एंव बल्दीराय तहसील प्रशासन को दुहाई दिया। वैसे गरीब, असहाय, विकलांग लोगों के लिए उपजिलाधिकारी के माध्यम से सैकड़ों कम्बल मुहैया कराई। वहीं पिठला डुभियारा हलियापुर आदि गौशाला आश्रय स्थल पर तैनात केयर टेकर को भी उप जिलाधिकारी ने कम्बल वितरित किया इस दौरान उप जिलाधिकारी विदुषी सिंह ने कम्बल वितरण के बाद उन्होंने कहा कि वैसे लोग जो लाचार, बेबस व गरीब होने के कारण इस कड़ाके की ठंड में किसी तरह अपना जीवन गुजर बसर कर रहे हैं। उन लोगों को चिन्हित कर कम्बल का वितरण किया जाना चाहिए। उप जिलाधिकारी ने बताया कि आने वाले समय मे ठंड का प्रकोप ओर ज्यादा बढ़ने की संभावना है।

जिसके कारण कम्बल वितरण कार्यक्रम के तहत गरीब,निशाहय लोगों को कम्बल वितरण किया गया। बताया जाता है। की एकाएक बढ़ती ठंड से ठिठुर रहे गरीब असहायों के बीच कंबल का वितरण किया जाए। शरद कालीन असहायों के बीच कंबल वितरण करना एक साहसिक कदम है। उप जिलाधिकारी विदुषी सिंह ने कहा कि रात के अंधेरे में जब सारा जहां ठंड से अपने घरों में दुबके हों ऐसी परिस्थिति में असहायों की सुधि लेने की समाज सेवियों को बाहर निकल गरीबों का दर्द समझ गरीबों व असहायों के बीच कंबल वितरण करने के लिए आगे आए। उन्होंने कहा कि मैंने यह निश्चय किया कि जितना हो सके मैं अब असहायों को ठंड से मरने से बचाऊंगी। और तभी से सार्वजनिक स्थलों पर घूम घूम कर जरूरतमंद असहायों के बीच कंबल का वितरण किया जा रहा है। उक्त मौके पर तहसीलदार घनश्याम भारती सहित अन्य तहसील कर्मी मौजूद रहे।

## सेवानिवृत कर्मी को डीएम ने सपरिवार दी विदाई

**बहराइच।** जिलाधिकारी शिविर कार्यालय पर कार्यरत चतुर्थ श्रेणी कार्मिक सुन्दर लाल द्वारा अधिवर्षता की आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त होने पर जिलाधिकारी मोनिका रानी व परिवार के अन्य सदस्यों ने अंगवस्त्र, वाकिंग स्टिक, धार्मिक पुस्तक, स्मृतिचिन्ह, पुष्पगुच्छ, मिष्ठान व अन्य उपहार भेंट कर सम्मानित ही नहीं किया बल्कि सपरिवार अपने सरकारी आवास से बाहर आकर सेवानिवृत्त कार्मिक को वाहन पर सवार कर परिवार के बुजुर्ग की भांति पूरे सम्मान के साथ गन्तव्य की ओर रवाना किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी के विशेष कार्याधिकारी के.के. श्रीवास्तव सहित शिविर कार्यालय पर कार्यरत सभी कार्मिक व सुरक्षा कर्मी मौजूद रहे।


**रेल यात्रीः कृपया ध्यान दें!**

**नई अमृत भारत और वन्दे भारत सेवाओं की शुरूआत**

सर्वसंबंधित को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित समय–सारणी के अनुसार उत्तर रेलवे नेटवर्क पर निम्न नई अमृत भारत और वन्दे भारत ट्रेन सेवाएं प्रारंभ करने का निर्णय लिया गया है:–

**15557/15558 दरभंगा–आनन्द विहार (टर्मि.)–दरभंगा अमृत भारत रेलगाड़ी (सप्ताह में 2 दिन)**

| रेलगाड़ी सं. 15557 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 15558 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 15:00 | दरभंगा | 11:50 | --- |
| 02:30 | 02:35 | अयोध्या धाम | 01:10 | 01:15 |
| 12:35 | --- | आनन्द विहार (टर्मि.) | --- | 15:10 |

**चलने के दिन : 15557 दरभंगा से** दिनांक 02.01.2024 (सोमवार, वीरवार) को और **15558 आनन्द विहार (टर्मि.) से** दिनांक 01.01.2024 (मंगलवार, शुक्रवार) को।
**ठहरावः** कमतौल, जनकपुर रोड, सीतामढ़ी, बैरगनियां, रक्सौल, नरकटियागंज, बगहा, कप्तानगंज, गोरखपुर, बस्ती, मनकापुर, अयोध्या धाम, लखनऊ, कानपुर सेन्ट्रल, इटावा, टूण्डला जं. एवं अलीगढ़ जं. स्टेशन।
**स्थान :** शयनयान एवं सामान्य

**22478/22477 श्री माता वैष्णों देवी कटड़ा–नई दिल्ली श्री माता वैष्णों देवी कटड़ा वन्दे भारत रेलगाड़ी (सप्ताह में 6 दिन बुधवार छोड़कर)**

| रेलगाड़ी सं. 22478 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 22477 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 06:00 | श्री माता वैष्णों देवी कटड़ा | 23:00 | --- |
| 14:00 | --- | नई दिल्ली | --- | 15:00 |

**चलने के दिन : 22478 श्री माता वैष्णों देवी कटडा से और 22477 नई दिल्ली से** दिनांक 04.01.2024 से (सप्ताह में छः दिन बुधवार छोड़कर)।
**ठहरावः** जम्मू तवी, लुधियाना एवं अंबाला जं. स्टेशन।
**स्थान :** वाता. एग्जीक्यूटिव कुसीयान एवं वाता. कुर्सीयान

**22488/22487 अमृतसर–दिल्ली जं.–अमृतसर वन्दे भारत रेलगाड़ी (सप्ताह में 6 दिन शुक्रवार छोड़कर)**

| रेलगाड़ी सं. 22488 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 22487 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 08:20 | अमृतसर | 20:45 | --- |
| 13:50 | --- | दिल्ली जं. | --- | 15:15 |

**चलने के दिन : 22488 अमृतसर से और 22487 दिल्ली जं. से** दिनांक 06.01.2024 से (सप्ताह में छः दिन शुक्रवार छोड़कर)।
**ठहरावः** ब्यास, जलंधर कैंट, फगवाड़ा, लुधियाना एवं अंबाला जं. स्टेशन।
**स्थान :** वाता. एग्जीक्यूटिव कुसीयान एवं वाता. कुर्सीयान

**22426/22425 आनन्द विहार(टर्मि.)–अयोध्या कैंट–आनन्द विहार(टर्मि.) वन्दे भारत रेलगाड़ी (सप्ताह में 6 दिन बुधवार छोड़कर)**

| रेलगाड़ी सं. 22426 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 22425 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 06:10 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 23:40 | --- |
| 14:30 | --- | अयोध्या कैंट | --- | 15:20 |

**चलने के दिन : 22426 आनन्द विहार (टर्मि.) से और 22425 अयोध्या कैंट से** दिनांक 04.01.2024 से (सप्ताह में छः दिन बुधवार छोड़कर)।
**ठहरावः** कानपुर एवं लखनऊ स्टेशन।
**स्थान :** वाता. एग्जीक्यूटिव कुसीयान एवं वाता. कुर्सीयान

**रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES ऐप देखें**

रेलमदद वेबसाईट दखें: www.railmadad.indianrailways.gov.in रेलमदद ऐप डाउनलोड करें

रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139

आज़ादी का अमृत महोत्सव

पर हमें फॉलो करें

**उत्तर रेलवे** आपकी सुविधा–हमारा ध्येय

4096/2023

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ | हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें


**न्यायालय सूचना**

न्यायालय तहसीलदार
सरोजनीनगर, लखनऊ
संख्या-192/एम.जे./2023
दिनांक 18.12.2023
संगीता सिंह
बनाम
मीरा देवी व उज्ज्वल सिंह

संगीता सिंह पुत्री स्व. बाबूनाथ सिंह (बी.एन.सिंह) निवासिनी 592/ के.एन.776, सुभानी खेड़ा, संतोषी माता मंदिर, तेलीबाग खरिका, लखनऊ वाद संख्या टी202210460523 828 धारा 34 उ.प्र. रा. सं.-2006 संगीता सिंह बनाम मीरा देवी व उज्ज्वल सिंह ग्राम खरिका की खसरा संख्या 83 के सम्बन्ध में अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में विचाराधीन है। वाद में निम्नलिखित पक्षकारों की उपस्थिति व पक्ष प्रस्तुत करने हेतु दैनिक समाचार में प्रकाशन किया जाना है। वाद में 03.01.2024 नियत की गई है।

**तहसीलदार**
**सरोजनीनगर, लखनऊ**

# बेल्ट ग्रेडिंग परीक्षा में मिली 32 खिलाड़ियों को मिली सफलता

**अवधनामा संवाददाता**



**सुल्तानपुर।** अमीना बानो ताइक्कांडो एकेडमी पुलिस लाइन करौदिया में बीते दिनों बेल्ट ग्रेडिंग परीक्षा हुई। परीक्षा में एक खिलाड़ी को ब्लू वन टू रेड बेल्ट, आठ खिलाड़ियों को ग्रीन वन टु ब्लू बेल्ट, 11 खिलाड़ियों को येल्लो टु ग्रीन बेल्ट, 12 खिलाड़ियों को व्हाईट टू येलो बेल्ट प्रदान किया गया। उक्त परीक्षा का आयोजन दो चरणों में किया गया। प्रथम चरण में यलो, आरेंज एवं ग्रीन बेल्ट के परीक्षार्थियों को सम्मिलित किया गया। इसमे बेसिक टेस्ट पंच, ब्लाक, किक एवं ईप्ऑन टेक्निक काता बूंकाई स्किल टेस्ट एवं कराते से संबंधित विविध प्रकार का टेस्ट लिया गया। द्वितीय चरण में रेड बेल्ट एवं ब्लू बेल्ट के प्रशिक्षणार्थियों का टेस्ट लिया गया। इसमें बेसिक कांबिनेशंस सीक्वेंस फाइट टेक्नीक, ग्रुप फाइट टेक्निक,स्किल टेस्ट परीक्षा ली गई। साथ ही साथ खिलाड़ियों के स्टैमिना पावर स्पीड परफारमेंस का विभिन्ना चरणों में परीक्षा लिया गया। ब्लू वन रेड बेल्ट परीक्षा में सत्यांश आर श्रीवास्तव को सफलता मिली। ग्रीन वन टू ब्लू बेल्ट फर्स्ट परीक्षा में अलक़ाब खान, प्रियांशु तिवारी, साक्षी, शगुन सोनकर, प्रतेश यादव, नंदिनी सोनकर, दिनेश यादव, आदित्य सोनकर, सफल रहे। येल्लो टू ग्रीन बेल्ट परीक्षा में ओजस त्रिपाठी, वन्या श्रीवास्तव, आयात शाह, देवेंद्र यादव, अनंत वर्मा, यस वीणावनी, निधि यादव, आरव राज श्रीवास्तव, मेधा त्रिपाठी, एहम, अर्पिता शामिल किये गये। व्हाइट टू येलो बेल्ट परीक्षा में आन्या कुमार राय, मान्यता, अनुज शुक्ला, आनवी गुप्ता, प्रज्वल यादव, परिणीति पाठक, यथार्थ रातू बुब्ध, अनुकल्प सिंह यादव, सेजल, आँचल, रागनी, शाश्वत, मौजूद रहे। बेल्ट सर्टिफिकेट और प्लेट सन्तोष कुमार गुप्ता और राजेश उपाध्याय के हाथों से खिलाड़ियों को दिया गया अपने अपने बेल्ट पाकर खिलाड़ियों के चेहरे खिल गए।

# सुल्तानपुर बस अड्डे पर बस ड्राइवरों ने किया चक्का जाम



**अवधनामा संवाददाता**

**सुल्तानपुर।** जिले के बस अड्डा पर बस ड्राइवरों द्वारा चक्का जाम किया गया। बस चालकों ने प्रशासन मुर्दाबाद के नारे, ड्राइवर एकता जिंदाबाद के नारे लगाए। ड्राइवर द्वारा बताया गया कि ए आर एएम द्वारा ड्राइवर को जबरदस्ती बस को लेकर जाने के लिए बोला जा रहा है।अगर रास्ते में कहीं पर पत्थर द्वारा बस के शीशे या यात्रियों को कोई नुकसान होता है तो इसकी जिम्मेदार कौन लेगा। इस पर सहायक परिवहन प्रबंधक द्वारा कहा गया कि हमारा काम भेजना है, उसको आप लोग समझिए,जो नहीं जाएगा उसके ऊपर उचित कार्रवाई की जाएगी।बस ड्राइवर द्वारा ट्रक यूनियन अध्यक्ष विनय सिंह से संपर्क कर सभी ड्राइवर अपना विरोध प्रशासन करें। नगर कोतवाल श्री राम पांडे द्वारा समझा बुझा कर जाम को खुलवाया गया और बताया गया कि जो सरकार का आदेश होगा उसको माना जाएगा।

# नये दुर्घटना कानूनः ड्राईवरों ने किया चक्का जाम

अवधानामा ब्यूरो



**मौदहा हमीरपुर।** नये साल की अमृत बेला पर जहां पूरी दुनिया नववर्ष का जश्न मना रही थी तो वहीं नेशनल हाईवे पर नये दुर्घटना कानून से आक्रोशित चालकों ने चक्का जाम कर दिया जिससे हाईवे पर दोनों ओर वाहनों की लम्बी लाईनें लग गई और पुलिस के अधिकारियों ने मौके पर पहुंच कर चालकों से बातचीत की।

केंद्र सरकार द्वारा लाए गए नये वाहन दुर्घटना कानून का आक्रोश पहले ही दिन से सदन के अंदर और बाहर होने लगा था। जिसके तहत सड़क हादसे में मौत के दोषी चालक को दस लाख रुपये मुआवजे और दस साल की सजा का प्रावधान किया गया है साथ ही यह भी प्रावधान किया गया है कि यदि चालक स्वयं घायल को अस्पताल पहुंचाता है तो सजा कम हो सकती है। जिसको लेकर पहले ही दिन से विरोध के स्वर मुखर हो गए थे और ट्रक चालकों ने एक से तीन जनवरी तक चक्का जाम का आह्वान किया था। जिसके चलते नये साल की पावन बेला पर ट्रक चालकों ने नेशनल हाईवे पर चक्का जाम कर दिया जिसके बाद हाईवे पर दोनों ओर लम्बी लम्बी लाईनें लग गई और देखते ही देखते हाईवे पर कई किलोमीटर लम्बा जाम लग गया। नेशनल हाईवे पर लगे जाम की खबर सुनते ही अधिकारियों ने आनन फानन में नेशनल हाईवे पहुंच कर जाम लगाए ट्रक चालकों से बातचीत शुरू कर दी। जिसके बाद काफी समय तक चली मंत्रणा के बाद चालकों ने जाम खोलने की बात स्वीकार की। इस दौरान ट्रक चालक अब्दुल ने बताया कि वह गरीब परिवार से है और पांच हजार रुपये महीना कमाते हैं ऐसे में हम लोग दस लाख रुपये कहा से देंगे। इस सम्बंध में क्षेत्राधिकारी श्रेयस त्रिपाठी ने बताया कि ट्रक चालकों को ऐसा लगता है कि नये दुर्घटना कानून में कुछ विसंगति है तो इन्होंने अपनी मांग रखने के लिए जाम लगा दिया था लेकिन इनसे बातचीत करने के बाद चाम खोलने के लिए राजी हो गए हैं और इनकी बात साशन तक पहुंचाने का काम किया जाएगा। वहीं नेशनल हाईवे पर लगे लम्बे जाम का असर कस्बे की मुख्य सड़क पर भी देखने को मिला जबकि बड़े चौराहे से लेकर सरकारी अस्पताल के आगे तक ई रिक्सों की लम्बी लाईन लग गई। और आमजन को खासी परेशानी का सामना करना पड़ा।

## एनटीपीसी सिंगरौली में हर्षोल्लास से नूतन नव वर्ष 2024 का हुआ आगाज़

**सोनभद्र/शक्तिनगर।** एनटीपीसी सिंगरौली, शक्तिनगर में नव वर्ष-2024 का स्वागत समारोह उत्साहपूर्वक मनाया गया। नव वर्ष-2024 स्वागत समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि राजीव अकोटकर (परियोजना प्रमुख), वनिता समाज की अध्यक्षा एवं सदस्याएँ तथा महाप्रबंधक गण ,यूनियन एवं एसोशिएशन के सदस्य गण द्वारा एनटीपीसी गीत समवेत स्वर में गाने के साथ किया गया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि राजीव अकोटकर एवं सभी वरिष्ठ गणमान्य अतिथियों द्वारा केक काटा गया। इस अवसर पर राजीव अकोटकर ने नव वर्ष-2024 के शुभागमन पर एनटीपीसी सिंगरौली परिवार को हार्दिक शुभकामनाएं देकर उनके अच्छे स्वास्थ्य की कामना की।

# ठंड से बचने के लिए गौमाताओं को खिलाया गया गुड़

प्रत्येक गौशाला में एक संरक्षण समिति का हो गठनः शिवकरन

अवधानामा ब्यूरो



**मौदहा-हमीरपुर।** नव वर्ष के उपलक्ष में जहाँ लोग एक दूसरे को बधाईयाँ दे रहे थें वहीं कामधेनु गौशाला संस्था के लोग गायों को ठंड से बचाने के गुण खिला रहे थे। कामधेनु गौशाला द्वारा साल के पहले दिन हाड़ कपादेने वाली ठंड में नगर पालिका मौदहा के अन्तर्गत चल रहे गौशालय में पहुंच कर सभी गायों को गुड़ खिलाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिका के अध्यक्ष राजा मोहम्मद श्रीनाथ व विशिष्ट अतिथि तोताराम जे ई नगर पालिका तथा डॉक्टर उपेंद्र सिंह पशु चिकित्सा अधिकारी मौदहा, पशु चिकित्सक गुप्ता के अतिरिक्त संतोष गुप्ता, विजय छोटेलाल सभासद, हरिद्वार डाला संजय योगी, अनूप सिंह महेंद्र भाई सरवन, शत्रुघ्न चंद्रशेखर विजय, माहेश्वरी डीके सिंह, अमरनाथ दुबे और गौशाला प्रबंधक शिवकरन चन्द्र लोक उपस्थित रहे। सर्वप्रथम गोपूजन करके सभी गौ माताओं को गुड़ का सेवन कराया गया। प्रबंधक शिवकरन नें कहा कि सरकार के अन्तर्गत चलने वाले प्रत्येक गौशाला में गौय संरक्षण समिति का गठन होना चाहिए जिससे गौशालाओं की बेहतर देखभाल की जा सके ताकि के सरकार द्वारा शुरू किये गये इस कार्य को अच्छे प्रकार से आगे बढ़ाया जा सके यदि इस के लिए सहयोग की जरूरत पड़ती है तो समाज से सहयोग लिया जाए और अच्छा परिणाम दिया जा सके। आए हुए सभी महमानों का शिवकरन ने हल्दी चावल का टीका लगाकर नववर्ष की शुभकामनाएं दी एवं आभार व्यक्त किया।

# रागौल रेलवे स्टेशन के साईन बोर्डों में लिखी उर्दू

अवधानामा की खबर का असर

हिफजुर्रहमान



**मौदहा - हमीरपुर।** जुबान यानी भाषा का कोई धर्म नहीं होता। ऐसे में किसी भी भाषा को एक धर्म से जोड़कर देखना सही नही है।यदि हम उर्दू की बात करें तो यह पूर्णतया हमारे भारत की जुबान है न कि मुसलमानों की भाषा है इसमें कशिश इतनी है कि लोगों को अपनी ओर खींचती है।इस कि मिसाल यूं समझये कि जो लोग बिल्कुल भी उर्दू नहीं जानते है लेकिन वे सब उर्दू गानों को बहुत ही शौक से सुनते हैं इस लिए उर्दू हन्दू-मुस्लिम, सिख और ईसाई सभी की भाषा है। इसे सियासत नें सिर्फ मुसलमानों की भाषा बना दिया। जहां तक रेलवे स्टेशनों पर नेमबोर्ड का सवाल है तो भारतीय रेलवे तीन भाषा फॉर्मूले का पालन करता है लेकिन विगत कई वर्षो से रागौल रेलवे स्टेशन के साइन बोर्डो से उर्दू गैब थी जिसे दैनिक अवधनाम समाचार पत्र नें बीते वर्ष 16 दिसंबर के संस्करण में इस खबर को प्रमुखता से छापा था। इस खबर को रेलवे विभाग द्वारा गम्भीरता से लिया गया और रागौल रेलवे-स्टेशन के साईनबोर्डों में ऊर्दू मे भी नाम लिखवानें का काम किया।बता दें अवधानामा समाचार पत्र की इस प्रकार के मुद्दों पर बहुत पैनी नजर रहती हैं।

# रिहंद स्टेशन के लिए वर्ष 2023 उपलब्धियों से भरा रहाः पंकज

अवधानामा संवाददाता



**सोनभद्र/बीजपुर।** एनटीपीसी रिहंद परियोजना के प्लांट परिसर में नए वर्ष 2024 का अभिनंदन केक काट कर किया गया। इस अवसर पर परियोजना प्रमुख (रिहंद) पंकज मेदीरत्ता ने कर्मचारियों एवं अधिकारियों को संबोधित करते हुए सभी को नव वर्ष कि हार्दिक शुभकामनाएँ दी और कहा कि हमारे रिहंद स्टेशन के लिए वर्ष 2023 उपलब्धियों से भरा रहा। उन्होने उपस्थित लोगों के समक्ष रिहंद स्टेशन की उपलब्धियों को भी गिनवाया। मेदीरत्ता ने ये भी कहा कि सभी कर्मचारियों, संविदाकर्मियों और सहयोगी संस्थाओं एवं उनके परिजनों द्वारा किए गए उत्कृष्ट सहयोग से ही एनटीपीसी रिहंद उत्तर प्रदेश का विशालतम विद्युत संयंत्र बन सका है। उन्होने उपास्थित सभी लोगों से अनुरोध किया कि संयंत्र क्षेत्र में काम के दौरान सभी लोग अपनी तथा अपने साथी कर्मचारियों की सुरक्षा के प्रति विशेष रूप से जागरूक रहें तथा एनटीपीसी रिहंद को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएँ, साथ ही पर्यावरण, सुरक्षा एवं स्वच्छता के प्रति सतत जागरूक रहते हुए भावी पीढ़ी के सपनों को साकार करें । तत्पश्चात उपस्थित सभी संविदाकर्मियों द्वारा भी नए वर्ष का शुभारंभ केक काटकर किया। इसी कड़ी में प्रसाशनिक भवन, रसायन विभाग के साथ अन्य विभागों में विभागाध्यक्षों एवं कर्मचारियों द्वारा भी केक काटकर नए वर्ष का जश्न मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) संजय असाटी, महाप्रबंधक (परियोजना) देबदत्ता सिन्हा, महाप्रबंधक (प्रचालन) संजय कुमार श्रीवास्तव, महाप्रबंधक (अनुरक्षण) राजेश नारायण सिन्हा, महाप्रबंधक (एडीएम) सुधांशु शेखर प्रधान, सीएमओ डॉ. मोनिषा कुलश्रेष्ठा, विभागाध्यक्षगण, विभिन्न यूनियन व एसोसिएशन के प्रतिनिधिगण तथा बड़ी तादात में स्टेशन के अन्य कर्मचारीगण एवं संविदाकर्मी उपस्थित रहे।

# नाजायज गांजा के साथ एक को किया गिरफ्तार

अवधानामा संवाददाता



**चोपन/सोनभद्र।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय व क्षेत्राधिकारी नगर के पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक चोपन के नेतृत्व में अपराध एवं अपराधियों व मादक पदार्थो पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना चोपन पुलिस द्वारा सोमवार को परासपानी तिराहे से अभियुक्त सोनू पुत्र सुरेन्द्र घसिया उर्फ सुलेन्दर निवासी भिलाई बन्धा घसिया बस्ती थाना रावर्ट्सगंज को गिरफ्तार किया गया जिसके कब्जे से एक सफेद झोले में कुल 01 किलो 200 ग्राम नाजायज गांजा बरामद हुआ। गिरफ्तार किए गए युवक के विरुद्ध अन्य थानों में भी पूर्व में 4 मुकदमे भी दर्ज हैं। गिरफ्तार करने वाली टीम में थाना प्रभारी निरीक्षक विश्वनाथ प्रताप सिंह, उ0नि0 मु0 मेराज खाँ, उ0नि0 रवीन्द्र नाथ पाण्डेय, कांस्टेबल तेज बहादुर मौजूद रहे।

# एनसीएल का कोयला उत्पादन व प्रेषण में शानदार प्रदर्शन जारी

चालू वित्त वर्ष में तीसरी तिमाही तक के लक्ष्य से अधिक किया उत्पादन व प्रेषण

अवधानामा संवाददाता



**सोनभद्र सिंगरौली।** नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) ने चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही (यानी अप्रैल से दिसंबर) तक 103.90 मिलियन टन मिलियन टन कोयले का उत्पादन एवं 105.11 मिलियन टन कोयले का प्रेषण (डिस्पैच) किया है। कंपनी का कोयला उत्पादन एवं प्रेषण दोनों ही चालू वित्त वर्ष के दिसंबर माह तक के लक्ष्य से अधिक हैं। तय लक्ष्य के मुताबिक, इस अवधि में कंपनी को 98.95 मिलियन टन कोयले का उत्पादन एवं 100.26 मिलियन टन कोयले का प्रेषण करना था। इस वित्तीय वर्ष में तीसरी तिमाही तक कंपनी द्वारा किया गया कोयला उत्पादन पिछले वित्त वर्ष की सामान अवधि के मुकाबले 6.83 प्रतिशत अधिक है। इसी तरह, तीसरी तिमाही तक कंपनी का कोयला प्रेषण भी पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि के मुकाबले 4.68 प्रतिशत अधिक है।

बिजली घरों को भी एनसीएल भरपूर कोयला मुहैया करवा रही है व चालू वित्त वर्ष के दिसंबर माह तक कंपनी ने बिजली घरों को 93.32 मिलियन टन कोयला दिया है।

सिर्फ दिसंबर महीने की बात करें तो इस वर्ष दिसंबर महीने में कंपनी का कोयला उत्पादन एवं प्रेषण पिछले साल दिसंबर महीने में किए गए उत्पादन एवं प्रेषण से अधिक है। एनसीएल ने दिसंबर 2023 में 11.80 मिलियन टन कोयले का उत्पादन व 11.82 मिलियन टन कोयले का प्रेषण किया है।

### एनसीएल का अधिभार हटाव में भी बेहतरीन प्रदर्शन

एनसीएल अधिभार हटाव में भी बेहतरीन प्रदर्शन कर रही है। एनसीएल ने चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही (यानी अप्रैल से दिसंबर) तक 11.35त्न की भारी वार्षिक वृद्धि के साथ 373.84 मिलियन क्यूबिक मीटर अधिभार हटाया है। गौरतलब है कि चालू वित्त वर्ष 2023-24 में एनसीएल को 135 मिलियन टन कोयला उत्पादन एवं प्रेषण करना है।

## एनटीपीसी विंध्याचल में केक काट कर किया गया नववर्ष 2024 का अभिनंदन

**सोनभद्र/विंध्याचल।** राष्ट्र की विशालतम विद्युत परियोजना एनटीपीसी विंध्याचल- प्रशासनिक भवन की टेरिस पर दिनांक 01-01-2024 को प्रातः 10:00 बजे खुले आसमान के नीचे परियोजना प्रमुख(विंध्याचल) ई सत्य फणि कुमार द्वारा केक काटकर नववर्ष 2024 का स्वागत किया गया। इस अवसर पर महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) राजेश भारद्वाज, कमांडेंट केऔसूब पंकज बलियान, सभी महाप्रबन्धकगण, सभी विभागध्यक्षगण, वरिष्ठ अधिकारीगण, अध्यक्ष नीव, यूनियन व एसोसिएशन के प्रतिनिधिगण के साथ-साथ अन्य अधिकारी /कर्मचारियों ने भाग लिया। इस अवसर पर परियोजना प्रमुख (विंध्याचल) ई सत्य फणि कुमार ने अपने उद्बोधन में कहा कि वर्ष 2024 सभी के जीवन में नए उत्साह एवं ऊर्जा का संचार करे।

# 460 कंबल का किया गया वितरण

अवधानामा संवाददाता



**सोनभद्र/डाला।** अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड डाला सीमेंट वर्क्स के कॉरपोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी सी एसआर के अंतर्गत दिनांक 1/1 /2024 दिन सोमवार को ग्राम चोपन इंटेक बस्ती में इकाई प्रमुख संदीप हिवारेकर एव मानव संसाधन प्रमुख पंकज पोद्दार के मार्गदर्शन में 460 कंबल वितरण का कार्यक्रम किया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चोपन थाना के एसओ विश्वनाथ प्रताप सिंह , उमाशंकर एस एस आई , सुनील सिंह भाजपा मंडल अध्यक्ष , लव कुश भारती पूर्व ग्राम प्रधान,दयाशंकर निषाद पूर्व ग्राम प्रधान एवं दुर्गेश्वर यादव ग्राम प्रधान ,अल्ट्राटेक सी एसआर प्रमुख रमेश पांडे ,वाणिज्य प्रमुख अजय गोस्वामी,आईटी प्रमुख रविंद्र पांडे ,सुरक्षा प्रमुख एसके शर्मा ,एवं रोहित श्रीवास्तव उपस्थित थे।

कार्यक्रम का संचालन करते हुए रमेश पांडे ने बताया कि हमारा सामाजिक उत्तरदायित्व कार्यक्रम के अंतर्गत हमने आज 460 कंबल वितरण का कार्यक्रम इस गांव में किया है जिसमें उन्होंनेवर्तमान एवं पूर्व ग्राम प्रधान की भूमिका पर विशेष रूप से चर्चा की ,उन्होंने गांव के विकास के लिए विभिन्न तरीकों से समय-समय पर आगे भी कार्य करने की बात कही। चोपन थाना से विश्वनाथ प्रताप सिंह ने अल्ट्राटेक के इस कार्य की भुरि भुरि प्रशंसा की एवं इस कार्यक्रम में भाग लेने के लिए सभी को धन्यवाद किया। सभी जनप्रतिनिधि एवं ग्राम प्रधान ने अल्ट्राटेक के इस कार्य के लिए आभार व्यक्त किया एवं आगे भी इस तरह के सहयोग की अपेक्षा की।

# सिंचाई के बाद घर लौट रहे किसान की ठंड लगने से मौत

अवधनामा संवाददाता

**बांदा।** नए वर्ष की सुबह कोहरे से ढकी रही। लोग ठिठुरते हुए खुद को गर्म लिहाफ में जकड़े रहे। बावजूद इसके ठंड का असर लोगों को बेजार करता रहा। रविवार की रात को खेतों की सिंचाई करने के बाद वापस लौट रहे किसान को ठंड ने अपनी आगोश में ले लिया। घर पहुंचने पर उसकी हालत बिगड़ गई। परिजन उसे सीएचसी नरैनी लेकर गकए, वहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इधर, ठंड की चपेट में आने से मासूम समेत पांच लोगों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

कालिंजर थाना क्षेत्र के कुइयां कगर निवासी भूरा निषाद (65) रविवार को अपने खेतों की सिंचाई करने के लिए गया था। खेतों की सिंचाई हो जाने के बाद रात को वह अपने घर वापस लौट रहा था, तभी रास्ते में ठंड ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। घर पहुंचने पर किसान की हालत बिगड़ गई। परिजनों ने उसका घरेलू उपचार किया। हालत न सुधरने पर किसान को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नरैनी ले जाया गया, वहां पर चिकित्सकों ने किसान भूरा निषाद को मृत घोषित कर दिया। किसान की मौत हो जाने से परिवारीजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम कराया है।

# प्रदर्शनी संचालक और उसके भाई को पीटकर लूटा

अवधनामा संवाददाता

- प्रदर्शनी स्थल पर एक दर्जन लोगों ने जमकर चलाए डंडे, तीन लाख लूटे
- सिविल लाइन चौकी जाते समय रास्ते में रोककर पीटा, 1 लाख 47 हजार ले गए

**बांदा।** जेएन कालेज ग्राउंड में लगी प्रदर्शनी के संचालक को रविवार रात एक दर्जन लोगों ने घेर लिया। बचाने आए संचालक के भाई और दो अन्य दुकानदारों को डंडों से बेहरमी के साथ पीटा और मौके से तीन लाख रुपए लेकर फरार हो गए। पीड़ित पक्ष सिविल लाइन चौकी जा रहा था, तभी रास्ते में रोककर हमलावरों ने एक बार फिर पीटा और कार में रखे 1 लाख 47 हजार रुपए लेकर भाग निकले। पीड़ितों की कार को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। पुलिस को पीड़ित पक्ष ने तहरीर दी है। शहर के किरन कालेज कटरा निवासी पंकज (27) पुत्र भोजनारायण निगम जेएन कालेज ग्राउंड में लगाई गई प्रदर्शनी का संचालक है। वहीं पर उसका भाई धीरज (28) भी मौजूद था। रविवार की रात को तकरीबन डेढ़ बजे एक स्कूटी और चार पहिया समेत दो बाइकों में सवार होकर एक दर्जन लोग मौके पर पहुंचे और पंकज व उसके भाई धीरज को पीटना शुरू कर दिया। प्रदर्शनी में दुकान लगाए दो दुकानदार फूलचंद्र (26) पुत्र शिवपाल निवासी लवकुश नगर छतरपुर और राहुल (25) पुत्र अजय खजुरिया नेवादा कानपुर बचाने पहुंचे तो हमलावरों ने उनके साथ भी जमकर मारपीट की। मारपीट के बाद प्रदर्शनी की वसूली का तीन लाख रुपया लिए धीरज से हमलावरों ने छीन लिया और मौके से भाग निकले। मौके पर अफरा-तफरी मच गई। हमलावरों के जाने के बाद पीड़ित पंकज, धीरज और दो दुकानदार कार से सिविल लाइन चौकी जा रहे थे, तभी रास्ते में हमलावरों ने एक बार फिर रोक लिया और जमकर मारपीट की। इस दौरान कार को भी डंडों से क्षतिग्रस्त कर दिया और उसमें रखे 1 लाख 47 हजार रुपया लूटकर भाग निकले। पीड़ितों ने सिविल लाइन चौकी पुलिस को तहरीर दी है। घायलों का जिला अस्पताल में उपचार कराया गया। घायल पंकज और धीरज ने बताया कि एक पखवारा पहले बुलेट मोटरसाइकिल से तीन लोग प्रदर्शनी आए थे। रात में झूला बंद हो जाने के बाद जबरन झूला चालू करने का दबाव बना रहे थे। इसी बात को लेकर विवाद हुआ था। इस मामले की तहरीर सिविल लाइन चौकी पुलिस कोक दी गई थी, लेकिन सिविल लाइन चौकी पुलिस ने इस मामले को कोई तवज्जो नहीं थी। इसके चलते हमलावरों का दुस्साहस बढ़ गया और रविवार की रात को एक बार फिर से जानलेवा हमला करते हुए लूटपाट की गई। फायरिंग से भी हमलावरों ने गुरेज नहीं किया। नगर कोतवाली प्रभारी अनूप दुबे का कहना है कि मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

# जहरीला पदार्थ खाने से युवक की हालत बिगड़ी, मौत

अवधनामा संवाददाता

**बांदा।** शराब के नशे में घर में उत्पात मचा रहे पति को पत्नी ने डपट दिया। इससे नाराज होकर पति ने जहरीला पदार्थ खा लिया, जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। उसे मेडिकल कालेज लाया गया, वहां पर उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम कराया है। कालिंजर थाना क्षेत्र के टेढ़ा पुरवा निवासी गरीबचंद्र (30) रामबाबू रविवार की रात को शराब के नशे में अपने घर पहुंचा। घर पहुंचने के बाद वह उत्पात मचाने लगा। इससे परेशान होकर पत्नी गीता ने गरीबचंद्र को उत्पात मचाने से मना किया। यह बात युवक को नागवार गुजरी और उसने जहरीला पदार्थ खा लिया। जहरीला पदार्थ खाने के कुछ ही देरन के बाद युवक की हालत बिगड़ गई। परिजन उसे लेकर सीएचसी नरैनी पहुंचे। वहां से प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर मेडिकल कालेज रेफर किया गया। परिजन उसे मेडिकल कालेज लेकर आए। वहां पर उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। युवक की मौत हो जाने से परिवारीजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम कराया है। मृतक दो भाइयों में बड़ा था। इसके साथ ही वह बटाई में खेत लेकर किसानी का काम करते हुए अपने परिवार का भरण पोषण करता था।

# कुछ विकास परियोजनाओं के नये वर्ष पूरे होने की उम्मीद

अवधनामा संवाददाता

**हमीरपुर।** नई आकांक्षाओं व ढेरों उम्मीदों के साथ दुनियां भर में नए साल के आनें का धूमधाम से स्वागत किया। वहीं जनपद वासियों को भी नए साल में शासन द्वारा संचालित कुछ विकास परियोजनाओं के पूरे होने की उम्मीद है। इनमें जहां केंद्र सरकार की सबसे महत्वाकांक्षी योजना नमामि गंगे के तहत जनपद की 12 लाख की आबादी को पेयजल मुहैंया होने की उम्मीद है।वहीं शहर के पातालेश्वर मंदिर से रोहाइन नाला तक तटबंध बनाए जाने के लिए परियोजना तैयार होने की आशा है। बेतवा नदी में परसनी गांव में जहां 700 मीटर लंबा पुल का निर्माण कर शुरू होने की उम्मीद है। इसके अलावा कानपुर से कबरई फोर लाइन हाईवे के निर्माण का भी शुभारंभ होने की आशा है। बिजली व्यवस्था भी दुरुस्त होगी।

### 578.98 करोड़ की परियोजना होगी पूरी

नमामि गंगे योजना के तहत हर घर को नल से जल पहुंचाएं जाने के लिए जिले के दो ब्लाकों में वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का निर्माण कराया गया है। इस परियोजना के तहत जिले के कुल 335 गांव में एक लाख 11 हजार 80 नल के कनेक्शन दिए जाने हैं। जिसका कार्य युद्ध स्तर पर चल रहा है। इससे जिले की करीब 12 लाख की आबादी को पेयजल मुहैया कराया जाना है। जिसे इस साल पूरा होने की उम्मीद है।

### दो किलोमीटर तक तट बध बनाने की तैयार होगी परियोजना

शहर को बाढ़ से बचाने के लिए शासन स्तर से पातालेश्वर मंदिर से लेकर रोहाइन नाला तक करीब 2 किलोमीटर लंबा तटबंध बनाए जाने के लिए प्रस्ताव मांगे गए हैं। जिसे मौदहा बांध द्वारा इस साल परियोजना तैयार कर शासन को भेजे जाने की उम्मीद है। इससे शहर की करीब 50 हजार से अधिक आबादी सुरक्षित होगी।

### 79.12 करोड़ की लागत से बनेगा पुल

स्टेट हाईवे हमीरपुर राठ को स्टेट हाईवे हमीरपुर कालपी को जोड़ने के लिए परसनी गांव से बेतवा नदी पर 700.90 मीटर लंबा पुल बनाए जाने की हरी झंडी शासन ने दे दी है। यह पुल बनने से करीब डेढ़ लाख की आबादी को लाभ मिलेगा ।जिसका निर्माण कार्य नए साल के आगाज के साथ शुरू होने की आशा है।

### पर्यटन स्थल के रूप में विकसित होगा मौदहा डैम

जिले के मौदहा बांध को पर्यटन के लिए विकसित किया जाना है। जिसका 15 करोड़ का प्राक्कलन तैयार कर शासन को भेजा गया है।जिसकी स्वीकृत मिलते ही इसका सुंदरीकरण कराया जाएगा। जिसमें फव्वारे,लाइटिंग,वॉच टावर सहित अन्य कार्य कराए जाएंगे जो इस साल पूरा होने की उम्मीद है।

## समस्याओं को लेकर पंचायत सहायकों ने किया प्रदर्शन

**बांदा।** पंचायत सहायक संगठन के बैनर तले सोमवार को पंचायत सहायकों ने प्रदर्शन किया। इसके बाद मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन मंडलायुक्त को सौंपा गया। पंचायत सहायकों ने कहा कि जो उनके दायरे में नहीं है, वह काम भी जबरन करवाए जा रहे हैं। इसके साथ ही मानदेय दिलाने की तरफ कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है, जिससे उन्हें परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मंडलायुक्त को सौंपे गए ज्ञापन में पंचायत सहायकों ने कहा कि क्राप सर्वे (ई-खसरा पड़ताल) पंचायतीराज विभाग का कार्य नहीं है, जो कि पंचायत सहायकों के कार्य क्षेत्र व जॉब चार्ट के तहत नहीं है। क्राप सर्वे राजस्व विभाग का कार्य है, जिसे राजस्व विभाग के कर्मचारियों द्वारा कराया जाना चाहिए। जबकि जबरन पंचायत सहायकों पर थोपा जा रहा है, जो कि अनुचित है।

# जेम की बालिकाओं के लिए शीतकालीन सत्र 2024 का शुभारंभ

अवधनामा संवाददाता



**सोनभद्र/विंध्याचल।** एनटीपीसी विंध्याचल के नैगम सामाजिक दायित्व के अंतर्गत बालिका सशक्तिकरण अभियान 2023 की बालिकाओं के लिए शीतकालीन सत्र कार्यशाला का शुभारंभ दिनांक 01.01.2024 को क्षेत्रीय ज्ञानार्जन संस्थान के सभागार में किया गया। यह 7 दिवसीय कार्यशाला दिनांक 01.01.2024 से 06.01.2024 तक मई-जून-2023 में जेम कार्यक्रम के तहत एक महीने की ग्रीष्मकालीन कार्यशाला में भाग लेने वाली बालिकाओं के लिए आयोजित की जा रही है। इस कार्यशाला में आस-पास के 22 गाँवों के 13 शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालयों की 101 बालिकाएँ भाग ले रही है। इस कार्यशाला में प्रतिभागियों को अंग्रेजी, कंप्यूटर, सामाजिक विज्ञान, पर्यावरण, योग, मार्शल आर्ट, नृत्य और शारीरिक स्वच्छता आदि विषयों की जानकारी सप्ताह भर चलने वाले कार्यशाला के दौरान दिया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य रूप से महाप्रबंधक (मानव संसाधन) प्रबीर कुमार बिस्वास, वरिष्ठ प्रबन्धक(मानव संसाधन) कामना शर्मा, वरिष्ठ प्रबन्धक (सीएसआर एवं आरएंडआर) महताब आलम, उप प्रबन्धक(योजना एवं प्रणाली) फर्जन्द हुसेन, कार्यपालक (सीएसआर) जप्पनजोत सिंह एवं एनटीपीसी के वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारियों के साथ-साथ जेम के शीतकालीन सत्र की कमेटी के सदस्यगण उपस्थित रहें।

# शोधार्थियों को प्रदान किये गये चेक

## जरूरतमंद शोधार्थियों को आर्थिक सहायता प्रदान करना सबको शिक्षा के अधिकार के नारे पर अमलः मंत्री दानिश

**अवधनामा ब्यूरो**



**लखनऊ।** फखरुद्दीन अली अहमद मेमोरियल कमेटी की ओर से सोमवार को उर्दू-अरबी और फारसी शोधार्थियों को आर्थिक सहायता के लिए चेक प्रदान किये गये। गोमती नगर स्थित उत्तर प्रदेश उर्दू अकादमी के कार्यालय स्थित कमेटी कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश के अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री दानिश आजाद अंसारी उपस्थित थे। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए दानिश आजाद ने कमेटी के कामों की सराहना करते हुए कहा कि जरूरतमंद शोधार्थियों को आर्थिक सहायता प्रदान करना सबको शिक्षा के अधिकार के नारे पर अमल है। उन्होंने चेयरमैन अतहर सगीर तुरज जैदी के कामों की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में कमेटी ने अच्छे कामों को बढ़ाया है। मंत्री ने कहा कि सरकार की नीति सर्व शिक्षा अभियान है किसी भी वर्ग या धर्म को शिक्षा से दूर नहीं रखा जा सकता। कमेटी चेयरमैन अतहर सगीर तुरज जैदी ने कहा कि सरकार की ओर से मिली जिम्मेदारी को निभाना मेरी जिम्मेदारी ही नहीं धर्म भी है। कमेटी सरकार की मंशा के अनुरूप ही काम कर रही है। उन्होंने कहा कि आज कार्यक्रम में जो छात्र लखनऊ में उपस्थित हैं, उन्हें आर्थिक सहायता के चेक दिये जा रहे हैं। कुछ चयनित छात्र लखनऊ और प्रदेश के बाहर के हैं, अगर उन्हें बुलाया जाता तो उनका समय और पैसा बर्बाद होता जो छात्रों के हित में नहीं था। इसलिए उनके चेक भेजने की तैयारी है। इस मौके पर लखनऊ विवि, ख्वाजा मुईनुद्दीन विवि, अमुवि, गोरखपुर विवि, मौलाना आजाद विवि के शोधार्थी छात्र-छात्राओं को आर्थिक सहायता के लिए चेक वितरित किये गये। समारोह में मोहम्मद सईद अख्तर, अली अब्बास, मोहम्मद शफीक, एजाज अहमद, आफिया हमीद, अल्ताफ अहमद मीर, मोहम्मद अरशद, अतिया सुम्बुल, मोहम्मद अंजार, आलिया नाज, मोहम्मद सलमान और मुजतबा हसन सिद्दीकी को राज्यमंत्री दानिश आजाद और कमेटी के अध्यक्ष अतहर सगीर तुरज जैदी ने चेक प्रदान किये।

# अम्बर फाउण्डेशन ने रिज़वान हैदर को किया सम्मानित



**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** अम्बर फाउण्डेशन की ओर से सोमवार को सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी रिजवान हैदर को उनके आवास जाकर सम्मानित किया गया। रिजवान हैदर पुलिस सेवा में रहते हुए राष्ट्रपति पदक से सम्मानित किये जा चुके हैं और लगभग 90 वर्ष की आयु पूरी होने के बावजूद गजब का उत्साह है। रिजवान हैदर ने सेवानिवृत्त होने के बाद तहसीनगंज स्थित जामा मस्जिद की मरम्मत से लेकर अवैध कब्जा हटवाने में मुख्य भूमिका निभाई और मस्जिद को आबाद कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अम्बर फाउण्डेशन के अध्यक्ष वफा अब्बास, यूनिटी मिशन कॉलेज के प्रमुख और धर्मगुरु मौलाना डॉ. कल्बे सिब्तैन नूरी आदि ने रिजवान हैदर को बुके और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस मौके पर डॉ. इकबाल जैदी, हसन बाकर, वकार हैदर, शकील हुसैन, रफीक हुसैन, अली आगा, कौसर हुसैन, अली हसन सहित अन्य लोग उपस्थित थे।







# आर. के. त्यागी ने पावरग्रिड के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक का कार्यभार संभाला



**अवधनामा ब्यूरो**

**गुरूग्राम/लखनऊ।** रवींद्र कुमार त्यागी ने विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन महारत्न सीपीएसयू, पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (पावरग्रिड) के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक का कार्यभार संभाल लिया है। इससे पहले, वह कंपनी के निदेशक (प्रचालन) के रूप में कार्यरत थे। उनके पास विद्युत क्षेत्र के अग्रणी सीपीएसयू में विभिन्न प्रमुख पदों पर कार्य करने का 33 वर्षों से अधिक का समृद्ध अनुभव है। उन्होंने पावरग्रिड के विभिन्न व्यावसायिक क्षेत्रों जैसे एसेट मैनेजमेंट, इंजीनियरिंग, बिजनेस डेवलपमेंट (घरेलू और विदेशी), टेलीकॉम, लोड डिस्पैच एंड कम्युनिकेशन, एनटीएएमसी, डीएमएस आदि में बहु-विषयक कार्य संभाला है और पावरग्रिड के उत्तर पूर्वी क्षेत्र के प्रमुख भी रहे हैं। श्री त्यागी ने पंजाब इंजीनियरिंग कॉलेज (पीईसी), चंडीगढ़ से इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग की है और उन्होंने आईआईटी, दिल्ली से एनर्जी स्टडीज़ में एम.टेक किया है। इसके साथ ही वह कार्नेगी मेलॉन यूनिवर्सिटी, यूएसए से फुलब्राइट स्कॉलर हैं। वह राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलनों में 50 से अधिक तकनीकी पत्र प्रस्तुत कर चुके हैं। उन्होंने विभिन्न तकनीकी मानकों को तैयार करने के लिए कई अंतर्राष्ट्रीय तकनीकी समितियों में भारत का प्रतिनिधित्व किया है। श्री त्यागी को विभिन्न राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय सम्मान से सम्मानित किया गया है।

# ऐशबाग जंक्शन का किया निरीक्षण



**लखनऊ, अवधनामा ब्यूरो।** पूर्वोत्तर रेलवे के प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक मनोज सिन्हा ने वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक आशुतोष गुप्ता के साथ ऐशबाग जंक्शन का निरीक्षण किया। यहां अमृत भारत योजना अन्तर्गत यात्री सुविधा के कामों की समीक्षा की। प्लेटफॉर्म नम्बर एक और 6 पर लग रही लिफ्ट जल्द पूरी करने का निर्देश दिया। इसके अलावा रिटायरिंग रूम, वेटिंग रूम, कैटरिंग स्टाल, आरक्षण केंद्र, बुकिंग कार्यालय, सरकुलेटिंग एरिया, पार्सल कार्यालय और सेकेंड इंट्री का भी निरीक्षण किया। इस दौरान मंडल वाणिज्य प्रबंधक अनुज कुमार सिंह, सहायक वाणिज्य प्रबंधक तृतीय मुकेश कुमार आदि मौजूद रहे।

# सेवानिवृत्त कर्मचारियों को दी विदाई



**लखनऊ, अवधनामा ब्यूरो।** पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मण्डल के मण्डल रेल प्रबंधक कार्यालय में सोमवार को मण्डल कार्मिक अधिकारी बसन्त लाल ने 36 रेल कर्मचारियों को सेवानिवृत्त होने के अवसर पर भाव भीनी विदाई दी। विदाई देते हुए समापक भुगतान के रूप में समापक राशि का प्रपत्र एवं सेवानिवृत्ति प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। रेलवे के प्रति समर्पणए निष्ठा एवं अतुलनीय योगदान के प्रति आभार व्यक्त किया गया। उन्होंने सेवानिवृत्त हुए रेलकर्मियों के दीर्घायु की कामना की। इस अवसर पर मण्डल वित्त प्रबंधक व अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

# मासिक पत्रिका दि फ्रेगरेन्स ऑफ ईस्ट के विशेषांक का विमोचन

**लखनऊ।** आल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष और नदवतुल उलमा के पूर्व चांसलर मौलाना मोहम्मद राबे हसनी नदवी के जीवन पर आधारित अंग्रेजी मासिक पत्रिका दि फ्रेगरेन्स ऑफ ईस्ट के विशेषांक का विमोचन सोमवार को नदवतुल उलमा के चांसलर मौलाना बिलाल अब्दुल हई नदवी ने किया। विशेषांक में मौलाना राबे हसनी नदवी के शिक्षा और साहित्य के क्षेत्र में किये कामों का उल्लेख किया गया है।



































































